होता यक्षन्नराशꣳसं न नग्नहुं पतिꣳ सुरया भेषजं मेषः सरस्वती भिषग्रथो न चन्द्र्यश्विनोर्वपा इन्द्रस्य वीर्यं बदरैरुपवाकाभिर्भेषजं तोक्मभिः पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज॥ ३१॥

होता। यक्षत्। नराशꣳसम्। न। नग्नहुम्। पतिम्। सुरया। भेषजम्। मेषः। सरस्वतीम्। भिषक्। रथः। न। चन्द्री। अश्विनोः। वपाः। इन्द्रस्य। वीर्यम्। बदरैः। उपवाकाभिरित्युपऽवाकाभिः। भेषजम्। तोक्मभिरिति तोक्मऽभिः। पयः। सोमः। परिस्रुतेति परिऽस्रुता। घृतम्। मधु। व्यन्तु। आज्यस्य। होतः। यज॥ ३१॥

पदार्थः—(होता) दाता (यक्षत्) यजेत् (नराशंसम्) यो नरैराशस्यते स्तूयते तम् (न) इव (नग्नहुम्) यो नग्नान् दुष्टान् जुहोति कारागृहे प्रक्षिपति तम्। अत्र हुधातोर्बाहुलकादौणादिको डुः प्रत्ययः (पतिम्) स्वामिनम् (सुरया) उदकेन। सुरेत्युदकनाम०॥ निघं० १। १२॥ (भेषजम्) औषधम् (मेषः) उपदेष्टा (सरस्वती) विद्यासम्बन्धिनी वाक् (भिषक्) वैद्यः (रथः) (न) इव (चन्द्री) चन्द्रं बहुविधं सुवर्णं विद्यते यस्य (अश्विनोः) द्यावापृथिव्योः (वपाः) वपन्ति याभिः क्रियाभिस्ताः (इन्द्रस्य) दुष्टजनविदारकस्य सकाशात् (वीर्यम्) वीरेषु साधु (बदरैः) बदरीफलैरिव (उपवाकाभिः) उपगताभिर्वाग्भिः (भेषजम्) चिकित्सकम् (तोक्मभिः) अपत्यैः (पयः) दुग्धम् (सोमः) (परिस्रुता) परितः स्रुता प्राप्तेन (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज)॥ ३१॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होता नराशंसं न नग्नहुं पतिं सुरया सह वर्त्तमानं भेषजमिन्द्रस्य वीर्यं यक्षत् मेषः सरस्वती भिषग्रथो न चन्द्र्यश्विनोर्वपा बदरैरुपवाकाभिः सह भेषजं यक्षत्तथा यानि तोक्मभिः सह पयः परिस्रुता सह सोमो घृतं मधु च व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज॥ ३१॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ। ये निर्लज्जान् दण्डयन्ति प्रशंसनीयान् स्तुवन्ति जलेन सहौषधं सेवन्ते ते बलाऽऽरोग्ये प्राप्यैश्वर्यवन्तो जायन्ते॥ ३१॥

पदार्थः—हे (होतः) हवनकर्त्ता जन ! जैसे (होता) देने वाला (नराशंसम्) जो मनुष्यों से स्तुति किया जाय उसके (न) समान (नग्नहुम्) नग्न दुष्ट पुरुषों को कारागृह में डालने वाले (पतिम्) स्वामी वा (सुरया) जल के साथ (भेषजम्) औषध को वा (इन्द्रस्य) दुष्टगण का विदारण करने हारे जन के (वीर्यम्) शूरवीरों में उत्तम बल को (यक्षत्) संगत करे तथा (मेषः) उपदेश करने वाला (सरस्वती) विद्यासंबन्धिनी वाणी (भिषक्) वैद्य और (रथः) रथ के (न) समान (चन्द्री) बहुत सुवर्ण वाला जन (अश्विनोः) आकाश और पृथिवी के मध्य (वपाः) क्रियाओं को वा (वदरैः) बेरों के समान (उपवाकाभिः) समीप प्राप्त हुई वाणियों के साथ (भेषजम्) औषध को सगत करें वैसे जो (तोक्मभिः) सन्तानों के साथ (पयः) दूध (परिस्रुता) सब ओर से प्राप्त हुए रस के साथ (सोमः) ओषधिगण (घृतम्) घी और (मधु) सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन कर ॥ ३१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं । जो लोग लज्जाहीन पुरुषों को दंड देते स्तुति करने योग्यों की स्तुति और जल के साथ औषध का सेवन करते हैं वे बल और नीरोगता को पाके ऐश्वर्य वाले होते हैं ॥ ३१ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । सरस्वत्यादयो देवताः । विराडतिधृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षदिडेडितऽआ जुह्वानः सरस्वतीमिन्द्रं बलेन वर्धयन्नृषभेण गवेन्द्रियमश्विनेन्द्राय भेषजं यवैः कर्कन्धुभिर्मधु लाजैर्न मासरं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३२ ॥

होता । यक्षत् । इडा । ईडितः । आजुह्वान इत्याऽजुह्वानः । सरस्वतीम् । इन्द्रम् । बलेन । वर्धयन् । ऋषभेण । गवा । इन्द्रियम् । अश्विना । इन्द्राय । भेषजम् । यवैः । कर्कन्धुभिरिति कर्कन्धुऽभिः । मधु । लाजैः । न । मासरम् । पयः । सोमः । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । घृतम् । मधु । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(होता) प्रशंसितुं योग्यः (यक्षत्) यजेत् (इडा) प्रशंसितया वाचा (ईडितः) प्रशंसितः (आजुह्वानः) सत्कारेणाहूतः (सरस्वतीम्) वाचम् (इन्द्रम्) ऐश्वर्य्यम् (बलेन) (वर्द्धयन्) (ऋषभेण) मन्तुं योग्येन (गवा) (इन्द्रियम्) धनम् (अश्विना) (इन्द्राय) ऐश्वर्याय (भेषजम्) (यवैः) यवादिभिरन्नैः (कर्कन्धुभिः) ये कर्कं बदरक्रियां दधति तैः (मधु) (लाजैः) प्रस्फुल्लितैरन्नैः (न) इव (मासरम्)

ओदनम् (पयः) रसः (सोमः) ओषधिगणः (परिस्रुता) सर्वतः प्राप्तेन रसेन (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे होतर्य इडेडित आजुह्वानो होता बलेन सरस्वतीमिन्द्रमृषभेण गवेन्द्रियमश्विना यवैरिन्द्राय भेषजं वर्द्धयन् कर्कन्धुभिर्मधु लाजैर्न मासरं यक्षत्तथा यानि परिस्रुता सह सोमः पयो घृतं मधु व्यन्तु तैस्सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ३२ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । मनुष्या ब्रह्मचर्य्येण शरीरात्मबलं विद्वत्सेवया विद्यापुरुषार्थैनैश्वर्य्यं प्राप्य पथ्यौषधसेवनाभ्यां रोगान् हत्वारोग्यमाप्नुयुः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे (होतः) हवनकर्त्ता जन ! जैसे (इडा) स्तुति करने योग्य वाणी से (ईडितः) प्रशंसायुक्त (आजुह्वानः) सत्कार से आह्वान किया हुआ (होता) प्रशंसा करने योग्य मनुष्य (बलेन) बल से (सरस्वतीम्) वाणी और (इन्द्रम्) ऐश्वर्य को (ऋषभेण) चलने योग्य उत्तम (गवा) बैल से (इन्द्रियम्) धन तथा (अश्विना) आकाश और पृथिवी को (यवैः) यव आदि अन्नों से (इन्द्राय) ऐश्वर्य के लिये (भेषजम्) औषध को (वर्द्धयन्) बढ़ाता हुआ (कर्कन्धुभिः) बेर की क्रिया को धारण करने वालों से (मधु) मीठे (लाजैः) प्रफुल्लित अन्नों के (न) समान (मासरम्) भात को (यक्षत्) संगत करे वैसे जो (परिस्रुता) सब ओर से प्राप्त हुए रस के साथ (सोमः) ओषधिसमूह (पयः) रस (घृतम्) घी (मधु) और सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उन के साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) होम कर ॥ ३२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं । मनुष्य ब्रह्मचर्य से शरीर और आत्मा के बल को तथा विद्वानों की सेवा विद्या और पुरुषार्थ से ऐश्वर्य को प्राप्त हो पथ्य और औषध के सेवन से रोगों का विनाश कर नीरोगता को प्राप्त हों ॥ ३२ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । अश्व्यादयो देवताः । निचृदष्टिश्छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षद्बर्हिरूर्णम्रदा भिषङ् नासत्या भिषजाश्विनाश्वा शिशुमती भिषग्धेनुः सरस्वती भिषग्दुहऽइन्द्राय भेषजं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३३ ॥

होता । यक्षत् । बर्हिः । ऊर्णम्रदा इत्यूर्णऽम्रदाः । भिषक् । नासत्या । भिषजा । अश्विना । अश्वा । शिशुमतीति शिशुऽमती । भिषक् । धेनुः । सरस्वती ।

भिषक् । दुहे । इन्द्राय । भेषजम् । पयः । सोमः । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । घृतम् । मधु । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(होता) दाता (यक्षत्) (बर्हिः) अन्तरिक्षम् (ऊर्णम्रदाः) य ऊर्णानाच्छादकानि मृद्नन्ति ते (भिषक्) वैद्यः (नासत्या) सत्यकर्त्तारौ (भिषजा) सद्वैद्यौ (अश्विना) वैद्यकविद्याव्यापिनौ (अश्वा) आशुगमनशीला बडवा (शिशुमती) प्रशस्ताः शिशवो विद्यन्ते यस्याः सा (भिषक्) रोगनिवारिका (धेनुः) दुग्धदात्री गौः (सरस्वती) सरो विज्ञानं विद्यते यस्यां सा (भिषक्) वैद्यः (दुहे) दोहनाय (इन्द्राय) जीवाय (भेषजम्) उदकम् । *भेषजमित्युदकना० ॥ निघं० १ । १२ ॥* (पयः) दुग्धम् (सोमः) ओषधिगणः (परिस्रुता) (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होतोर्णम्रदा भिषक् शिशुमत्यश्वा च दुहे बर्हिर्यक्षत् । नासत्याऽश्विना भिषजा यजेतां भिषग्धेनुः सरस्वती भिषगिन्द्राय यक्षत्तथा यानि परिस्रुता भेषजं पयः सोमो घृतं मधु व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ३३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यदि मनुष्या विद्यासंगतिभ्यां सर्वेभ्यः पदार्थेभ्य उपकारान् गृह्णीयुस्तर्हि वाय्वग्निवत्सर्वविद्यासुखानि व्याप्नुयुः ॥ ३३ ॥

पदार्थः—हे (होतः) हवन करनेहारे जन ! जैसे (होता) देने हारा (ऊर्णम्रदाः) ढांपने हारों को मर्दन करने वाले जन (भिषक्) वैद्य (शिशुमती) और प्रशंसित बालकों वाली (अश्वा) शीघ्र चलने वाली घोड़ी (दुहे) परिपूर्ण करने के लिये (बर्हिः) अन्तरिक्ष को (यक्षत्) संगत करें वा जैसे (नासत्या) सत्यव्यवहार करने हारे (अश्विना) वैद्यविद्या में में व्याप्त (भिषजा) उत्तम वैद्य मेल करें वा जैसे (भिषक्) रोग मिटाने और (धेनुः) दुग्ध देने वाली गाय वा (सरस्वती) उत्तम विज्ञान वाली वाणी (भिषक्) सामान्य वैद्य (इन्द्राय) जीव के लिये मेल करे वैसे जो (परिस्रुता) प्राप्त हुए रस के साथ (भेषजम्) जल (पयः) दूध (सोमः) ओषधिगण (घृतम्) घी (मधु) सहत (व्यन्तु) प्राप्त हों उन के साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन कर ॥ ३३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो मनुष्य विद्या और संगति से सब पदार्थों से उपकार ग्रहण करें तो वायु और अग्नि के समान सब विद्याओं के सुखों को व्याप्त होवें ॥ ३३ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । अश्व्यादयो देवताः । निचृदतिधृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षद्दुरो दिशः कवष्यो न व्यचस्वतीरश्विभ्यां न दुरो दिशऽ इन्द्रो न रोदसी दुघे दुहे धेनुः सरस्वत्यश्विनेन्द्राय भेषजꣳ शुक्रं न ज्योतिरिन्द्रियं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३४ ॥

होता । यक्षत् । दुरः । दिशः । कवष्यः । न । व्यचस्वतीः । अश्विभ्यामित्यश्विऽभ्याम् । न । दुरः । दिशः । इन्द्रः । न । रोदसीऽइति रोदसी । दुघेऽइति दुघे । दुहे । धेनुः । सरस्वती । अश्विना । इन्द्राय । भेषजम् । शुक्रम् । न । ज्योतिः । इन्द्रियम् । पयः । सोमः । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । घृतम् । मधु । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) (दुरः) द्वाराणि (दिशः) (कवष्यः) सच्छिद्राः (न) इव (व्यचस्वतीः) (अश्विभ्याम्) इन्द्राग्निभ्याम् (न) इव (दुरः) द्वाराणि (दिशः) (इन्द्रः) विद्युत् (न) इव (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (दुघे) अत्र वा छन्दसीति केवलादपि कप् प्रत्ययः (दुहे) दोहनाय प्रपूरणाय (धेनुः) धेनुरिव (सरस्वती) विज्ञानवती वाक् (अश्विना) सूर्याचन्द्रमसौ (इन्द्राय) जीवाय (भेषजम्) औषधम् (शुक्रम्) वीर्य्यकरमुदकम् । शुक्रमित्युदकनाम० ॥ निघं० १ । १२ ॥ (न) इव (ज्योतिः) प्रकाशकम् (इन्द्रियम्) मन आदि (पयः) दुग्धम् (सोमः) ओषधिगणः (परिस्रुता) (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) दातः (यज) ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होता कवष्यो न दुरो व्यचस्वतीर्दिशोऽश्विभ्यां न दुरो दिश इन्द्रो न दुघे रोदसी धेनुः सरस्वतीन्द्रायाश्विना शुक्रं न भेषजं ज्योतिरिन्द्रियं दुहे यक्षत्तथा यानि परिस्रुता पयः सोमो घृतं मधु व्यन्तु तैः सह वर्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥३४॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । ये मनुष्याः सर्वदिग्द्वाराणि सर्वर्तुसुखकराणि गृहाणि निर्मिमीरंस्ते पूर्णसुखं प्राप्नुयुः । नैतेषामाभ्युदयिकसुखन्यूनता कदाचिज्जायेत ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे (होतः) देने हारे जन ! जैसे (होता) लेने हारा (कवष्यः) छिद्रसहित वस्तुओं के (न) समान (दुरः) द्वारों और (व्यचस्वतीः) व्याप्त होने वाली (दिशः) दिशाओं को वा (अश्विभ्याम्) इन्द्र और अग्नि से जैसे (न) वैसे (दुरः) द्वारों और (दिशः) दिशाओं को वा (इन्द्रः) बिजुली के (न) समान (दुघे) परिपूर्णता करने वाले (रोदसी) आकाश और पृथिवी के और (धेनुः) गाय के समान (सरस्वती) विज्ञान वाली वाणी (इन्द्राय) जीव के लिये (अश्विना) सूर्य और चन्द्रमा (शुक्रम्) वीर्य करने वाले जल के (न) समान (भेषजम्) औषध तथा (ज्योतिः) प्रकाश करने हारे (इन्द्रियम्) मन आदि को (दुहे) परिपूर्णता के लिये (यक्षत्) संगत करे वैसे जो (परिस्रुता) सब

ओर से प्राप्त हुए रस के साथ (पयः) दूध (सोमः) ओषधियों का समूह (घृतम्) घी (मधु) और सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन किया कर ॥ ३४ ॥

भावार्थः—इसमें उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं। जो मनुष्य सब दिशाओं के द्वारों वाले सब ऋतुओं में सुखकारी घर बनावें वे पूर्ण सुख को प्राप्त होवें इन के सब प्रकार के उदय के सुख की न्यूनता कभी नहीं होवे ॥ ३४ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । अश्व्यादयो देवताः । भुरिगष्टिश्छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता॑ यक्षत्सु॒पेश॑सो॒षे नक्तं॒ दिवा॒श्विना॒ सम॑ञ्जाते॒ सर॑स्वत्या॒ त्विषि॒मिन्द्रे॒ न भे॑षजꣳ श्ये॒नो न रज॑सा हृ॒दा श्रि॒या न मास॑रं॒ पयः॒ सोमः॑ परि॒स्रुता॑ घृ॒तं मधु॒ व्यन्त्वाज्य॑स्य॒ होत॒र्यज॑ ॥ ३५ ॥

होता॑ । य॒क्षत् । सु॒पेश॒सेति॑ सु॒ऽपेश॑सा । उ॒षेऽइत्यु॒षे । नक्त॑म् । दिवा॑ । अ॒श्विना॑ । सम् । अ॒ञ्जा॒ते॒ऽइत्य॑ञ्जाते । सर॑स्वत्या । त्विषि॑म् । इन्द्रे॑ । न । भे॒ष॒जम् । श्ये॒नः । न । रज॑सा । हृ॒दा । श्रि॒या । न । मास॑रम् । पय॑ः । सोम॑ः । परि॒स्रुतेति॑ परि॒ऽस्रुता॑ । घृ॒तम् । मधु॑ । व्यन्तु॑ । आज्य॑स्य । होत॑ः । यज॑ ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) यजेत् (सुपेशसा) सुखरूपे स्त्रियौ (उषे) कामं दहन्त्यौ (नक्तम्) (दिवा) (अश्विना) व्याप्तिमन्तौ सूर्याचन्द्रमसौ (समञ्जाते) सम्यक् प्रकाशयतः (सरस्वत्या) विज्ञानयुक्तया वाचा (त्विषिम्) प्रदीप्तिम् (इन्द्रे) परमैश्वर्यवति प्राणिनि (न) इव (भेषजम्) जलम् (श्येनः) श्यायति विज्ञापयतीति श्येनो विद्वान् (न) इव (रजसा) लोकैः सह (हृदा) हृदयेन (श्रिया) लक्ष्म्या शोभया वा (न) इव (मासरम्) ओदनम्। उपलक्षणमेतत् तेन सुसंस्कृतमन्नमात्रं गृह्यते (पयः) सर्वौषधरसः (सोमः) सर्वौषधिगणः (परिस्रुता) सर्वतः प्राप्तेन रसेन (घृतम्) उदकम् (मधु) क्षौद्रम् (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३५ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा सुपेशसोषे नक्तं दिवाऽश्विना सरस्वत्येन्द्रे त्विषिं भेषजं समञ्जाते न च रजसा सह श्येनो न होता श्रिया न हृदा मासरं यक्षत्तथा यानि परिस्रुता पयः सोमो घृतं मधु व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ३५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । हे मनुष्याः ! यथाहर्निशं सूर्याचन्द्रमसौ सर्वं प्रकाशयतो रूपयौवनसंपन्नाः पत्न्यः पतिं परिचरन्ति च यथा वा पाकविद्याविद्विद्वान् पाककर्मोपदिशति तथा सर्वप्रकाशं सर्वपरिचरणं च कुरुत भोजन-पदार्थांश्चोत्तमतया निर्मिमीध्वम् ॥ ३५ ॥

पदार्थः—हे (होतः) देनेहारे जन ! जैसे (सुपेशसा) सुन्दर स्वरूपवती (उषे) काम का दाह करने वाली स्त्रियां (नक्तम्) रात्रि और (दिवा) दिन में (अश्विना) व्याप्त होने वाले सूर्य और चन्द्रमा (सरस्वत्या) विज्ञानयुक्त वाणी से (इन्द्रे) परमैश्वर्यवान् प्राणी में (त्विषिम्) प्रदीप्ति और (भेषजम्) जल को (समञ्जाते) अच्छे प्रकार प्रकट करते हैं उनके (न) समान और (रजसा) लोकों के साथ वर्त्तमान (श्येनः) विशेष ज्ञान कराने वाले विद्वान् के (न) समान (होता) लेने हारा (श्रिया) लक्ष्मी वा शोभा के (न) समान (हृदा) मन से (मासरम्) भात वा अच्छे संस्कार किये हुए भोजन के पदार्थों को (यक्षत्) संगत करे वैसे जो (परिस्रुता) सब ओर से प्राप्त हुए रस (पयः) सब ओषधि का रस (सोमः) सब ओषधिसमूह (घृतम्) जल (मधु) सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन कर ॥ ३५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं । हे मनुष्यो ! जैसे रातदिन सूर्य और चन्द्रमा सब को प्रकाशित करते और सुन्दर रूप यौवन सम्पन्न स्वधर्मपत्नी अपने पति की सेवा करती वा जैसे पाकविद्या जानने वाला विद्वान् पाककर्म का उपदेश करता है वैसे सब का प्रकाश और सब कामों का सेवन करो और भोजन के पदार्थों को उत्तमता से बनाओ ॥ ३५ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । अश्व्यादयो देवताः । निचृदष्टिश्छन्दः ।
मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षद्दैव्या होतारा भिषजाश्विनेन्द्रं न जागृवि दिवा नक्तं न भेषजैः शूषꣳ सरस्वती भिषक् सीसेन दुहऽइन्द्रियं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३६ ॥

होता । यक्षत् । दैव्या । होतारा । भिषजा । अश्विना । इन्द्रम् । न । जागृवि । दिवा । नक्तम् । न । भेषजैः । शूषम् । सरस्वती । भिषक् । सीसेन । दुहे । इन्द्रियम् । पयः । सोमः । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । घृतम् । मधु । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(होता) दाता (यक्षत्) (दैव्या) देवेषु लब्धौ (होतारा) आदातारौ (भिषजा) वैद्यवद्रोगापहारकौ (अश्विना) अग्निवायू (इन्द्रम्) विद्युतम्

(न) इव (जागृवि) जागरूका कार्यसाधनेऽप्रमत्ता । अत्र सुपां सुलुगिति सोर्लोपः (दिवा) (नक्तम्) (न) (भेषजैः) जलैः (शूषम्) बलम् । शूषमिति बलना० निघं० ॥ २ । ९ ॥ (सरस्वती) वैद्यकशास्त्रवित् प्रशस्तज्ञानवती स्त्री (भिषक्) वैद्यः (सीसेन) धनुर्विशेषेण (दुहे) दुग्धे । लट्प्रयोगः । लोपस्त० इति तलोपः । (इन्द्रियम्) धनम् (पयः) (सोमः) (परिस्रुता) (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३६ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होता दैव्या होतारा भिषजाश्विनेन्द्रं न यक्षत् दिवा नक्तं जागृवि सरस्वती भिषग् भेषजैः सोसेन शूषं न इन्द्रियं दुहे तथा यानि परिस्रुता पयः सोमो घृतं मधु व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ३६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । हे विद्वांसो यथा सद्वैद्याः स्त्रियः कार्य्याणि साधयितुमहर्निशं प्रयतन्ते यथा वा वैद्या रोगान्निवार्य्य शरीरबलं वर्धयन्ति तथा वर्त्तित्वा सर्वैरानन्दितव्यम् ॥ ३६ ॥

पदार्थः—हे (होतः) देने हारे जन ! जैसे (होता) लेनेहारा (दैव्या) दिव्यगुण वालों में प्राप्त (होतारा) ग्रहण करने और (भिषजा) वैद्य के समान रोग मिटाने वाले (अश्विना) अग्नि और वायु को (इन्द्रम्) बिजुली के (न) समान (यक्षत्) संगत करे वा (दिवा) दिन और (नक्तम्) रात्रि में (जागृवि) जागती अर्थात् काम के सिद्ध करने में अतिचैतन्य (सरस्वती) वैद्यकशास्त्र जानने वाली उत्तम ज्ञानवती स्त्री और (भिषक्) वैद्य (भेषजैः) जलों और (सीसेन) धनुष् के विशेष व्यवहार से (शूषम्) बल के (न) समान (इन्द्रियम्) धन को (दुहे) परिपूर्ण करते हैं वैसे जो (परिस्रुता) सब ओर से प्राप्त हुए रस के साथ (पयः) दुग्ध (सोम) ओषधिगण (घृतम्) घी (मधु) सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान (आज्यस्य) घी का (यज) हवन कर ॥ ३६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं। हे विद्वान् लोगो ! जैसे अच्छी वैद्यक-विद्या पढ़ी हुई स्त्री काम सिद्ध करने को दिन रात उत्तम यत्न करती हैं वा जैसे वैद्य लोग रोगों को मिटाके शरीर का बल बढ़ाते हैं वैसे रहके सब को आनन्दयुक्त होना चाहिये ॥ ३६ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । अश्व्यादयो देवताः । धृतिश्छन्दः ।
ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्तिस्रो देवीर्न भेषजं त्रयस्त्रिधातवोऽपसो रूपमिन्द्रे हिरण्ययमश्विनेडा न भारती वाचा सरस्वती मह इन्द्राय दुहऽइन्द्रियं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३७ ॥

होता । यक्षत् । तिस्रः । देवीः । न । भेषजम् । त्रयः । त्रिधातव इति त्रिऽधातवः । अपसः । रूपम् । इन्द्रे । हिरण्ययम् । अश्विना । इडा । न । भारती । वाचा । सरस्वती । महः । इन्द्राय । दुहे । इन्द्रियम् । पयः । सोमः । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । घृतम् । मधु । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(होता) विद्यादाता (यक्षत्) संगमयेत् (तिस्रः) (देवीः) देदीप्यमाना नीतीः (न) इव (भेषजम्) औषधम् (त्रयः) तदस्मद्युष्मत्पदवाच्याः (त्रिधातवः) दधति सर्वान् विषयानिति धातवस्त्रयो धातवो येषान्ते जीवाः (अपसः) कर्मवन्तः । अत्र विन्प्रत्ययस्य लुक् (रूपम्) चक्षुर्विषयम् (इन्द्रे) विद्युति (हिरण्ययम्) (अश्विना) सूर्याचन्द्रमसौ (इडा) स्तोतुमर्हा (न) इव (भारती) धारणावती प्रज्ञा (वाचा) विद्यासुशिक्षायुक्तवाण्या (सरस्वती) परमविदुषी स्त्री (महः) महत् (इन्द्राय) ऐश्वर्य्यवते (दुहे) प्रपूरयति (इन्द्रियम्) धनम् (पयः) रसः (सोमः) ओषधिगणः (परिस्रुता) सर्वतः प्राप्तेन (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३७ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होता तिस्रो देवीर्न भेषजं यक्षद् यथाऽपसस्त्रिधातवस्त्रयो हिरण्ययं रूपमिन्द्रे यजेरन् । अश्विनेडा भारती न सरस्वती वाचेन्द्राय मह इन्द्रियं दुहे तथा यानि परिस्रुता पयस्सोमो घृतं मधु व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ३७ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । हे मनुष्याः ! यथाऽस्थिमज्जवीर्य्याणि शरीरे कर्मसाधनानि सन्ति यथा च सूर्यादयो वाणी च सर्वज्ञापकाः सन्ति तथा भूत्वा सृष्टिविद्यां प्राप्य श्रीमन्तो भवत ॥ ३७ ॥

पदार्थः—हे (होतः) विद्या देने वाले विद्वज्जन ! जैसे (होता) विद्या लेने वाला (तिस्रः) तीन (देवीः) देदीप्यमान नीतियों के (न) समान (भेषजम्) औषध को (यक्षत्) अच्छे प्रकार प्राप्त करे वा जैसे (अपसः) कर्मवान् (त्रिधातवः, त्रयः) सब विषयों को धारण करने वाले सत्त्व रजस् तम गुण जिन में विद्यमान वे तीन अर्थात् अस्मद्, युष्मद् और तद् पदवाच्य जीव (हिरण्ययम्) ज्योतिर्मय (रूपम्) नेत्र के विषय रूप को (इन्द्रे) बिजुली में प्राप्त करें वा (अश्विना) सूर्य और चन्द्रमा तथा (इडा) स्तुति करने योग्य (भारती) धारणा वाली बुद्धि के (न) समान (सरस्वती) अत्यन्त विदुषी (वाचा) विद्या और सुशिक्षायुक्त वाणी से (इन्द्राय) ऐश्वर्य्यवान् के लिये (महः) अत्यन्त (इन्द्रियम्) धन की (दुहे) परिपूर्णता करती वैसे जो (परिस्रुता) सब ओर प्राप्त हुए रस के साथ (पयः) दूध (सोमः) ओषधिसमूह (घृतम्) घी (मधु) सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन कर ॥ ३७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं । हे मनुष्यो ! जैसे हाड, मजा और वीर्य शरीर में कार्य के साधन हैं वा जैसे सूर्य आदि और वाणी सब को जनाने वाले हैं वैसे हो और सृष्टि की विद्या को प्राप्त होके लक्ष्मी वाले होओ ॥ ३७ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । अश्व्यादयो देवताः । भुरिकृकृतिश्छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्सुरेतसमृषभं नर्यापसं त्वष्टारमिन्द्रमश्विना भिषजं न सरस्वतीमोजो न जूतिरिन्द्रियं वृको न रभसो भिषग् यशः सुरया भेषजꣳ श्रिया न मासरं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३८ ॥

होता । यक्षत् । सुरेतसमिति सुऽरेतसम् । ऋषभम् । नर्यापसमिति नर्यऽअपसम् । त्वष्टारम् । इन्द्रम् । अश्विना । भिषजम् । न । सरस्वतीम् । ओजः । न । जूतिः । इन्द्रियम् । वृकः । न । रभसः । भिषक् । यशः । सुरया । भेषजम् । श्रिया । न । मासरम् । पयः । सोमः । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । घृतम् । मधु । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) प्राप्नुयात् (सुरेतसम्) सुष्ठुवीर्यम् (ऋषभम्) बलीवर्दम् (नर्यापसम्) नृषु साध्वपः कर्म यस्य तम् (त्वष्टारम्) दुःखच्छेत्तारम् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तम् (अश्विना) वायुविद्युतौ (भिषजम्) वैद्यवरम् (न) इव (सरस्वतीम्) बहुविज्ञानयुक्तां वाचम् (ओजः) बलम् (न) इव (जूतिः) वेगः (इन्द्रियम्) मनः (वृकः) वज्रः । वृक इति वज्रना० ॥ निघं० २ । २० ॥ (न) (रभसः) वेगम् । द्वितीयार्थे प्रथमा । (भिषक्) वैद्यः (यशः) धनमन्नं वा (सुरया) जलेन (भेषजम्) औषधम् (श्रिया) लक्ष्म्या (न) इव (मासरम्) संस्कृतभोज्यमन्नम् (पयः) पातुं योग्यम् (सोमः) ऐश्वर्यम् । (परिस्रुता) सर्वतोभिगतेन पुरुषार्थेन (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३८ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा होता सुरेतसमृषभं नर्यापसं त्वष्टारमिन्द्रमश्विना भिषजं न सरस्वतीमोजो न यक्षद्भिषग्वृको न जूतिरिन्द्रियं रभसो यशः सुरया भेषजं श्रिया न क्रियया मासरं यक्षत्तया परिस्रुता पयः सोमो घृतं मधु च व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ३८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । यथा विद्वांसो ब्रह्मचर्येण धर्माचरणेन विद्यया सत्सङ्गादिना चाऽखिलं सुखं प्राप्नुवन्ति तथा मनुष्यैः पुरुषार्थेन लक्ष्मीः प्राप्तव्या ॥ ३८ ॥

पदार्थः—हे (होतः) लेने हारे ! जैसे (होता) ग्रहण करने वाला (सुरेतसम्) अच्छे पराक्रमी (ऋषभम्) बैल और (नर्यापसम्) मनुष्यों में अच्छे कर्म करने तथा

(त्वष्टारम्) दुःख काटने वाले (इन्द्रम्) परमैश्वर्ययुक्त जन को (अश्विना) वायु और बिजुली वा (भिषजम्) उत्तम वैद्य के (न) समान (सरस्वतीम्) बहुत विज्ञानयुक्त वाणी को (ओजः) बल के (न) समान (यक्षत्) प्राप्त करे (भिषक्) वैद्य (वृकः) वज्र के (न) समान (जूतिः) वेग (इन्द्रियम्) मन (रभसः) वेग (यशः) धन वा अन्न को (सुरया) जल से (भेषजम्) औषध को (श्रिया) धन के (न) समान क्रिया से (मासरम्) अच्छे पके हुए अन्न को प्राप्त करे वैसे (परिस्रुता) सब ओर से प्राप्त पुरुषार्थ से (पयः) पीने योग्य रस और (सोमः) ऐश्वर्य (घृतम्) घी और (मधु) सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन कर ॥ ३८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं। जैसे विद्वान् लोग ब्रह्मचर्य, धर्म के आचरण, विद्या और सत्संगति आदि से सब सुख को प्राप्त होते हैं वैसे मनुष्यों को चाहिये कि पुरुषार्थ से लक्ष्मी को प्राप्त होवें ॥ ३८ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः। अश्व्यादयो देवताः। निचृदत्यष्टिश्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षद्वनस्पतिꣳ शमितारꣳ शतक्रतुं भीमं न मन्युꣳ राजानं व्याघ्रं नमसाश्विना भामꣳ सरस्वती भिषगिन्द्राय दुहऽइन्द्रियं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३९ ॥

होता। यक्षत्। वनस्पतिम्। शमितारम्। शतक्रतुमिति शतऽक्रतुम्। भीमम्। न। मन्युम्। राजानम्। व्याघ्रम्। नमसा। अश्विना। भामम्। सरस्वती। भिषक्। इन्द्राय। दुहे। इन्द्रियम्। पयः। सोमः। परिस्रुतेति परिऽस्रुता। घृतम्। मधु। व्यन्तु। आज्यस्य। होतः। यज ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) (वनस्पतिम्) किरणानां पालकम् (शमितारम्) शान्तिप्रदम् (शतक्रतुम्) असंख्यप्रज्ञं बहुकर्माणं वा (भीमम्) भयंकरम् (न) इव (मन्युम्) क्रोधम् (राजानम्) राजमानम् (व्याघ्रम्) सिंहम् (नमसा) वज्रेण (अश्विना) सभासेनेशौ (भामम्) क्रोधम् (सरस्वती) प्रशस्त-विज्ञानवती (भिषक्) वैद्यः (इन्द्राय) धनाय (दुहे) प्रपूरयेत् (इन्द्रियम्) धनम् (पयः) रसम् (सोमः) चन्द्रः (परिस्रुता) (घृतम्) (मधु) मधुरं वस्तु (व्यन्तु) (आज्यस्य) प्राप्तुमर्हस्य (होतः) (यज) ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा भिषग्घोता इन्द्राय वनस्पतिमिव शमितारं शतक्रतुं भीमं न मन्युं नमसा व्याघ्रं न राजानं यक्षत् सरस्वत्यश्विना भामं दुहे तथा परिस्रुतेन्द्रियं पयः सोमो घृतं मधु व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ३९ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । ये मनुष्या विद्यया वह्निं शान्त्या विद्वांसं पुरुषार्थेन प्रज्ञां न्यायेन राज्यं च प्राप्यैश्वर्यं वर्द्धयन्ति त ऐहिकपारमार्थिके सुखे प्राप्नुवन्ति ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे (होतः) लेने हारे ! जैसे (भिषक्) वैद्य (होता) वा लेने हारा (इन्द्राय) धन के लिए (वनस्पतिम्) किरणों को पालने और (शमितारम्) शान्ति देने हारे (शतक्रतुम्) अनन्त बुद्धि वा बहुत कर्मयुक्त जन को (भीमम्) भयकारक के (न) समान (मन्युम्) क्रोध को वा (नमसा) वज्र से (व्याघ्रम्) सिंह और (राजानम्) देदीप्यमान राजा को (यक्षत्) प्राप्त करे वा (सरस्वती) उत्तम विज्ञान वाली स्त्री और (अश्विना) सभा और सेनापति (भामम्) क्रोध को (दुहे) परिपूर्ण करे वैसे (परिस्रुता) प्राप्त हुए पुरुषार्थ के साथ (इन्द्रियम्) धन (पयः) रस (सोमः) चन्द्र (घृतम्) घी (मधु) मधुर वस्तु (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन कर ॥ ३९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं । जो मनुष्य लोग विद्या से अग्नि, शान्ति से विद्वान्, पुरुषार्थ से बुद्धि और न्याय से राज्य को प्राप्त होके ऐश्वर्य को बढ़ाते हैं वे इस जन्म और परजन्म के सुख को प्राप्त होते हैं ॥ ३९ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । अश्व्यादयो देवताः । पूर्वस्य विराडत्यष्टिश्छन्दः । स्वाहेन्द्रमित्युत्तरस्यात्यष्टिश्छन्दः । गान्धारौ स्वरौ ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षदग्निꣳ स्वाहाज्यस्य स्तोकानाꣳ स्वाहा मेदसां पृथक् स्वाहा छागमश्विभ्याꣳ स्वाहा मेषꣳ सरस्वत्यै स्वाहऽऋषभमिन्द्राय सिꣳहाय सहसऽ इन्द्रियꣳ स्वाहाग्निं न भेषजꣳ स्वाहा सोममिन्द्रियꣳ स्वाहेन्द्रꣳ सुत्रामाणꣳ सवितारं वरुणं भिषजां पतिꣳ स्वाहा वनस्पतिं प्रियं पाथो न भेषजꣳ स्वाहा देवाऽआज्यपा जुषाणोऽअग्निर्भेषजं पयः सोमः परिस्रुता घृतं मधु व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ४० ॥

होता । यक्षत् । अग्निम् । स्वाहा । आज्यस्य । स्तोकानाम् । स्वाहा । मेदसाम् । पृथक् । स्वाहा । छागम् । अश्विभ्यामित्यश्विऽभ्याम् । स्वाहा । मेषम् ।

सरस्वत्यै । स्वाहा । ऋषभम् । इन्द्राय । सिंहाय । सहसे । इन्द्रियम् । स्वाहा । अग्निम् । न । भेषजम् । स्वाहा । सोमम् । इन्द्रियम् । स्वाहा । इन्द्रम् । सुत्रामाणमिति सुऽत्रामाणम् । सवितारम् । वरुणम् । भिषजाम् । पतिम् । स्वाहा । वनस्पतिम् । प्रियम् । पाथः । न । भेषजम् । स्वाहा । देवाः । आज्यपा इत्याज्यऽपाः । जुषाणः । अग्निः । भेषजम् । पयः । सोमः । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । घृतम् । मधु । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ४० ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) यजेत् (अग्निम्) पावकम् (स्वाहा) सुष्ठुक्रियया (आज्यस्य) प्राप्तुमर्हस्य (स्तोकानाम्) स्वल्पानाम् (स्वाहा) सुष्ठुरक्षणक्रियया (मेदसाम्) स्निग्धानाम् (पृथक्) (स्वाहा) उत्तमरीत्या (छागम्) दुःखं छेत्तुमर्हम् (अश्विभ्याम्) राज्यस्वामिपशुपालाभ्याम् (स्वाहा) (मेषम्) सेचनकर्त्तारम् (सरस्वत्यै) विज्ञानयुक्तायै वाचे (स्वाहा) परमोत्तमया क्रियया (ऋषभम्) श्रेष्ठं पुरुषार्थम् (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (सिंहाय) यो हिनस्ति तस्मै (सहसे) बलाय (इन्द्रियम्) धनम् (स्वाहा) शोभनया वाचा (अग्निम्) पावकम् (न) इव (भेषजम्) औषधम् (स्वाहा) उत्तमया क्रियया (सोमम्) सोमलताद्योषधिगणम् (इन्द्रियम्) मनःप्रभृतीन्द्रियमात्रम् (स्वाहा) सुष्ठुशान्तिक्रियया विद्यया च (इन्द्रम्) सेनेशम् (सुत्रामाणम्) सुष्ठुरक्षकम् (सवितारम्) ऐश्वर्य्यकारकम् (वरुणम्) श्रेष्ठम् (भिषजाम्) वैद्यानाम् (पतिम्) पालकम् (स्वाहा) निदानादिविद्यया (वनस्पतिम्) वनानां पालकम् (प्रियम्) कमनीयम् (पाथः) पालकमन्नम् (न) इव (भेषजम्) औषधम् (स्वाहा) सुष्ठुविद्यया (देवाः) विद्वांसः (आज्यपाः) य आज्यं पान्ति रक्षन्ति ते (जुषाणः) सेवमानः (अग्निः) पावक इव प्रदीप्तः (भेषजम्) चिकित्सनीयम् (पयः) उदकम् (सोमः) ओषधिगणः (परिस्रुता) (घृतम्) (मधु) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) दातः (यज)

अन्वयः—हे होतर्यथा होताऽऽज्यस्य स्वाहा स्तोकानां मेदसां स्वाहाऽग्निं पृथक्स्वाहाश्विभ्यां छागं सरस्वत्यै स्वाहा मेषमिन्द्राय स्वाहर्षभं सहसे सिंहाय स्वाहेन्द्रियं स्वाहाग्निं न भेषजं सोममिन्द्रियं स्वाहा सुत्रामाणमिन्द्रं भिषजां पतिं सवितारं वरुणं स्वाहा वनस्पतिं स्वाहा प्रियं पाथो न भेषजं यक्षद्यथावाज्यपा देवा भेषजं जुषाणोऽग्निश्च यक्षत् तथा यानि परिस्रुता पयः सोमो घृतं मधु व्यन्तु तैः सह वर्त्तमानस्त्वमाज्यस्य यज ॥ ४० ॥

भावार्थः— अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । ये मनुष्या विद्याक्रियाकौशलयत्नरग्न्यादिविद्यां विज्ञाय गवादीन् पशून् संपाल्य सर्वोपकारं कुर्वन्ति ते वैद्यवत्प्रजादुःखध्वंसका जायन्ते ॥ ४० ॥

पदार्थः—हे (होतः) देने हारे जन ! जैसे (होता) ग्रहण करने हारा (आज्यस्य) प्राप्त होने योग्य घी की (स्वाहा) उत्तम क्रिया से वा (स्तोकानाम्) स्वल्प (मेदसाम्)

स्निग्ध पदार्थों की (स्वाहा) अच्छे प्रकार रक्षण क्रिया से (अग्निम्) अग्नि को (पृथक्) भिन्न भिन्न (स्वाहा) उत्तम रीति से (अश्विभ्याम्) राज्य के स्वामी और पशु के पालन करने वालों से (छागम्) दुःख के छेदन करने को (सरस्वत्यै) विज्ञानयुक्त वाणी के लिये (स्वाहा) उत्तम क्रिया से (मेषम्) सेचन करने हारे को (इन्द्राय) परमैश्वर्य के लिये (स्वाहा) परमोत्तम क्रिया से (ऋषभम्) श्रेष्ठ पुरुषार्थ को (सहसे) बल (सिंहाय) और जो शत्रुओं का हननकर्त्ता उस के लिये (स्वाहा) उत्तम वाणी से (इन्द्रियम्) धन को (स्वाहा) उत्तम क्रिया से (अग्निम्) पावक के (न) समान (भेषजम्) औषध (सोमम्) सोमलतादि ओषधिसमूह (इन्द्रियम्) वा मन आदि इन्द्रियों को (स्वाहा) शान्ति आदि क्रिया और विद्या से (सुत्रामाणम्) अच्छे प्रकार रक्षक (इन्द्रम्) सेनापति को (भिषजाम्) वैद्यों के (पतिम्) पालन करनेहारे (सवितारम्) ऐश्वर्य के कर्त्ता (वरुणम्) श्रेष्ठ पुरुष को (स्वाहा) निदान आदि विद्या से (वनस्पतिम्) वनों के पालन करनेहारे को (स्वाहा) उत्तम विद्या से (प्रियम्) प्रीति करने योग्य (पाथः) पालन करने वाले अन्न के (न) समान (भेषजम्) उत्तम औषध को (यक्षत्) संगत करे वा जैसे (आज्यपाः) विज्ञान के पालन करनेहारे (देवाः) विद्वान् लोग और (भेषजम्) चिकित्सा करने योग्य को (जुषाणः) सेवन करता हुआ (अग्निः) पावक के समान तेजस्वी जन संगत करे वैसे जो (परिस्रुता) चारों ओर से प्राप्त हुए रस के साथ (पयः) दूध (सोमः) ओषधियों का समूह (घृतम्) घी (मधु) सहत (व्यन्तु) प्राप्त होवें उनके साथ वर्त्तमान तू (आज्यस्य) घी का (यज) हवन किया कर ॥ ४० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं। जो मनुष्य विद्या, क्रिया-कुशलता और प्रयत्न से अग्न्यादि विद्या को जान के गौ आदि पशुओं का अच्छे प्रकार पालन करके सब के उपकार को करते हैं वे वैद्य के समान प्रजा के दुःख के नाशक होते हैं ॥ ४० ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । विद्वांसो देवताः । अतिधृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षदश्विनौ छागस्य वपाया मेदसो जुषेतांᳬ हविर्होतर्यज ।
होता यक्षत्सरस्वतीं मेषस्य वपाया मेदसो जुषतांᳬ हविर्होतर्यज ।
होता यक्षदिन्द्रमृषभस्य वपाया मेदसो जुषतांᳬ हविर्होतर्यज ॥ ४१ ॥

होता । यक्षत् । अश्विनौ । छागस्य । वपायाः । मेदसः । जुषेताम् । हविः । होतः । यज । होता । यक्षत् । सरस्वतीम् । मेषस्य । वपायाः । मेदसः । जुषताम् ।

हुविः । होतः । यजं । होता । यक्षत् । इन्द्रम् । ऋषभस्यं । वपायाः । मेदंसः । जुषताम् । हुविः । होतः । यजं ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(होता) दाता (यक्षत्) (अश्विनौ) पशुपालकृषीवलौ (छागस्य) अजादेः (वपायाः) बीजतन्तुसन्तानिकायाः क्रियायाः (मेदसः) स्निग्धस्य (जुषेताम्) सेवेताम् (हविः) होतव्यम् (होतः) दातः (यज) (होता) आदाता (यक्षत्) (सरस्वतीम्) विज्ञानवर्तीं वाचम् (मेषस्य) अवेः (वपायाः) बीजवर्द्धिकायाः क्रियायाः (मेदसः) स्नेहयुक्तस्य पदार्थस्य (जुषताम्) सेवताम् (हविः) प्रक्षेप्तव्यं सुसंस्कृतमन्नादिकम् (होतः) (यज) (होता) (यक्षत्) (इन्द्रम्) परमैश्वर्यकारकम् (ऋषभस्य) वृषभस्य (वपायाः) वर्द्धिकाया रीत्याः (मेदसः) स्नेहस्य (जुषताम्) सेवताम् (हविः) दातव्यम् (होतः) (यज) ॥ ४१ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा होता यक्षदश्विनौ छागस्य वपाया मेदसो हविर्जुषेतां तथा यज। हे होतस्त्वं यथा होता मेषस्य वपाया मेदसो हविः सरस्वतीञ्च जुषतां यक्षत्तथा यज। हे होतस्त्वं यथा होतर्षभस्य वपाया मेदसो हविरिन्द्रं च जुषतां यक्षत्तथा यज ॥ ४१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। ये मनुष्याः पशुसंख्यां बलं च वर्धयन्ति ते स्वयमपि बलिष्ठा जायन्ते ये पशुजं दुग्धं तज्जमाज्यं च स्निग्धं सेवन्ते ते कोमलप्रकृतयो भवन्ति। ये कृषिकरणाद्यायैतान्वृषभान्युञ्जन्ति ते धनधान्ययुक्ता जायन्ते ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे (होतः) देने हारे ! तू जैसे (होता) और देने हारा (यक्षत्) अनेक प्रकार के व्यवहारों की संगति करे (अश्विनौ) पशु पालने वा खेती करने वाले (छागस्य) बकरा गौ भैंस आदि पशु सम्बन्धी वा (वपायाः) बीज बोने वा सूत के कपड़े आदि बनाने और (मेदसः) चिकने पदार्थ के (हविः) लेने देने योग्य व्यवहार का (जुषेताम्) सेवन करें वैसे (यज) व्यवहारों की संगति कर हे (होतः) देने हारे जन ! तू जैसे (होता) लेने हारा (मेषस्य) मेढ़ा के (वपायाः) बीज को बढ़ाने वाली क्रिया और (मेदसः) चिकने पदार्थ सम्बन्धी (हविः) अग्नि आदि में छोड़ने योग्य संस्कार किये हुए अन्न आदि पदार्थ और (सरस्वतीम्) विशेष ज्ञान वाली वाणी का (जुषताम्) सेवन करे (यक्षत्) वा उक्त पदार्थों का यथायोग्य मेल करे वैसे (यज) सब पदार्थों का यथायोग्य मेल कर हे (होतः) देने हारे ! तू जैसे (होता) लेने हारा (ऋषभस्य) बैल की (वपायाः) बढ़ाने वाली रीति और (मेदसः) चिकने पदार्थ सम्बन्धी (हविः) देने योग्य पदार्थ और (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्य करनेवाले का (जुषताम्) सेवन करे वा यथायोग्य (यक्षत्) उक्त पदार्थों का मेल करे वैसे (यज) यथायोग्य पदार्थों का मेल कर ॥ ४१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य पशुओं की संख्या और बल को बढ़ाते हैं वे आप भी बलवान् होते और जो पशुओं से उत्पन्न हुए दूध और उस से उत्पन्न हुए घी का सेवन करते वे कोमल स्वभाव वाले होते हैं और जो खेती करने आदि के लिये इन बैलों को युक्त करते हैं वे धनधान्ययुक्त होते हैं ॥ ४१ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः। होत्रादयो देवताः। पूर्वस्य आर्च्युष्णिक् छन्दः। ऋषभः स्वरः। सुरामाण इत्युत्तरस्य विराडाकृतिश्छन्दः। पञ्चमः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥
फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है॥

होता यक्षद॒श्विनौ॒ सर॑स्वती॒मिन्द्र॑ꣳ सु॒त्रामा॑णमि॒मे सोमाः॑ सु॒रामा॑ण॒श्छागै॒र्न मे॒षैर्ऋ॑ष॒भैः सु॒ताः शष्पै॒र्न तोक्म॑भिर्ला॒जैर्मह॑स्वन्तो॒ मदा॒ मास॑रेण॒ परि॑ष्कृताः शु॒क्राः। पय॑स्वन्तो॒ऽमृता॒ः प्रस्थि॑ता वो मधु॒श्चुत॒स्तान॒श्विना॒ सर॑स्व॒तीन्द्रः॑ सु॒त्रामा॑ वृत्र॒हा जु॒षन्ता॑ꣳ सो॒म्यं मधु॒ पिब॑न्तु॒ मद॑न्तु॒ व्यन्तु॒ होत॒र्यज॑॥४२॥

होता॑। यक्ष॑त्। अ॒श्विनौ॑। सर॑स्वतीम्। इन्द्र॑म्। सु॒त्रामा॑ण॒मिति॑ सु॒ऽत्रामा॑णम्। इ॒मे। सोमाः॑। सु॒रामा॑णः। छागैः॑। न। मे॒षैः। ऋ॒ष॒भैः। सु॒ताः। शष्पैः॑। न। तोक्म॑भि॒रिति॒ तोक्म॑ऽभिः। ला॒जैः। मह॑स्वन्तः। मदाः॑। मास॑रेण। परि॑ष्कृताः। शु॒क्राः। पय॑स्वन्तः। अ॒मृताः॑। प्रस्थि॑ता॒ इति॑ प्रऽस्थि॑ताः। व॒ः। म॒धु॒श्चुत॒ इति॑ मधु॒ऽश्चुतः॑। तान्। अ॒श्विना॑। सर॑स्वती। इन्द्रः॑। सु॒त्रामा॑। वृ॒त्र॒हा। जु॒षन्ता॑म्। सो॒म्यम्। मधु॑। पिब॑न्तु। मद॑न्तु। व्यन्तु॑। होत॑ः। यज॑॥४२॥

पदार्थः—(होता) दाता (यक्षत्) यजेत् (अश्विनौ) अध्यापकोपदेष्टारौ (सरस्वतीम्) विज्ञानवतीं वाचम् (इन्द्रम्) परमैश्वर्य्ययुक्तराजानम् (सुत्रामाणम्) प्रजायाः सुष्ठुरक्षकम् (इमे) (सोमाः) ऐश्वर्य्यवन्तः सभासदः (सुरामाणः) सुष्ठुदातारः (छागैः) (न) इव (मेषैः) (ऋषभैः) (सुताः) अभिषेकक्रियाजाताः (शष्पैः) हिंसकैः। अत्रौणादिको बाहुलकात्कर्त्तरि यत् (न) इव (तोक्मभिः) अपत्यैः (लाजैः) भर्जितैः (महस्वन्तः) महांसि पूजनानि सत्करणानि विद्यन्ते येषान्ते (मदाः) आनन्दाः (मासरेण) ओदनेन (परिष्कृताः) परितः शोभिताः। संपर्य्युपेभ्यः करोतौ भूषणे इति सुट्। (शुक्राः) शुद्धाः (पयस्वन्तः) प्रशस्तजलदुग्धादियुक्ताः (अमृताः) अमृतात्मकरसाः (प्रस्थिताः) कृतप्रस्थानाः (वः) युष्मभ्यम् (मधुश्चुतः) मधुरादिगुणा विश्लिष्यन्ते येभ्यः (तान्) (अश्विना) सुसत्कृतौ पुरुषौ (सरस्वती) प्रशस्तविद्यायुक्ता स्त्री (इन्द्रः) (सुत्रामा) सुष्ठुरक्षकः (वृत्रहा) मेघस्य हन्ता सूर्य्य इव (जुषन्ताम्) सेवन्ताम् (सोम्यम्) सोमार्हम् (मधु) मधुररसम् (पिबन्तु) (मदन्तु) आनन्दन्तु (व्यन्तु) व्याप्नुवन्तु (होतः) (यज) ॥४२॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होताऽश्विनौ सरस्वतीं सुत्रामाणमिन्द्रं यक्षद्य इमे सुरामाणः सोमाः सुताश्छागैर्न मेषैर्ऋषभैः शष्पैर्न तोक्मभिर्लाजैर्महस्वन्तो मदा मासरेण परिष्कृताः

शुक्राः पयस्वन्तोऽमृता मधुश्चुतः प्रस्थिता वो निर्मितास्तान् यक्षद्यथाऽश्विना सरस्वती सुत्रामा वृत्रहेन्द्रश्च सोम्यं मधु जुषन्तां पिबन्तु मदन्तु सकला विद्या व्यन्तु तथा यज ॥ ४२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये सृष्टिपदार्थविद्यां सत्यां वाचं सुरक्षकं राजानं च प्राप्य पशूनां पयआदिभिः पुष्यन्ति ते सुरसान् सुसंस्कृतान्नादीन् सुपरीक्षितान् भोगान् युक्तया भुक्त्वा रसान् पीत्वा धर्मार्थकाममोक्षार्थं प्रयतन्ते ते सदा सुखिनो भवन्ति ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे (होतः) लेने हारे ! जैसे (होता) देने वाला (अश्विनौ) पढ़ाने और उपदेश करने वाले पुरुषो ! (सरस्वतीम्) तथा विज्ञान की भरी हुई वाणी और (सुत्रामाणम्) प्रजाजनों की अच्छी रक्षा करने हारे (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्ययुक्त राजा को (यक्षत्) प्राप्त हो वा (इमे) ये जो (सुरामाणः) अच्छे देने हारे (सोमाः) ऐश्वर्यवान् सभासद् (सुताः) जो कि अभिषेक पाये हुए हों वे (छागैः) विनाश करने योग्य पदार्थों वा बकरा आदि पशुओं (न) वैसे तथा (मेषैः) देखने योग्य पदार्थ वा मेढ़ों (ऋषभैः) श्रेष्ठ पदार्थों वा बैलों और (शष्पैः) हिंसकों से जैसे (न) वैसे (तोक्मभिः) सन्तानों और (लाजैः) भुंजे अन्नों से (महस्वन्तः) जिन के सत्कार विद्यमान हों वे मनुष्य और (मदाः) आनन्द (मासरेण) पके हुए चावलों के साथ (परिष्कृताः) शोभायमान (शुक्राः) शुद्ध (पयस्वन्तः) प्रशंसित जल और दूध से युक्त (अमृताः) जिन में अमृत एक रस (मधुश्चुतः) जिन से मधुरादि गुण टपकते वा (प्रस्थिताः) एक स्थान से दूसरे स्थान को जाते हुए (वः) तुम्हारे लिये पदार्थ बनाए हैं (तान्) उनको प्राप्त होवे वा जैसे (अश्विना) सुन्दर सत्कार पाये हुए पुरुष (सरस्वती) प्रशंसित विद्यायुक्त स्त्री (सुत्रामा) अच्छी रक्षा करने वाला (वृत्रहा) मेघ को छिन्न भिन्न करने वाले सूर्य के समान (इन्द्रः) परम ऐश्वर्यवान् सज्जन (सोम्यम्) शीतलता गुण के योग्य (मधु) मीठेपन का (जुषन्ताम्) सेवन करें (पिबन्तु) पीवें (मदन्तु) हरखें और समस्त विद्याओं को (व्यन्तु) व्याप्त हों वैसे तू (यज) सब पदार्थों की यथायोग्य संगति किया कर ॥ ४२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो संसार के पदार्थों की विद्या, सत्य वाणी और भलीभांति रक्षा करने हारे राजा को पाकर पशुओं के दूध आदि पदार्थों से पुष्ट होते हैं वे अच्छे रसयुक्त अच्छे संस्कार किये हुए अन्न आदि पदार्थ जो सुपरीक्षित हों उनको युक्ति के साथ खा और रसों को पी धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, के निमित्त अच्छा यत्न करते हैं वे सदैव सुखी होते हैं ॥ ४२ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । होत्रादयो देवताः । आद्यस्य याजुषीपङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः । हविष इत्युत्तरस्योत्कृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षदश्विनौ छागस्य हविषऽआत्तामद्य मध्यतो मेदऽउद्भृतं पुरा द्वेषोभ्यः पुरा पौरुषेय्या गृभो घस्तां नूनं घासेऽअज्राणां यवसप्रथमानाᳯं सुमत्क्षराणाᳯं शतरुद्रियाणामग्निष्वात्तानां पीवोपवसनानां पार्श्वतः श्रोणितः शितामतऽउत्सादतोऽङ्गादङ्गादवत्तानां करतऽएवाश्विना जुषेताᳯं हविर्होतर्यज ॥ ४३ ॥

होता । यक्षत् । अश्विनौ । छागस्य । हविषः । आत्ताम् । अद्य । मध्यतः । मेदः । उद्भृतमित्युत्ऽभृतम् । पुरा । द्वेषोभ्य इति द्वेषःऽभ्यः । पुरा । पौरुषेय्याः । गृभः । घस्ताम् । नूनम् । घासेऽअज्राणामिति घासेऽअज्राणाम् । यवसप्रथमानामिति यवसऽप्रथमानाम् । सुमत्क्षराणामिति सुमत्ऽक्षराणाम् । शतरुद्रियाणामिति शतऽरुद्रियाणाम् । अग्निष्वात्तानाम् । अग्निस्वात्तानामित्यग्निऽस्वात्तानाम् । पीवोपवसनानामिति पीवःऽउपवसनानाम् । पार्श्वतः । श्रोणितः । शितामतः । उत्सादत इत्युत्ऽसादतः । अङ्गादङ्गादित्यङ्गात्ऽअङ्गात् । अवत्तानाम् । करतः । एव । अश्विना । जुषेताम् । हविः । होतः । यज ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) (अश्विनौ) अध्यापकोपदेशकौ (छागस्य) (हविषः) आदातुमर्हस्य (आत्ताम्) (अद्य) (मध्यतः) मध्यात् (मेदः) स्निग्धम् (उद्भृतम्) उत्कृष्टतया धृतम् (पुरा) (द्वेषोभ्यः) दुष्टेभ्यः (पुरा) (पौरुषेय्याः) पुरुषाणां समूहे साध्व्याः (गृभः) ग्रहीतुं योग्यायाः (घस्ताम्) भक्षयताम् (नूनम्) निश्चितम् (घासेअज्राणाम्) भोजनेऽग्रे प्राप्तव्यानाम् (यवसप्रथमानाम्) यवसो यवान्नं प्रथमं येषां तेषाम् (सुमत्क्षराणाम्) सुष्ठु मदां क्षरः संचलनं येषां तेषाम् (शतरुद्रियाणाम्) शतं रुद्राः शतरुद्राः शतरुद्रा देवता येषां तेषाम् (अग्निष्वात्तानाम्) अग्निः सुष्ठ्वात्तो गृहीतो यैस्तेषाम् (पीवोपवसनानाम्) पीवांस्युपवसनान्याच्छादनानि येषां तेषाम् (पार्श्वतः) उभयतः (श्रोणितः) कटिप्रदेशात् (शितामतः) शितस्तीक्ष्ण आमोऽपरिपक्वं यस्मिंस्तस्मात् (उत्सादतः) उत्सादनं कुर्वतः (अङ्गादङ्गात्) प्रत्यङ्गात् (अवत्तानाम्) नम्रीभूतानामुत्कृष्टानामङ्गानाम् (करतः) कुर्याताम् (एव) (अश्विना) सद्वैद्यौ (जुषेताम्) (हविः) अत्तुमर्हम् (होतः) (यज) ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होताश्विनौ यक्षत्तौ चाद्य छागस्य मध्यतो हविषा मेद उद्भृतमात्तां यथा वा पुरा द्वेषोभ्यो गृभः पौरुषेय्याः पुरा नूनं घस्तां यथा वा यवसप्रथमानां घासेअज्राणां सुमत्क्षराणां शतरुद्रियाणां पीवोपवसनानामग्निष्वात्तानां पार्श्वतः श्रोणितः शितामत उत्सादतोऽङ्गादङ्गादवत्तानामेवाश्विना करतो हविर्जुषेतां तथा त्वं यज ॥ ४३ ॥

भावार्थः—ये छागादीनां रक्षां विधाय तेषां दुग्धादिकं सुसंस्कृत्य भुक्त्वा द्वेषादियुक्तान् पुरुषान्निवार्य सुवैद्यानां सङ्गं कृत्वा शोभनं भोजनाऽऽच्छादनं कुर्वन्ति ते प्रत्यङ्गाद्रोगान्निवार्य सुखिनो भवन्ति ॥ ४३ ॥

पदार्थः—हे (होतः) देने हारे ! जैसे (होता) लेने वाला (अश्विनौ) पढ़ाने और उपदेश करने वालों को (यक्षत्) संगत करे और वे (अद्य) आज (छागस्य) बकरा आदि पशुओं के (मध्यतः) बीच से (हविषः) लेने योग्य पदार्थ का (मेदः) चिकना भाग अर्थात् घी दूध आदि (उद्भृतम्) उद्धार किया हुआ (आत्ताम्) लेवें वा जैसे (द्वेषोभ्यः) दुष्टों से (पुरा) प्रथम (गृभः) ग्रहण करने योग्य (पौरुषेय्याः) पुरुषों के समूह में उत्तम स्त्री के (पुरा) पहिले (नूनम्) निश्चय करके (घस्ताम्) खावें वा जैसे (यवसप्रथमानाम्) जो जिन का पहिला अन्न (घासेअज्राणाम्) जो खाने में आगे पहुंचाने योग्य (सुमत्क्षराणाम्) जिन के उत्तम उत्तम आनन्दों का कंपन आगमन (शतरुद्रियाणाम्) दुष्टों को रुलाने हारे सैकड़ों रुद्र जिन के देवता (पीवोपवसनानाम्) वा जिन के मोटे मोटे कपड़ों के ओढ़ने पहिरने (अग्निष्वात्तानाम्) वा जिन्होंने भलीभांति अग्निविद्या का ग्रहण किया हो इन सब प्राणियों के (पार्श्वतः) पार्श्वभाग (श्रोणितः) कटिप्रदेश (शितामतः) तीक्ष्ण जिस में कच्चा अन्न उस प्रदेश (उत्सादतः) उपाड़ते हुए अंग और (अङ्गादङ्गात्) प्रत्येक अंग से व्यवहार वा (अवत्तानाम्) नमे हुए उत्तम अङ्गों (एव) ही के व्यवहार को (अश्विना) अच्छे वैद्य (करतः) करें और (हविः) उक्त पदार्थों से खाने योग्य पदार्थ का (जुषेताम्) सेवन करें वैसे (यज) सब पदार्थों वा व्यवहारों की संगति किया कर ॥ ४३ ॥

भावार्थः—जो छेरी आदि पशुओं की रक्षा कर उनके दूध आदि का अच्छा अच्छा संस्कार और भोजन कर वैरभावयुक्त पुरुषों को निवारण कर और अच्छे वैद्यों का संग करके उत्तम खाना पहिरना करते हैं वे प्रत्येक अंग से रोगों को दूर कर सुखी होते हैं ॥ ४३ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । विद्वांसो देवताः । पूर्वस्य याजुषी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः । हविष इत्युत्तरस्य स्वराडुत्कृतिश्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता॑ यक्षत् सर॑स्वतीं मे॒षस्य॑ ह॒विष॒ऽआव॑यद॒द्य म॑ध्य॒तो मेद॒ऽउद्भृ॑तं पु॒रा द्वेषो॑भ्यः पु॒रा पौरु॑षेय्या गृ॒भो घस॑न्नू॒नं घा॒सेऽअ॑ज्रा॒णां यव॑सप्रथमाना॒ᳬ सु॒मत्क्ष॑राणाᳬ शतरु॒द्रियाणामग्नि॒ष्वात्ता॒नां पीवो॑पवसनानां पार्श्व॒तः श्रो॑णि॒तः शि॑ताम॒तऽउ॑त्साद॒तोऽङ्गा॑दङ्गा॒दव॑त्ता॒नां कर॑दे॒वᳬ सर॑स्वती जु॒षता॒ᳬ ह॒विर्होत॒र्यज॑ ॥ ४४ ॥

होता । यक्षत् । सरस्वतीम् । मेषस्य । हविषः । आ । अवयत् । अद्य । मध्यतः । मेदः । उद्भृतमित्युत्ऽभृतम् । पुरा । द्वेषोभ्य इति द्वेषःऽभ्यः । पुरा । पौरुषेय्याः । गृभः । घसत् । नूनम् । घासेअज्राणामिति घासेऽअज्राणाम् । यवसप्रथमानामिति यवसऽप्रथमानाम । सुमत्क्षराणामिति सुमत्ऽक्षराणाम् । शतरुद्रियाणामिति शतऽरुद्रियाणाम् । अग्निष्वात्तानाम । अग्निस्वात्तानामित्यग्निऽस्वात्तानाम् । पीवोपवसनानामिति पीवःऽउपवसनानाम् । पार्श्वतः । श्रोणितः । शितामतः उत्सादत इत्युत्ऽसादतः । अङ्गादङ्गादित्यङ्गात्ऽअङ्गात् । अवत्तानाम् । करत् । एवम् । सरस्वती । जुषताम् । हविः । होतः । यज ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(होता) दाता (यक्षत्) (सरस्वतीम्) वाचम् (मेषस्य) उपदिष्टस्य (हविषः) दातुमर्हस्य (आ) (अवयत्) वेति प्राप्नोति (अद्य) (मध्यतः) मध्ये भवात् (मेदः) स्निग्धम् (उद्भृतम) उद्धृतम् (पुरा) (द्वेषोभ्यः) शत्रुभ्यः (पुरा) (पौरुषेय्याः) पुरुषसम्बन्धिन्याः (गृभः) ग्रहीतुं योग्यायाः (घसत्) (नूनम्) निश्चितम् (घासेअज्राणाम्) भोजने कमनीयानाम् (यवसप्रथमानाम्) मिश्रितामिश्रिताद्यानाम् (सुमत्क्षराणाम्) श्रेष्ठानन्दवर्षकराणाम् (शतरुद्रियाणाम्) बहूनां मध्ये विद्वदधिष्ठातृणाम् (अग्निष्वात्तानाम्) सुसंगृहीताग्निविद्यानाम् (पीवोपवसनानाम्) स्थूलवस्त्रधारिणाम् (पार्श्वतः) समीपात् (श्रोणितः) कटिप्रदेशात् (शितामतः) तीक्ष्णस्वभावात् (उत्सादतः) गात्रोत्सादनात् (अङ्गादङ्गात्) (अवत्तानाम्) गृहीतानाम् (करत्) कुर्यात् (एवम्) अमुना प्रकारेण (सरस्वती) विदुषी स्त्री (जुषताम्) (हविः) आदातव्यम (होतः) आदातः (यज) ॥ ४४ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होताऽद्य मेषस्य शितामतो हविषो मध्यतो यन्मेद उद्भृतं तद् सरस्वतीं चावयत् यक्षत् द्वेषोभ्यः पुरा गृभः पौरुषेय्याः पुरा नूनं घसद् घासेअज्राणां यवसप्रथमानां सुमत्क्षराणां पीवोपवसनानामग्निष्वात्तानां शतरुद्रियाणां पार्श्वतः श्रोणित उत्सादतोऽङ्गादङ्गादवत्तानां सकाशाद्विद्यां करदेवमेतत्सरस्वती जुषतां तथा त्वं च हविर्यज ॥ ४४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये मनुष्याः सज्जनसंगेन दुष्टान् निवार्य युक्ताहारविहाराभ्यामारोग्यं प्राप्य धर्मं सेवन्ते ते कृतकृत्या जायन्ते ॥ ४४ ॥

पदार्थः—हे (होतः) लेने हारे ! जैसे (होता) देने वाला (अद्य) आज (मेषस्य) उपदेश को पाये हुए मनुष्य के (शितामतः) खरे स्वभाव से (हविषः) देने योग्य पदार्थ के (मध्यतः) बीच में प्रसिद्ध व्यवहार से जो (मेदः) चिकना पदार्थ (उद्भृतम्) उद्धार किया अर्थात् निकाला उसको (सरस्वतीम्) और वाणी को (आ, अवयत) प्राप्त होता तथा (यक्षत) सत्कार करता और (द्वेषोभ्यः) शत्रुओं से (पुरा) पहिले तथा (गृभः) ग्रहण करने योग्य (पौरुषेय्याः) पुरुषसम्बन्धिनी स्त्री के (पुरा) प्रथम (नूनम्) निश्चय से (घसत्) खावे

वा (घासेअज्ञाणाम्) जो भोजन करने में सुन्दर (यवसप्रथमानाम्) मिले न मिले हुए आदि (सुमत्क्षराणाम्) श्रेष्ठ आनन्द की वर्षा कराने और (पीवोपवसनानाम्) मोटे कपड़े पहरने वाले तथा (अग्निष्वात्तानाम्) अग्निविद्या को भलीभांति ग्रहण किये हुए और (शतरुद्रियाणाम्) बहुतों के बीच विद्वानों का अभिप्राय रखने हारों के (पार्श्वतः) समीप और (श्रोणितः) कटिभाग से (उत्सादतः) शरीर से जो त्याग उससे वा (अङ्गादङ्गात्) अङ्ग अङ्ग से (अदत्तानाम्) ग्रहण किये हुए व्यवहारों की विद्या को (करत्) ग्रहण करे (एवम्) ऐसे (सरस्वती) पण्डिता स्त्री उस का (जुषताम्) सेवन करे वैसे तू भी (हविः) ग्रहण करने योग्य व्यवहार की (यज) संगति किया कर ॥ ४४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य सज्जनों के सङ्ग से दुष्टों का निवारण कर युक्त आहार विहारों से आरोग्यपन को पाकर धर्म का सेवन करते हैं वे कृतकृत्य होते हैं ॥ ४४ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः । यजमानर्त्विजो देवताः । पूर्वस्य भुरिक्प्राजापत्योष्णिक्छन्दः । आवयदित्युत्तरस्य भुरिगभिकृतिश्छन्दः । ऋषभौ स्वरौ ।

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षदिन्द्रमृषभस्य हविषऽआवयदद्य मध्यतो मेदऽउद्भृतं पुरा द्वेषोभ्यः पुरा पौरुषेय्या गृभो घस्नूनं घासेऽअज्राणां यवसप्रथमानाᳬं सुमत्क्षराणाᳬं शतरुद्रियाणामग्निष्वात्तानां पीवोपवसनानां पार्श्वतः श्रोणितः शितामतऽउत्सादतोऽङ्गादङ्गादवत्तानां करदेवमिन्द्रो जुषताᳬं हविर्होतर्यज ॥४५॥

होता । यक्षत् । इन्द्रम् । ऋषभस्य । हविषः । आ । अवयत् । अद्य । मध्यतः । मेदः । उद्भृतमित्युत्ऽभृतम् । पुरा । द्वेषोभ्य इति द्वेषःऽभ्यः । पुरा । पौरुषेय्याः । गृभः । घस्त् । नूनम् । घासेऽअज्राणाम् । यवसप्रथमानामिति यवसऽप्रथमानाम् । सुमत्क्षराणामिति सुमत्ऽक्षराणाम् । शतरुद्रियाणामिति शतऽरुद्रियाणाम् । अग्निष्वात्तानाम् । अग्निस्वात्तानामित्यग्निऽस्वात्तानाम् । पीवोपवसनानामिति पीवःऽउपवसनानाम् । पार्श्वतः । श्रोणितः । शितामतः । उत्सादत इत्युत्ऽसादतः । अङ्गादङ्गादित्यङ्गात्ऽअङ्गात् । अवत्तानाम् । करत् । एवम् । इन्द्रः । जुषताम् । हविः । होतः । यज ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) सत्कुर्यात् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यम् (ऋषभस्य) उत्तमस्य (हविषः) आदातुमर्हस्य (आ) (अवयत्) व्याप्नुयात् (अद्य)

(मध्यतः) मध्ये भवात् (मेदः) स्निग्धम् (उद्भृतम्) उत्कृष्टतया पोषितम (पुरा) पुरस्तात् (द्वेषोभ्यः) विरोधिभ्यः (पुरा) (पौरुषेय्याः) पुरुषसम्बन्धिन्या विद्यायाः (गृभः) ग्रहीतुं योग्यायाः (घसत्) अद्यात् (नूनम्) (घासेअज्राणाम्) (यवसप्रथमानाम्) यवसस्य विस्तारकाणाम् (सुमत्क्षराणाम्) सुष्ठु प्रमादनाशकानाम् (शतरुद्रियाणाम्) शतानां रुद्राणां दुष्टरोदकानाम् (अग्निष्वात्तानाम्) अग्निना जाठराग्निना सुष्ठु गृहीतान्नानाम् (पीवोपवसनानाम्) स्थूलदृढाऽच्छादनानाम् (पार्श्वतः) इतस्ततोऽङ्गात् (श्रोणितः) क्रमशः (शितामतः) तीक्ष्णत्वेनोच्छिन्नरोगात् (उत्सादतः) त्यागमात्रात् (अङ्गादङ्गात्) प्रत्यङ्गात् (अवत्तानाम्) उदारचेतसाम् (करत्) कुर्यात् (एवम्) (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् राजा (जुषताम्) सेवताम् (हविः) रोगनाशकं वस्तु (होतः) (यज) ॥ ४५ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होता घासेअज्राणां यवसप्रथमानां सुमत्क्षराणामग्निष्वात्तानां पीवोपवसनानां शतरुद्रियाणामवत्तानां पार्श्वतः श्रोणितः शितामत उत्सादतोऽङ्गादङ्गाद्धविरिन्द्रं च करदिन्द्रो जुषतां यथाऽद्यर्षभस्य हविषो मध्यतो मेद उद्भृतमावयत् द्वेषोभ्यः पुरा गृभः पौरुषेय्याः पुरा नूनं यक्षद्देवं घसत् तथा त्वं यज ॥ ४५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये मनुष्या विदुषां संगेन दुष्टान्निवार्य्य श्रेष्ठान् सत्कृत्य ग्रहीतव्यं गृहीत्वाऽन्यान् ग्राहयित्वा सर्वानुन्नयन्ति ते पूज्या जायन्ते ॥ ४५ ॥

पदार्थः—हे (होतः) देने हारे ! जैसे (होता) लेने हारा पुरुष (घासेअज्राणाम्) भोजन करने में प्राप्त होने (यवसप्रथमानाम्) जो आदि अन्न वा मिले हुए पदार्थों को विस्तार करने और (सुमत्क्षराणाम्) भलीभांति प्रमाद का विनाश करने वाले (अग्निष्वात्तानाम्) जाठराग्नि अर्थात् पेट में भीतर रहने वाली आग से अन्न ग्रहण किये हुए (पीवोपवसनानाम्) मोटे पोढ़े उढ़ाने ओढ़ने (शतरुद्रियाणाम्) और सैकड़ों दुष्टों को रुलाने हारे (अवत्तानाम्) उदारचित्त विद्वानों के (पार्श्वतः) और पास के अंग वा (श्रोणितः) क्रम से वा (शितामतः) तीक्ष्णता के साथ जिससे रोग छिन्न भिन्न हो गया हो उस अंग वा (उत्सादतः) त्यागमात्र वा (अङ्गादङ्गात्) प्रत्येक अंग से (हविः) रोग विनाश करने हारी वस्तु और (इन्द्रम्) परमैश्वर्य को सिद्ध (करत्) करे और (इन्द्रः) परम ऐश्वर्य वाला राजा उस का (जुषताम्) सेवन करे तथा वह राजा जैसे (अद्य) आज (ऋषभस्य) उत्तम (हविषः) लेने योग्य पदार्थ के (मध्यतः) बीच में उत्पन्न हुआ (मेदः) चिकना पदार्थ (उद्भृतम्) जो कि उत्तमता से पुष्ट किया गया अर्थात् सम्हाला गया हो उस को (आ, अवयत्) व्याप्त हो (द्वेषोभ्यः) वैरियों से (पुरा) प्रथम (गृभः) ग्रहण करने योग्य (पौरुषेय्याः) पुरुषसम्बन्धिनी विद्या के सम्बन्ध से (पुरा) पहिले (नूनम्) निश्चय के साथ (यक्षत्) सत्कार करे वा (एवम्) इस प्रकार (घसत्) भोजन करे वैसे तू (यज) सब व्यवहारों की संगति किया कर ॥ ४५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य विद्वानों के संग से दुष्टों का निवारण तथा श्रेष्ठ उत्तम जनों का सत्कार कर लेने योग्य पदार्थ को लेकर और दूसरों को ग्रहण करा सब की उन्नति करते हैं वे सत्कार करने योग्य होते हैं ॥ ४५ ॥

होतेत्यस्य स्वस्त्यात्रेय ऋषिः। अश्व्यादयो देवताः। पूर्वस्योत्कृतिश्छन्दः। षड्जः स्वरः। यत्र सवितुरित्युत्तरस्य स्वराट् संकृतिश्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षद्वनस्पतिमभि हि पिष्टतमया रभिष्ठया रशनयाधित। यत्राश्विनोश्छागस्य हविषः प्रिया धामानि यत्र सरस्वत्या मेषस्य हविषः प्रिया धामानि यत्रेन्द्रस्यऽऋषभस्य हविषः प्रिया धामानि यत्राग्नेः प्रिया धामानि यत्र सोमस्य प्रिया धामानि यत्रेन्द्रस्य सुत्राम्णः प्रिया धामानि यत्र सवितुः प्रिया धामानि यत्र वरुणस्य प्रिया धामानि यत्र वनस्पतेः प्रिया पाथाᳬंसि यत्र देवानामाज्यपानां प्रिया धामानि यत्राग्नेर्होतुः प्रिया धामानि तत्रैतान् प्रस्तुत्येवोपस्तुत्येवोपावस्रक्षद्रभीयसऽइव कृत्वी करदेवं देवो वनस्पतिर्जुषताᳬं हविर्होतर्यज ॥ ४६ ॥

होता। यक्षत्। वनस्पतिम्। अभि। हि। पिष्टतमयेति पिष्टऽतमया। रभिष्ठया। रशनया। अधित। यत्र। अश्विनोः। छागस्य। हविषः। प्रिया। धामानि। यत्र। सरस्वत्याः। मेषस्य। हविषः। प्रिया। धामानि। यत्र। इन्द्रस्य। ऋषभस्य। हविषः। प्रिया। धामानि। यत्र। अग्नेः। प्रिया। धामानि। यत्र। सोमस्य। प्रिया। धामानि। यत्र। इन्द्रस्य। सुत्राम्ण इति सुऽत्राम्णः। प्रिया। धामानि। यत्र। सवितुः। प्रिया। धामानि। यत्र। वरुणस्य। प्रिया। धामानि। यत्र। वनस्पतेः। प्रिया। पाथाᳬंसि। यत्र। देवानाम्। आज्यपानामित्याज्यऽपानाम्। प्रिया। धामानि। यत्र। अग्नेः। होतुः। प्रिया। धामानि। तत्र। एतान्। प्रस्तुत्येवेति प्रऽस्तुत्यऽइव। उपस्तुत्येवेत्युपऽस्तुत्यऽइव। उपावस्रक्षदित्युपऽअवस्रक्षत्। रभीयसऽइवेति रभीयसःऽइव। कृत्वी। करत्। एवम्। देवः। वनस्पतिः। जुषताम्। हविः। होतः। यज ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) (वनस्पतिम्) वटादिकम् (अभि) (हि) किल (पिष्टतमया) (रभिष्ठया) (रशनया) रश्मिना (अधित) दध्यात् (यत्र) (अश्विनोः) सूर्य्याचन्द्रमसोः (छागस्य) छेदकस्य (हविषः) दातुमर्हस्य (प्रिया) कमनीयानि (धामानि) जन्मस्थाननामानि (यत्र) (सरस्वत्याः) नद्याः। सरस्वतीति नदीना० ॥ निघं० १। १३ ॥ (मेषस्य) अवेः (हविषः) आदातुमर्हस्य (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (इन्द्रस्य) ऐश्वर्य्ययुक्तस्य (ऋषभस्य) प्राप्तुं योग्यस्य (हविषः) दातुं योग्यस्य (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (अग्नेः) पावकस्य (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (सोमस्य) ओषधिगणस्य (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (इन्द्रस्य) ऐश्वर्य्ययुक्तस्य (सुत्राम्णः) सुष्ठु रक्षकस्य (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (सवितुः) प्रेरकस्य (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (वरुणस्य) श्रेष्ठस्य (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (वनस्पतेः) वटादेः (प्रिया) (पाथांसि) अन्नानि (यत्र) (देवानाम्) पृथिव्यादीनां दिव्यानाम् (आज्यपानाम्) गत्या पालकानाम् (प्रिया) (धामानि) (यत्र) (अग्नेः) विद्यया प्रकाशमानस्य (होतुः) दातुः (प्रिया) (धामानि) (तत्र) (एतान्) (प्रस्तुत्येव) प्रकरणेन संश्लाघ्येव (उपस्तुत्येव) समीपेन स्तुत्येव (उपावस्रक्षत्) उपावसृजेत् (रभीयस इव) अतिशयेनारब्धव्येत्र (कृत्वी) कृत्वा (करत्) कुर्यात् (एवम्) (देवः) दिव्यगुणः (वनस्पतिः) रश्मिपालकोऽग्निः (जुषताम्) सेवताम् (हविः) संस्कृतमन्नादिकम् (होतः) (यज) ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(वसवः) प्रथमकल्पा विद्वांसः (त्वा) त्वाम् (अञ्जन्तु) कामयन्ताम् (गायत्रेण) गायत्रीछन्दोवाच्येन (छन्दसा) अर्थेन (रुद्राः) मध्यमकल्पा विद्वांसः (त्वा) त्वाम् (अञ्जन्तु) (त्रैष्टुभेन) त्रिष्टुप्प्रकाशितेनाऽर्थेन (छन्दसा) (आदित्याः) उत्तमा विद्वांसः (त्वा) (अञ्जन्तु) (जागतेन) जगतीछन्दःप्रकाशितेनाऽर्थेन (छन्दसा) स्वच्छन्देन (भूः) इमं लोकम् (भुवः) अन्तरिक्षस्थान् (स्वः) प्रकाशस्थांल्लोकान् (लाजीन्) स्वस्वकक्षायां चलितान् (शाचीन्) व्यक्तान् (यव्ये) यवानां भवने क्षेत्रे जातम् (गव्ये) गोविकारे (एतत्) (अन्नम्) (अत्त) भक्षयत (देवाः) विद्वांसः (एतत्) (अन्नम्) (अद्धि) भुङ्क्ष्व (प्रजापते) प्रजारक्षक॥ ८॥

अन्वयः—हे प्रजापते ! वसवो गायत्रेण छन्दसा यं त्वाऽञ्जन्तु रुद्रास्त्रैष्टुभेन छन्दसा यं त्वाऽञ्जन्त्वादित्या जागतेन छन्दसा य त्वाऽञ्जन्तु स त्वमेतदन्नमद्धि। हे देवाः! यूयं यव्ये गव्य एतदन्नमत्त लाजीन् शाचीन् भुर्भुवः स्वर्लोकान् प्राप्नुत च॥ ८॥

भावार्थः—ये विद्वांसः साङ्गोपाङ्गान् वेदान् मनुष्यानध्यापयन्ति ते धन्यवादार्हा भवन्ति॥ ८॥

पदार्थः—हे (प्रजापते) प्रजाजनों को पालने हारे राजन् ! (वसवः) प्रथम कक्षा के विद्वान् (गायत्रेण) गायत्री छन्द से कहने योग्य (छन्दसा) स्वच्छन्द अर्थ से जिन (त्वा) आप को (अञ्जन्तु) चाहें (रुद्राः) मध्यम कक्षा के विद्वान् जन (त्रैष्टुभेन) त्रिष्टुप् छन्द से

प्रकाश किये हुए (छन्दसा) स्वच्छन्द अर्थ से जिन (त्वा) आप को (अञ्जन्तु) चाहें वा (आदित्याः) उत्तम कक्षा के विद्वान् जन (जागतेन) जगती छन्द से प्रकाशित किये हुए (छन्दसा) स्वच्छन्द अर्थ से जिन (त्वा) आप को (अञ्जन्तु) चाहें सो आप (एतत्) इस (अन्नम्) अन्न को (अद्धि) खाइये । हे (देवाः) विद्वानो ! तुम (यव्ये) यवों के खेत में उत्पन्न (गव्ये) गौ के दूध दही आदि उत्तम पदार्थ में मिले हुए (एतम्) इस (अन्नम्) अन्न को (अत्त) खाओ तथा (लाजीन्) अपनी अपनी कक्षा में चलते हुए (शाचीन्) प्रगट (भूः) इस प्रत्यक्ष लोक (भुवः) अन्तरिक्षस्थ लोक और (स्वः) प्रकाश में स्थिर सूर्य्यादि लोकों को प्राप्त होओ ॥ ८ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् जन अंगों और उपांगों से युक्त चारों वेदों को मनुष्यों को पढ़ाते हैं वे धन्यवाद के योग्य होते हैं ॥ ८ ॥

कः स्विदित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । जिज्ञासुर्देवता । निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ विद्वांसः किं किं प्रष्टव्या इत्याह ॥

अब विद्वान् जनों को क्या क्या पूछना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

कः स्विदेकाकी चरति कऽउ स्विज्जायते पुनः ।
किꣳ स्विद्धिमस्य भेषजं किम्वावपनं महत् ॥ ९ ॥

कः । स्वित् । एकाकी । चरति । कः । ऊँऽइत्यूँ । स्वित् । जायते । पुनरिति पुनः । किम् । स्वित् । हिमस्य । भेषजम् । किम् । ऊँऽइत्यूँ । आवपनमित्याऽवपनम् । महत् ॥ ९ ॥

पदार्थः—(कः) (स्वित्) प्रश्ने (एकाकी) असहायः (चरति) गच्छति (कः) (उ) वितर्के (स्वित्) (जायते) (पुनः) (किम्) (स्वित्) (हिमस्य) शीतस्य (भेषजम्) औषधम् (किम्) (उ) (आवपनम्) समन्ताद्वपति यस्मिंस्तत् (महत्) विस्तीर्णम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो वयं युष्मान् कः स्विदेकाकी चरति क उ स्वित् पुनः पुनर्जायते किं स्विद्धिमस्य भेषजं किमु महदावपनमस्तीति पृच्छामः ॥ ९ ॥

भावार्थः—एतेषां प्रश्नानामुत्तरस्मिन्मन्त्र उत्तराणि कथितानीति वेद्यम् । मनुष्या ईदृशानेव प्रश्नान् कुर्युः ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे विद्वानो ! हम लोग तुम को यह पूछते हैं कि (कः स्वित्) कौन (एकाकी) एकाएकी अकेला (चरति) विचरता है (उ) और (कः, स्वित्) कौन (पुनः) बार बार (जायते) प्रगट होता है (किम्, स्वित्) क्या (हिमस्य) शीत का (भेषजम्) औषध और (किम्) क्या (उ) तो (महत्) बड़ा (आवपनम्) बीज बोने का स्थान है ॥ ९ ॥

भावार्थः—इन उक्त प्रश्नों के उत्तर अगले मन्त्र में कहे हुए हैं यह जानना चाहिये। मनुष्यों को योग्य है कि सदा इसी प्रकार के प्रश्न किया करें॥ ९॥

सूर्य्य इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। सूर्यो देवता। अनुष्टुप् छन्दः॥
गान्धारः स्वरः॥

अथ पूर्वोक्तप्रश्नानामुत्तराण्याह।

अब पिछले मन्त्र में कहे प्रश्नों के उत्तर को कहते हैं॥

सूर्य्यऽएकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः।
अग्निर्हिमस्य भेषजं भूमिरावपनं महत्॥ १०॥

सूर्य्यः। एकाकी। चरति। चन्द्रमाः। जायते। पुनरिति पुनः। अग्निः। हिमस्य। भेषजम्। भूमिः। आवपनमित्याऽवपनम्। महत्॥ १०॥

पदार्थः—(सूर्य्यः) सविता (एकाकी) (चरति) (चन्द्रमाः) चन्द्रलोकः (जायते) (पुनः) (अग्निः) पावकः (हिमस्य) (भेषजम्) (भूमिः) (आवपनम्) (महत्)॥ १०॥

अन्वयः—हे जिज्ञासवो मनुष्याः! सूर्य्य एकाकी चरति पुनश्चन्द्रमाः प्रकाशितो जायते। अग्निर्हिमस्य भेषजं भूमिर्महदावपनमस्तीति यूयं वित्त॥ १०॥

भावार्थः—अस्मिन् संसारे सूर्य्यः स्वाकर्षणेन स्वस्यैव कक्षायां वर्त्तते तस्यैव प्रकाशेन चन्द्रादयो लोकाः प्रकाशिता भवन्ति। अग्निना तुल्यं शीतनिवारकं वस्तु पृथिव्या तुल्यं महत् क्षेत्रं किमपि नास्तीति मनुष्यैर्वेदितव्यम्॥ १०॥

पदार्थः—हे जानने की इच्छा करने वाले मनुष्यो! (सूर्य्यः) सूर्य (एकाकी) विना सहाय अपनी कक्षा में (चरति) चलता है (पुनः) फिर इसी सूर्य के प्रकाश से (चन्द्रमाः) चन्द्रलोक (जायते) प्रकाशित होता है (अग्निः) आग (हिमस्य) शीत का (भेषजम्) औषध (भूमिः) पृथिवी (महत्) बड़ा (आवपनम्) बोने का स्थान है इस को तुम लोग जानो॥ १०॥

भावार्थः—इस संसार में सूर्यलोक अपनी आकर्षण शक्ति से अपनी ही कक्षा में वर्त्तमान है और उसी के प्रकाश से चन्द्र आदि लोक प्रकाशित होते हैं। अग्नि के समान शीत के हटाने को कोई वस्तु और पृथिवी के तुल्य बड़ा पदार्थों के बोने का स्थान नहीं है यह मनुष्यों को जानना चाहिये॥ १०॥

कास्विदित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। जिज्ञासुर्देवता। अनुष्टुप् छन्दः।
गान्धारः स्वरः॥

पुनः प्रश्नानाह ॥

फिर प्रश्नों को अगले मन्त्र में कहते हैं ॥

का स्विदासीत्पूर्वचित्तिः किंस्विदासीद् बृहद्वयः ।
का स्विदासीत्पिलिप्पिला का स्विदासीत्पिशङ्गिला ॥ ११ ॥

का । स्वित् । आसीत् । पूर्वचित्तिरिति पूर्वऽचित्तिः । किम् । स्वित् । आसीत् । बृहत् । वयः । का । स्वित् । आसीत् । पिलिप्पिला । का । स्वित् । आसीत् । पिशङ्गिला ॥ ११ ॥

पदार्थः—(का) (स्वित्) (आसीत्) (पूर्वचित्तिः) पूर्वा चासौ चित्तिः प्रथमा स्मृतिविषया (किम्) (स्वित्) (आसीत्) (बृहत्) महत् (वयः) यो वेति गच्छति स पक्षी (का) (स्वित्) (आसीत) (पिलिप्पिला) आर्द्रीभूता चिक्कणा शोभना । *श्रीर्वै पिलिप्पिला ॥ श० १३ । २ । ६ । १६ ॥* (का) (स्वित्) (आसीत्) (पिशङ्गिला) या पिशं प्रकाशरूपं गिलति सा । पिशमिति रूपनाम ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसः ! वयं युष्मान् प्रति का स्वित्पूर्वचित्तिरासीत्किंस्विद्बृहद्वय आसीत्का स्वित्पिलिप्पिलाऽऽसीत्का स्वित्पिशङ्गिलाऽऽसीदिति पृच्छामः ॥ ११ ॥

भावार्थः—एतेषामुत्तराण्युत्तरत्र मन्त्रे सन्ति । यदि विदुषः प्रति प्रश्नान्न कुर्युस्तर्हि विद्वांसोऽपि न भवेयुः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे विद्वानो ! हम लोग तुम्हारे प्रति पूछते हैं कि (का, स्वित) कौन (पूर्वचित्तिः) स्मरण का प्रथम पहिला विषय (आसीत) हुआ है (किम् स्वित) कौन (बृहत्) बड़ा (वयः) उड़ने हारा पक्षी (आसीत्) है (का, स्वित) कौन (पिलिप्पिला) पिलपिली चिकनी वस्तु (आसीत) तथा (का, स्वित) कौन (पिशङ्गिला) प्रकाशरूप को निगल जाने वाली वस्तु (आसीत) है ॥ ११ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र के उत्तर अगले मन्त्र में हैं । जो विद्वानों के प्रति न पूछें तो आप विद्वान् भी न हों ॥ ११ ॥

द्यौरासीदित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । विद्युदादयो देवताः । निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ प्राक्प्रश्नोत्तराण्याह ॥

अब पिछले प्रश्नों के उत्तरों को कहते हैं ॥

द्यौरासीत्पूर्वचित्तिरश्वऽआसीद् बृहद्वयः ।
अविरासीत्पिलिप्पिला रात्रिरासीत्पिशङ्गिला ॥ १२ ॥

द्यौः । आसीत् । पूर्वचित्तिरिति पूर्वऽचित्तिः । अश्वः । आसीत् । बृहत् । वयः । अविः । आसीत् । पिलिप्पिला । रात्रिः । आसीत् । पिशङ्गिला ॥ १२ ॥

पदार्थः—(द्यौः) दिव्यगुणप्रदा वृष्टिः । द्यौर्वै वृष्टिः ॥ शत० कां० १३ । २ । ६ । १६ ॥ (आसीत्) अस्ति (पूर्वचित्तिः) प्रथमस्मृतिविषया (अश्वः) योऽश्नुते मार्गान् सोऽग्निः (आसीत्) (बृहत्) महत् (वयः) यो वेति गच्छति सः (अविः) रक्षणादिकर्त्री पृथिवी (आसीत्) (पिलिप्पिला) (रात्रिः) (आसीत्) (पिशङ्गिला) ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे जिज्ञासवः ! पूर्वचित्तिर्द्यौरासीद् बृहद्वयोऽश्व आसीत् पिलिप्पिलाऽविरासीत्पिशङ्गिला रात्रिरासीदिति यूयं बुध्यध्वम् ॥ १२ ॥

भावार्थः—हवनसूर्यरूपाग्नितापेन सर्वगुणसंपन्नाऽन्नादिना संसारस्थितिनिमित्ता वृष्टिर्जायते ततः सर्वरत्नाढ्या भूर्भवति । सूर्याग्निनिमित्तेनैव प्राणिनां शयनाय रात्रिर्जायते ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे जानने को इच्छा करने वालो ! (पूर्वचित्तिः) प्रथम स्मृति का विषय (द्यौः) दिव्यगुण देने हारी वर्षा (आसीत) है (बृहत) बड़े (वयः) उड़ने हारे (अश्वः) मार्गों को व्याप्त होने वाले पक्षी के तुल्य अग्नि (आसीत्) है (पिलिप्पिला) वर्षा से पिलपिली चिकनी शोभायमान (अविः) अन्नादि से रक्षा आदि उत्तम गुण प्रगट करने वाली पृथिवी (आसीत्) है और (पिशङ्गिला) प्रकाशरूप को निगलने अर्थात् अन्धकार करने हारी (रात्रिः) रात (आसीत्) है यह तुम जानो ॥ १२ ॥

भावार्थः—हवन और सूर्य रूपादि अग्नि के ताप से सब गुणों से युक्त अन्नादि से संसार की स्थिति करने वाली वर्षा होती है । उस वर्षा से सब ओषधि आदि उत्तम पदार्थ युक्त पृथिवी होती और सूर्य्य रूप अग्नि से ही प्राणियों के विश्राम के लिये रात्रि होती है ॥ १२ ॥

वायुरित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । ब्रह्मादयो देवताः । भुरिगतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

अथ विद्वद्भिर्मनुष्याः क्व योजनीया इत्याह ॥

अब विद्वानों को मनुष्य कहां युक्त करने चाहियें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

वायुष्ट्वा पचतैरवत्वसितग्रीवश्छागैर्न्यग्रोधश्चमसैः शल्मलिर्वृद्ध्या । एष स्य राथ्यो वृषा पड्भिश्चतुर्भिरेदगन्ब्रह्माकृष्णश्च नोऽवतु नमोऽग्नये ॥१३॥

वायुः । त्वा । पचतैः । अवतु । असितग्रीव इत्यसितऽग्रीवः । छागैः । न्यग्रोधः । चमसैः । शल्मलिः । वृद्ध्या । एषः । स्यः । राथ्यः । वृषा । पड्भिरिति

पड्ऽभिः । चतुर्भिरिति चतुःभिः । इत् । अगन् । ब्रह्मा । अकृष्णः । च । नः । अवतु । नमः । अग्नये ॥ १३ ॥

पदार्थः—(वायुः) आदिमः स्थूलः कार्य्यरूपः (त्वा) त्वाम् (पचतैः) परिपाकपरिणामैः (अवतु) रक्षतु (असितग्रीवः) असिता कृष्णा ग्रीवा शिखा यस्य सः (छागैः) छेदनैः (न्यग्रोधः) वटः (चमसैः) मेघैः (शल्मलिः) वृक्षविशेषः (वृद्धया) वर्द्धनेन (एषः) (स्यः) सः (राथ्यः) रथेषु हिता रथ्यास्तासु कुशलः (वृषा) वर्षकः (पड्भिः) पादैः । अत्र वर्णव्यत्ययेन दस्य डः (चतुर्भिः) (आ) (इत्) एव (आगन्) गच्छति (ब्रह्मा) चतुर्वेदवित् (अकृष्णः) अविद्यान्धकाररहितः (च) (नः) अस्मान् (अवतु) प्रवेशयतु (नमः) अन्नम् (अग्नये) प्रकाशमानाय विदुषे ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे विद्यार्थिन् ! पचतैर्वायुश्छागैरसितग्रीवश्चमसैर्न्यग्रोधो वृद्ध्या शल्मलिस्त्वावतु य एष राथ्यो वृषा स्य चतुर्भिः पड्भिरित्त्वाऽगन् योऽकृष्णो ब्रह्मा च नोऽस्मानवतु तस्मा अग्नये विद्यया प्रकाशमानाय नमो देयम् ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः ! वायुः प्राणेनाग्निः पाचनेन सूर्यो वृष्ट्या वृक्षाः फलादिभिरश्वादयो गत्या विद्वांसः शिक्षया युष्मान् रक्षन्ति तान् यूयं विजानीत विदुषस्सत्कुरुत च ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे विद्यार्थी जन ! (पचतैः) अच्छे प्रकार पाकों से (वायुः) स्थूल कार्यरूप पवन (छागैः) काटने की क्रियाओं से (असितग्रीवः) काली चोटियों वाला अग्नि और (चमसैः) मेघों से (न्यग्रोधः) वट वृक्ष (वृद्धया) उन्नति के साथ (शल्मलिः) सेंबरवृक्ष (त्वा) तुझ को (अवतु) पाले जो (एषः) यह (राथ्यः) सड़कों में चलने में कुशल और (वृषा) सुखों की वर्षा करने हारा है (स्यः) वह (चतुर्भिः, पड्भिः, इत्) जिन से गमन करता है उन चारों पगों से तुझ को (आऽगन्) प्राप्त हो (च) तथा जो (अकृष्णः) अविद्यारूप अन्धकार से पृथक् (ब्रह्मा) चार वेदों को जानने हारा उत्तम विद्वान् (नः) हम लोगों को सब गुणों में (अवतु) पहुंचावे उस (अग्नये) विद्या से प्रकाशमान चारों वेदों को पढ़े हुए विद्वान् के लिये (नमः) अन्न देना चाहिये ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! पवन श्वास आदि के चलाने, आग अन्न आदि के पकाने, सूर्यमण्डल वर्षा, वृक्ष फल आदि, घोड़े आदि गमन और विद्वान् शिक्षा से तुम्हारी रक्षा करते हैं उनको तुम जानो और विद्वानों का सत्कार करो ॥ १३ ॥

संशितो रश्मिनेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । ब्रह्मा देवता । निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्विद्वांसः किं कुर्युरित्याह ॥

फिर विद्वान् लोग क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

सꣳशितो रश्मिना रथः सꣳशितो रश्मिना हयः ।
सꣳशितो अप्स्वप्सुजा ब्रह्मा सोमपुरोगवः ॥ १४ ॥

सꣳशित इति सम्ऽशितः । रश्मिना । रथः । सꣳशित इति सम्ऽशितः । रश्मिना । हयः । सꣳशित इति सम्ऽशितः । अप्स्वित्यप्ऽसु । अप्सुजा इत्यप्सुऽजा ब्रह्मा । सोमऽपुरोगवः ॥ १४ ॥

पदार्थः—(संशितः) सम्यक् सूक्ष्मीकृतः (रश्मिना) किरणसमूहेन (रथः) रमणसाधनः (संशितः) (रश्मिना) (हयः) अश्वः (संशितः) स्तुतः (अप्सु) प्राणेषु (अप्सुजाः) प्राणेषु जायमानः (ब्रह्मा) महान्योगी विद्वान् (सोमपुरोगवः) सोम ओषधिगणबोध ऐश्वर्ययोगो वा पुरोगामी यस्य सः ॥ १४ ॥

अन्वयः—यदि मनुष्यै रश्मिना रथः संशितो रश्मिना हयः संशितोऽप्स्वप्सुजाः सोमपुरोगवो ब्रह्मा संशितः क्रियेत तर्हि किं किं सुखं न लभ्येत ॥ १४ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः पदार्थविज्ञानेन विद्वांसो भवन्ति तेऽन्यान् कारयित्वा प्रशंसां प्राप्नुवन्तु ॥ १४ ॥

पदार्थः—जो मनुष्यों से (रश्मिना) किरणसमूह से (रथः) आनन्द को सिद्ध करने वाला यान (संशितः) अच्छे प्रकार सूक्ष्म कारीगरी से बनाया (रश्मिना) लगाम की रस्सी आदि से (हयः) घोड़ा (संशितः) भलीभांति चलने में तीक्ष्ण अर्थात् उत्तम क्रिया तथा (अप्सु) प्राणों में (अप्सुजाः) जो प्राणवायु रूप से संचार करने वाला पवन वा वाष्प (सोमपुरोगवः) ओषधियों का बोध और ऐश्वर्य्य का योग जिस से पहिले प्राप्त होने वाला है वह (ब्रह्मा) बड़ा योगी विद्वान् (संशितः) अतिप्रशंसित किया जाय तो क्या क्या सुख न मिलें ॥ १४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य पदार्थों के विशेष ज्ञान से विद्वान् होते हैं वे औरों को विद्वान् करके प्रशंसा को पावें ॥ १४ ॥

स्वमित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । विद्वान् देवता । विराडनुष्टुप्छन्दः ।
गान्धारः स्वरः ॥

अथ जिज्ञासवः कीदृशा भवेयुरित्याह ॥

अब पढ़ने वा उत्तम विद्या-बोध चाहने वाले कैसे हों इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

स्वयं वाजिँस्तन्वं कल्पयस्व स्वयं यजस्व स्वयं जुषस्व ।
महिमा तेऽन्येन न सन्नशे ॥ १५ ॥

स्वयम् । वाजिन् । तन्वम् । कल्पयस्व । स्वयम् । यजस्व । स्वयम् । जुषस्व । महिमा । ते । अन्येन । न । सन्नश इति सम्ऽनशे ॥ १५ ॥

पदार्थः—(स्वयम्) (वाजिन्) जिज्ञासो (तन्वम्) शरीरम् (कल्पयस्व) समर्थयस्व (स्वयम्) (यजस्व) संगच्छस्व (स्वयम्) (जुषस्व) सेवस्व (महिमा) प्रतापः (ते) तव (अन्येन) (न) (सन्नशे) सम्यक् नश्येत् ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे वाजिंस्त्वं स्वयं तन्वं कल्पयस्व स्वयं विदुषो यजस्व स्वयं जुषस्व च यतस्ते महिमाऽन्येन सह न संनशे ॥ १५ ॥

भावार्थः—यथाग्निः स्वयं प्रकाशः स्वयं सङ्गतः स्वयं सेवमानोऽस्ति तथा ये जिज्ञासवः स्वयं पुरुषार्थयुक्ता भवन्ति तेषां महिमा कदाचिन्न नश्यति ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे (वाजिन्) बोध चाहने वाले जन तू (स्वयम्) आप (तन्वम्) अपने शरीर को (कल्पयस्व) समर्थ कर (स्वयम्) आप अच्छे विद्वानों को (यजस्व) मिल और (स्वयम्) आप उनकी (जुषस्व) सेवा कर जिससे (ते) तेरी (महिमा) बड़ाई तेरा प्रताप (अन्येन) और के साथ (न) मत (संनशे) नष्ट हो ॥ १५ ॥

भावार्थः—जैसे अग्नि आप से आप प्रकाशित होता आप मिलता तथा आप सेवा को प्राप्त है जो बोध चाहने वाले जन आप पुरुषार्थयुक्त होते हैं उनका प्रताप, बड़ाई कभी नहीं नष्ट होती ॥ १५ ॥

न वा इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सविता देवता । विराड्जगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

अथ मनुष्याः कीदृशा भवेयुरित्याह ॥

अब मनुष्य कैसे हों इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

न वाऽउऽएतन्म्रियसे न रिष्यसि देवाँ२ऽइदेषि पथिभिः सुगेभिः ।
यत्रासते सुकृतो यत्र ते ययुस्तत्र त्वा देवः सविता दधातु ॥ १६ ॥

न । वै । ऊँऽइत्यूँ । एतत् । म्रियसे । न । रिष्यसि । देवान् । इत् । एषि । पथिभिरिति पथिऽभिः । सुगेभिरिति सुऽगेभिः । यत्र । आसते । सुकृत इति सुऽकृतः । यत्र । ते । ययुः । तत्र । त्वा । देवः । सविता । दधातु ॥ १६ ॥

पदार्थः—(न) निषेधे (वै) निश्चयेन (उ) वितर्के (एतत्) (म्रियसे) (न) (रिष्यसि) हिन्धि (देवान्) दिव्यान् गुणान् विदुषो वा (इत्) एव (एषि)

प्राप्नोषि (पथिभिः) मार्गैः (सुगेभिः) सुखेन गन्तुं योग्यैः (यत्र) (आसते) उपविशन्ति (सुकृतः) धर्मात्मानः (यत्र) (ते) योगिनो विद्वांसः (ययुः) यान्ति (तत्र) (त्वा) त्वाम् (देवः) स्वप्रकाशः (सविता) सकलजगदुत्पादकः परमेश्वरः (दधातु) धरतु ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे विद्यार्थिन् यत्र ते सुकृत आसते सुखं ययुर्यत्र सुगेभिः पथिभिस्त्वं देवानेषि यत्रैतदु वर्त्तते स्थितस्त्वं न म्रियसे न वै रिष्यसि तत्रेत् त्वा सविता देवो दधातु ॥ १६ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्याः स्वस्वरूपं जानीयुस्तर्हि तेऽविनाशित्वं विद्युः। यदि धर्म्येण मार्गेण गच्छेयुस्तर्हि सुकृतामानन्दं प्राप्नुयुः। यदि परमात्मानं सेवेरँस्तर्हि सत्ये मार्गे जीवान् दध्युः ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे विद्यार्थी ! (यत्र) जहां (ते) वे (सुकृतः) धर्मात्मा योगी विद्वान् (आसते) बैठते और सुख को (ययुः) प्राप्त होते हैं वा (यत्र) जहां (सुगेभिः) सुख से जाने योग्य (पथिभिः) मार्गों से तू (देवान्) दिव्य अच्छे अच्छे गुण वा विद्वानों को (एषि) प्राप्त होता है और जहां (एतत्) यह पूर्वोक्त सब वृत्तान्त (उ) तो वर्त्तमान है और स्थिर हुआ तू (न) नहीं (म्रियसे) नष्ट हो (न, वै) नहीं (रिष्यसि) दूसरे का नाश करे (तत्र) वहां (इत्) ही (त्वा) तुझे (सविता) समस्त जगत् का उत्पन्न करनेवाला परमेश्वर (देवः) जोकि आप प्रकाशमान है वह (दधातु) स्थापन करे ॥ १६ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य अपने अपने रूप को जानें तो अविनाशीभाव को जान सकें जो धर्म्मयुक्त मार्ग से चलें तो अच्छे कर्म करने हारों के आनन्द को पावें जो परमात्मा की सेवा करें तो जीवों को सत्यमार्ग में स्थापन करें ॥ १६ ॥

अग्निरित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। अग्न्यादयो देवताः। अतिशक्वर्य्यौ छन्दसी। पञ्चमौ स्वरौ ॥

अथ के पशव इत्याह ॥

अब पशु कौन हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

अग्निः पशुरासीत्तेनायजन्त सऽएतं लोकमजयद्यस्मिन्नग्निः स ते लोको भविष्यति तं जेष्यसि पिबैताऽअपः। वायुः पशुरासीत्तेनायजन्त सऽएतं लोकमजयद्यस्मिन्वायुः स ते लोको भविष्यति तं जेष्यसि पिबैताऽअपः। सूर्य्यः पशुरासीत्तेनायजन्त सऽएतं लोकमजयद्यस्मिन्त्सूर्य्यः स ते लोको भविष्यति तं जेष्यसि पिबैताऽअपः ॥ १७ ॥

अग्निः । पशुः । आसीत् । तेन॑ । अयजन्त । सः । एतम् । लोकम् । अजयत् । यस्मिन् । अग्निः । सः । ते । लोकः । भविष्यति । तम् । जेष्यसि । पिब॑ । एताः । अपः । वायुः । पशुः । आसीत् । तेन॑ । अयजन्त । सः । एतम् । लोकम् । अजयत् । यस्मिन् । वायुः । सः । ते । लोकः । भविष्यति । तम् । जेष्यसि । पिब॑ । एताः । अपः । सूर्यः । पशुः । आसीत् । तेन॑ । अयजन्त । सः । एतम् । लोकम् । अजयत् । यस्मिन् । सूर्य्यः । सः । ते । लोकः । भविष्यति । तम् । जेष्यसि । पिब॑ । एताः । अपः ॥ १७ ॥

पदार्थः—(अग्निः) वह्निः (पशुः) दृश्यः (आसीत्) अस्ति (तेन) (अयजन्त) यजन्तु (सः) (एतम्) (लोकम्) द्रष्टव्यम् (अजयत्) जयति (यस्मिन्) लोके (अग्निः) (सः), (ते) तव (लोकः) (भविष्यति) (तम्) (जेष्यसि) (पिब) (एताः) (अपः) जलानि (वायुः) (पशुः) द्रष्टव्यः (आसीत्) (तेन) (अयजन्त) (सः) (एतम्) वाय्वधिष्ठातृकम् (लोकम्) (अजयत्) जयति (यस्मिन्) (वायुः) (सः) (ते) (लोकः) (भविष्यति) (तम्) (जेष्यसि) उत्कर्षयसि (पिब) (एताः) (अपः) प्राणान् (सूर्यः) (पशुः) दृश्यः (आसीत्) (तेन) (अयजन्त) (सः) (एतम्) सूर्याधिष्ठितम् (लोकम्) (अजयत्) जयति (यस्मिन्) (सूर्यः) (सः) (ते) (लोकः) (भविष्यति) (तम्) (जेष्यसि) (पिब) (एताः) (अपः) व्याप्तान् प्रकाशान् ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे जिज्ञासो ! यस्मिन् सोऽग्निः पशुरासीत्तेनाऽयजन्त तेन त्वं यज यथा स विद्वांस्तेनैतं लोकमजयत्तथैतं जय तं चेज्जेष्यसि तर्हि सोऽग्निस्ते लोको भविष्यति; अतस्त्वमेता यज्ञेन शोधिता अपः पिब । यस्मिन् स वायुः पशुरासीत्तेन यजमाना अयजन्त तेन त्वं यज तथा स एतं लोकमजयत्तथा त्वं जय यदि तं जेष्यसि तर्हि स वायुस्ते लोको भविष्यति, अतस्त्वमेता अपः पिब । यस्मिन्स सूर्य्यः पशुरासीत्तेनायजन्त यथा स एतं लोकमजयत्तथा त्वं जय यदि त्वं तं जेष्यसि तर्हि स सूर्यस्ते लोको भविष्यति तस्मात्त्वमेता अपः पिब ॥ १७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः सर्वेषु यज्ञेष्वग्न्यादीनेव पशून् जानन्तु नैव प्राणिनोऽत्र हिंसनीया होतव्या वा सन्ति य एवं विदित्वा सुगन्ध्यादिद्रव्याणि सुसंस्कृत्याऽग्नौ जुह्वति तानि वायुं सूर्य्यं च प्राप्य वृष्टिद्वारा निवर्त्य ओषधीः प्राणान् शरीरं बुद्धिं च क्रमेण प्राप्य सर्वान्प्राणिन आह्लादयन्ति । एतत्कर्त्तारः पुण्यस्य महत्त्वेन परमात्मानं प्राप्य महीयन्ते ॥ १७ ॥

पदार्थः—हे विद्याबोध चाहने वाले पुरुष ! (यस्मिन्) जिस देखने योग्य लोक में (सः) वह (अग्निः) अग्नि (पशुः) देखने योग्य (आसीत्) है (तेन) उस से जिस प्रकार यज्ञ करने वाले (अयजन्त) यज्ञ करें उस प्रकार से तू यज्ञ कर जैसे (सः) वह विद्वान् (एतम्)

इस (लोकम्) देखने योग्य स्थान को (अजयत्) जीतता है वैसे इस को जीत यदि (तम्) उस को (जेष्यसि) जीतेगा तो वह (अग्निः) अग्नि (ते) तेरा (लोकः) देखने योग्य (भविष्यति) होगा इस से तू (एताः) इन यज्ञ से शुद्ध किये हुए (अपः) जलों को (पिब) पी (यस्मिन्) जिस में (सः) वह (वायुः) पवन (पशुः) देखने योग्य (आसीत्) है और जिस से यज्ञ करने वाले (अयजन्त) यज्ञ करें (तेन) उस से तू यज्ञ कर जैसे (सः) वह विद्वान् (एतम्) इस वायुमण्डल के रहने के (लोकम्) लोक को (अजयत्) जीते वैसे तू जीत जो (तम्) उस को (जेष्यसि) जीतेगा तो वह (वायुः) पवन (ते) तेरा (लोकः) देखने योग्य (भविष्यति) होगा इस से तू (एताः) इन (अपः) यज्ञ से शुद्ध किये हुए प्राण रूपी पवनों को (पिब) धारण कर (यस्मिन्) जिस में वह (सूर्य्यः) सूर्य्यमण्डल (पशुः) देखने योग्य (आसीत्) है (तेन) उस से (अयजन्त) यज्ञ करने वाले यज्ञ करें जैसे (सः) वह विद्वान् (एतम्) इस सूर्य्यमण्डल के ठहरने के (लोकम्) लोक को (अजयत्) जीतता है वैसे तू जीत जो तू (तम्) उस को (जेष्यसि) जीतेगा तो (सः) वह (सूर्यः) सूर्य्य-मण्डल (ते) तेरा (लोकः) देखने योग्य (भविष्यति) होगा इस से तू (एताः) यज्ञ से शुद्ध किये हुए (अपः) संसार में व्याप्त हो रहे सूर्यप्रकाशों को (पिब) ग्रहण कर ॥ १७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! सब यज्ञों में अग्नि आदि को ही पशु जानो किन्तु प्राणी इन यज्ञों में मारने योग्य नहीं न होमने योग्य हैं जो ऐसे जानकर सुगन्धि आदि अच्छे अच्छे पदार्थों को भली भांति बना आग में होम करने हारे होते हैं वे पवन और सूर्य को प्राप्त होकर वर्षा के द्वारा वहाँ से छूट कर ओषधि, प्राण, शरीर और बुद्धि को क्रम से प्राप्त होकर सब प्राणियों को आनन्द देते हैं। इस यज्ञकर्म के करने वाले पुण्य की बहुताई से परमात्मा को प्राप्त होकर सत्कारयुक्त होते हैं ॥१७॥

अथ प्राणायेत्यस्य मन्त्रस्य प्रजापतिर्ऋषिः । प्राणादयो देवताः । विराड्जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं किं विज्ञेयमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या क्या जानना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

प्राणाय स्वाहापानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा । अम्बेऽअम्बिकेऽम्बालिके न मा नयति कश्चन । ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम् ॥१८॥

प्राणाय । स्वाहा । अपानाय । स्वाहा । व्यानायेति विऽआनाय । स्वाहा । अम्बे । अम्बिके । अम्बालिके । न । मा । नयति । कः । चन । ससस्ति । अश्वकः । सुभद्रिकामिति सुऽभद्रिकाम् । कांपीलवासिनीमिति कांपीलऽवासिनीम् ॥ १८ ॥

पदार्थः—(प्राणाय) प्राणपोषणाय (स्वाहा) सत्या वाक् (अपानाय) (स्वाहा) (व्यानाय) (स्वाहा) (अम्बे) मातः (अम्बिके) पितामहि (अम्बालिके)

प्रपितामहि (न) निषेधे (मा) माम् (नयति) वशे स्थापयति (कः) (चन) कोऽपि (ससस्ति) स्वपिति (अश्वकः) अश्व इव गन्ता जनः (सुभद्रिकाम्) सुष्ठुकल्याण-कारिकाम् (कांपीलवासिनीम्) कं सुखं पीलति बध्नाति गृह्णातीति कंपीलः स्वार्थेऽण् तं वासयितुं शीलमस्यास्तां लक्ष्मीम् ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे अम्बेऽम्बिकेऽम्बालिके कश्चनाश्वको यां कांपीलवासिनीं सुभद्रिका-मादाय ससस्ति न मा नयति अतोऽहं प्राणाय स्वाहाऽपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा च करोमि ॥ १८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः ! यथा माता पितामही प्रपितामह्यऽपत्यानि सुशिक्षां नयति तथा युष्माभिरपि स्वसन्तानाः शिक्षणीयाः । धनस्य स्वभावोऽस्ति यत्रेदं संचीयते तान्निद्रालूनलसान् कर्महीनान् करोति । अतो धनं प्राप्यापि पुरुषार्थ एव कर्त्तव्यः ॥१८॥

पदार्थः—हे (अम्बे) माता (अम्बिके) दादी (अम्बालिके) वा परदादी (कश्चन) कोई (अश्वकः) घोड़े के समान शीघ्रगामी जन जिस (कांपीलवासिनीम्) सुखग्राही मनुष्य को बसाने वाली (सुभद्रिकाम्) उत्तम कल्याण करने हारी लक्ष्मी को ग्रहण कर (ससस्ति) सोता है वह (मा) मुझे (न) नहीं (नयति) अपने वश में लाती इस से मैं (प्राणाय) प्राण के पोषण के लिये (स्वाहा) सत्य वाणी (अपानाय) दुःख के हटाने के लिये (स्वाहा) सुशिक्षित वाणी और (व्यानाय) सब शरीर में व्याप्त होने वाले अपने आत्मा के लिये (स्वाहा) सत्य वाणी को युक्त करता हूं ॥ १८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे माता, दादी, परदादी अपने अपने सन्तानों को अच्छी सिखावट पहुंचाती है वैसे तुम लोगों को भी अपने सन्तान शिक्षित करने चाहियें । धन का स्वभाव है कि जहां यह इकट्ठा होता है उन जनों को निद्रालु, आलसी और कर्महीन कर देता है इस से धन पाकर भी मनुष्य को पुरुषार्थ ही करना चाहिये ॥ १८ ॥

गणानां त्वेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । गणपतिर्देवता । शक्वरी छन्दः ॥ धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः कीदृशः परमात्मोपासनीय इत्याह ॥

फिर मनुष्य को कैसे परमात्मा की उपासना करनी चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

गणानां त्वा गणपतिꣳ हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपतिꣳ हवामहे निधीनां त्वा निधिपतिꣳ हवामहे वसो मम । आहमजानि गर्भधमा त्वमजासि गर्भधम् ॥ १९ ॥

गणानाम् । त्वा । गणपतिमिति गणऽपतिम् । हवामहे । प्रियाणाम् । त्वा । प्रियपतिमिति प्रियऽपतिम् । हवामहे । निधीनामिति निऽधीनाम् । त्वा । निधिपति-

मिति॑ निधि॒ऽपति॑म् । ह॒वा॒म॒हे॒ । व॒सो॒ऽइति॑ वसो । मम॑ । आ । अ॒हम् । अ॒जा॒नि॒ । ग॒र्भ॒धमिति॑ ग॒र्भ॒ऽधम् । आ । त्वम् । अ॒जा॒सि॒ । ग॒र्भ॒धमिति॑ ग॒र्भ॒ऽधम् ॥ १९ ॥

पदार्थः—(गणानाम्) समूहानाम् (त्वा) त्वाम् (गणपतिम्) समूहपालकम् (हवामहे) स्वीकुर्महे (प्रियाणाम्) कमनीयानाम् (त्वा) (प्रियपतिम्) कमनीयं पालकम् (हवामहे) (निधीनाम्) विद्यादिपदार्थपोषकाणाम् (त्वा) (निधिपतिम्) निधीनां पालकम् (हवामहे) (वसो) वसन्ति भूतानि यस्मिन्त्स वसुस्तत्सम्बुद्धौ (मम) (आ) (अहम्) (अजानि) जानीयाम् (गर्भधम्) यो गर्भं दधाति तम् (आ) (त्वम्) (अजासि) प्राप्नुयाः (गर्भधम्) प्रकृतिम् ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे जगदीश्वर ! वयं गणानां गणपतिं त्वा हवामहे प्रियाणां प्रियपतिं त्वा हवामहे । निधीनां निधिपतिं त्वा हवामहे । हे वसो ! मम न्यायाधीशो भूयाः । यं गर्भधं त्वमाजासि तं गर्भधमहमाजानि ॥ १६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः ! यः सर्वस्य जगतो रक्षक इष्टानां विधातैश्वर्य्याणां प्रदाता प्रकृतेः पतिः सर्वेषां बीजानि विदधाति तमेव जगदीश्वरं सर्वं उपासीरन् ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे जगदीश्वर ! हम लोग (गणानाम्) गणों के बीच (गणपतिम्) गणों के पालने हारे (त्वा) आप को (हवामहे) स्वीकार करते (प्रियाणाम्) अतिप्रिय सुन्दरों के बीच (प्रियपतिम्) अतिप्रिय सुन्दरों के पालने हारे (त्वा) आप की (हवामहे) प्रशंसा करते (निधीनाम्) विद्या आदि पदार्थों की पुष्टि करने हारों के बीच (निधिपतिम्) विद्या आदि पदार्थों की रक्षा करने हारे (त्वा) आप को (हवामहे) स्वीकार करते हैं । (वसो) परमात्मन् ! जिस आप में सब प्राणी वसते हैं सो आप (मम) मेरे न्यायाधीश हूजिये जिस (गर्भधम्) गर्भ के समान संसार को धारण करने हारी प्रकृति को धारण करने हारे (त्वम्) आप (आ, अजासि) जन्मादि दोषरहित भलीभांति प्राप्त होते हैं उस (गर्भधम्) प्रकृति के धर्त्ता आप को (अहम्) मैं (आ, अजानि) अच्छे प्रकार जानूं ॥ १६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जो सब जगत् की रक्षा, चाहे हुए सुखों का विधान, ऐश्वर्य्यों का भली भांति दान, प्रकृति का पालन और सब बीजों का विधान करता है उसी जगदीश्वर की उपासना सब करो ॥ १६ ॥

ता उभावित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । राजप्रजे देवते । स्वराडनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ राजप्रजाजनाः परस्परं कथं वर्त्तेरन्नित्याह ॥

अब राजा और प्रजाजन परस्पर कैसे वर्त्तें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

ताऽउ॒भौ च॒तुरः॑ प॒दः स॒म्प्रसा॑रयाव स्व॒र्गे लो॒के प्रोर्णु॑वाथां॒ वृषा॑ वा॒जी रे॑तो॒धा रेतो॑ दधातु ॥ २० ॥

तौ । उभौ । चतुरः । पदः । सम्प्रसारयावेति सम्ऽप्रसारयाव । स्वर्ग इति स्वःऽगे । लोके । प्र । ऊर्णुवाथाम् । वृषा । वाजी । रेतोधा इति रेतःऽधाः । रेतः । दधातु ॥ २० ॥

पदार्थः—(तौ) प्रजाराजानौ (उभौ) (चतुरः) धर्मार्थकाममोक्षान् (पदः) प्राप्तव्यान् (संप्रसारयाव) विस्तारयावः (स्वर्गे) सुखमये (लोके) द्रष्टव्ये (प्र) (ऊर्णुवाथाम्) प्राप्नुयाथाम् (वृषा) दुष्टानां शक्तिबन्धकः (वाजी) विज्ञानवान् (रेतोधाः) यो रेतः श्लेषमालिङ्गनं दधाति सः (रेतः) वीर्यं पराक्रमम् (दधातु) ॥ २० ॥

अन्वयः—हे राजप्रजे ! युवां उभौ तौ यथा स्वर्गे लोके चतुरः पदः प्रोर्णुवाथां तथैतानावामध्यापकोपदेशकौ संप्रसारयाव यथा रेतोधा वृषा वाजी राजा प्रजासु रेतो वीर्यं दध्यात्तथा प्रजापि दधाति ॥ २० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यदि राजप्रजे पितापुत्रवद्वर्त्तेयातां तर्हि धर्मार्थकाममोक्षफलसिद्धिं यथावत्प्राप्नुयातां यथा राजा प्रजासुखबले वर्द्धयेत्तथा प्रजा अपि राज्ञः सुखबले उन्नयेत् ॥ २० ॥

पदार्थः—हे राजाप्रजाजनो ! तुम (उभा) दोनों (तौ) प्रजा राजाजन जैसे (स्वर्गे) सुख से भरे हुए (लोके) देखने योग्य व्यवहार वा पदार्थ में (चतुरः) चारों धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष (पदः) जो कि पाने योग्य हैं उन को (प्रोर्णुवाथाम्) प्राप्त होओ वैसे इन का हम अध्यापक और उपदेशक दोनों (संप्रसारयाव) विस्तार करें जैसे (रेतोधाः) आलिङ्गन अर्थात् दूसरे से मिलने को धारण करने और (वृषा) दुष्टों के सामर्थ्य बर्षाने अर्थात् उन की शक्ति को रोकने हारा (वाजी) विशेष ज्ञानवान् राजा प्रजाजनों में (रेतः) अपने पराक्रम को स्थापन करे वैसे प्रजाजन (दधातु) स्थापन करें ॥ २० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो राजा प्रजा पिता और पुत्र के समान अपना वर्त्ताव वर्त्ते तो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष फल की सिद्धि को यथावत् प्राप्त हों जैसे राजा प्रजा के सुख और बल को बढ़ावे वैसे प्रजा भी राजा के सुख और बल की उन्नति करे ॥ २० ॥

उत्सक्थ्या इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । न्यायाधीशो देवता । भुरिग्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुना राज्ञा दुष्टाचाराः सम्यग्दण्डनीया इत्याह ॥

फिर राजा को दुष्टाचारी प्राणी भलीभांति दण्ड देने योग्य हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

उत्स॑क्थ्या॒ऽअव॑ गु॒दं धे॑हि॒ सम॒ञ्जिं चा॑रया वृषन् ।
य स्त्री॒णां जी॑व॒भोज॑नः ॥ २१ ॥

उत्स॑क्थ्या॒ इत्युत्ऽस॑क्थ्याः । अव॑ । गु॒दम् । धे॒हि॒ । सम् । अ॒ञ्जिम् । चा॒र॒य॒ । वृ॒ष॒न् । यः । स्त्री॒णाम् । जी॒व॒भोज॑न॒ इति॑ जी॒व॒ऽभोज॑नः ॥ २१ ॥

पदार्थः—(उत्सक्थ्या) ऊर्ध्वं सक्थिनी यस्यास्तस्याः प्रजायाः (अव) (गुदम्) क्रीडाम् (धेहि) (सम्) (अञ्जिम्) प्रसिद्धन्यायम् (चारय) प्रापय । अत्र संहितायामिति दीर्घः (वृषन्) शक्तिमन् (यः) (स्त्रीणाम्) (जीवभोजनः) जीवा भोजनं भक्षणं यस्य सः ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे वृषन् ! यः स्त्रीणां जीवभोजनो व्यभिचारी व्यभिचारिणी वा स्त्री वर्त्तेत, तं तां च निगृह्योत्सक्थ्यास्ताडय स्वप्रजायां च गुदमव धेह्यञ्जिं संचारय ॥ २१ ॥

भावार्थः—हे राजन् ! ये विषयसेवायां क्रीडन्तो जनाः क्रीडन्त्यः स्त्रियो वा व्यभिचारं वर्द्धयेयुस्ते तांश्च तीव्रेण दण्डेन शासनीयाः ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे (वृषन्) शक्तिमन् ! (यः) जो (स्त्रीणाम्) स्त्रियों के बीच (जीवभोजनः) प्राणियों का मांस खाने वाला व्यभिचारी पुरुष वा पुरुषों के बीच उक्त प्रकार की व्यभिचारिणी स्त्री वर्त्तमान हो उस पुरुष और स्त्री को बांधकर (उत्सक्थ्याः) ऊपर को पग और नीचे को शिर कर ताड़ना करके और अपनी प्रजा के मध्य (अव, गुदम्) उत्तम सुख को (धेहि) धारण करो और (अञ्जिम्) अपने प्रकट न्याय को (सचारय) भली भांति चलाओ ॥ २१ ॥

भावार्थः—हे राजन् ! जो विषय सेवा में रमते हुए जन वा वैसी स्त्री व्यभिचार को बढ़ावें उन उन को प्रबल दण्ड से शिक्षा देनी चाहिये ॥ २१ ॥

यकासकावित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । राजप्रजे देवते । विराडनुष्टुप् छन्दः ।
गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

य॒का॒स॒कौ श॑कुन्ति॒काह॒लगिति॒ वञ्च॑ति ।
आह॑न्ति ग॒भे पसो॒ निग॑ल्गलीति॒ धार॑का ॥ २२ ॥

य॒का । अ॒स॒कौ । श॒कु॒न्ति॒का । आ॒ह॒लक् । इति॑ । वञ्च॑ति । आ । ह॒न्ति॒ । ग॒भे । पसः॑ । नि॒गल्ग॑लीति । धार॑का ॥ २२ ॥

पदार्थः—(यका) यः (असकौ) असौ प्रजा (शकुन्तिका) अल्पा पक्षिणीव निर्बला (आहलक्) समन्ताद्धलं विलेखनमञ्चति सः (इति) अनेन प्रकारेण (वञ्चति) प्रलम्भते (आ) (हन्ति) (गभे) प्रजायाम् (पसः) राष्ट्रम् (निगल्गलीति) भृशं निगलतीव वर्त्तते (धारका) सुखस्य धर्त्री ॥ २२ ॥

अन्वयः—यस्यां गभे राजा पसो राष्ट्रमाहन्ति सा धारका प्रजा निगल्गलीतिं यतो यकाऽसकौ शकुन्तिका शकुन्तिकेव वर्त्तते तस्मादिमामाहलग्राजा वञ्चतीति ॥ २२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यदि राजा न्यायेन प्रजाया रक्षणं न कुर्यादकृत्वा करं गृह्णीयात्तर्हि यथा प्रजाः क्रमशः क्षीणा भवन्ति तथा राजापि नष्टो भवति । यदि विद्याविनयाभ्यां प्रजाः संरक्षेत्तर्हि राजप्रजे सर्वतो वर्द्धेताम् ॥ २२ ॥

पदार्थः—जिस (गभे) प्रजा में राजा अपने (पसः) राज्य को (आहन्ति) जाने वा प्राप्त हो वह (धारका) सुख को धारण करनेवाली प्रजा (निगल्गलीति) निरन्तर सुख को निगलती सी वर्त्तमान होती है और जिस से (यका) जो (असकौ) यह प्रजा (शकुन्तिका) छोटी चिड़िया के समान निर्बल है इससे इस प्रजा को (आहलक्) अच्छे प्रकार जो हल से भूमि करोदता है उस को प्राप्त होने वाला अर्थात् हल से जुती हुई भूमि से कर को लेने वाला राजा (वञ्चतीति) ऐसे वञ्चता अपना कर धन लेता है कि जैसे प्रजा को सुख प्राप्त हो ॥ २२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । यदि राजा न्याय से प्रजा की रक्षा न करे और प्रजा से कर लेवे तो जैसे प्रजा नष्ट हो वैसे राजा भी नष्ट होता है । यदि विद्या और विनय से प्रजा की भली भांति रक्षा करे तो राजा और प्रजा सब ओर से वृद्धि को पावें ॥२२॥

यकोऽसकावित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । राजप्रजे देवते । बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यकोऽसकौ शकुन्तकऽआहलगिति वञ्चति ।
विवक्षतऽइव ते मुखमध्वर्यो मा नस्त्वमभिभाषथाः ॥ २३ ॥

यकः । असकौ । शकुन्तकः । आहलक् । इति । वञ्चति । विवक्षतऽइवेति विवक्षतःऽइव । ते । मुखम् । अध्वर्योऽइत्यध्वर्यो । मा । नः । त्वम् । अभि । भाषथाः ॥ २३ ॥

पदार्थः—(यकः) यः (असकौ) असौ राजा (शकुन्तकः) निर्बलः पक्षीव (आहलक्) समन्ताद्विलिखितं यथा स्यात्तथा (इति) (वञ्चति) वञ्चितो भवति

(विवक्षत इव) वक्तुमिच्छोरिव (ते) तव (मुखम्) आस्यम् (अध्वर्यो) योऽध्वरमिवाचरति तत्सम्बुद्धौ (मा) (नः) अस्मान् (त्वम्) (अभि) (भाषथाः) वदेः ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे अध्वर्यो ! त्वं नो माभिभाषथा मिथ्याभाषणं विक्षत इव ते मुखं मा भवतु यद्येवं यकोऽसकौ करिष्यसि तर्हि शकुन्तक इव राजाऽऽहलगिति न वञ्चति ॥२३॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । राजा कदाचिन्मिथ्याप्रतिज्ञः परुषवादी न स्यान्न कंचिद्वञ्चयेत् । यद्ययमन्यायं कुर्यात्तर्हि स्वयमपि प्रजाभिर्वञ्चितः स्यात् ॥ २३ ॥

पदार्थः—हे (अध्वर्यो) यज्ञ के समान आचरण करने हारे राजा ! (त्वम्) तू (नः) हम लोगों के प्रति (मा, अभिभाषथाः) झूठ मत बोलो और (विवक्षत इव) बहुत गप्प सप्प बकते हुए मनुष्य के मुख के समान (ते) तेरा (मुखम्) मुख मत हो यदि इस प्रकार (यकः) जो (असकौ) यह राजा गप्प सप्प करेगा तो (शकुन्तकः) निर्बल पखेरू के समान (आहलक्) भली भांति उच्छिन्न जैसे हो (इति) इस प्रकार (वञ्चति) ठगा जायगा ॥ २३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । राजा कभी झूठी प्रतिज्ञा करने और कटुवचन बोलने वाला न हो तथा न किसी को ठगे जो यह राजा अन्याय करे तो आप भी प्रजाजनों से ठगा जाय ॥ २३ ॥

माता चेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । भूमिसूर्यौ देवते । निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

माता च॑ ते पि॒ता च॑ तेऽग्रं॑ वृ॒क्षस्य॑ रोहतः ।
प्रति॑ला॒मीति॑ ते पि॒ता ग॒भे मु॒ष्टिम॑तꣳसयत् ॥ २४ ॥

मा॒ता । च॒ । ते॒ । पि॒ता । च॒ । ते॒ । अग्र॑म् । वृ॒क्षस्य॑ । रो॒ह॒तः॒ । प्रति॑ला॒मि । इति॑ । ते॒ । पि॒ता । ग॒भे । मु॒ष्टिम् । अ॒त॒ꣳस॒य॒त् ॥ २४ ॥

पदार्थः—(माता) पृथिवीव वर्त्तमाना माता (च) (ते) तव (पिता) सूर्य्य इव वर्त्तमानः पिता (च) (ते) तव (अग्रम) मुख्यश्रियम् (वृक्षस्य) व्रश्चितु छेत्तुं योग्यस्य संसाराख्यस्य राज्यस्य (रोहतः) (प्रतिलामि) स्निह्यामि (इति) (ते) तव (पिता) (गभे) प्रजायाम् (मुष्टिम) मुष्ट्या धनग्राहकं राज्यम् (अतंसयत्) तंसयत्यलङ्करोति ॥ २४ ॥ *इयं वै—माताऽसौ पिताभ्यामेवैनं स्वर्गं लोकं गमयत्यग्रं वृक्षस्य रोहत इति । श्रीर्वै राष्ट्रस्याग्रं श्रियमेवैनं राष्ट्रस्याग्रं गमयति प्रतिलामीति ते पिता गभे मुष्टिमतंसयदिति । विड् वै गभो राष्ट्रं मुष्टी राष्ट्रमेवाविश्याहन्ति तस्माद् राष्ट्री विशं घातुकः ॥ श० कां० १३ । अ० २ । ब्राह्म० ९ । कं० ७ ॥*

अन्वयः—हे राजन् ! यदि ते पृथिवीव माता च सूर्य्य इव ते पिता च वृक्षस्याग्रं रोहतः । यदि ते पिता गभे मुष्टिमतंसयत्तर्हि प्रजाजनोऽहम्प्रतिलामीति ॥ २४ ॥

भावार्थः—यौ मातापितरौ पृथिवीसूर्य्यवद्धैर्यविद्याप्रकाशितौ न्यायेन राज्यं पालयित्वाग्र्यां श्रियं प्राप्य प्रजा भूषयित्वा स्वस्य पुत्रं राजनीत्या युक्तं कुर्यातां तौ राज्यं कर्तुमर्हताम् ॥ २४ ॥

पदार्थः—हे राजन् ! यदि (ते) आप की (माता) पृथिवी के तुल्य सहनशील मान करने वाली माता (च) और (ते) आप का (पिता) सूर्य्य के समान तेजस्वी पालन करने वाला पिता (च) भी (वृक्षस्य) छेदन करने योग्य संसार रूप वृक्ष के राज्य की (अग्रम्) मुख्य श्री शोभा वा लक्ष्मी पर (रोहतः) आरूढ़ होते हैं (ते) आप का (पिता) पिता (गभे) प्रजा में (मुष्टिम्) मुट्ठी से धन लेने वाले राज्य को, धन लेकर (अतंसयत्) प्रकाशित करता है तो मैं (इति) इस प्रकार प्रजाजन (प्रतिलामि) भलीभांति उस राजा से प्रीति करता हूं ॥ २४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो माता पिता पृथिवी और सूर्य्य के तुल्य धैर्य और विद्या से प्रकाश को प्राप्त न्याय से राज्य को पाल कर उत्तम लक्ष्मी वा शोभा को पाकर राजा को सुशोभित कर अपने पुत्र को राजनीति से युक्त करें वे राज्य करने को योग्य हों ॥ २४ ॥

माता चेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । भूमिसूर्यौ देवते । अनुष्टुप्छन्दः ।
गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्मातापितरौ कीदृशौ भवेतामित्याह ॥

फिर माता पिता कैसे हों इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

माता च ते पिता च तेऽग्रे वृक्षस्य क्रीडतः ।
विवक्षतऽइव ते मुखं ब्रह्मन्मा त्वं वदो बहु ॥ २५ ॥

माता । च । ते । पिता । च । ते । अग्रे । वृक्षस्य । क्रीडतः । विवक्षतऽइवेति विवक्षतःऽइव । ते । मुखम् । ब्रह्मन् । मा । त्वम् । वदः । बहु ॥ २५ ॥

पदार्थः—(माता) पृथिवीवज्जननी (च) (ते) (पिता) सूर्यवद्वर्त्तमानः (च) (ते) (अग्रे) विद्याराजलक्ष्म्यां (वृक्षस्य) राज्यस्य मध्ये (क्रीडतः) (विवक्षत इव) (ते) तव (मुखम्) (ब्रह्मन्) चतुर्वेदवित् (मा) (त्वम्) (वदः) वदेः (बहु) ॥ २५ ॥

अन्वयः—हे ब्रह्मन् ! यस्य ते माता च यस्य ते पिता च वृक्षस्याग्रे क्रीडतस्तस्य ते विवक्षत इव यन्मुखं तेन त्वं बहु मा वदः ॥ २५ ॥

भावार्थः—यौ मातापितरौ सुशीलौ धर्मात्मानौ श्रीमन्तौ कुलीनौ भवेतां ताभ्यां शिक्षित एव पुत्रो मितंभाषी भूत्वा कीर्त्तिमाप्नोति ॥ २५ ॥

पदार्थः—हे (ब्रह्मन्) चारों वेदों के जानने वाले सज्जन ! जिन (ते) सूर्य के समान तेजस्वी आप की (माता) पृथिवी के समान माता (च) और जिन (ते) आप का (पिता) पिता (च) भी (वृक्षस्य) संसाररूप राज्य के बीच (अग्रे) विद्या और राज्य की शोभा में (क्रीडतः) रमते हैं उन (ते) आप का (विवक्षत इव) बहुत कहा चाहते हुए मनुष्य के मुख के समान (मुखम्) मुख है उस से (त्वम्) तू (बहु) बहुत (मा) मत (वदः) कहा कर ॥ २५ ॥

भावार्थः—जो माता पिता सुशील धर्मात्मा लक्ष्मीवान् कुलीन हों उन्होंने सिखाया हुआ ही पुत्र प्रमाणयुक्त थोड़ा बोलने वाला होकर कीर्ति को प्राप्त होता है ॥ २५ ॥

ऊर्ध्वमित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । श्रीर्देवता । अनुष्टुप्छन्दः ।
गान्धारः स्वरः

पुना राजपुरुषः काम्रुत्कृष्टां कुर्यु रित्याह ॥

फिर राजपुरुष किस की उन्नति करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

ऊर्ध्वामेनामुच्छ्रापय गिरौ भारᳬ हरन्निव ।
अथास्यै मध्यमेधताᳬ शीते वाते पुनन्निव ॥ २६ ॥

ऊर्ध्वाम् । एनाम् । उत् । श्रापय । गिरौ । भारम् । हरन्निवेति हरन्ऽइव । अथ । अस्यै । मध्यम् । एधताम् । शीते । वाते । पुनन्निवेति पुनन्ऽइव ॥२६॥

पदार्थः—(ऊर्ध्वाम्) उत्कृष्टाम् (एनाम्) राज्यश्रिया युक्तां प्रजाम् (उत्) (श्रापय) ऊर्ध्वं नय (गिरौ) पर्वते (भारम्) (हरन्निव) (अथ) (अस्यै) अस्याः (मध्यम्) (एधताम्) वर्द्धताम् (शीते) (वाते) वायौ (पुनन्निव) पृथक् कुर्वन्निव ॥ २६ ॥ *ऊर्ध्वामेनामुच्छ्रापयेति । श्रीर्वै राष्ट्रमश्वमेधः श्रियमेवास्मै राष्ट्रमूर्ध्वमुच्छ्रयति गिरौ भारं हरन्निवेति । श्रीर्वै राष्ट्रस्य भारः श्रियमेवास्मै राष्ट्रं संनह्यत्यथो श्रियमेवास्मिन् राष्ट्रमधिनिदधाति । अथास्यै मध्यमेधतामिति श्रीर्वै राष्ट्रस्य मध्यं श्रियमेव राष्ट्रे मध्यतोऽन्नाद्यं दधाति शीते वाते पुनन्निवेति क्षेमो वै राष्ट्रस्य शीतं क्षेममेवास्मै करोति ॥ श० का० १३ । अ० २ । ब्रा० ९ । कं० २ । ३ । ४ । ५ ॥*

अन्वयः—हे राजन् ! त्वं गिरौ भारं हरन्निवैनामूर्ध्वामुच्छ्रापय । अथास्यै मध्यं प्राप्य शीते वाते पुनन्निव भवानेधताम् ॥ २६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारौ । यथा कश्चिद् भारवाट् शिरसि पृष्ठे वा भारमुत्थाप्य गिरिमारुह्योपरि स्थापयेत्तथा राजा श्रियमुन्नतिभावं नयेत् । यथा वा कृषीवला बुसादिभ्योऽन्नं पृथक्कृत्य भुक्त्वा वर्द्धन्ते तथा सत्यन्यायेन सत्यासत्ये पृथक्कृत्य न्यायकारी राजा नित्यं वर्द्धते ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे राजन् ! (गिरौ) पर्वत पर (भारम्) भार (हरन्निव) पहुंचाते हुए के समान (एनाम्) इस राज्यलक्ष्मीयुक्त (ऊर्ध्वाम्) उत्तम कक्षा वाली प्रजा को (उच्छ्रापय) सदा अधिक अधिक उन्नति दिया कर (अथ) अब (अस्यै) इस प्रजा के (मध्यम्) मध्यभाग लक्ष्मी को पाकर (शीते) शीतल (वाते) पवन में (पुनन्निव) खेती करने वालों की क्रिया से जैसे अन्न आदि शुद्ध हो वा पवन के योग से जल स्वच्छ हो वैसे आप (एधताम्) वृद्धि को प्राप्त हूजिये ॥ २६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में दो उपमालङ्कार हैं। राजा जैसे कोई बोझा लेजाने वाला अपने शिर वा पीठ पर बोझा को उठा पर्वत पर चढ़ उस भार को ऊपर स्थापन करे वैसे लक्ष्मी को उन्नति होने को पहुंचाने वा जैसे खेती करने वाले भूसा आदि से अन्न को अलग कर उस अन्न को खाके बढ़ते हैं वैसे सत्य न्याय से सत्य असत्य को अलग कर न्याय करने हारा राजा नित्य बढ़ता है ॥ २६ ॥

ऊर्ध्वमेनमित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । श्रीर्देवता । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

ऊर्ध्वमेनमुच्छ्रयताद् गिरौ भारꣳ हरन्निव ।
अथास्य मध्यमेजतु शीते वाते पुनन्निव ॥ २७ ॥

ऊर्ध्वम् । एनम् । उत् । श्रयतात् । गिरौ । भारम् । हरन्निवेति हरन्ऽइव । अथ । अस्य । मध्यम् । एजतु । शीते । वाते । पुनन्निवेति पुनन्ऽइव ॥ २७ ॥

पदार्थः—(ऊर्ध्वम्) अग्रगामिनम् (एनम्) राजानम् (उच्छ्रयतात्) उच्छ्रितं कुर्यात् (गिरौ) पर्वते (भारम्) (हरन्निव) (अथ) (अस्य) राष्ट्रस्य (मध्यम्) (एजतु) सत्कर्मसु चेष्टताम् (शीते) (वाते) (पुनन्निव) ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे प्रजास्थ विद्वन् ! भवान् गिरौ भारं हरन्निवैनं राजानमूर्ध्वमुच्छ्रयतात् । अथास्य मध्यं प्राप्य शीते वाते पुनन्निवैजतु ॥ २७ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारौ । यथा सूर्यो मेघमण्डले जलभारं नीत्वा वर्षयित्वा सर्वानुन्नयति तथैव प्रजा राजपुरुषानुन्नयेदधर्माचरणाद्बिभीयाच्च ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे प्रजास्थ विद्वान् ! आप (गिरौ) पर्वत पर (भारम्) भार को (हरन्निव) पहुंचाने के समान (एनम्) इस राजा को (ऊर्ध्वम्) सब व्यवहारों में अग्रगन्ता (उच्छ्रयतात्) उन्नतियुक्त करें (अथ) इस के अनन्तर जैसे (अस्य) इस राज्य के (मध्यम्) मध्यभाग लक्ष्मी को पाकर (शीते) शीतल (वाते) पवन में (पुनन्निव) शुद्ध होते हुए अन्न आदि के समान (एजतु) उत्तम कर्मों में चेष्टा किया कीजिये ॥ २७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में दो उपमालङ्कार हैं। जैसे सूर्य मेघमण्डल में जल के भार को पहुंचा और वहां से वरसा के सब को उन्नति देता है वैसे ही प्रजाजन राजपुरुषों को उन्नति दें और अधर्म के आचरण से डरें ॥ २७ ॥

यदस्या इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। प्रजापतिर्देवता।
निचृदनुष्टुप् छन्दः। गान्धारः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यद॑स्याऽअंहुभेद्याः॑ कृधु स्थूलमुपात॑सत्।
मुष्कावि॒द॑स्या एजतो गोशफे श॑कुलावि॑व ॥ २८ ॥

यत्। अस्याः। अंहुभेद्या॒ऽइत्यंहुऽभेद्याः॑। कृधु। स्थूलम्। उपातसदित्युपऽअत॑सत्। मुष्कौ। इत्। अस्याः। एजतः। गोशफऽइति॑ गोऽशफे। शकुलाविवेति॑ शकुलौऽईव ॥ २८ ॥

पदार्थः—(यत्) यः (अस्याः) प्रजायाः (अंहुभेद्याः) अंहुमपराधं या भिनत्ति तस्याः (कृधु) ह्रस्वम्। *कृधिवति ह्रस्वनाम०। निघं०। ३। २।* (स्थूलम्) महत् कर्म (उपासत्) उपभूषयेत् (मुष्कौ) मूषकौ (इत्) एव (अस्याः) (एजतः) कम्पयतः (गोशफे) गोखुरचिह्ने (शकुलाविव) ह्रस्वौ मत्स्याविव ॥ २८ ॥

अन्वयः—यद्यो राजा राजपुरुषश्चास्या अंहुभेद्याः कृधु स्थूलं कर्मोपातसत्तावस्या एजतो गोशफे शकुलाविव मुष्काविदेजतः ॥ २८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः। यथा प्रीतिमन्तौ मत्स्यावल्पेपि जलाशये निवसतस्तथा राजराजपुरुषावल्पेपि करलाभे न्यायेन प्रीत्या वर्त्तेयातां यदि दुःखच्छेदिकायाः प्रजायाः स्वल्पमहदुत्तमं कर्म प्रशंसयेतां तर्हि तौ प्रजा उपरक्ताः कृत्वा स्वविषये प्रीतिं कारयेताम् ॥ २८ ॥

पदार्थः—(यत्) जो राजा वा राजपुरुष (अस्याः) इस (अंहुभेद्याः) अपराध का विनाश करने वाली प्रजा के (कृधु) थोड़े और (स्थूलम्) बहुत कर्म को (उपातसत्) सुशोभित करें वे दोनों (अस्याः) इसको (एजतः) कर्म कराते हैं और वे आप (गोशफे) गौ के खुर से भूमि में हुए गढ़ेले में (शकुलाविव) छोटी दो मछलियों के समान (मुष्कौ, इत्) प्रजा से पाये हुए कर को चोरते हुए कंपते हैं ॥ २८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालङ्कार है। जैसे एक दूसरे से प्रीति रखने वाली मछली छोटी ताल तलैया में निरन्तर वसती है वैसे राजा और राजपुरुष थोड़े भी कर के लाभ में न्यायपूर्वक प्रीति के साथ वर्त्तें और यदि दुःख को दूर करने वाली प्रजा के थोड़े बहुत उत्तम काम की प्रशंसा करें तो वे दोनों प्रजाजनों को प्रसन्न कर अपने में उन से प्रीति करावें ॥ २८ ॥

यद्देवास इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । विद्वांसो देवता । अनुष्टुप् छन्दः ।
गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यद्देवासो ललामगुं प्रविष्टीमिनमाविषुः ।
सक्थ्ना देदिश्यते नारी सत्यस्याक्षिभुवो यथा ॥ २९ ॥

यत् । देवासः । ललामगुमिति ललामऽगुम् । प्र । विष्टीमिनम् । आविषुः । सक्थ्ना । देदिश्यते । नारी । सत्यस्य । अक्षिभुवइत्यक्षिऽभुवः । यथा ॥ २९ ॥

पदार्थः—(यत्) यम् (देवासः) विद्वांसः (ललामगुम्) येन न्यायेनेप्सां गच्छन्ति प्राप्नुवन्ति तम् (प्र) (विष्टीमिनम्) विशिष्टा बहवः ष्टीमा आर्द्रीभूताः पदार्था विद्यन्ते यस्मिँस्तम् (आविषुः) व्याप्नुयुः (सक्थ्ना) शरीरावयवेन (देदिश्यते) भृशमुपदिश्येत (नारी) नरस्य स्त्री (सत्यस्य) (अक्षिभुवः) यदक्षिणि भवति प्रत्यक्षं तस्य (यथा) ॥ २९ ॥

अन्वयः—हे राजन् यथा सत्यस्याक्षिभुवो मध्ये वर्त्तमाना देवासः सक्थ्ना नारीव यद्विष्टीमिनं ललामगुं न्यायं प्राविषुर्यथा चाऽऽप्तेन सत्यमेव देदिश्यते तथा त्वमाचर ॥ २९ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः । यथा शरीराङ्गैः स्त्रीपुरुषौ लक्ष्येते तथा प्रत्यक्षादिप्रमाणैः सत्यं लक्ष्यते तेन सत्येन विद्वांसो यथा प्राप्तव्यमार्द्रीभावं प्राप्नुयुस्तथेतरे राजप्रजास्थाः स्त्रीपुरुषा विद्यया विनयं प्राप्य सुखमन्विच्छन्तु ॥ २९ ॥

पदार्थः—हे राजन् (यथा) जैसे (सत्यस्य) सत्य (अक्षिभुवः) आंख के सामने प्रगट हुए प्रत्यक्ष व्यवहार के मध्य में वर्त्तमान (देवासः) विद्वान् लोग (सक्थ्ना) जांघ वा और अपने शरीर के अंग से (नारी) स्त्री के समान (यत्) जिस (विष्टीमिनम्) जिस में सुन्दर बहुत गीले पदार्थ विद्यमान हैं (ललामगुम्) और जिस से मनोवाञ्छित फल को प्राप्त होते हैं ऐसे न्याय को (प्राविषुः) व्याप्त हों वा जैसे शास्त्रवेत्ता विद्वान् जन सत्य का (देदिश्यते) निरन्तर उपदेश करें वैसे आप आचरण करो ॥ २९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालङ्कार है । जैसे शरीर के अंगों से स्त्री पुरुष लखे जाते हैं वैसे प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से सत्य लखा जाता है उस सत्य से विद्वान् लोग जैसे पाने योग्य कोमलता को पावें वैसे और राजा प्रजा के स्त्री पुरुष विद्या से नम्रता को पाकर सुख को ढूंढें ॥ २९ ॥

यद्धरिण इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । राजा देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः स राजा कथमाचरेदित्याह ॥

फिर वह राजा कैसे आचरण करे इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यद्धरिणो यवमत्ति न पुष्टं पशु मन्यते ।
शूद्रा यदर्यजारा न पोषाय धनायति ॥ ३० ॥

यत् । हरिणः । यवम् । अत्ति । न । पुष्टम् । पशु । मन्यते । शूद्रा । यत् । अर्य्यजारेत्यर्य्यऽजारा । न । पोषाय । धनायति ॥ ३० ॥

पदार्थः—(यत्) यः (हरिणः) पशुः (यवम्) (अत्ति) (पुष्टम्) (पशु) पशुम् (मन्यते) (शूद्रा) शूद्रस्य स्त्री (यत्) या (अर्य्यजारा) अर्य्यो स्वामिवैश्यौ जारयति वयसा हन्ति सा (न) निषेधे (पोषाय) पुष्टये (धनायति) आत्मनो धनमिच्छति ॥ ३० ॥

अन्वयः—यत् यो राजा हरिणो यवमत्तीव पुष्टं पशु न मन्यते स यदर्य्यजारा शूद्रेव पोषाय न धनायति ॥ ३० ॥

भावार्थः—यो राजा पशुवद्व्यभिचारे वर्त्तमानः प्रजापुष्टिं न करोति स धनाढ्या शूद्रा जारा दासीव सद्यो रोगी भूत्वा पुष्टिं विनाश्य धनहीनतया दरिद्रः सन् म्रियते तस्माद्राजा कदाचिदीर्ष्यां व्यभिचारं च नाचरेत् ॥ ३० ॥

पदार्थः—(यत्) जो राजा (हरिणः) हरिण जैसे (यवम्) खेत में उगे हुए जौ आदि को (अत्ति) खाता है वैसे (पुष्टम्) पुष्ट (पशु) देखने योग्य अपने प्रजाजन को (न) नहीं (मन्यते) मानता अर्थात् प्रजा को हृष्ट पुष्ट नहीं देख के, खाता है वह (यत) जो (अर्य्यजारा) स्वामी वा वैश्य कुल को अवस्था से बुड्ढा करने हारी दासी (शूद्रा) शूद्र की स्त्री के समान (पोषाय) पुष्टि के लिये (न) नहीं (धनायति) अपने धन को चाहता है ॥३०॥

भावार्थः—जो राजा पशु के समान व्यभिचार में वर्त्तमान प्रजा की पुष्टि को नहीं करता वह धनाढ्य शूद्रकुल की स्त्री जो कि जारकर्म करती हुई दासी है उस के समान शीघ्र रोगी होकर अपनी पुष्टि का विनाश कर के धनहीनता से दरिद्र हुआ मरता है इस से राजा न कभी ईर्ष्या और न व्यभिचार का आचरण करे ॥ ३० ॥

यद्धरिण इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । राजप्रजे देवते । अनुष्टुप् छन्दः ।
गान्धारः स्वरः ॥

पुनः स राजा केन हेतुना नश्यतीत्याह ॥

फिर वह राजा किस हेतु से नष्ट होता है इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यद्धरिणो यवमत्ति न पुष्टं बहु मन्यते ।
शूद्रो यदर्य्यायै जारो न पोषमनु मन्यते ॥ ३१ ॥

यत् । हुरिणः । यवम् । अत्ति । न । पुष्टम् । बहु । मन्यते । शूद्रः । यत् । अर्य्यायै । जारः । न । पोषम् । अनु । मन्यते ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(यत्) यः (हरिणः) (यवम्) (अत्ति) भक्षयति (न) (पुष्टम्) प्रजाजनम् (बहु) अधिकम् (मन्यते) जानाति (शूद्रः) मूर्खकुलोत्पन्नः (यत्) यः (अर्य्यायै) अर्य्यायाः स्वामिनो वैश्यस्य वा स्त्रियाः (जारः) व्यभिचारेण वयोहन्ता (न) निषेधे (पोषम्) पुष्टिम् (अनु) (मन्यते) ॥ ३१ ॥

अन्वयः—यद्यः शूद्रोऽर्य्यायै जारो भवति स यथा पोषं नाऽनुमन्यते यद् यो राजा हरिणो यवमत्तीव पुष्टं प्रजाजनं बहु न मन्यते स सर्वतः क्षीणो जायते ॥ ३१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यदि राजा राजपुरुषाश्च परस्त्रीवेश्यागमनाय पशुवद्वर्त्तन्ते तान् सर्वे विद्वांसः शूद्रानिव जानन्ति यथा शूद्र आर्य्यकुले जारो भूत्वा सर्वान् संकरयति तथा ब्राह्मणक्षत्रियवैश्याः शूद्रकुले व्यभिचारं कृत्वा वर्णसंकरनिमित्ता भूत्वा नश्यन्ति ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(यत्) जो (शूद्रः) मूर्खों के कुल में जन्मा हुआ मूढ़जन (अर्य्यायै) अपने स्वामी अर्थात् जिस का सेवक उसकी वा वैश्यकुल की स्त्री के अर्थ (जारः) जार अर्थात् व्यभिचार से अपनी अवस्था का नाश करने वाला होता है वह जैसे (पोषम्) पुष्टि का (न) नहीं (अनुमन्यते) अनुमान रखता वा (यत्) जो राजा (हरिणः) हरिण जैसे (यवम्) उगे हुए जौ आदि को (अत्ति) खाता है वैसे (पुष्टम्) धन सन्तान स्त्री सुख ऐश्वर्य आदि से पुष्ट अपने प्रजाजन को (बहु) अधिक (न) नहीं (मन्यते) मानता वह सब ओर से क्षीण नष्ट और भ्रष्ट होता है ॥ ३१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो राजा और राजपुरुष परस्त्रीवेश्यागमन के लिये पशु के समान अपना वर्त्ताव करते हैं उन को सब विद्वान् शूद्र के समान जानते हैं । जैसे शूद्र मूर्खजन श्रेष्ठों के कुल में व्यभिचारी होकर सब को वर्णसंकर कर देता है वैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य शूद्रकुल में व्यभिचार करके वर्णसंकर के निमित्त होकर नाश को प्राप्त होते हैं ॥ ३१ ॥

दधिक्राव्ण इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । राजा देवता । अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः स राजा कस्येव किं वर्द्धयेदित्याह ॥

फिर वह राजा किस के समान क्या बढ़ावे इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

दधिक्राव्णोऽअकारिषं जिष्णोरश्वस्य वाजिनः ।
सुरभि नो मुखा करत्प्र णऽआयूंषि तारिषत् ॥ ३२ ॥

दधिक्राव्ण इति दधिऽक्राव्णः । अकारिषम् । जिष्णोः । अश्वस्य । वाजिनः । सुरभि । नः । मुखा । करत् । प्र । नः । आयूंषि । तारिषत् ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(दधिक्राव्णः) यो दधीन् पोषकान्धारकान् वा क्राम्यति तस्य (अकारिषम्) कुर्य्याम् (जिष्णोः) जयशीलस्य (अश्वस्य) आशुगामिनः (वाजिनः) बहुवेगवतः (सुरभि) प्रशस्तसुगन्धियुतानि (नः) अस्माकम् (मुखा) मुखानि (करत्) कुर्य्यात् (प्र) (नः) अस्माकम् (आयूंषि) (तारिषत्) सन्तारयेत् ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे राजन् ! यथाऽहं दधिक्राव्णो वाजिनो जिष्णोरश्वस्येव वीर्यमकारिषं तथा भवान् नः सुरभि मुखेव वीर्यं प्रकरन्न आयूंषि तारिषत् ॥ ॥ ३२ ॥

भावार्थः—यथाऽश्वशिक्षका अश्वान् वीर्यरक्षणनियमेन बलिष्ठान् संग्रामे विजयनिमित्तान् कुर्वन्ति तथैवाध्यापकोपदेशकाः कुमारान् कुमारींश्च पूर्णेन ब्रह्मचर्यसेवनेन विद्यायुक्तान् विदुषीश्च कृत्वा शरीरात्मबलाय प्रवर्त्त्य दीर्घायुषो युद्धशालीनान् सम्पादयेयुः ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे राजन् ! जैसे मैं (दधिक्राव्णः) जो धारण पोषण करने वालों को प्राप्त होता (वाजिनः) बहुत वेगयुक्त (जिष्णोः) जीतने और (अश्वस्य) शीघ्र जाने वाला है उस घोड़े के समान पराक्रम को (अकारिषम्) करूं वैसे आप (नः) हम लोगों के (सुरभि) सुगन्धियुक्त (मुखा) मुखों के तुल्य पराक्रम को (प्र, करत्) भली भांति करो और (नः) हमारे (आयूंषि) आयुओं को (तारिषत्) उन की अवधि के पार पहुंचाओ ॥ ३२ ॥

भावार्थः—जैसे घोड़ों के सिखाने वाले घोड़ों को पराक्रम की रक्षा के नियम से बलिष्ठ और संग्राम में जिताने वाले करते हैं वैसे पढ़ाने और उपदेश करने हारे कुमार और कुमारियों को पूरे ब्रह्मचर्य्य के सेवन से पण्डित पण्डिता कर उन को शरीर और आत्मा के बल के लिये प्रवृत्त करा के बहुत आयु वाले और अति युद्ध करने में कुशल बनावें ॥ ३२ ॥

गायत्रीत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । विद्वांसो देवताः ॥ उष्णिक् छन्दः ।
ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

गायत्री त्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप्पङ्क्त्या सह ।
बृहत्युष्णिहा ककुप्सूचीभिः शम्यन्तु त्वा ॥ ३३ ॥

गायत्री । त्रिष्टुप् । त्रिस्तुबिति त्रिऽस्तुप् । जगती । अनुष्टुप् अनुस्तुबित्यनुऽस्तुप् । पङ्क्त्या । सह । बृहती । उष्णिहा । ककुप् । सूचीभिः । शम्यन्तु । त्वा ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(गायत्री) गायन्तं त्रायमाणा (त्रिष्टुप्) याऽऽध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकानि त्रीणि सुखानि स्तोभते स्तभ्नाति सा (जगती) जगद्वद्विस्तीर्णा (अनुष्टुप्) ययाऽनुष्टोभते सा (पङ्क्त्या) विस्तृतया क्रियया (सह) (बृहती) महदर्था (उष्णिहा) यया उषः स्निह्यति तया (ककुप्) लालित्ययुक्ता (सूचीभिः) सीवनसाधिकाभिः (शम्यन्तु) (त्वा) त्वाम् ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! ये विद्वांसा पङ्क्त्या सह गायत्री त्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुबुष्णिहा सह बृहती ककुप्सूचीभिरिव त्वा त्वां शम्यन्तु तांस्त्वं सेवस्व ॥ ३३ ॥

भावार्थः—ये विद्वांसो गायत्र्यादिच्छन्दोऽर्थविज्ञापनेन मनुष्यान् विदुषः कुर्वन्ति सूच्या छिन्नं वस्त्रमिव भिन्नमतान्यनुसंदधत्यैकमत्ये स्थापयन्ति ते जगत्कल्याणकारका भवन्ति ॥ ३३ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! जो विद्वान् जन (पंक्त्या) विस्तारयुक्त पंक्ति छन्द के (सह) साथ जो (गायत्री) गाने वाले की रक्षा करती हुई गायत्री (त्रिष्टुप्) आध्यात्मिक आधिभौतिक और आधिदैविक इन तीनों दुखों को रोकने वाला त्रिष्टुप् (जगती) जगत् के समान विस्तीर्ण अर्थात् फैली हुई जगती (अनुष्टुप्) जिस से पीछे से संसार के दुखों को रोकते हैं वह अनुष्टुप् तथा (उष्णिहा) जिससे प्रातः समय की वेला को प्राप्त करता है उस उष्णिह् छन्द के साथ (बृहती) गम्भीर आशय वाली बृहती (ककुप्) ललित पदों के अर्थ से युक्त ककुप्छन्द (सूचीभिः) सूइयों से जैसे वस्त्र सिया जाता है वैसे (त्वा) तुझको (शम्यन्तु) शान्तियुक्त करें वा सब विद्याओं का बोध करावें उनका तू सेवन कर ॥ ३३ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् गायत्री आदि छन्दों के अर्थ को बताने से मनुष्यों को विद्वान् करते हैं और सूई से फटे वस्त्र को सीवें त्यों अलग अलग मत वालों का सत्य में मिलाप कर देते हैं और उन को एक मत में स्थापन करते हैं वे जगत के कल्याण करने वाले होते हैं ॥ ३३ ॥

द्विपदा इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । प्रजा देवताः । निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्विद्वांसः किं कुर्युरित्याह ॥

फिर विद्वान् लोग क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

द्विपदा याश्चतुष्पदास्त्रिपदा याश्च षट्पदाः ।
विच्छन्दा याश्च सच्छन्दाः सूचीभिः शम्यन्तु त्वा ॥ ३४ ॥

द्विपदा इति द्विऽपदाः । याः । चतुष्पदा इति चतुःऽपदाः । त्रिपदा इति त्रिऽपदाः । याः । च । षट्पदा इति षट्ऽपदाः । विच्छन्दा इति विऽच्छन्दाः । याः । च । सच्छन्दाऽइति सच्छन्दाः । सूचीभिः । शम्यन्तु । त्वा ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(द्विपदाः) द्वे पदे यासु ताः (याः) (चतुष्पदाः) चत्वारि पदानि यासु ताः (त्रिपदाः) त्रीणि पदानि यासु ताः (याः) (च) (षट्पदाः) षट् पदानि यासु ताः (विच्छन्दाः) विविधानि छन्दांस्यूर्जनानि यासु ताः (याः) (च) (सच्छन्दाः) समानानि छन्दांसि यासु ताः (सूचीभिः) अनुसंधानसाधिकाभिः क्रियाभिः (शम्यन्तु) (त्वा) ॥ ३४ ॥

अन्वयः—ये विद्वांसः सूचीभिर्या द्विपदा याश्चतुष्पदा यास्त्रिपदा याश्च षट्पदा या विच्छन्दा याश्च सच्छन्दास्त्वा ग्राहयित्वा शम्यन्तु शमं प्रापयन्तु तान् नित्यं सेवस्व ॥ ३४ ॥

भावार्थः—ये विद्वांसो मनुष्यान् ब्रह्मचर्यनियमेन वीर्यवृद्धिं प्रापय्यारोगान् जितेन्द्रियान् विषयासक्तिविरहान्कृत्वा धर्म्ये व्यवहारे चालयन्ति ते सर्वेषां पूज्या भवन्ति ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या युष्माभिर्मरुतां स्कन्धा विश्वेषां देवानां प्रथमा कीकसा रुद्राणां द्वितीयाऽऽदित्याना तृतीया वायोः पुच्छमग्नीषोमयोर्भासदौ क्रुञ्चौ श्रोणिभ्यामिन्द्राबृहस्पती ऊरुभ्यां मित्रावरुणावल्गाभ्यामाक्रमणं कुष्ठाभ्यां स्थूराभ्यां बलं च निष्पादनीयम् ॥ ६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्भुजबलं स्वाङ्गपुष्टिर्दुष्टताडनं न्यायप्रकाशादीनि च कर्माणि सदा कर्त्तव्यानि ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम को (मरुताम्) मनुष्यों के (स्कन्धा) कंधा (विश्वेषाम्) सब (देवानाम्) विद्वानों की (प्रथमा) पहिली क्रिया और (कीकसा) निरन्तर शिखावटें (रुद्राणाम्) रुलाने हारे विद्वानों की (द्वितीया) दूसरी ताड़नरूप क्रिया (आदित्यानाम्) अखण्डित न्याय करने वाले विद्वानों की (तृतीया) तीसरी न्यायक्रिया (वायोः) पवनसम्बन्धी (पुच्छम्) पशु की पूंछ अर्थात् जिससे पशु अपने शरीर को पवन देता (अग्नीषोमयोः) अग्नि और जल सम्बन्धी (भासदौ) जो प्रकाश को देवें वे (क्रुञ्चौ) कोई विशेष पक्षी वा सारस (श्रोणिभ्याम्) चूतड़ों से (इन्द्राबृहस्पती) पवन और सूर्य (ऊरुभ्याम्) जांघों से (मित्रावरुणौ) प्राण और उदान (अल्गाभ्याम्) परिपूर्ण चलने वाले प्राणियों से (आक्रमणम्) चाल तथा (कुष्ठाभ्याम्) निचोड़ और (स्थूराभ्यां) स्थूल पदार्थों से (बलम्) बल को सिद्ध करना चाहिये ॥ ६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को भुजाओं का बल, अपने अंग की पुष्टि, दुष्टों को ताड़ना और न्याय का प्रकाश आदि काम सदा करने चाहियें ॥ ६ ॥

पूषणमित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । पूषादयो देवताः । निचृदष्टिश्छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

पूषणं वनिष्ठुनान्धाहीन्त्स्थूलगुदया सर्पान् गुदाभिर्विह्रुत आन्त्रैरपो वस्तिना वृषणमाण्डाभ्यां वाजिनꣳ शेपेन प्रजाꣳ रेतसा चाषान् पित्तेन प्रदरान् पायुना कूश्मान्छकपिण्डैः ॥ ७ ॥

पूषणम् । वनिष्ठुना । अन्धाहीनित्यन्धऽअहीन् । स्थूलगुदयेति स्थूलऽगुदया । सर्पान् । गुदाभिः । विह्रुत इति विऽह्रुतः । आन्त्रैः । अपः । वस्तिना । वृषणम् । आण्डाभ्याम् । वाजिनम् । शेपेन । प्रजामिति प्रऽजाम् । रेतसा । चाषान् । पित्तेन । प्रदरानिति प्रऽदरान् । पायुना । कूश्मान् । शकपिण्डैरिति शकऽपिण्डैः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(पूषणम्) पुष्टिकरम् (वनिष्ठुना) याचनेन (अन्धाहीन्) अन्धान् सर्पान् (स्थूलगुदया) स्थूलया गुदया सह (सर्पान्) (गुदाभिः) (विह्रुतः) विशेषेण कुटिलान् (आन्त्रैः) उदरस्थैर्नाडीविशेषैः (अपः) जलानि (वस्तिना) नाभेरधोभागेन (वृषणम्) वीर्याधारम् (आण्डाभ्याम्) अण्डाकाराभ्यां वृषणावयवाभ्याम् (वाजिनम्) अश्वम् (शेपेन) लिङ्गेन (प्रजाम्) सन्ततिम् (रेतसा) वीर्येण (चाषान्) भक्षणानि (पित्तेन) (प्रदरान्) उदरावयवान् (पायुना) एतदिन्द्रियेण (कूश्मान्) शासनानि । अत्र कशधातोर्मक्प्रत्ययोऽन्येषामपीति दीर्घश्च (शकपिण्डैः) शक्तैः संघातैः ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं वनिष्ठुना पूषणं स्थूलगुदया सह वर्त्तमानानन्धाहीन् गुदाभिः सहितान् विह्रुतः सर्पानान्त्रैरपो वस्तिना वृषणमाण्डाभ्यां वाजिनं शेपेन रेतसा प्रजां पित्तेन चाषान् प्रदरान् पायुना शकपिण्डैः कूश्मान् निगृह्णीत ॥ ७ ॥

भावार्थः—येन येन यद्यत्कार्यं सिध्येत्तेन तेनाङ्गेन पदार्थेन वा तत्तत्साधनीयम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम (वनिष्ठुना) मांगने से (पूषणम्) पुष्टि करने वाले को (स्थूलगुदया) स्थूल गुदेन्द्रिय के साथ वर्त्तमान (अन्धाहीन्) अन्धे सांपों को (गुदाभिः) गुदेन्द्रियों के साथ वर्त्तमान (विह्रुतः) विशेष कुटिल (सर्पान्) सर्पों को (आन्त्रैः) आंतों से (अपः) जलों को (वस्तिना) नाभि के नीचे के भाग से (वृषणम्) अण्डकोष को (आण्डाभ्याम्) आंडों से (वाजिनम्) घोड़ा को (शेपेन) लिङ्ग और (रेतसा) वीर्य से (प्रजाम्) सन्तान को (पित्तेन) पित्त से (चाषान्) भोजनों को (प्रदरान्) पेट के अंगों को (पायुना) गुदेन्द्रिय से और (शकपिण्डैः) शक्तियों से (कूश्मान्) शिखावटों को निरन्तर लेओ ॥ ७ ॥

भावार्थः—जिस जिस से जो जो काम सिद्ध हो उस उस अङ्ग वा पदार्थ से वह वह काम सिद्ध करना चाहिये ॥ ७ ॥

इन्द्रस्येत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । इन्द्रादयो देवताः । निचृदभिकृतिश्छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनः कस्य कस्य गुणाः पशुषु सन्तीत्याह ॥

फिर किस किस के गुण पशुओं में हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

इन्द्रस्य क्रोडोऽदित्यै पाजस्यं दिशां जत्रवोऽदित्यै भसज्जीमूतान् हृदयौपशेनान्तरिक्षं पुरीतता नभ उदर्येण चक्रवाकौ मतस्नाभ्यां दिवं वृक्काभ्यां गिरीन् प्लाशिभिरुपलान् प्लीह्ना वल्मीकान् क्लोमभिर्ग्लौभिर्गुल्मान् हिराभिः स्रवन्तीर्ह्रदान् कुक्षिभ्याᳬं समुद्रमुदरेण वैश्वानरं भस्मना ॥ ८ ॥

इन्द्रस्य । क्रोडः । अदित्यै । पाजस्यम् । दिशाम् । जत्रवः । अदित्यै । भसत् । जीमूतान् । हृदयौपशेन । अन्तरिक्षम् । पुरीतता । पुरितताेति पुरिऽतता । नभः । उदर्येण । चक्रवाकाविति चक्रऽवाकौ । मतस्नाभ्याम् । दिवम् । वृक्काभ्याम् । गिरीन् । प्लाशिभिरिति प्लाशिऽभिः । उपलान् । प्लीह्ना । वल्मीकान् । क्लोमभिरिति क्लोमऽभिः । ग्लौभिः । गुल्मान् । हिराभिः । स्रवन्तीः । ह्रदान् । कुक्षिभ्यामिति कुक्षिऽभ्याम् । समुद्रम् । उदरेण । वैश्वानरम् । भस्मना ॥ ८ ॥

पदार्थः—(इन्द्रस्य) विद्युतः (क्रोडः) निमज्जनम् (अदित्यै) पृथिव्यै (पाजस्यम्) पाजस्स्वन्नेषु साधु (दिशाम्) (जत्रवः) सन्धयः (अदित्यै) दिवे प्रकाशाय। अदितिर्द्यौरिति प्रमाणात् (भसत्) दीपनम् (जीमूतान्) मेघान् अत्र जेर्मूट् चोदात्त इत्यनेनायं सिद्धः (हृदयौपशेन) यो हृदये आसमन्तादुपशेते स हृदयौपशो जीवस्तेन (अन्तरिक्षम्) अवकाशम् (पुरीतता) हृदयस्थया नाड्या (नभः) उदकम् (उदर्येण) उदरे भवेन (चक्रवाकौ) पक्षिविशेषाविव (मतस्नाभ्याम्) ग्रीवोभयभागाभ्याम् (दिवम्) प्रकाशम (वृक्काभ्याम्) याभ्यां वर्जन्ति ताभ्याम् (गिरीन्) शैलान् (प्लाशिभिः) प्रकर्षेणाशनक्रियाभिः (उपलान्) मेघान्। उपल इति मेघना०। निघं० १। १०। (प्लीहा) हृदयस्थावयवेन (वल्मीकान्) मार्गान् (क्लोमभिः) क्लेदनैः (ग्लौभिः) हर्षक्षयैः (गुल्मान्) दक्षिणपार्श्वोदरस्थितान् (हिराभिः) वृद्धिभिः (स्रवन्तीः) नदीः (ह्रदान्) जलाशयान् (कुक्षिभ्याम्) (समुद्रम्) (उदरेण) (वैश्वानरम्) सर्वेषां प्रकाशकम् (भस्मना) दग्धशेषेण निस्सारेण॥ ८॥

अन्वयः—हे मनुष्या युष्माभिः प्रयत्नेनेन्द्रस्य क्रोडोऽदित्यै पाजस्यं दिशां जत्रवोऽदित्यै भसच्च विज्ञेयाः। जीमूतान् हृदयौपशेन पुरीतताऽन्तरिक्षमुदर्येण नभश्चक्रवाकौ मतस्नाभ्यां दिवं वृक्काभ्यां गिरीन् प्लाशिरुपलान् प्लीहा वल्मीकान् क्लोमभिर्ग्लौभिश्च गुल्मान हिराभिः स्रवन्तीर्ह्रदान कुक्षिभ्यां समुद्रमुदरेण भस्मना च वैश्वानरं यूयं विजानीत॥ ८॥

भावार्थः—यदि मनुष्या अनेकान् विद्याबोधान् प्राप्य युक्ताहारविहारैः सर्वाण्यङ्गानि संपोष्य रोगान्निवारयेयुस्तर्हि ते धर्मार्थकाममोक्षानाप्नुयुः॥ ८॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! तुम को उत्तम यत्न के साथ (इन्द्रस्य) बिजुली का (क्रोडः) डूबना (अदित्यै) पृथिवी के लिये (पाजस्यम्) अन्नों में जो उत्तम वह (दिशाम्) दिशाओं की (जत्रवः) सन्धि अर्थात् उनका एक दूसरे से मिलना (अदित्यै) अखण्डित प्रकाश के लिये (भसत्) लपट ये सब पदार्थ जानने चाहियें तथा (जीमूतान्) मेघों को (हृदयौपशेन) जो हृदय में सोता है उस जीव से (पुरीतता) हृदयस्थ नाड़ी से (अन्तरिक्षम्) हृदय के अवकाश को (उदर्येण) उदर में होते हुए व्यवहार से (नभः) जल और (चक्रवाकौ) चकई चकवा पक्षियों के समान जो पदार्थ उन को (मतस्नाभ्याम्) गले के दोनों ओर के भागों से (दिवम्) प्रकाश को (वृक्काभ्याम्) जिन क्रियाओं से अवगुणों का त्याग होता है उनसे (गिरीन्) पर्वतों को (प्लाशिभिः) उत्तम भोजन आदि क्रियाओं से (उपलान्) दूसरे प्रकार के मेघों को (प्लीहा) हृदयस्थ प्लीहा अंग से (वल्मीकान्) मार्गों को (क्लोमभिः) गीलेपन और (ग्लौभिः) हर्ष तथा ग्लानियों से (गुल्मान्) दाहिनी ओर उदर में स्थित जो पदार्थ उनको (हिराभिः) बढ़तियों से (स्रवन्तीः) नदियों को (ह्रदान्) छोटे बड़े जलाशयों को (कुक्षिभ्याम्) कोखों से (समुद्रम्) अच्छे प्रकार जहां जल जाता उस समुद्र को (उदरेण) पेट और (भस्मना) जले हुए पदार्थ का जो शेषभाग उस राख से (वैश्वानरम्) सब के प्रकाश करनेहारे अग्नि को तुम लोग जानो॥ ८॥

भावार्थः—जो मनुष्य अनेक विद्याबोधों को प्राप्त होकर ठीक ठीक यथोचित आहार और विहारों से सब अङ्गों को अच्छे प्रकार पुष्ट कर रोगों की निवृत्ति करें तो वे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को अच्छे प्रकार प्राप्त होवें ॥ ८ ॥

विधृतिमित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । पूषादयो देवताः । भुरिगत्यष्टिश्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनः केन किं भवतीत्याह ॥

फिर किससे क्या होता है इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

विधृ॑तिं॒ नाभ्या॑ घृ॒तꣳ रसे॑ना॒पो यू॒ष्णा मरी॑ची॒र्वि॒प्रुड्भि॑र्नीहा॒रमू॒ष्मणा॑ शी॒नं वस॑या॒ प्रुष्वा॑ अश्रु॑भिर्ह्रा॒दुनी॑र्दू॒षीका॑भिर॒स्ना रक्षा॑ꣳसि चि॒त्राण्यङ्गै॒र्नक्ष॑त्राणि रू॒पेण॑ पृथि॒वीं त्व॒चा जु॑म्ब॒काय॒ स्वाहा॑ ॥ ९ ॥

विधृ॑ति॒मिति॒ वि॒ऽधृ॑तिम् । नाभ्या॑ । घृ॒तम् । रसे॑न । अ॒पः । यू॒ष्णा । मरी॑चीः । वि॒प्रुड्भि॒रिति॑ वि॒प्रुट्ऽभिः॑ । नी॒हा॒रम् । ऊ॒ष्मणा॑ । शी॒नम् । वस॑या । प्रुष्वाः॑ । अश्रु॑भि॒रित्यश्रु॑ऽभिः । ह्रा॒दुनीः॑ । दू॒षीका॑भिः । अ॒स्ना । रक्षा॑ꣳसि । चि॒त्राणि॑ । अङ्गैः॑ । नक्ष॑त्राणि । रू॒पेण॑ । पृ॒थि॒वीम् । त्व॒चा । जु॒म्ब॒काय॑ । स्वाहा॑ ॥ ९ ॥

पदार्थः—(विधृतिम्) विशेषेण धारणाम् (नाभ्या) शरीरस्य मध्यावयवेन (घृतम्) आज्यम् (रसेन) (अपः) जलानि (यूष्णा) क्वथितेन रसेन (मरीचीः) किरणान् (विप्रुड्भिः) विशेषेण पूर्णैः (नीहारम्) प्रभातसमये सोमवद्वर्त्तमानम् (ऊष्मणा) उष्णतया (शीनम्) संकुचितं घृतम् (वसया) निवासहेतुना जीवनेन (प्रुष्वाः) पुष्णन्ति सिञ्चन्ति याभिस्ताः (अश्रुभिः) रोदनैः (ह्रादुनीः) शब्दानामव्यक्तोच्चारणक्रियाः (दूषीकाभिः) विक्रियाभिः (अस्ना) रुधिराणि (रक्षांसि) पालयितव्यानि (चित्राणि) अद्भुतानि (अङ्गैः) अवयवैः (नक्षत्राणि) (रूपेण) (पृथिवीम्) भूमिम् (त्वचा) मांसरुधिरादीनां संवरकेणेन्द्रियेण (जुम्बकाय) अतिवेगवते (स्वाहा) सत्यां सत्यां वाचम् ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं नाभ्या विधृतिं घृतं रसेनापो यूष्णा मरीचीर्विप्रुड्भिर्नीहारमूष्मणा शीनं वसया प्रुष्वा अश्रुभिर्ह्रादुनीर्दूषीकाभिश्चित्राणि रक्षांस्यस्नाङ्गै रूपेण नक्षत्राणि त्वचा पृथिवीं विदित्वा जुम्बकाय स्वाहा प्रयुङ्ग्ध्वम् ॥ ९ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्धारणादिभिः कर्मभिर्दुर्व्यसनानि रोगांश्च निवार्य्य सत्यभाषणादिधर्मलक्षणानि विचार्य्य प्रवर्त्तनीयम् ॥ ९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! तुम लोग (नाभ्या) नाभि से (विधृतिम्) विशेष करके धारण को (घृतम्) घी को (रसेन) रस से (अपः) जलों को (यूष्णा) क्वाथ किये रस से (मरीचीः) किरणों को (विप्रुड्भिः) विशेषकर पूरण पदार्थों से (नीहारम्) कुहर को (ऊष्मणा) गरमी से (शीनम्) जमे हुए घी को (वसया) निवासहेतु जीवन से (प्रुष्वाः) जिनसे सींचते हैं उन क्रियाओं को (अश्रुभिः) आंसुओं से (ह्रादुनीः) शब्दों की अप्रकट उच्चारण-क्रियाओं को (दूषिकाभिः) विकाररूप क्रियाओं से (चित्राणि) चित्र विचित्र (रक्षांसि) पालना करने योग्य (अस्ना) रुधिरादि पदार्थों को (अङ्गैः) अङ्गों और (रूपेण) रूप से (नक्षत्राणि) तारागणों को और (त्वचा) मांस रुधिर आदि को ढांपने वाली खाल आदि से (पृथिवीम्) पृथिवी को जानकर (जुम्बकाय) अतिवेगवान् के लिये (स्वाहा) सत्य वाणी का प्रयोग अर्थात् उच्चारण करो ॥ ९ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को धारणा आदि क्रियाओं से खोटे आचरण और रोगों की निवृत्ति और सत्यभाषण आदि धर्म के लक्षणों का विचार कर प्रवृत्त करना चाहिये ॥ ९ ॥

हिरण्यगर्भ इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। हिरण्यगर्भो देवता। त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

अथ परमात्मा कीदृशोऽस्तीत्याह ॥

अब परमात्मा कैसा है इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ १० ॥

हिरण्यगर्भ इति हिरण्यऽगर्भः। सम्। अवर्त्तत। अग्रे। भूतस्य। जातः। पतिः। एकः। आसीत्। सः। दाधार। पृथिवीम्। द्याम्। उत। इमाम्। कस्मै। देवाय। हविषा। विधेम ॥ १० ॥

पदार्थः—(हिरण्यगर्भः) हिरण्यानि सूर्यादितेजांसि गर्भे यस्य स परमात्मा (सम्) (अवर्त्तत) वर्तमान आसीत् (अग्रे) भूम्यादिसृष्टेः प्राक् (भूतस्य) उत्पन्नस्य (जातः) प्रादुर्भूतस्य। अत्र षष्ठ्यर्थे प्रथमा। (पतिः) पालकः (एकः) असहायः (आसीत्) अस्ति (सः) (दाधार) धरति (पृथिवीम्) आकर्षणेन भूमिम् (द्याम्) प्रकाशम् (उत) अपि (इमाम्) सृष्टिम् (कस्मै) सुखकारकाय (देवाय) द्योतमानाय (हविषा) होतव्येन पदार्थेन (विधेम) परिचरेम ॥ १० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं यो हिरण्यगर्भो जातो जातस्य भूतस्यैकोऽग्रे पतिरासीत्सर्वप्रकाशोऽवर्त्तत स पृथिवीमुत द्यां संदाधार य इमां सृष्टिं कृतवांस्तस्मै कस्मै देवाय परमेश्वराय हविषा विधेम तथा यूयमपि विधत्त ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्या येन परमेश्वरेण सूर्यादि सर्वं जगन्निर्मितं स्वसामर्थ्येन धृतं च तस्यैवोपासनां कुरुत ॥ १० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे हम लोग जो (हिरण्यगर्भः) सूर्यादि तेज वाले पदार्थ जिसके भीतर हैं वह परमात्मा (जातः) प्रादुर्भूत और (भूतस्य) उत्पन्न हुए जगत् का (एकः) असहाय एक (अग्रे) भूमि आदि सृष्टि से पहिले भी (पतिः) पालन करने हारा (आसीत्) है और सब का प्रकाश करने वाला (अवर्त्तत) वर्त्तमान हुआ (सः) वह (पृथिवीम्) अपनी आकर्षण शक्ति से पृथिवी (उत) और (द्याम्) प्रकाश को (सम् दाधार) अच्छे प्रकार धारण करता है तथा जो (इमाम्) इस सृष्टि को बनाता हुआ अर्थात् जिसने सृष्टि की उस (कस्मै) सुख करने हारे (देवाय) प्रकाशमान परमात्मा के लिये (हविषा) होम करने योग्य पदार्थ से (विधेम) सेवन का विधान करें वैसे तुम लोग भी सेवन का विधान करो ॥१०॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे मनुष्यो ! जिस परमात्मा ने अपने सामर्थ्य से सूर्य आदि समस्त जगत् को बनाया और धारण किया है उसी की उपासना किया करो ॥ १० ॥

य: प्राणत इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । ईश्वरो देवता । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ।

यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव ।
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ ११ ॥

यः । प्राणतः । निमिषत इति निऽमिषतः । महित्वेति महिऽत्वा । एकः । इत् । राजा । जगतः । बभूव । यः । ईशे । अस्य । द्विपद इति द्विऽपदः । चतुष्पदः । चतुःपद इति चतुःऽपदः । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ॥ ११ ॥

पदार्थः—(यः) सूर्यः (प्राणतः) प्राणिनः (निमिषतः) चेष्टां कुर्वतः (महित्वा) महत्त्वेन (एकः) असहायः (इत्) एव (राजा) प्रकाशकः (जगतः) संसारस्य (बभूव) भवति (यः) (ईशे) ऐश्वर्यं करोति (अस्य) (द्विपदः) द्वौ पादौ यस्य तस्य मनुष्यादेः (चतुष्पदः) चत्वारः पादा यस्य गवादेस्तस्य (कस्मै) सुखकारकाय (देवाय) दीपकाय (हविषा) आदानेन (विधेम) सेवेमहि ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं यः प्राणतो निमिषतो जगतो महित्वैक इद्राजा बभूव योऽस्य द्विपदश्चतुष्पद ईशे तस्मै कस्मै देवाय हविषा विधेम तथा यूयमप्यनुतिष्ठत ॥ ११ ॥

भावार्थः—अत्रवाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यदि सूर्यो न स्यात्तर्हि स्थावरं जङ्गमं च जगत्स्वकार्यं कर्त्तुमसमर्थं स्यात् । यः सर्वेभ्यो महान् सर्वेषां प्रकाशक ऐश्वर्यप्राप्तिहेतुरस्ति स सर्वैर्युक्त्या सेवनीयः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे हम लोग (यः) जो सूर्य (प्राणतः) श्वास लेते हुए प्राणी और (निमिषतः) चेष्टा करते हुए (जगतः संसार का (महित्वा) बड़ेपन से (एकः) असहाय एक (इत्) ही (राजा) प्रकाश करने वाला (बभूव) होता है (यः) तथा जो (अस्य) इस (द्विपदः) दो दो पग वाले मनुष्यादि और (चतुष्पदः) चार चार पग वाले गौ आदि पशुरूप जगत् का (ईशे) प्रकाश करता है उस (कस्मै) सुख करने हारे (देवाय) प्रकाशक जगदीश्वर के लिये (हविषा) ग्रहण करने योग्य पदार्थ वा व्यवहार से (विधेम) सेवन करें वैसे तुम लोग भी अनुष्ठान किया करो ॥ ११ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो सूर्य न हो तो स्थावर वृक्ष आदि और जङ्गम मनुष्यादि जगत अपना अपना काम देने को समर्थ न हो । जो सब से बड़ा सब का प्रकाश करने वाला और ऐश्वर्य की प्राप्ति का हेतु है वह ईश्वर सब को युक्ति के साथ सेवने योग्य है ॥ ११ ॥

यस्येत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । ईश्वरो देवता । स्वराट्पङ्क्तिश्छन्दः ।
पञ्चमः स्वरः ॥

पुनः सूर्यवर्णनविषयमाह ॥

फिर सूर्य के वर्णन विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रꣳ सरया सहाहुः ।
यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ १२ ॥

यस्य । इमे । हिमवन्त इति हिमऽवन्तः । महित्वेति महिऽत्वा । यस्य । समुद्रम् । सरया । सह । आहुः । यस्य । इमाः । प्रदिश इति प्रऽदिशः । यस्य । बाहू इति बाहू । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ॥ १२ ॥

पदार्थः—(यस्य) (इमे) (हिमवन्तः) हिमालयादयः पर्वताः (महित्वा) महत्त्वेन (यस्य) (समुद्रम) अन्तरिक्षम (सरया) स्नेहनेन (सह) (आहुः) कथयन्ति (यस्य) (इमाः) (प्रदिशः) दिशो विदिशश्च (यस्य) (बाहू) भुजवद्वर्त्तमानाः (कस्मै) सुखरूपाय (देवाय) कमनीयाय (हविषा) हवनयोग्येन पदार्थेन (विधेम) परिचरेम ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यस्य सूर्यस्य महित्वा महत्त्वेनेमे हिमवन्त आकर्षिताः सन्ति यस्य सरया सह समुद्रमाहुर्यस्येमा दिशो यस्य प्रदिशश्च बाहू इवाहुस्तस्मै कस्मै देवाय हविषा वयं विधेम, एवं यूयमपि विधत्त ॥ १२ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यः सर्वेभ्यो महान् सर्वप्रकाशकः सर्वेभ्यो रसस्य हर्त्ता यस्य प्रतापेन दिशामुपदिशां च विभागो भवति स सवितृलोको युक्त्या सेवितव्यः ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (यस्य) जिस सूर्य के (महित्वा) बड़ेपन से (इमे) ये (हिमवन्तः) हिमालय आदि पर्वत आकर्षित और प्रकाशित हैं (यस्य) जिस के (सरया) स्नेह के (सह) साथ (समुद्रम्) अच्छे प्रकार जिस में जल ठहरते हैं उस अन्तरिक्ष को (आहुः) कहते हैं तथा (यस्य) जिस की (इमाः) इन दिशा और (यस्य) जिसकी (प्रदिशः) विदिशाओं को (बाहू) भुजाओं के समान वर्त्तमान कहते हैं उस (कस्मै) सुखरूप (देवाय) मनोहर सूर्यमण्डल के लिये (हविषा) होम करने योग्य पदार्थ से हम लोग (विधेम) सेवन का विधान करें ऐसे ही तुम भी विधान करो ॥ १२ ॥

भावार्थ.—हे मनुष्यो ! जो सब से बड़ा सब का प्रकाश करने और सब पदार्थों से रस का लेनेहारा जिस के प्रताप से दिशा और विदिशाओं का विभाग होता है, वह सूर्य्यलोक युक्ति के साथ सेवन करने योग्य है ॥ १२ ॥

य आत्मदा इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । परमात्मा देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनरुपासित ईश्वरः किं ददातीत्याह ॥

फिर उपासना किया ईश्वर क्या देता है इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

य आ॑त्म॒दा ब॑ल॒दा यस्य॒ विश्व॑ऽउ॒पास॑ते प्र॒शिषं॒ यस्य॑ दे॒वाः ।
यस्य॑ च्छा॒याऽमृत॒ं यस्य॑ मृ॒त्युः कस्मै॑ दे॒वाय॑ ह॒विषा॑ विधेम ॥ १३ ॥

यः । आ॒त्म॒दा इत्या॑त्म॒ऽदाः । ब॒ल॒दा इति॑ ब॒ल॒ऽदाः । यस्य॑ । विश्वे॑ । उ॒पास॑त॒ इत्यु॑प॒ऽआस॑ते । प्र॒शिष॒मिति॑ प्र॒ऽशिष॑म् । यस्य॑ । दे॒वाः । यस्य॑ । छा॒या । अ॒मृत॑म् । यस्य॑ । मृ॒त्युः । कस्मै॑ । दे॒वाय॑ । ह॒विषा॑ । वि॒धे॒म ॥ १३ ॥

पदार्थः—(यः) (आत्मदाः) य आत्मानं ददाति सः (बलदाः) यो बलं ददाति सः (यस्य) (विश्वे) (उपासते) (प्रशिषम्) प्रशासनम् (यस्य) (देवाः) विद्वांसः (यस्य) (छाया) आश्रयः (अमृतम्) (यस्य) (मृत्युः) (कस्मै) (देवाय) (हविषा) (विधेम) ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या य आत्मदा बलदा यस्य प्रशिषं विश्वे देवा उपासते यस्य सकाशात्सर्वे व्यवहारा जायन्ते यस्य च्छायाऽमृतं यस्याज्ञाभङ्गो मृत्युस्तस्मै कस्मै देवाय वयं हविषा विधेम ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यस्य जगदीश्वरस्य प्रशासने कृतायां मर्यादायां सूर्यादयो लोका नियमेन वर्त्तन्ते येन सूर्येण विना वर्षा आयुःक्षयश्च न जायते स येन निर्मितस्तस्यैवोपासनां सर्वे मिलित्वा कुर्वन्तु ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (यः) जो (आत्मदाः) आत्मा को देने और (बलदाः) बल देने वाला (यस्य) जिस की (प्रशिषम्) उत्तम शिक्षा को (विश्वे) समस्त (देवाः) विद्वान् लोग (उपासते) सेवते (यस्य) जिसके समीप से सब व्यवहार उत्पन्न होते (यस्य) जिस का (छाया) आश्रय (अमृतम्) अमृतस्वरूप और (यस्य) जिसकी आज्ञा का भंग (मृत्युः) मरण के तुल्य है उस (कस्मै) सुखरूप (देवाय) स्तुति के योग्य परमात्मा के लिये हम लोग (हविषा) होमने के पदार्थ से (विधेम) सेवा का विधान करें ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जिस जगदीश्वर की उत्तम शिक्षा में की हुई मर्यादा में सूर्य आदि लोक नियम के साथ वर्त्तमान हैं, जिस सूर्य के विना जल की वर्षा और अवस्था का नाश नहीं होता वह सवितृमण्डल जिसने बनाया है उसी की उपासना सब मिलकर करें ॥ १३ ॥

आ न इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । यज्ञो देवता । निचृज्जगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किमेष्टव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को किसकी इच्छा करनी चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ।

आ नो॑ भ॒द्राः क्रत॑वो यन्तु वि॒श्वतोऽद॑ब्धासो॒ अप॑रीतास उ॒द्भिदः॑ ।
दे॒वा नो॒ यथा॒ सद॒मिद्वृ॒धे अस॒न्नप्रा॑युवो रक्षि॒तारो॑ दि॒वेदि॑वे ॥ १४ ॥

आ । नः॒ । भ॒द्राः । क्रत॑वः । य॒न्तु । वि॒श्वतः॑ । अद॑ब्धासः । अप॑रीता॒स॒ इत्यप॑रिऽइतासः । उ॒द्भिद॒ इत्यु॒त्ऽभिदः॑ । दे॒वाः । नः॒ । यथा॑ । सद॑म् । इत् । वृ॒धे । अस॑न् । अप्रा॑युव॒ इत्यप्र॑ऽआयुवः । र॒क्षि॒तारः॑ । दि॒वेदि॑व॒ऽइति॑ दि॒वेदि॑वे ॥ १४ ॥

पदार्थः—(आः) (नः) अस्मान् (भद्राः) कल्याणकराः (क्रतवः) यज्ञाः प्रज्ञा वा (यन्तु) प्राप्नुवन्तु (विश्वतः) सर्वतः (अदब्धासः) अहिंसिताः (अपरीतासः) अन्यैरव्याप्ताः (उद्भिदः) य उद्भिन्दन्ति (देवाः) पृथिव्यादय इव विद्वांसः (नः) अस्माकम् (यथा) (सदम) सीदन्ति प्राप्नुवन्ति यस्यां ताम् (इत्) एव (वृधे) वृद्धये (असन्) भवन्तु (अप्रायुवः) अनष्टायुषः (रक्षितारः) रक्षकाः (दिवेदिवे) प्रतिदिनम् ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो यथा नोऽस्मान् विश्वतो भद्रा अदब्धासोऽपरीतास उद्भिदः क्रतव आ यन्तु यथा नः सदं प्राप्ता अप्रायुवो देवा इद्दिवेदिवे वृधे रक्षितारोऽसन् तथाऽनुतिष्ठन्तु ॥ १४ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैः परमेश्वरस्य विज्ञानाद्विदुषां सङ्गेन पुष्कलाः प्रज्ञाः प्राप्य सर्वतो धर्ममाचर्य नित्यं सर्वेषां रक्षकैर्भवितव्यम् ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे विद्वानो ! जैसे (नः) हम लोगों को (विश्वतः) सब ओर से (भद्राः) कल्याण करने वाले (अदब्धासः) जो विनाश को न प्राप्त हुए (अपरीतासः) औरों ने जो न व्याप्त किये अर्थात् सब कामों से उत्तम (उद्भिदः) जो दुःखों को विनाश करते वे (क्रतवः) यज्ञ वा बुद्धि बल (आ, यन्तु) अच्छे प्रकार प्राप्त हों (यथा) जैसे (नः) हम लोगों की (सदम्) उस सभा को कि जिसमें स्थित होते हैं प्राप्त हुए (अप्रायुवः) जिनकी अवस्था नष्ट नहीं होती वे (देवाः) पृथिवी आदि पदार्थों के समान विद्वान् जन (इत्) ही (दिवेदिवे) प्रतिदिन (वृधे) वृद्धि के लिये (रक्षितारः) पालना करने वाले (असन्) हों वैसा आचरण करो ॥ १४ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को परमेश्वर के विज्ञान और विद्वानों के संग से बहुत बुद्धियों को प्राप्त होकर सब ओर से धर्म का आचरण कर नित्य सब की रक्षा करनेवाले होना चाहिये ॥१४॥

देवानामित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । विद्वांसो देवताः । जगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ।

देवानां भद्रा सुमतिर्ऋजूयतां देवानाᳬं रातिरभि नो निवर्त्तताम् ।
देवानाᳬं सख्यमुपसेदिमा वयं देवा न आयुः प्रतिरन्तु जीवसे ॥१५॥

देवानाम् । भद्रा । सुमतिरिति सुऽमतिः । ऋजूयताम् । ऋजुयतामित्यृजुऽयताम् । देवानाम् । रातिः । अभि । नः । नि । वर्त्तताम् । देवानाम् । सख्यम् । उप । सेदिम । आ । वयम् । देवाः । नः । आयुः । प्र । तिरन्तु । जीवसे ॥१५॥

पदार्थः—(देवानाम्) विदुषाम् (भद्रा) कल्याणकरी (सुमतिः) शोभना प्रज्ञा (ऋजूयताम्) सरलीकुर्वताम् (देवानाम्) दातणाम् (रातिः) विद्यादिदानम् (अभि) सर्वतः (नः) अस्मान् (नि) (वर्त्तताम्) (देवानाम्) विदुषाम् (सख्यम्) मित्रत्वम् (उप) (सेदिम) प्राप्नुयाम (आ) (वयम्) (देवाः) विद्वांसः (नः) अस्माकम् (आयुः) प्राणधारणम् (प्र) (तिरन्तु) पूर्णं भोजयन्तु (जीवसे) जीवितुम् ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा देवानां भद्रा सुमतिरस्मानृजूयतां देवानां रातिर्नोऽस्मानभिनिवर्त्ततां वयं देवानां सख्यमुपासेदिम देवा नो जीवस आयुः प्रतिरन्तु तथा युष्मान्प्रति वर्त्तन्ताम् ॥ १५ ॥

भावार्थः—सर्वैर्मनुष्यैराप्तानां विदुषां सकाशात्प्रज्ञाः प्राप्य ब्रह्मचर्येणायुः संवर्ध्य सदैव धार्मिकैः सह मित्रता रक्षणीया ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (देवानाम्) विद्वानों की (भद्रा) कल्याण करने वाली (सुमतिः) उत्तम बुद्धि हम लोगों को और (ऋजूयताम्) कठिन विषयों को सरल करते हुए (देवानाम्) देने वाले विद्वानों का (रातिः) विद्या आदि पदार्थों का देना (नः) हम लोगों को (अभि, नि, वर्त्तताम्) सब ओर से सिद्ध करे सब गुणों से पूर्ण करे (वयम्) हम लोग (देवानाम्) विद्वानों की (सख्यम्) मित्रता को (उप सेदिम) अच्छे प्रकार पावें (देवाः) विद्वान् (नः) हम को (जीवसे) जीने के लिये (आयुः) जिससे प्राण का धारण होता उस आयुर्दा को (प्र, तिरन्तु) पूरी भुगावें वैसे तुम्हारे प्रति वर्त्ताव रक्खें ॥ १५ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों को चाहिये कि पूर्ण शास्त्रवेत्ता विद्वानों के समीप से उत्तम बुद्धियों को पाकर ब्रह्मचर्य आश्रम से आयु को बढ़ा के सदैव धार्मिक जनों के साथ मित्रता रक्खें ॥ १५ ॥

तान्पूर्वयेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः । जगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

तान्पूर्वया निविदा हूमहे वयं भगं मित्रमदितिं दक्षमस्त्रिधम् ।
अर्यमणं वरुणꣳ सोममश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥१६॥

तान् । पूर्वया । निविदेति निऽविदा । हूमहे । वयम् । भगम् । मित्रम् । अदितिम् । दक्षम् । अस्त्रिधम् । अर्यमणम् । वरुणम् । सोमम् । अश्विना । सरस्वती । नः । सुभगेति सुऽभगा । मयः । करत् ॥ १६ ॥

पदार्थः—(तान्) पूर्वोक्तान् (पूर्वया) पूर्वैः स्वीकृतया (निविदा) वेदवाचा । *निविदिति वाङ्ना० निघ० १ । ११ ॥* (हूमहे) स्पर्द्धेमहि (वयम्) (भगम्) ऐश्वर्यकारकम् (मित्रम्) सर्वस्य सुहृदम् (अदितिम्) अखण्डितप्रज्ञम् (दक्षम्) चतुरम् (अस्त्रिधम्) अहिंसनीयम् (अर्यमणम्) प्रजायाः पालकम् (वरुणम्) श्रेष्ठम् (सोमम्) ऐश्वर्यवन्तम् (अश्विना) अध्यापकोपदेशकौ (सरस्वती) सर्वविद्यायुक्ता (नः) अस्मभ्यम् (सुभगा) सुष्ठ्वैश्वर्या (मयः) सुखम् (करत्) कुर्यात् ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं पूर्वया निविदा दक्षमर्यमणमस्त्रिधं भगं मित्रमदितिं वरुणं सोममश्विना हूमहे यथा सुभगा सरस्वती नो युष्मभ्यं च मयस्करत्तथा तान् यूयमप्याह्वयत कुरुत च ॥ १६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । मनुष्यैर्यद्यद्वेदोक्तं कर्म तत्तदेवानुष्ठेयं यथा सद्विद्यार्थिनः स्पर्द्धया विद्यां वर्द्धयन्ति तथैव सर्वैर्विद्या वर्द्धनीया । यथा पूर्णविद्या माता सन्तानान् सुशिक्षया विद्याः प्रापय्य वर्द्धयति तथैव सर्वैः सर्वस्मै सुखं दत्त्वा सर्वे वर्द्धनीयाः ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (वयम्) हम लोग (पूर्वया) अगले सज्जनों ने स्वीकार की हुई (निविदा) वेदवाणी से (दक्षम्) चतुर (अर्यमणम्) प्रजापालक (अस्रिधम्) न विनाश करने योग्य (भगम्) ऐश्वर्य कराने वाले (मित्रम्) सब के मित्र (अदितिम्) जिसकी बुद्धि कभी खण्डित नहीं होती उस (वरुणम्) श्रेष्ठ (सोमम्) ऐश्वर्यवान् तथा (अश्विना) पढ़ाने वाले को (हूमहे) परस्पर हिरस करते हुए चाहते हैं। जैसे (सुभगा) सुन्दर ऐश्वर्य वाली (सरस्वती) समस्त विद्याओं से पूर्ण वेदवाणी (नः) हमारे और तुम्हारे लिये (मयः) सुख को (करत्) करे वैसे (तान्) उन उक्त सज्जनों को तुम भी चाहो और सुख करो ।। १६ ।।

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। मनुष्यों को चाहिये कि जो जो वेद में कहा हुआ काम है उस उस का ही अनुष्ठान करें। जैसे अच्छे विद्यार्थी दूसरे की हिरस से अपनी विद्या को बढ़ाते हैं वैसे ही सब को विद्या बढ़ानी चाहिये। जैसे परिपूर्ण विद्यायुक्त माता अपने सन्तानों को अच्छी शिक्षा दे, विद्याओं की प्राप्ति करा, उन की विद्या बढ़ाती है वैसे ही सब को सब के लिये सुख देकर सब की वृद्धि करनी चाहिये ।। १६ ।।

तन्न इत्यस्य गोतम ऋषिः । वायुर्देवता । भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ।।

पुनः का किं कुर्यादित्याह ।।

फिर कौन क्या करे इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ।।

तन्नो वातो मयोभु वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः ।
तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना शृणुतं धिष्ण्या युवम् ।।१७।।

तत् । नः । वातः । मयोभ्विति मयःऽभु । वातु । भेषजम् । तत् । माता । पृथिवी । तत् । पिता । द्यौः । तत् । ग्रावाणः । सोमसुत इति सोमऽसुतः । मयोभुव इति मयःऽभुवः । तत् । अश्विना । शृणुतम् । धिष्ण्या । युवम् ।।१७।।

पदार्थः—(तत्) (नः) अस्मभ्यम् (वातः) वायुः (मयोभु) सुखकारि (वातु) प्रापयतु (भेषजम्) औषधम् (तत्) (माता) मान्यप्रदा (पृथिवी) विस्तीर्णा भूमिः (तत्) (पिता) पालनहेतुः (द्यौः) सूर्यः (तत्) (ग्रावाणः) मेघाः (सोमसुतः) ओषध्यैश्वर्योत्पादकाः (मयोभुवः) सुखंभावुकाः (तत्) (अश्विना) अध्यापकोपदेशकौ (शृणुतम्) (धिष्ण्या) भूमिवद्धर्त्तारौ (युवम्) युवाम् ।। १७ ।।

अन्वयः—हे अश्विना धिष्ण्या युवमस्माभिरधीतं शृणुतं यथा नो वातस्तन्मयोभु भेषजं वातु तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौर्वातु तत्सोमसुतो मयोभुवो ग्रावाणो वान्तु तद्युष्मभ्यमप्यस्तु ।। १७ ।।

भावार्थः—यस्य पृथिवीव माता द्यौरिव पिता भवेत्स सर्वतः कुशलीभूत्वा सर्वान्नरोगाश्चतुरान् कुर्यात् ॥ १७ ॥

पदार्थः—हे (अश्विना) पढ़ाने और पढ़नेहारे सज्जनो ! (धिष्ण्या) भूमि के समान धारण करने वाले (युवम्) तुम दोनों हम लोगों ने जो पढ़ा है उसको (शृणुतम्) सुनो जैसे (नः) हम लोगों के लिये (वातः) पवन (तत्) उस (मयोभु) सुख करने हारी (भेषजम्) ओषधि की (वातु) प्राप्ति करे (तत्) उस ओषधि को (माता) मान्य देने वाली (पृथिवी) विस्तारयुक्त भूमि तथा (तत्) उसको (पिता) पालना का हेतु (द्यौः) सूर्यमण्डल प्राप्त करे तथा (तत्) उसको (सोमसुतः) ओषधि और ऐश्वर्य को उत्पन्न करने और (मयोभुवः) सुख की भावना कराने हारे (ग्रावाणः) मेघ प्राप्त करें (तत्) यह सब व्यवहार तुम्हारे लिये भी होवे ॥ १७ ॥

भावार्थः—जिसकी पृथिवी के समान माता और सूर्य के समान पिता हो वह सब ओर से कुशली सुखी होकर सब को नीरोग और चतुर करो ॥ १७ ॥

तमीशानमित्यस्य गोतम ऋषिः । ईश्वरो देवता । निचृज्जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनरीश्वरः कीदृशः किमर्थ उपासनीय इत्याह ॥

फिर ईश्वर कैसा है और किसलिये उपासना के योग्य है इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

तमीशा॑नं॒ जग॑तस्त॒स्थुष॒स्पतिं॑ धियंजि॒न्वमव॑से हूमहे व॒यम् ।
पू॒षा नो॒ यथा॒ वेद॑सा॒मस॑द्वृ॒धे र॑क्षि॒ता पा॒युरद॑ब्धः स्व॒स्तये॑ ॥१८॥

तत् । ईशा॑नम् । जग॑तः । त॒स्थुषः॑ । पति॑म् । धि॒यं॒जि॒न्वमिति॑ धियम्ऽजि॒न्वम् । अव॑से । हू॒म॒हे॒ । व॒यम् । पू॒षा । नः॒ । यथा॑ । वेद॑साम् । अस॑त् । वृ॒धे । र॒क्षि॒ता । पा॒युः । अद॑ब्धः । स्व॒स्तये॑ ॥ १८ ॥

पदार्थः—(तम्) (ईशानम्) ईशनशीलम् (जगतः) जङ्गमस्य (तस्थुषः) स्थावरस्य (पतिम्) पालकम् (धियञ्जिन्वम्) यो धियं प्रज्ञां जिन्वति प्रीणाति तम् (अवसे) रक्षणाद्याय (हूमहे) स्तुमः (वयम्) (पूषा) पुष्टिकर्त्ता (नः) अस्माकम् (यथा) (वेदसाम्) धनानाम् (असत्) भवेत् (वृधे) वृद्धये (रक्षिता) रक्षणकर्त्ता (पायुः) सर्वस्य रक्षकः (अदब्धः) अहिंसकः (स्वस्तये) सुखाय ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या वयमवसे जगतस्तस्थुषस्पतिं धियंजिन्वं तमीशानं हूमहे स यथा नो वेदसां वृधे पूषा रक्षिता स्वस्तये पायुरदब्धोऽसत्तथा यूयं कुरुत स च युष्मभ्यमप्यस्तु ॥ १८ ॥

भावार्थः—सर्वे विद्वांसः सर्वान्प्रत्येवमुपदिशेयुर्यस्य सर्वशक्तिमतो निराकारस्य सर्वत्र व्यापकस्य परमेश्वरस्योपासनं वयं कुर्मस्तमेव सुखैश्वर्यवर्धकं जानीमस्तस्यैवोपासनं यूयमपि कुरुत तमेव सर्वोन्नतिकरं च विजानीत ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (वयम्) हम लोग (अवसे) रक्षा आदि के लिये (जगतः) चर और (तस्थुषः) अचर जगत् के (पतिम्) रक्षक (धियंजिन्वम्) बुद्धि को तृप्त प्रसन्न वा शुद्ध करने वाले (तम्) उस अखण्ड (ईशानम्) सब को वश में रखने वाले सब के स्वामी परमात्मा की (हूमहे) स्तुति करते हैं वह (यथा) जैसे (नः) हमारे (वेदमाम्) धनों की (वृधे) वृद्धि के लिये (पूषा) पुष्टिकर्त्ता तथा (रक्षिता) रक्षा करने हारा (स्वस्तये) सुख के लिये (पायुः) सब का रक्षक (अदब्धः) नहीं मारने वाला (असत्) होवे वैसे तुम लोग भी उसकी स्तुति करो और वह तुम्हारे लिये भी रक्षा आदि का करने वाला होवे ॥ १८ ॥

भावार्थः—सब विद्वान् लोग सब मनुष्यों के प्रति ऐसा उपदेश करें कि जिस सर्वशक्तिमान् निराकार सर्वत्र व्यापक परमेश्वर की उपासना हम लोग करें तथा उसी को सुख और ऐश्वर्य का बढ़ाने वाला जानें, उसी की उपासना तुम लोग भी करो और उसी को सब की उन्नति करने वाला जानो ॥ १८ ॥

स्वस्ति न इत्यस्य गोतम ऋषिः । ईश्वरो देवता । स्वराड्बृहती छन्दः ।
मध्यमः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किमेष्टव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को किसकी इच्छा करनी चाहिये इस विषय को
अगले मन्त्र में कहा है ॥

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥१९॥

स्वस्ति । नः । इन्द्रः । वृद्धश्रवा इति वृद्धऽश्रवाः । स्वस्ति । नः । पूषा । विश्ववेदा इति विश्वऽवेदाः । स्वस्ति । नः । तार्क्ष्यः । अरिष्टनेमिरित्यरिष्टऽनेमिः । स्वस्ति । नः । बृहस्पतिः । दधातु ॥ १९ ॥

पदार्थः—(स्वस्ति) सुखम् (नः) अस्मभ्यम् (इन्द्रः) परमैश्वर्यवानीश्वरः (वृद्धश्रवाः) वृद्धं श्रवः श्रवणं यस्य सः (स्वस्ति) (नः) (पूषा) सर्वतः पोषकः (विश्ववेदाः) विश्वं सर्वं जगद्वेदो धनं यस्य सः (स्वस्ति) (नः) (तार्क्ष्यः) अश्व इव । तार्क्ष्य इत्यश्वना० । निघं० १ । १४ ॥ (अरिष्टनेमिः) योऽरिष्टानि सुखानि प्रापयति सः । अत्रारिष्टोपपदाण्णीञ् प्रापणे धातोरौणादिको मिः प्रत्ययः । (स्वस्ति) (नः) (बृहस्पतिः) बृहतां महत्तत्त्वादीनां स्वामी पालकः (दधातु) ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यो वृद्धश्रवा इन्द्रो नः स्वस्ति यो विश्ववेदाः पूषा नः स्वस्ति यस्ताक्ष्यं इवारिष्टनेमिः सन्नः स्वस्ति यो बृहस्पतिर्नः स्वस्ति दधातु स युष्मभ्यमपि सुखं दधातु ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यथा स्वार्थं सुखमेष्टव्यं तथाऽन्यार्थमप्येषितव्यं यथा कश्चिदपि स्वार्थं दुःखं नेच्छति तथा परार्थमपि नैषितव्यम् ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो (वृद्धश्रवाः) बहुत सुनने वाला (इन्द्रः) परम ऐश्वर्यवान् ईश्वर (नः) हमारे लिये (स्वस्ति) उत्तम सुख जो (विश्ववेदाः) समस्त जगत् में वेद ही जिस का धन है वह (पूषा) सब का पुष्टि करने वाला (नः) हम लोगों के लिये (स्वस्ति) सुख जो (ताक्ष्यंः) घोड़े के समान (अरिष्टनेमिः) सुखों की प्राप्ति कराता हुआ (नः) हम लोगों के लिये (स्वस्ति) उत्तम सुख तथा जो (बृहस्पतिः) महत्तत्त्व आदि का स्वामी वा पालना करने वाला परमेश्वर (नः) हमारे लिये (स्वस्ति) उत्तम सुख को (दधातु) धारण करे ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जैसे अपने सुख को चाहें वैसे और के लिये भी चाहें जैसे कोई भी अपने लिये दुःख नहीं चाहता वैसे और के लिये भी न चाहें ॥ १६ ॥

पृषदश्वा इत्यस्य गोतम ऋषिः । विद्वांसो देवताः । जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनः के किं कुर्युरित्याह ॥

फिर कौन क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभंयावानो विदथेषु जग्मयः ।
अग्निजिह्वा मनवः सूरचक्षसो विश्वे नो देवा अवसागमन्निह ॥२०॥

पृषदश्वा इति पृषत्ऽअश्वाः । मरुतः । पृश्निमातर इति पृश्निऽमातरः । शुभंयावान इति शुभम्ऽयावानः । विदथेषु । जग्मयः । अग्निजिह्वा इत्यग्निऽजिह्वाः । मनवः । सूरचक्षस इति सूरऽचक्षसः । विश्वे । नः । देवाः । अवसा । आ । अगमन् । इह ॥ २० ॥

पदार्थः—(पृषदश्वाः) पृषतः पुष्ट्यादिना संसिक्ताङ्गा अश्वा येषान्ते (मरुतः) मनुष्याः (पृश्निमातरः) पृश्निरन्तरिक्षं माता येषां वायूनां ते इव (शुभंयावानः) ये शुभं कल्याणं यान्ति प्राप्नुवन्ति ते । अत्र वाच्छन्दसि सर्वे विधयो भवन्तीति द्वितीयाया अलुक् (विदथेषु) संग्रामेषु (जग्मयः) संगन्तारः (अग्निजिह्वाः) अग्निरिव सुप्रकाशिता जिह्वा वाणी येषान्ते । *जिह्वेति वाङ्ना० । निघं० । १ । ११ ।।* (मनवः) मननशीलाः (सूरचक्षसः) सूर ऐश्वर्ये प्रेरणे वा चक्षो दर्शनं येषान्ते (विश्वे) सर्वे

(नः) अस्मान् (देवाः) विद्वांसः (अवसा) रक्षणाद्येन सह (आ) (अगमन्) प्राप्नुवन्तु (इह) अस्मिन्संसारे वर्त्तमानसमये वा ॥ २० ॥

अन्वयः—ये पृश्निमातर इव पृषदश्वा मरुतो विदथेषु शुभंयावानो जग्मयोऽग्निजिह्वा सूरचक्षसो विश्वे देवा मनवोऽवसा सह वर्त्तन्ते त इह नोऽस्मानागमन् ॥ २० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । मनुष्यैर्विदुषां सङ्गः सदैव प्रार्थनीयो यथाऽस्मिञ्जगति सर्वे वायवः सर्वेषां जीवनहेतवः सन्ति तथात्र जंगमेषु विद्वांसः सन्ति ॥ २० ॥

पदार्थः—जो (पृश्निमातरः) जिनको मान्य देने वाला अन्तरिक्ष माता के तुल्य है उन वायुओं के समान (पृषदश्वाः) जिन के पुष्टि आदि से सींचे अङ्गों वाले घोड़े हैं वे (मरुतः) मनुष्य तथा (विदथेषु) संग्रामों में (शुभंयावानः) जो उत्तम सुख को प्राप्त होने और (जग्मयः) संग करने वाले (अग्निजिह्वाः) जिन की अग्नि के समान प्रकाशित वाणी और (सूरचक्षसः) जिन का ऐश्वर्य वा प्रेरणा में दर्शन होवे ऐसे (विश्वे) समस्त (देवाः) विद्वान् (मनवः) जन (अवसा) रक्षा आदि के साथ वर्त्तमान हैं वे लोग (इह) इस संसार वा इस समय में (नः) हम लोगों को (आ, अगमन्) प्राप्त होवें ॥ २० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । मनुष्यों को विद्वानों का संग सदैव प्रार्थना करने योग्य है । जैसे जगत् में सब वायु आदि पदार्थ सब मनुष्यों वा प्राणियों के जीवन के हेतु हैं वैसे इस जगत् में चेतनों में विद्वान् हैं ॥ २० ॥

भद्रमित्यस्य गोतम ऋषिः । विद्वांसो देवताः । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ॥२१॥

भद्रम् । कर्णेभिः । शृणुयाम । देवाः । भद्रम् । पश्येम । अक्षभिरित्यक्षऽभिः । यजत्राः । स्थिरैः । अङ्गैः । तुष्टुवाꣳसः । तुस्तुवाꣳस इति तुस्तुऽवाꣳसः । तनूभिः । वि । अशेमहि । देवहितमिति देवऽहितम् । यत् । आयुः ॥ २१ ॥

पदार्थः—(भद्रम्) सत्यलक्षणकरं वचः (कर्णेभिः) श्रोत्रैः (शृणुयाम) (देवाः) विद्वांसः (भद्रम्) कल्याणम् (पश्येम) (अक्षभिः) चक्षुर्भिः (यजत्राः) संगन्तारः (स्थिरैः) दृढैः (अङ्गैः) अवयवैः (तुष्टुवांसः) स्तुवन्तः (तनूभिः) शरीरैः (वि, अशेमहि) प्राप्नुयाम (देवहितम्) देवेभ्यो विद्वद्भ्यो हितम् (यत्) (आयुः) जीवनम् ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे यजत्रा देवा विद्वांसो भवत्सङ्गेन वयं कर्णेभिर्भद्रं शृणुयामाक्षभिर्भद्रं पश्येम स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसः सन्तस्तनूभिर्यद्देवहितमायुस्तद् व्यशेमहि ॥ २१ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्या विद्वत्सङ्गेन विद्वांसो भूत्वा सत्यं शृणुयुः सत्यं पश्येयुर्जगदीश्वरं स्तुयुस्तर्हि ते दीर्घायुषो भवेयुः। मनुष्यैरसत्यश्रवणं कुदर्शनं मिथ्या-स्तुतिर्व्यभिचारश्च कदापि नैव कर्त्तव्यः॥ २१ ॥

पदार्थः—हे (यजत्राः) संग करने वाले (देवाः) विद्वानो ! आप लोगों के साथ से हम (कर्णेभिः) कानों से (भद्रम्) जिससे सत्यता जानी जावे उस वचन को (शृणुयाम) सुनें (अक्षभिः) आंखों से (भद्रम्) कल्याण को (पश्येम) देखें (स्थिरैः) दृढ (अङ्गैः) अवयवों से (तुष्टुवांसः) स्तुति करते हुए (तनूभिः) शरीरों से (यत्) जो (देवहितम्) विद्वानों के लिये सुख करने हारी (आयुः) अवस्था है उस को (वि, अशेमहि) अच्छे प्रकार प्राप्त हों ॥ २१ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य विद्वानों के साथ से विद्वान् होकर सत्य सुनें, सत्य देखें और जगदीश्वर की स्तुति करें तो वे बहुत अवस्था वाले हों। मनुष्यों को चाहिये कि असत्य का सुनना, खोटा देखना, झूठी स्तुति प्रार्थना प्रशंसा और व्यभिचार कभी न करें॥ २१ ॥

शतमित्यस्य गोतम ऋषिः। विद्वांसो देवताः। त्रिष्टुप् छन्दः।
धैवतः स्वरः ॥

पुनरस्मदर्थं के किं कुर्युरित्याह ॥

फिर हमारे लिये कौन क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्।
पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरिषतायुर्गन्तोः ॥ २२ ॥

शतम्। इत्। नु। शरदः। अन्ति। देवाः। यत्र। नः। चक्र। जरसम्। तनूनाम्। पुत्रासः। यत्र। पितरः। भवन्ति। मा। नः। मध्या। रीरिषत। रिरिषतेति रिरिषत। आयुः। गन्तोः ॥ २२ ॥

पदार्थः—(शतम्) शतवार्षिकम् (इत्) एव (नु) सद्यः (शरदः) शरदृत्वन्तानि (अन्ति) अन्तिके (देवाः) विद्वांसः (यत्र) यस्मिन्। अत्र निपातस्य चेति दीर्घः। (नः) अस्माकम् (चक्र) कुर्वन्तु। अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः। (जरसम्) जराः (तनूनाम्) शरीराणाम् (पुत्रासः) वृद्धावस्थाजन्यदुःखात्त्रातारः (यत्र) (पितरः) पितर इव वर्त्तमानाः (भवन्ति) (मा) (नः) अस्माकम् (मध्या) पूर्णायुषो भोगस्य मध्ये (रीरिषत) हनत (आयुः) जीवनम् (गन्तोः) गमनम् ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे देवा भवदन्ति स्थितानां नोऽस्माकं यत्र तनूनां जरसं शतं शरदः स्युस्तन्नु चक्र । यत्र पुत्रास इत्पितरो भवन्ति तन्नो गन्तोरायुर्मध्या मा रीरिषत ॥ २२ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्दीर्घमष्टचत्वारिंशद्वर्षपरिमितं ब्रह्मचर्यं सदा सेवनीयम् । येन पितृषु विद्यमानेषु पुत्रा अपि पितरो भवेयुः । यदा शतवार्षिकमायुर्व्यतीयात्तदैव शरीराणां जराऽवस्था भवेत् । यदि ब्रह्मचर्येण सह, न्यूनान्न्यूनानि पञ्चविंशतिर्वर्षाणि व्यतीतानि स्युस्ततः पश्चादप्यतिमैथुनेन ये वीर्यक्षयं कुर्वन्ति तर्हि ते सरोगा निर्बुद्धयो भूत्वा दीर्घायुषः कदापि न भवन्ति ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे (देवाः) विद्वानो ! आप के (अन्ति) समीप स्थित (नः) हम लोगों के (यत्र) जिस व्यवहार में (तनूनाम्) शरीरों की (जरसम्) वृद्धावस्था और (शतम्) सौ (शरदः) वर्ष पूरे हों उस व्यवहार को (नु) शीघ्र (चक्र) करो (यत्र) जहां (पुत्रासः) बुढ़ापे के दुःखों से रक्षा करने वाले लड़के (इत्) ही (पितरः) पिता के समान वर्त्तमान (भवन्ति) होते हैं उस (नः) हम लोगों की (गन्तोः) चाल और (आयुः) अवस्था को (मध्या) पूरी अवस्था भोगने के बीच (मा, रीरिषत) मत नष्ट करो ॥ २२ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को सदा दीर्घकाल अर्थात् अड़तालीस वर्ष प्रमाणे ब्रह्मचर्य सेवना चाहिये । जिससे पिता आदि के विद्यमान होते ही लड़के भी पिता हो जावें अर्थात् उनके भी लड़के हो जावें । और जब सौ वर्ष आयु बीते तभी शरीरों की वृद्धावस्था होवे । जो ब्रह्मचर्य के साथ कम से कम पचीच वर्ष व्यतीत होवे उससे पीछे भी अतिमैथुन करके जो लोग वीर्य का नाश करते हैं तो वे रोगसहित निर्बुद्धि होके अधिक अवस्था वाले कभी नहीं होते ॥ २२ ॥

अदितिरित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । द्यौरित्यादयो देवताः । त्रिष्टुप् छन्दः ॥ धैवतः स्वरः ॥

अथादितिशब्दस्यानेकाऽर्थाः सन्तीत्याह ॥

अब अदिति शब्द के अनेक अर्थ हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

अदि॑ति॒र्द्यौरदि॑तिर॒न्तरि॑क्ष॒मदि॑तिर्मा॒ता स पि॒ता स पु॒त्रः ।
विश्वे॑ दे॒वा अदि॑तिः पञ्च॒ जना॒ अदि॑तिर्जा॒तमदि॑ति॒र्जनि॑त्वम् ॥ २३ ॥

अदि॑तिः । द्यौः । अदि॑तिः । अ॒न्तरि॑क्षम् । अदि॑तिः । मा॒ता । सः । पि॒ता । सः । पु॒त्रः । विश्वे॑ । दे॒वाः । अदि॑तिः । पञ्च॑ । जनाः॑ । अदि॑तिः । जा॒तम् । अदि॑तिः । जनि॑त्व॒मिति॒ जनि॑ऽत्वम् ॥ २३ ॥

पदार्थः—(अदितिः) अखण्डिता (द्यौः) कारणरूपेण प्रकाशः (अदितिः) अविनाशि (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (अदितिः) विनाशरहिता (माता) सर्वस्य जगतो जननी प्रकृतिः (सः) परमेश्वरः (पिता) नित्यपालकः (सः) (पुत्रः) ईश्वरस्य

पुत्र इवाविनाशी (विश्वे) सर्वे (देवाः) दिव्यगुणादियुक्ताः पृथिव्यादयः (अदितिः) कारणरूपेण नाशरहिता (पञ्च) एतत्संख्याकाः (जनाः) मनुष्याः प्राणा वा (अदितिः) स्वात्मरूपेण नित्यम् (जातम्) यत्किंचिदुत्पन्नं कार्यम् (अदितिः) कारणरूपेण नित्यम् (जनित्वम्) उत्पत्स्यमानम् ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या युष्माभिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रश्चादितिर्विश्वे देवा अदितिः पञ्च जना अदितिर्जातञ्जनित्वञ्चादितिरस्तीति वेद्यम् ॥२३॥

भावार्थः—हे मनुष्या भवन्तो यत् किंचित् कार्यं जगत् पश्यन्ति तददृष्टकारणं विजानन्तु जगन्निर्मातारं परमात्मानं जीवं पृथिव्यादीनि तत्त्वानि यज्जातं यच्च जनिष्यते या च प्रकृतिस्तत्सर्वं स्वरूपेण नित्यमस्ति न कदाप्यस्याभावो भवति न चाऽभावाद्भावोत्पत्तिर्भवतीति विज्ञेयम् ॥ २३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम को (द्यौः) कारणरूप से जो प्रकाश वह (अदितिः) अखण्डित (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष (अदितिः) अविनाशी (माता) सब जगत् की उत्पन्न करने वाली प्रकृति (सः) वह परमेश्वर (पिता) नित्य पालन करने और (सः) वह (पुत्रः) ईश्वर के पुत्र के समान वर्त्तमान (अदितिः) कारणरूप से अविनाशी संसार (विश्वे) समस्त (देवाः) दिव्य गुण वाले पृथिवी आदि पदार्थ (अदितिः) कारण रूप से विनाशरहित (पंच) पांच (जनाः) मनुष्य वा प्राण (अदितिः) कारणरूप से अविनाशी तथा (जातम्) जो कुछ उत्पन्न हुआ कार्यरूप जगत् और (जनित्वम्) जो उत्पन्न होने वाला वह सब (अदितिः) कारणरूप से नित्य है यह जानना चाहिये ॥ २३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! आप लोग जितने कुछ कार्यरूप जगत् को देखते हो वह अदृष्ट कारण रूप जानो जगत् का बनाने वाला परमात्मा, जीव, पृथिवी आदि तत्त्व जो उत्पन्न हुआ वा जो होगा और जो प्रकृति वह सब स्वरूप से नित्य है कभी इस का अभाव नहीं होता और यह भी जानना चाहिये कि अभाव से भाव की उत्पत्ति कभी नहीं होती ॥ २३ ॥

मा न इत्यस्य गोतम ऋषिः । मित्रादयो देवताः । निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनः केऽस्माकं किन्न कुर्युरित्याह ॥

फिर कौन हम लोगों के किस काम को न करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

मा नो॑ मि॒त्रो वरु॑णो अ॒र्य्य॒मायुरिन्द्र॑ ऋभु॒क्षा म॒रुतः॒ परि॑ख्यन् ।
यद्वा॒जिनो॑ दे॒वजा॑तस्य सप्तेः॑ प्रव॒क्ष्यामो॑ वि॒दथे॑ वी॒र्या॑णि ॥ २४ ॥

मा । नः॒ । मि॒त्रः । वरु॑णः । अ॒र्य॒मा । आ॒युः । इन्द्रः॑ । ऋ॒भु॒क्षाः । म॒रुतः॑ । परि॑ऽख्यन् । यत् । वा॒जिनः॑ । दे॒वजा॑त॒स्येति॑ दे॒वऽजा॑तस्य । सप्तेः॑ । प्र॒व॒क्ष्याम॒ इति॑ प्रऽव॒क्ष्याम॑ः । वि॒दथे॑ । वी॒र्या॑णि ॥ २४ ॥

पदार्थः—(मा) निषेधे (नः) अस्माकम् (मित्रः) प्राण इव सखा (वरुणः) उदान इव श्रेष्ठः (अर्यमा) न्यायाधीश इव नियन्ता (आयुः) जीवनम् (इन्द्रः) राजा (ऋभुक्षाः) महान्तः (मरुतः) मनुष्याः (परिख्यन्) वर्जयेयुः (यत्) यानि (वाजिनः) वेगवतः (देवजातस्य) देवैर्दिव्यैर्गुणैः प्रसिद्धस्य (सप्तेः) अश्वस्य (प्रवक्ष्यामः) प्रवदिष्यामः (विदथे) युद्धे (वीर्याणि) बलानि ॥ २४ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो यथा मित्रो वरुणोऽर्यमेन्द्रश्च ऋभुक्षा मरुतो न आयुर्मा परिख्यन्। येन वयं देवजातस्य वाजिनः सप्तेरिव विदथे यद्वीर्याणि प्रवक्ष्यामस्तानि मा परिख्यन्। तथा यूयमुपदिशत ॥ २४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथा सर्वे मनुष्याः स्वेषां बलानि वर्द्धयितुमिच्छेयुस्तथैवान्येषामपि वर्द्धयितुमिच्छन्तु ॥ २४ ॥

पदार्थः—हे विद्वानो ! जैसे (मित्रः) प्राण के समान मित्र (वरुणः) उदान के समान श्रेष्ठ (अर्यमा) और न्यायधीश के समान नियम करने वाला (इन्द्रः) राजा तथा (ऋभुक्षाः) महात्मा (मरुतः) जन (नः) हम लोगों की (आयुः) आयुर्दा को (मा) मत (परिख्यन्) विनाश करावें जिससे हम लोग (देवजातस्य) दिव्यगुणों से प्रसिद्ध (वाजिनः) वेगवान् (सप्तेः) घोड़ा के समान उत्तम वीर पुरुष के (विदथे) युद्ध में (यत्) जिन (वीर्याणि) बलों को (प्रवक्ष्यामः) कहें उनका मत विनाश करावें, वैसा आप लोग उपदेश करें ॥ २४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे सब मनुष्य अपने बलों को बढ़ाना चाहें वैसे औरों के भी बल को बढ़ाने की इच्छा करें ॥ २४ ॥

यन्निर्णिजेत्यस्य गोतम ऋषिः। विद्वांसो देवताः। निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्याः किं कुर्युरित्याह ॥

फिर मनुष्य क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यन्निर्णिजा रेक्णसा प्रावृतस्य रातिं गृभीतां मुखतो नयन्ति ।
सुप्राङजो मेम्यद्विश्वरूप इन्द्रापूष्णोः प्रियमप्येति पाथः ॥ २५ ॥

यत्। निर्णिजा। निर्निजेति निःऽनिजा। रेक्णसा। प्रावृतस्य। रातिम्। गृभीताम्। मुखतः। नयन्ति। सुप्राङिति सुऽप्राङ्। अजः। मेम्यत्। विश्वरूप इति विश्वऽरूपः। इन्द्रापूष्णोः। प्रियम्। अपि। एति। पाथः ॥ २५ ॥

पदार्थः—(यत्) ये (निर्णिजा) सुरूपेण (रेक्णसा)। रेक्ण इति धनना० निघं० २। १०॥ (प्रावृतस्य) युक्तस्य (रातिम्) दानम् (गृभीताम्) गृहीताम्

(मुखतः) अग्रतः (नयन्ति) प्रापयन्ति (सुप्राङ्) यः सुष्ठु पृच्छति सः (अजः) जन्मादिरहितः (मेम्यत्) प्राप्नुवन् (विश्वरूपः) विश्वं रूपं यस्य सः (इन्द्रापूष्णोः) विद्युद्वाय्वोः (प्रियम्) कमनीयम् (अपि) (एति) प्राप्नोति (पाथः) अन्नम् ॥ २५ ॥

अन्वयः—यन्मनुष्या निर्णिजा रेक्णसा प्रावृतस्य रातिं गृभीतां सतीं मुखतो नयन्ति यो मेम्यत्सुप्राङ् विश्वरूपोऽज इन्द्रापूष्णोः प्रियं पाथोऽप्येति ते स च सुखमाप्नुवन्ति ॥ २५ ॥

भावार्थः—ये धनं प्राप्य सत्कर्मसु व्ययं कुर्वन्ति ते सर्वान् कामानाप्नुवन्ति ॥ २५ ॥

पदार्थः—(यत्) जो मनुष्य (निर्णिजा) सुन्दररूप और (रेक्णसा) धन से (प्रावृतस्य) युक्त जन की (रातिम्) देनी वा (गृभीताम्) ली हुई वस्तु को (मुखतः) आगे से (नयन्ति) प्राप्त कराते तथा जो (मेम्यत्) प्राप्त होता हुआ (सुप्राङ्) अच्छे प्रकार पूछने वाला (विश्वरूपः) संसार जिसका रूप वह (अजः) जन्म और मरण आदि दोषों से रहित अविनाशी जीव (इन्द्रापूष्णोः) बिजुली और पवन सम्बन्धी (प्रियम्) मनोहर (पाथः) अन्न को (अप्येति) सब ओर से पाता है वे मनुष्य और वह जीव सब आनन्द को प्राप्त होते हैं ॥ २५ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य धन को पाकर अच्छे कामों में खर्च करते हैं वे सब कामनाओं को पाते हैं ॥ २५ ॥

एष इत्यस्य गोतम ऋषिः । यज्ञो देवता । निचृज्जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनः केन सह के पालनीया इत्याह ॥

फिर किस के साथ कौन पालना करने योग्य हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

एष छागः पुरो अश्वेन वाजिना पूष्णो भागो नीयते विश्वदेव्यः । अभिप्रियं यत्पुरोडाशमर्वता त्वष्टेदेनꣳ सौश्रवसाय जिन्वति ॥ २६ ॥

एषः । छागः । पुरः । अश्वेन । वाजिना । पूष्णः । भागः । नीयते । विश्वदेव्य इति विश्वऽदेव्यः । अभिप्रियमित्यभिऽप्रियम् । यत् । पुरोडाशम् । अर्वता । त्वष्टा । इत् । एनम् । सौश्रवसाय । जिन्वति ॥ २६ ॥

पदार्थः—(एषः) (छागः) छेदकः (पुरः) पुरस्तात् (अश्वेन) (वाजिना) (पूष्णः) पोषकस्य (भागः) सेवनीयः (नीयते) प्राप्यते (विश्वदेव्यः) विश्वेषु सर्वेषु देवेषु साधुः (अभिप्रियम्) सर्वतः कमनीयम् (यत्) (पुरोडाशम्)

(अर्वता) गंत्रा (त्वष्टा) तनूकर्त्ता (इत्) (एनम्) पूर्वोक्तम् (सौश्रवसाय) शोभनं श्रवः कीर्त्तिर्यस्य स सुश्रवास्तस्य भावाय (जिन्वति) प्रीणाति ॥ २६ ॥

अन्वयः—विद्वद्भिर्य एष पुरो विश्वदेव्यः पूष्णो भागश्छागो वाजिनाऽश्वेन सह नीयते यदभिप्रियं पुरोडाशमर्वता सह त्वष्टैनं सौश्रवसायेज्जिन्वति स सदा पालनीयः ॥ २६ ॥

भावार्थः—यद्यश्वादिभिः सहान्यानजादीन्पशून् वर्धयेयुस्तर्हि ते मनुष्याः सुखमुन्नयेयुः ॥ २६ ॥

पदार्थः—विद्वानों को चाहिये कि जो (एषः) यह (पुरः) प्रथम (विश्वदेव्यः) सब विद्वानों में उत्तम (पूष्णः) पुष्टि करने वाले का (भागः) सेवने योग्य (छागः) पदार्थों को छिन्न भिन्न करता हुआ प्राणी (वाजिना) वेगवान् (अश्वेन) घोड़ा के साथ (नीयते) प्राप्त किया जाता और (यत्) जिस (अभिप्रियम्) सब ओर से मनोहर (पुरोडाशम्) पुरोडाश नामक यज्ञभाग को (अर्वता) पहुंचाते हुए घोड़े के साथ (त्वष्टा) पदार्थों को सूक्ष्म करने वाला (एनम्) उक्त भाग को (सौश्रवसाय) उत्तम कीर्तिमान् होने के लिये (इत्) ही (जिन्वति) पाकर प्रसन्न होता है वह सदैव पालने योग्य है ॥ २६ ॥

भावार्थः—यदि अश्वादिकों के साथ अन्य बकरी आदि पशुओं को बढ़ावें तो वे मनुष्य सुख की उन्नति करें ॥ २६ ॥

यद्धविष्यमित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । यज्ञो देवता । त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनः केन के किं कुर्वन्तीत्याह ॥

फिर किससे कौन क्या करते हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यद्धविष्यमृतुशो देवयानं त्रिर्मानुषाः पर्यश्वं नयन्ति ।
अत्रा पूष्णः प्रथमो भाग एति यज्ञं देवेभ्यः प्रतिवेदयन्नजः ॥ २७ ॥

यत् । हविष्यम् । ऋतुश इत्यृतुऽशः । देवयानमिति देवऽयानम् । त्रिः । मानुषाः । परि । अश्वम् । नयन्ति । अत्र । पूष्णः । प्रथमः । भागः । एति । यज्ञम् । देवेभ्यः । प्रतिवेदयन्निति प्रतिऽवेदयन् । अजः ॥ २७ ॥

पदार्थः—(यत्) ये (हविष्यम्) हविर्भ्यो हितम् (ऋतुशः) ऋत्वर्हम् (देवयानम्) देवानां प्रापणसाधनम् (त्रिः) त्रिवारम् (मानुषाः) (परि) सर्वतः (अश्वम्) आशुगामिनम् (नयन्ति) प्राप्नुवन्ति (अत्र) अस्मिन् । अत्र ऋचितुनुघ० इति दीर्घत्वम् । (पूष्णः) पुष्टेः (प्रथमः) आदिमः (भागः) सेवनीयः (एति) प्राप्नोति (यज्ञम्) (देवेभ्यः) विद्वद्भ्यः (प्रतिवेदयन्) विज्ञापयन् (अजः) पशुविशेषः ॥ २७ ॥

अन्वयः—यद्ये मानुषा ऋतुशो हविष्यं देवयानमश्वं त्रिः परिनयन्ति योऽत्र पूष्णः प्रथमो भागो देवेभ्यो यज्ञं प्रतिवेदयन्नज एति स सदा रक्षणीयः ॥ २७ ॥

भावार्थः—ये प्रत्यृत्वाहारविहारान्कुर्वन्त्यश्वाजादिपशुभ्यः संगतानि कार्याणि कुर्वन्ति तेऽत्यन्तं सुखं लभन्ते ॥ २७ ॥

पदार्थः—(यत्) जो (मानुषाः) मनुष्य (ऋतुशः) ऋतु ऋतु के योग्य (हविष्यम्) होम में चढ़ाने के पदार्थों के लिये हितकारी (देवयानम्) दिव्य गुण वाले विद्वानों की प्राप्ति कराने हारे (अश्वम्) शीघ्रगामी प्राणी को (त्रिः) तीनवार (परि, नयन्ति) सब ओर पहुंचाते हैं वा जो (अत्र) इस संसार में (पूष्णः) पुष्टिसम्बन्धी (प्रथमः) प्रथम (भागः) सेवने योग्य (देवेभ्यः) विद्वानों के लिये (यज्ञम्) सत्कार को (प्रतिवेदयन्) जनाता हुआ (अजः) विशेष पशु बकरा (एति) प्राप्त होता है वह सदा रक्षा करने योग्य है ॥ २७ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य ऋतु ऋतु के प्रति उनके गुणों के अनुकूल आहार विहारों को करते तथा घोड़ा और बकरा आदि पशुओं से संगत हुए कामों को करते हैं वे अत्यन्त सुख को पाते हैं ॥ २७ ॥

होतेत्यस्य गोतम ऋषिः । यज्ञो देवता । निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्याः किं कुर्युरित्याह ॥

फि मनुष्य क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होताध्वर्युरावया अग्निमिन्धो ग्रावग्राभ उत शᳪस्ता सुविप्रः ।
तेन यज्ञेन स्वरङ्कृतेन स्विष्टेन वक्षणाऽआ पृणध्वम् ॥ २८ ॥

होता । अध्वर्युः । आवया इत्याऽवयाः । अग्निमिन्ध इत्यग्निम्ऽइन्धः । ग्रावग्राभ इति ग्रावऽग्राभः । उत । शᳪस्ता । सुविप्र इति सुऽविप्रः । तेन । यज्ञेन । स्वरङ्कृतेनेति सुऽअरङ्कृतेन । स्विष्टेनेति सुऽइष्टेन । वक्षणाः । आ । पृणध्वम् ॥ २८ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (अध्वर्युः) अहिंसायज्ञमिच्छुः (आवयाः) येनावयजन्ति सः (अग्निमिन्धः) अग्निप्रदीपकः (ग्रावग्राभः) यो ग्रावाणं गृह्णाति सः (उत) (शंस्ता) प्रशंसकः (सुविप्रः) शोभना विप्रा मेधाविनो यस्मिन् सः (तेन) (यज्ञेन) संगतेन (स्वरङ्कृतेन) सुष्ठ्वलंकृतेन । अत्र कपिलकादित्वाद्रेफः । (स्विष्टेन) शोभनेनेष्टेन (वक्षणाः) नदीः । *वक्षणा इति नदीना० । १ । १३ ।* (आ) (पृणध्वम्) समन्तात्सुखयत ॥ २८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा होताऽऽवया अग्निमिन्धो ग्रावग्राभः शंस्तोत सुविप्रोऽध्वर्युर्येन स्वरंकृतेन स्विष्टेन यज्ञेन वक्षणा अलङ्करोति तथा तेन यूयमप्यापृणध्वम् ॥ २८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। ये मनुष्याः सुगन्ध्यादिसुसंस्कृतानां हविषां वह्नौ प्रक्षेपेण वायुवर्षाजलादीनि शोधयित्वा नद्यादिजलानि शोधयन्ति ते सदा सुखयन्ति ॥ २८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (होता) ग्रहण करने वा (आवयाः) जिससे अच्छे प्रकार यज्ञ संग और दान करते वह वा (अग्निमिन्धः) अग्नि को प्रदीप्त करने हारा वा (ग्रावग्राभः) मेघ को ग्रहण करने हारा वा (शंस्ता) प्रशंसा करने हारा (उत) और (सुविप्रः) जिसके समीप अच्छे अच्छे बुद्धिमान् हैं वह (अध्वर्युः) अहिंसा यज्ञ का चाहने वाला उत्तम जन जिस (स्वरंकृतेन) सुन्दर सुशोभित किये (स्विष्टेन) सुन्दर भाव से चाहे और (यज्ञेन) मिले हुए यज्ञ आदि उत्तम काम से (वक्षणाः) नदियों को पूर्ण करता अर्थात् यज्ञ करने से पानी वर्षा उस वर्षे हुए जल से नदियों को भरता वैसे (तेन) उस काम से तुम लोग भी (आ, पृणध्वम्) अच्छे प्रकार सुख भोगो ॥ २८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य सुगन्धि आदि से उत्तम बनाये हुए होम करने योग्य पदार्थों को अग्नि में छोड़ने से पवन और वर्षा जल आदि पदार्थों को शोध कर नदी नद आदि के जलों की शुद्धि करते हैं वे सदैव सुख भोगते हैं ॥ २८ ॥

यूपव्रस्का इत्यस्य गोतम ऋषिः। यज्ञो देवता। भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्ते किं कुर्युरित्याह ॥

फिर वे क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यूपव्रस्काऽउत ये यूपवाहाश्चषालं ये अश्वयूपाय तक्षति ।
ये चार्वते पचनꣳ सम्भरन्त्युतो तेषामभिगूर्त्तिर्नऽइन्वतु ॥ २९ ॥

यूपव्रस्का इति यूपऽव्रस्काः। उत। ये। यूपवाहा इति यूपऽवाहाः। चषालम्। ये। अश्वयूपायेत्यश्वऽयूपाय। तक्षति। ये। च। अर्वते। पचनम्। सम्भरन्तीति सम्ऽभरन्ति। उतोऽइत्युतो। तेषाम्। अभिगूर्त्तिरित्यभिऽगूर्त्तिः। नः। इन्वतु ॥ २९ ॥

पदार्थः—(यूपव्रस्काः) यूपस्य स्तम्भस्य छेदकाः (उत) अपि (ये) (यूपवाहाः) ये यूपं वहन्ति ते (चषालम्) यूपावयवम् (ये) (अश्वयूपाय) अश्वस्य बन्धनार्थाय स्तम्भाय (तक्षति) तक्षन्ति तनूकुर्वन्ति। अत्र वचनव्यत्ययेनैकवचनम् (ये) (च) (अर्वते) अश्वाय (पचनम्) पाकसाधनम् (सम्भरन्ति) सम्यग्धरन्ति

पुष्णन्ति वा (उतो) अपि (तेषाम्) (अभिगूर्त्तिः) अभ्युद्यमः (नः) अस्मान् (इन्वतु) व्याप्नोतु प्राप्नोतु ॥ २६ ॥

अन्वयः—ये यूपव्रस्का उतापि ये यूपवाहा अश्वयूपाय चषालं तक्षति ये चार्वते पचनं सम्भरन्ति उतो ये प्रयतन्ते तेषामभिगूर्त्तिर्न इन्वतु ॥ २६ ॥

भावार्थः—ये शिल्पिनोऽश्वबन्धनादीनि काष्ठविशेषजानि वस्तूनि निर्मिमते ये च वैद्या अश्वादीनामौषधानि सम्भारांश्च संगृह्णन्ति ते सदोद्यमिनः सन्तोऽस्मान् प्राप्नुवन्तु ॥ २६ ॥

पदार्थः—(ये) जो (यूपव्रस्काः) यज्ञखंभा के छेदने बनाने (उत) और (ये) जो (यूपवाहाः) यज्ञस्तम्भ को पहुंचाने वाले (अश्वयूपाय) घोड़ा के बांधने के लिये (चषालम्) खंभा के खण्ड को (तक्षति) काटते छांटते (ये, च) और जो (अर्वते) घोड़ा के लिये (पचनम्) जिस में पाक किया जाय उस काम को (सम्भरन्ति) अच्छे प्रकार धारण करते वा पुष्ट करते (उतो) और जो उत्तम यत्न करते हैं (तेषाम्) उनका (अभिगूर्त्तिः) सब प्रकार से उद्यम (नः) हम लोगों को (इन्वतु) व्याप्त और प्राप्त होवे ॥ २६ ॥

भावार्थः—जो कारुक शिल्पीजन घोड़ा के बांधने आदि काम के काठों से विशेष काम बनाते और जो वैद्य घोड़े आदि पशुओं की ओषधि और उन की सजावट की सामग्रियों को इकट्ठा करते हैं वे सदा उद्यम करते हुए हम लोगों को प्राप्त होवें ॥ २६ ॥

उप प्रागादित्यस्य गोतम ऋषिः । विद्वांसो देवताः । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनः के केषां सकाशात् किं गृह्णीयुरित्याह ॥

फिर कौन किनसे क्या लेवें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

उप प्रागात्सुमन्मेऽधायि मन्म देवानामाशाऽउप वीतपृष्ठः । अन्वेनं विप्रा ऋषयो मदन्ति देवानां पुष्टे चकृमा सुबन्धुम् ॥ ३० ॥

उप । प्र । अगात् । सुमदिति सुऽमत् । मे । अधायि । मन्म । देवानाम् । आशाः । उप । वीतपृष्ठ इति वीतऽपृष्ठः । अनु । एनम् । विप्राः । ऋषयः । मदन्ति । देवानाम् । पुष्टे । चकृम । सुबन्धुमिति सुऽबन्धुम् ॥ ३० ॥

पदार्थः—(उप) सामीप्ये (प्र) (अगात्) प्राप्नुयात् (सुमत्) स्वयम् (मे) मम (अधायि) ध्रियते (मन्म) विज्ञानम् (देवानाम्) विदुषाम् (आशाः) दिशः (उप) (वीतपृष्ठः) वीतं व्याप्तं पृष्ठं यस्य सः (अनु) (एनम्) (विप्राः) मेधाविनः (ऋषयः) मंत्रार्थविदः (मदन्ति) कामयन्ते (देवानाम्) विदुषाम् (पुष्टे) पुष्टे जने

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा त्रिबन्धुरस्त्रिवरूथो नराशंसो देव इन्द्रः शतेनेन्द्रं देवमवर्धयद्यः शितिपृष्ठानां मध्य आहितः सहस्रेण प्रवर्त्तते मित्रावरुणास्येद्धोत्रमर्हतो वसुधेयस्य बृहस्पतिः स्तोत्रमश्विनाऽध्वर्यवं वसुवने वेतु तथा यज ॥ १९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये मनुष्यास्त्रिविधसुखकराणि त्रैकाल्यप्रबन्धानि गृहाणि रचयित्वाऽसङ्ख्यं सुखमवाप्य पथ्यं भोजनं कृत्वा याचमानाय यथायोग्यं वस्तु ददति ते कीर्त्तिं लभन्ते ॥ १९ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! जैसे (त्रिबन्धुरः) ऋषि आदि रूप तीन बन्धनों वाला (त्रिवरूथः) तीन सुखदायक घरों का स्वामी (नराशंसः) मनुष्यों की स्तुति करने और (इन्द्रः) ऐश्वर्य को चाहने वाला (देवः) जीव (शतेन) सैकड़ों प्रकार के कर्म से (देवम्) प्रकाशमान (इन्द्रम्) विद्युत्रूप अग्नि को (अवर्धयत्) बढ़ावे । जो (शितिपृष्ठानाम्) जिन

की पीठ पर बैठन से शीघ्र गमन होते हैं उन पशुओं के बीच (आहितः) अच्छे प्रकार स्थिर हुआ (सहस्रेण) असङ्ख्य प्रकार के पुरुषार्थ से (प्र, वर्त्तते) प्रवृत्त होता है (मित्रावरुणा) प्राण और उदान (अस्य) (इत्) ही (होत्रम्) भोजन की (अर्हतः) योग्यता रखने वाले जीव के सम्बन्धी (वसुधेयस्य) संसार के (बृहस्पतिः) बड़े बड़े पदार्थों का रक्षक बिजुली रूप अग्नि (स्तोत्रम्) स्तुति के साधन (अश्विना) सूर्य चन्द्रमा और (अध्वर्यवम्) अपने को यज्ञ की इच्छा करने वाले जन को (वसुवने) धन मांगने वाले के लिये (वेतु) कमनीय करे वैसे (यज) सङ्ग कीजिये ॥ १९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य विविध प्रकार के सुख करने वाले तीनों अर्थात् भूत भविष्यत् वर्त्तमान काल का प्रबन्ध जिन में हो सके ऐसे घरों को बना उन में असङ्ख्य सुख पा और पथ्य भोजन करके मांगने वाले के लिये यथायोग्य पदार्थ देते हैं वे कीर्त्ति को प्राप्त होते हैं ॥ १९ ॥

देव इत्यस्याश्विनावृषी । इन्द्रो देवता । निचृदतिशक्वरी छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्विद्वांसः किं कुर्वन्तीत्याह ॥

फिर विद्वान् लोग क्या करते हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवो देवैर्वनस्पतिर्हिरण्यपर्णो मधुशाखः सुपिप्पलो देवमिन्द्रमवर्धयत् । दिवमग्रेणास्पृक्षदान्तरिक्षं पृथिवीमदृंहीद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥ २० ॥

देवः । देवैः । वनस्पतिः । हिरण्यपर्ण इति हिरण्यऽपर्णः । मधुशाख इति मधुऽशाखः । सुपिप्पल इति सुऽपिप्पलः । देवम् । इन्द्रम् । अवर्धयत् । दिवम् । अग्रेण । अस्पृक्षत् । आ । अन्तरिक्षम् । पृथिवीम् । अदृंहीत् । वसुवन इति वसुऽवने । वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य । वेतु । यज ॥ २० ॥

पदार्थः—(देवः) दिव्यगुणप्रदः (देवैः) देदीप्यमानैः (वनस्पतिः) किरणानां पालकः (हिरण्यपर्णः) हिरण्यानि तेजांसि पर्णानि यस्य सः (मधुशाखः) मधुराः शाखा यस्य (सुपिप्पलः) सुन्दरफलः (देवम्) दिव्यगुणम् (इन्द्रम्) दारिद्र्यविदारकम् (अवर्धयत्) वर्धयति (दिवम्) प्रकाशम् (अग्रेण) पुरस्सरेण (अस्पृक्षत्) स्पृहेत् (आ) समन्तात् (अन्तरिक्षम्) अवकाशम् (पृथिवीम्) भूमिम् (अदृंहीत्) धरेत् (वसुवने) वसुप्रदाय जीवाय (वसुधेयस्य) जगतः (वेतु) (यज) ॥ २० ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा देवैः सह वर्त्तमानो हिरण्यपर्णो मधुशाखः सुपिप्पलो देवो वनस्पतिर्देवमिन्द्रमवर्द्धयदग्रेण दिवमस्पृक्षदन्तरिक्षं तत्स्थांल्लोकान् पृथिवीश्चादृंहीद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु तथा यज ॥ २० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथा वनस्पतयो मेघं वर्द्धयन्ति सूर्यश्च लोकान्धरति तथा विद्वांसो विद्यायाचिनं विद्यार्थिनं वर्धयन्ति ॥ २० ॥

पदार्थः—हे विद्वन्! जैसे (देवैः) दिव्य प्रकाशमान गुणों के साथ वर्त्तमान (हिरण्यपर्णः) सुवर्ण के तुल्य चिलकते हुए पत्तों वाला (मधुशाखः) मीठी डालियों से युक्त (सुपिप्पलः) सुन्दर फलों वाला (देवः) उत्तम गुणों का दाता (वनस्पतिः) सूर्य की किरणों में जल पहुंचा कर उष्णता की शान्ति से किरणों का रक्षक वनस्पति (देवम्) उत्तम गुणों वाले (इन्द्रम्) दरिद्रता के नाशक मेघ को (अवर्धयत्) बढ़ावे (अग्रेण) अग्रगामी होने से (दिवम्) प्रकाश को (अस्पृक्षत्) चाहे (अन्तरिक्षम्) अवकाश, उसमें स्थित लोकों और (पृथिवीम्) भूमि को (आ, अदृंहीत) अच्छे प्रकार धारण करे (वसुधेयस्य) संसार के (वसुवने) धनदाता जीव के लिये (वेतु) उत्पन्न होवे वैसे आप (यज) यज्ञ कीजिये ॥ २० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे वनस्पति ऊपर जल चढ़ाकर मेघ को बढ़ाते और सूर्य अन्य लोकों को धारण करता है वैसे विद्वान् लोग विद्या को चाहने वाले विद्यार्थी को बढ़ाते हैं ॥ २० ॥

देवमित्यस्याश्विनावृषी। इन्द्रो देवता। त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवं बर्हिर्वारितीनां देवमिन्द्रमवर्धयत्। स्वासस्थमिन्द्रेणासन्नमन्या बर्हीᳬष्यभ्यभूद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥ २१ ॥

देवम्। बर्हिः। वारितीनाम्। देवम्। इन्द्रम्। अवर्धयत्। स्वासस्थमिति सुऽआसस्थम्। इन्द्रेण। आसन्नमित्याऽसन्नम्। अन्या। बर्हीᳬषि। अभि। अभूत्। वसुवन इति वसुऽवने। वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य। वेतु। यज ॥ २१ ॥

पदार्थः—(देवम्) दिव्यम् (बर्हिः) अन्तरिक्षम् (वारितीनाम्) वरणीयानां पदार्थानां मध्ये (देवम्) दिव्यगुणम् (इन्द्रम्) विद्युतम् (अवर्धयत्) वर्धयति (स्वासस्थम्) सुष्ठ्वासते यस्मिँस्तम् (इन्द्रेण) ईश्वरेण (आसन्नम्) समीपस्थम् (अन्या) अन्यानि (बर्हीᳬषि) अन्तरिक्षावयवाः (अभिः) अभितः (अभूत्) भवेत् (वसुवने) पदार्थविद्यायाचिने (वसुधेयस्य) सर्वद्रव्याधारस्य जगतो मध्ये (वेतु) (यज) ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्! यथा देवं वारितीनां मध्ये वर्त्तमानं स्वासस्थमिन्द्रेण सहासन्नमिन्द्रं बर्हिर्देवमवर्धयदन्या बर्हीᳬष्यभ्यभूद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु तथा यज ॥ २१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे विद्वांसो मनुष्या यूयं यथाऽभिव्याप्तमाकाशं सर्वान् पदार्थानभिव्याप्नोति सर्वेषां समीपमस्ति तथेश्वरस्य समीपवर्त्तिनं जीवं विज्ञायाऽस्मिन्संसारे सुपात्राय याचमानाय दानं ददत ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! जैसे (देवम्) दिव्य (वारितीनाम्) ग्रहण करने योग्य पदार्थों के बीच वर्त्तमान (स्वासस्थम्) सुन्दर प्रकार स्थिति के आधार (इन्द्रेण) परमेश्वर के साथ (आसन्नम्) निकटवर्ती (बर्हिः) आकाश (देवम्) उत्तम गुण वाले (इन्द्रम्) बिजुली को (अवर्धयत्) बढ़ाता है (अन्या) और (बर्हींषि) अन्तरिक्ष के अवयवों को (अभि, अभूत्) सब ओर से व्याप्त होवे (वसुधेयस्य) सब द्रव्यों के आधार जगत् के बीच (वसुवने) पदार्थ-विद्या को चाहनेवाले जन के लिये (वेतु) प्राप्त होवे वैसे आप (यज) प्राप्त हूजिये ॥२१॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे विद्वान् मनुष्यो ! तुम लोग जैसे सब ओर से व्याप्त आकाश सब पदार्थों को व्याप्त होता और सब के समीप है वैसे ईश्वर के निकटवर्ती जीव को जान के इस संसार में मांगने वाले सुपात्र के लिये धनादि का दान देवो ॥२१॥

देव इत्यस्याश्विनावृषी । अग्निर्देवता । निचृत् त्रिष्टुप्छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवो अग्निः स्विष्टकृद्देवमिन्द्रमवर्धयत् । स्विष्टं कुर्वन्त्स्विष्टकृत् स्विष्टमद्य करोतु नो वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥ २२ ॥

देवः । अग्निः । स्विष्टकृदिति स्विष्टऽकृत् । देवम् । इन्द्रम् । अवर्धयत् । स्विष्टमिति सुऽइष्टम् । कुर्वन् । स्विष्टकृदिति स्विष्टऽकृत् । स्विष्टमिति सुऽइष्टम् । अद्य । करोतु । नः । वसुवन इति वसुऽवने । वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य । वेतु । यज ॥ २२ ॥

पदार्थः—(देवः) दिव्यगुणः (अग्निः) पावकः (स्विष्टकृत्) यः शोभनमिष्टं करोति सः (देवम्) दिव्यगुणम् (इन्द्रम्) जीवम् (अवर्धयत्) वर्धयेत् (स्विष्टम्) शोभनञ्च तदिष्टम् (कुर्वन्) सम्पादयन् (स्विष्टकृत्) उत्तमेष्टकारी (स्विष्टम्) अतिशयेनाभीप्सितम् (अद्य) (करोतु) (नः) अस्मभ्यम् (वसुवने) (वसुधेयस्य) (वेतु) (यज) ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यथा स्विष्टकृद्देवोऽग्निरिन्द्रं देवमवर्धयद्यथा च स्विष्टं कुर्वन् स्विष्टकृत् सन्नग्निः स्विष्टं करोति तथाऽद्य नः सुखं करोतु धनं वेतु वसुधेयस्य वसुवने यज च ॥ २२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथा गुणकर्मस्वभावैर्विज्ञातः कर्मसु संप्रयुक्तोऽग्निरभीष्टानि कार्याणि साध्नोति तथा विद्वद्भिर्वर्त्तितव्यम् ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे विद्वन्! जैसे (स्विष्टकृत्) सुन्दर प्रकार इष्ट का साधक (देवः) उत्तम गुणों वाला (अग्निः) अग्नि (इन्द्रम्, देवम्) उत्तम गुणों वाले जीव को (अवर्धयत्) बढ़ावे यथा जैसे (स्विष्टम्) सुन्दर इष्ट को (कुर्वन्) सिद्ध करता और (स्विष्टकृत्) उत्तम इष्टकारी हुआ अग्नि (स्विष्टम्) अत्यन्त चाहे हुए कार्य को करता है वैसे (अद्य) आज (नः) हमारे लिये सुख को (करोतु) कीजिये (वेतु) धन को प्राप्त हूजिये और (वसुवेयस्य) सब द्रव्यों के आधार जगत् के बीच (वसुवने) पदार्थविद्या को चाहते हुए मनुष्य के लिये (यज) दान कीजिये ॥ २२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे गुण कर्म स्वभावों करके जाना गया कर्मों में नियुक्त किया अग्नि अभीष्ट कार्यों को सिद्ध करता है वैसे विद्वानों को वर्त्तना चाहिये ॥ २२ ॥

अग्निमित्यस्याश्विनावृषी। अग्निर्देवता। कृतिश्छन्दः। निषादः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है॥

अग्निमद्य होतारमवृणीतायं यजमानः पचन् पक्तीः पचन् पुरोडाशं बध्ननिन्द्राय च्छागम्। सूपस्था अद्य देवो वनस्पतिरभवदिन्द्राय च्छागेन। अघत्तं मेदस्तः प्रति पचताग्रभीदवीवृधत्पुरोडाशेन त्वामद्य ऋषे॥ २३॥

अग्निम्। अद्य। होतारम्। अवृणीत। अयम्। यजमानः। पचन्। पक्तीः। पचन्। पुरोडाशम्। बध्नन्। इन्द्राय। छागम्। सूपस्था इति सुऽउपस्थाः। अद्य। देवः। वनस्पतिः। अभवत्। इन्द्राय। छागेन। अघत्। तम्। मेदस्तः। प्रति। पचता। अग्रभीत्। अवीवृधत्। पुरोडाशेन। त्वाम्। अद्य। ऋषे॥ २३॥

पदार्थः—(अग्निम्) विद्वांसम् (अद्य) इदानीम् (होतारम्) (अवृणीत) वृणुयात् (अयम्) (यजमानः) (पचन्) (पक्तीः) पाकान् (पचन्) (पुरोडाशम्) पाकविशेषम् (बध्नन्) बद्धं कुर्वन् (इन्द्राय) ऐश्वर्याय (छागम्) छ्यति छिनत्ति रोगान् येन तम् (सूपस्थाः) ये सूपतिष्ठन्ति ते (अद्य) (देवः) (वनस्पतिः) वनस्य किरणसमूहस्य पालकः सूर्यः (अभवत्) भवेत् (इन्द्राय) ऐश्वर्याय (छागेन) छेदनेन (अघत्) अत्ति (तम्) (मेदस्तः) मेदसः स्निग्धात् (प्रति) (पचता) (अग्रभीत्) गृह्णाति (अवीवृधत्) (पुरोडाशेन) (त्वाम्) (अद्य) (ऋषे) मन्त्रार्थवित् ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे ऋषे विद्वन् यथाऽयं यजमानोऽद्येन्द्राय पक्तीः पचन् पुरोडाशं पचच्छागं बध्नन्नग्निं होतारमवृणीत। यथा वनस्पतिर्देव इन्द्राय छागेनाद्याभवन्मेदस्तस्तं-

मद्यत्पचता सूपस्थाः स्युस्तथा प्रत्यग्रभीत्पुरोडाशेनावीवृधत्तथा त्वामद्याऽहं वर्द्धयेयं त्वं च तथा वर्त्तस्व ॥ २३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथा पाककर्त्तारश्शाकादीनि छित्त्वा भित्त्वाऽन्नव्यञ्जनानि पचन्ति तथा सूर्यः सर्वान् पचति। यथा सूर्यो वृष्टिद्वारा सर्वान् वर्द्धयति तथा सेवादिद्वारा मन्त्रार्थद्रष्टारो विद्वांसः सर्वैर्वर्द्धनीयाः ॥ २३ ॥

पदार्थः—हे (ऋषे) मन्त्रार्थ जानने हारे विद्वन् ! जैसे (अयम्) यह (यजमानः) यज्ञ करने हारा पुरुष (अद्य) आज (इन्द्राय) ऐश्वर्य प्राप्ति के अर्थ (पक्तीः) पाकों को (पचन्) पकाता (पुरोडाशम्) होम के लिये पाक विशेष को (पचन्) पकाता और (छागम्) रोगों को नष्ट करने हारी बकरी को (बध्नन्) बांधता हुआ (होतारम्) यज्ञ करने में कुशल (अग्निम्) तेजस्वी विद्वान् को (अवृणीत) स्वीकार करे। जैसे (वनस्पतिः) किरणसमूह का रक्षक (देवः) प्रकाशयुक्त सूर्यमण्डल (इन्द्राय) ऐश्वर्य के लिये (छागेन) छेदन करने के साथ (अद्य) इस समय (अभवत्) प्रसिद्ध होवे (मेदस्तः) चिकनाई वा गीलेपन से (तम्) उस हुत पदार्थ को (अद्यत्) खाता (पचता) सब पदार्थों को पकाते हुए सूर्य से (सूपस्थाः) सुन्दर उपस्थान करने वाले हों वैसे (प्रति, अग्रभीत) ग्रहण करता है (पुरोडाशेन) होम के लिये पकाये पदार्थ विशेष से (अवीवृधत) अधिक वृद्धि को प्राप्त होता है वैसे (त्वाम्) आप को (अद्य) मैं बढ़ाऊं और आप भी वैसे ही वर्त्ताव कीजिये ॥ २३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे रसोइये लोग साग आदि को काट कूट के अन्न और कढ़ी आदि पकाते हैं वैसे सूर्य सब पदार्थों को पकाता है। जैसे सूर्य वर्षा के द्वारा सब पदार्थों को बढ़ाता है वैसे सब मनुष्यों को चाहिये कि सेवादि के द्वारा मन्त्रार्थ देखने वाले विद्वानों को बढ़ावें ॥ २३ ॥

होतेत्यस्य सरस्वती ऋषिः। अग्निर्देवता। स्वराड्जगती छन्दः। निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्समिधानं महद्यशः सुसमिद्धं वरेण्यमग्निमिन्द्रं वयोधसम्। गायत्रीं छन्द इन्द्रियं त्र्यविं गां वयो दधद्वेत्वाज्यस्य होतर्यज ॥२४॥

होता। यक्षत्। समिधानमिति सम्ऽइधानम्। महत्। यशः। सुसमिद्धमिति सुऽसमिद्धम्। वरेण्यम्। अग्निम्। इन्द्रम्। वयोधसमिति वयःऽधसम्। गायत्रीम्। छन्दः। इन्द्रियम्। त्र्यविमिति त्रिऽअविम्। गाम्। वयः। दधत्। वेतु। आज्यस्य। होतः। यज ॥ २४ ॥

पदार्थः—(होता) दाता (यक्षत्) सङ्गच्छेत (समिधानम्) सम्यक् प्रकाशमानम् (महत) (यशः) कीर्त्तिम् (सुसमिद्धम्) सुष्ठु प्रदीप्यमानम (वरेण्यम्) वर्त्तुमर्हम् (अग्निम्) पावकम् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यकारकम् (वयोधसम्) कमनीयायुर्धारकम् (गायत्रीम्) सदर्थान् प्रकाशयन्तीम (छन्दः) स्वातन्त्र्यम् (इन्द्रियम्) धनं श्रोत्रादि वा (त्र्यविम्) या त्रिधाऽवति ताम् (गाम्) पृथिवीम् (वयः) जीवनम् (दधत्) धरन् (वेतु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ २४ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा होताग्निमिव समिधानं सुसमिद्धं वरेण्यं महद्यशो वयोधसमिन्द्रं गायत्रीं छन्द इन्द्रियं त्र्यविं गां वयश्च दधत्सन्यक्षदाज्यस्य वेतु तथा यज ॥२४॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। ये सद्विद्यादिपदार्थानां दानं कुर्वन्ति तेऽतुलां कीर्त्ति प्राप्य सुखयन्ति ॥ २४ ॥

पदार्थः—हे (होतः) विद्यादि का ग्रहण करने हारे जन ! आप जैसे (होता) दाता पुरुष (अग्निम्) अग्नि के तुल्य (समिधानम्) सम्यक् प्रकाशमान (सुसमिद्धम्) सुन्दर शोभायमान (वरेण्यम्) ग्रहण करने योग्य (महत्) बड़ा (यशः) कीर्त्ति (वयोधसम्) अभीष्ट अवस्था के धारक (इन्द्रम्) उत्तम ऐश्वर्य करने वाले योग (गायत्रीम्) सत्य अर्थों का प्रकाश करने वाली गायत्री (छन्दः) स्वतन्त्रता (इन्द्रियम्) धन वा श्रोत्रादि इन्द्रियों (त्र्यविम्) तीन प्रकार से रक्षा करने वाली (गाम्) पृथिवी और (वयः) जीवन को (दधत्) धारण करता हुआ (यक्षत्) सङ्ग करे और (आज्यस्य) विज्ञान के रस को (वेतु) प्राप्त होवे वैसे आप भी (यज) समागम कीजिये ॥ २४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो पुरुष सत् विद्या आदि पदार्थों का दान करते हैं वे अतुल कीर्त्ति को पाकर आप सुखी होते और दूसरों को सुखी करते हैं ॥ २४ ॥

होतेत्यस्य सरस्वती ऋषिः। इन्द्रो देवता। भुरिगतिजगती छन्दः।
निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्तनूनपातमुद्भिदं यं गर्भमदितिर्दधे शुचिमिन्द्रं वयोधसम्।
उष्णिहं छन्द इन्द्रियं दित्यवाहं गां वयो दधद्वेत्वाज्यस्य होतर्यज ॥२५॥

होता। यक्षत्। तनूनपातमिति तनूऽनपातम्। उद्भिदमित्युतऽभिदम्। यम्। गर्भम्। अदितिः। दधे। शुचिम। इन्द्रम्। वयोधसमिति वयःऽधसम्। उष्णिहम्। छन्दः। इन्द्रियम्। दित्यवाहमिति दित्यऽवाहम। गाम। वयः। दधत। वेतु। आज्यस्य। होतः। यज ॥ २५ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) (तनूनपातम्) शरीरादिरक्षकम् (उद्भिदम्) य उद्भिद्य जायते तम् (यम्) (गर्भम्) गर्भ इव स्थितम् (अदितिः) माता (दधे) दधाति (शुचिम्) पवित्रम् (इन्द्रम्) सूर्यम् (वयोधसम्) वयोवर्धकम् (उष्णिहम्) उष्णिहा प्रतिपादितम् (छन्दः) बलकरम् (इन्द्रियम्) इन्द्रस्य जीवस्य लिङ्गम् (दित्यवाहम्) यो दित्यान् खण्डितान् वहति गमयति तम् (गाम्) वाचम् (वयः) कमनीयान् (दधत्) (वेतु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ २५ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होता तनूनपातमुद्भिदमदितिर्गर्भमिव यं दधे वयोधसं शुचिमिन्द्रं यक्षदाज्यस्योष्णिहं छन्द इन्द्रियं दित्यवाहं गां वयश्च दधत्सन् वेतु तथैतान् यज ॥ २५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्या भवन्तो यथा माता गर्भं जातं बालं च रक्षति तथा शरीरमिन्द्रियाणि च रचयित्वा विद्यायुषी वर्धयन्तु ॥ २५ ॥

पदार्थः—हे (होतः) ज्ञानयज्ञ के कर्त्तः ! जैसे (होता) शुभ गुणों का ग्रहण करने वाला जन (तनूनपातम्) शरीरादि के रक्षक (उद्भिदम्) शरीर का भेदन कर निकलने वाले (गर्भम्) गर्भ को जैसे (अदितिः) माता धारण करती वैसे (यम्) जिस को (दधे) धारण करता है (वयोधसम्) अवस्था के वर्धक (शुचिम्) पवित्र (इन्द्रम्) सूर्य्य को (यक्षत्) हवन का पदार्थ पहुंचाता है (आज्यस्य) विज्ञानसम्बन्धी (उष्णिहम्) उष्णिक् छन्द से कहे हुए (छन्दः) बलकारी (इन्द्रियम्) जीव के श्रोत्रादि चिह्नों और (दित्यवाहम्) खण्डितों को पहुंचाने वाले (गाम्) वाणी और (वयः) सुन्दर सुन्दर पक्षियों को (दधत्) धारण करता हुआ (वेतु) प्राप्त होवे वैसे इन सब को आप (यज) संगत कीजिये ॥ २५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे मनुष्यो ! आप लोग जैसे माता गर्भ और उत्पन्न हुए बालक की रक्षा करती है वैसे शरीर और इन्द्रियों की रक्षा करके विद्या और आयुर्दा को बढ़ाओ ॥ २५ ॥

होतेत्यस्य सरस्वती ऋषिः । इन्द्रो देवता । निचृच्छक्वरी छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षदीडेन्यमीडितं वृत्रहन्तममिडाभिरीड्यꣳ सहः सोममिन्द्रं वयोधसम् । अनुष्टुभं छन्द इन्द्रियं पञ्चाविं गां वयो दधद्वेत्वाज्यस्य होतर्यज ॥ २६ ॥

होता । यक्षत् । ईडेन्यम् । ईडितम् । वृत्रहन्तममिति वृत्रहन्ऽतमम् । इडाभिः । ईड्यम् । सहः । सोमम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । अनुष्टुभम् । अनुस्तुभमित्यनुऽस्तुभम् । छन्दः । इन्द्रियम् । पञ्चाविमिति पञ्चऽअविम् । गाम् । वयः । दधत् । वेतु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ २६ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत) संगच्छेत (ईडेन्यम्) स्तोतुमर्हम् (ईडितम्) प्रशस्तम (वृत्रहन्तमम) अतिशयेन वृत्रस्य मेघस्य हन्तारं सूर्यमिव (इडाभिः) सुशिक्षिताभिर्वाग्भिः (ईड्यम) प्रशंसितुमर्हम् (सहः) बलम् (सोमम्) सोमाद्योषधिगणम (इन्द्रं) जीवम (वयोधसम) कमनीयानां प्राणानां धारकम् (अनुष्टुभम्) अनुस्तम्भकम् (छन्दः) स्वातन्त्र्यम् (इन्द्रियम) श्रोत्रादि (पञ्चाविम्) या पञ्च प्राणान् रक्षति ताम (गाम्) पृथिवीम् (वयः) कमनीयं वस्तु (दधत्) धरत्सन् (वेतु) (आज्यस्य) विज्ञातुमर्हस्य (होतः) (यज) ॥ २६ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथा होता वृत्रहन्तममिवेडाभिरीडेन्यमीडितं सह ईड्यं सोमं वयोधसमिन्द्रं यक्षदिन्द्रियमनुष्टुभं छन्दः पञ्चावि गां वयश्चाऽऽज्यस्य मध्ये दधद्वेतु तथैतान् यज ॥ २६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये मनुष्या न्यायेन प्रशस्तगुणेन सूर्येणोपमिताः प्रशस्ता भूत्वा विज्ञेयानि वस्तूनि विदित्वा स्तुतिर्बलं जीवनं धनं जितेन्द्रियतां राज्यं च धरन्ति ते प्रशंसार्हा भवन्ति ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे (होतः) यज्ञ करनेहारे जन ! जैसे (होता) शुभगुणों का ग्रहीता पुरुष (वृत्रहन्तमम्) मेघ को अत्यन्त काटने वाले सूर्य को जैसे वैसे (इडाभिः) अच्छी शिक्षित वाणियों से (ईडेन्यम्) स्तुति करने योग्य (ईडितम) प्रशंसित (सहः) बल (ईड्यम्) प्रशंसा के योग्य (सोमम्) सोम आदि ओषधिगण और (वयोधसम्) मनोहर प्राणों के धारक (इन्द्रम्) जीवात्मा को (यक्षत्) सङ्गत करे और (इन्द्रियम्) श्रोत्र आदि (अनुष्टुभम्) अनुकूल थांभने वाली (छन्दः) स्वतन्त्रता से (पञ्चाविम्) पांच प्राणों की रक्षा करने वाली (गाम्) पृथिवी और (आज्यस्य) जानने योग्य जगत् के बीच (वयः) अभीष्ट वस्तु को (दधत्) धारण करता हुआ (वेतु) प्राप्त होवे वैसे आप इन सब को (यज) सङ्गत कीजिये ॥ २६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो मनुष्य न्याय के साथ प्रशंसित गुण वाले सूर्य के तुल्य प्रशंसित हो के विज्ञान के योग्य वस्तुओं को जान के स्तुति, बल, जीवन, धन, जितेन्द्रियपन और राज्य को धारण करते हैं वे प्रशंसा के योग्य होते हैं ॥ २६ ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । स्वराडतिजगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्सुबर्हिषं पूषण्वन्तममर्त्यꣳ सीदन्तं बर्हिषि प्रियेऽमृतेन्द्रं वयोधसम्। बृहतीं छन्द इन्द्रियं त्रिवत्सं गां वयो दधद्वेत्वाज्यस्य होतर्यज ॥ २७ ॥

होता। यक्षत्। सुबर्हिषमिति सुऽबर्हिषम्। पूषण्वन्तमिति पूषण्ऽवन्तम्। अमर्त्यम्। सीदन्तम्। बर्हिषि। प्रिये। अमृता। इन्द्रम्। वयोधसमिति वयःऽधसम्। बृहतीम्। छन्दः। इन्द्रियम्। त्रिवत्समिति त्रिऽवत्सम्। गाम्। वयः। दधत्। वेतु। आज्यस्य। होतः। यज ॥ २७ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) (सुबर्हिषम्) शोभनं बर्हिरन्तरिक्षमुदकं वा यस्य तम् (पूषण्वन्तम्) बहुपुष्टियुक्तम् (अमर्त्यम्) मृत्युधर्मरहितम् (सीदन्तम्) तिष्ठन्तम् (बर्हिषि) आकाशमिव व्याप्ते (प्रिये) कमनीये परमात्मस्वरूपे (अमृता) नाशधर्मरहिते। अत्र विभक्तेराकारादेशः (इन्द्रम्) स्वकीयं जीवस्वरूपम् (वयोधसम्) व्याप्तिधरम् (बृहतीम्) (छन्दः) (इन्द्रियम्) (त्रिवत्सम्) त्रयः कर्मोपासनाज्ञानानि वत्सा इव यस्य तम् (गाम्) प्राप्तव्यं बोधम् (वयः) कमनीयं सुखम् (दधत्) (वेतु) प्राप्नोति (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा स होताऽमृता बर्हिषि प्रिये सीदन्तममर्त्यं पूषण्वन्तं सुबर्हिषं वयोधसमिन्द्रं यक्षत्स आज्यस्य बृहतीं छन्द इन्द्रियं त्रिवत्सं गां वयश्च दधत्सन् कल्याणं वेतु तथैतानि यज ॥ २७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। ये मनुष्या श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं योगिनं सेवन्ते ते सर्वाण्यभीष्टानि सुखानि लभन्ते ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे (होतः) दान देने वाले पुरुष! तू जैसे वह (होता) शुभ गुणों का ग्रहीता पुरुष (अमृता) नाशरहित (बर्हिषि) आकाश के तुल्य प्राप्त (प्रिये) चाहने योग्य परमेश्वर के स्वरूप में (सीदन्तम्) स्थिर हुए (अमर्त्यम्) शुद्ध स्वरूप से मृत्युरहित (पूषण्वन्तम्) बहुत पोढ़ा (सुबर्हिषम्) सुन्दर अवकाश वा जलों वाला (वयोधसम्) व्याप्ति को धारण करने हारे (इन्द्रम्) अपने जीवनस्वरूप का (यक्षत्) सङ्ग करे वह (आज्यस्य) जानने योग्य विज्ञान का सम्बन्धी (बृहतीम्) बृहती (छन्दः) छन्द (इन्द्रियम्) श्रोत्र आदि इन्द्रिय (त्रिवत्सम्) कर्म, उपासना, ज्ञान, जिसको पुत्रवत् हैं उस वेदसम्बन्धी (गाम्) प्राप्त होने योग्य बोध तथा (वयः) मनोहर सुख को (दधत्) धारण करता हुआ कल्याण को (वेतु) प्राप्त होवे वैसे इनको (यज) संगत करे ॥ २७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य वेदपाठी ब्रह्मनिष्ठ योगी पुरुष का सेवन करते हैं वे सब अभीष्ट सुखों को प्राप्त होते हैं ॥ २७ ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । स्वराट्शक्वरी छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षद्व्यचस्वतीः सुप्रायणा ऋतावृधो द्वारो देवीर्हिरण्ययीर्ब्रह्माणमिन्द्रं वयोधसम् । पङ्क्तिं छन्द इहेन्द्रियं तुर्यवाहं गां वयो दधद्व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ २८ ॥

होता । यक्षत् । व्यचस्वतीः । सुप्रायणाः । सुप्रायना इति सुऽप्रायनाः । ऋतावृधः । ऋतवृध इति ऋतऽवृधः । द्वारः । देवीः । हिरण्ययीः । ब्रह्माणम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । पङ्क्तिम् । छन्दः । इह । इन्द्रियम् । तुर्यवाहमिति तुर्यऽवाहम् । गाम् । वयः । दधत् । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ २८ ॥

पदार्थः—(होता) (यक्षत्) (व्यचस्वतीः) गमनाऽवकाशयुक्ताः (सुप्रायणाः) सुष्ठु प्रायणं प्रकर्षेण गमनं यासु ताः (ऋतावृधः) या ऋतं यथायोग्यं सत्यं वर्द्धयन्ति ताः (द्वारः) द्वाराणि (देवीः) दिव्यगुणाः (हिरण्ययीः) सुवर्णादिभिरनुलिप्ताः (ब्रह्माणम्) चतुर्वेदविदम् (इन्द्रम्) विद्यैश्वर्यम् (वयोधसम्) कमनीयानां विद्याबोधादीनां धातारम् (पङ्क्तिम्) (छन्दः) (इह) अस्मिन् संसारे (इन्द्रियम्) धनम् (तुर्यवाहम्) यस्तुर्यं चतुर्गुणं भारं वहति तम् (गाम्) (वयः) गमनम् (दधत्) (व्यन्तु) प्राप्नुवन्तु (आज्यस्य) प्राप्तव्यस्य घृतादिसम्बन्धिपदार्थस्य (होतः) (यज) ॥ २८ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथेह होता व्यचस्वतीः सुप्रायणा ऋतावृधो हिरण्ययीर्देवीर्द्वारो वयोधसं ब्रह्माणमिन्द्रं पङ्क्तिं छन्द इन्द्रियं तुर्यवाहं गां वयश्च दधदाज्यस्यैतानि यक्षत् यथा च जना व्यन्तु तथैतानि यज ॥ २८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । मनुष्या अत्युत्तमानि सुन्दरद्वाराणि सुवर्णादियुक्तानि गृहाणि रचयित्वा तत्र निवासं विद्याभ्यासं च कुर्युस्तेऽरोगा जायन्ते ॥ २८ ॥

पदार्थः—हे (होतः) यज्ञ करनेवाले पुरुष ! तू जैसे (इह) इस संसार में (होता) ग्रहीता जन (व्यचस्वतीः) निकलने के अवकाश वाले (सुप्रायणाः) सुन्दर निकलना जिन में हो

(ऋतावृधः) सत्य को बढ़ाने हारे (हिरण्ययीः) सुनहरी चित्रों वाले (देवीः) उत्तम गुणयुक्त (द्वारः) द्वारों को (वयोधसम्) कामना के योग्य विद्या तथा बोध आदि के धारण करने हारे (ब्रह्माणम्) चारों वेद के ज्ञाता (इन्द्रम्) विद्यारूप ऐश्वर्य वाले विद्वान् को (पंक्तिम्) पंक्ति (छन्दः) छन्द (इन्द्रियम्) धन (तुर्यवाहम्) चौगुणा बोझ ले चलने हारे (गाम्) बैल और (वयः) गमन को (दधत्) धारण करता हुआ (आज्यस्य) प्राप्त होने योग्य घृतादि के सम्बन्धी इन उक्त पदार्थों को (यक्षत्) संगत करें और जैसे मनुष्य को (व्यन्तु) प्राप्त होवें इन सब को (यज) प्राप्त हो ॥ २८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। मनुष्य लोग अत्युत्तम सुन्दर द्वारों वाले सुवर्णादि पदार्थों से युक्त घरों को बना के वहां निवास और विद्या का अभ्यास करें वे रोगरहित होते हैं ॥ २८ ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः । अहोरात्रे देवते । निचृदतिशक्वरी छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्सुपेशसा सुशिल्पे बृहती उभे नक्तोषासा न दर्शते विश्वमिन्द्रं वयोधसम् । त्रिष्टुभं छन्द इहेन्द्रियं पष्ठवाहं गां वयो दधद्वीतामाज्यस्य होतर्यज ॥ २९ ॥

होता । यक्षत् । सुपेशसेति सुऽपेशसा । सुशिल्पे इति सुऽशिल्पे । बृहतीऽइति बृहती । उभेऽइत्युभे । नक्तोषासा । नक्तोषसेति नक्तोषसा । न । दर्शतेऽइति दर्शते । विश्वम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । त्रिष्टुभम् । त्रिस्तुभमिति त्रिऽस्तुभम् । छन्दः । इह । इन्द्रियम् । पष्ठवाहमिति पष्ठऽवाहम् । गाम् । वयः । दधत् । वीताम् । आज्यस्य । होतः । यज ॥ २९ ॥

पदार्थः—(होता) आदाता (यक्षत्) (सुपेशसा) सुन्दरस्वरूपवन्तौ विद्वांसावध्यापकौ (सुशिल्पे) सुन्दराणि शिल्पानि ययोस्ते (बृहती) महत्यौ (उभे) द्वे (नक्तोषासा) रात्रिदिने (न) इव (दर्शते) द्रष्टव्ये (विश्वम्) सर्वम् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यम् (वयोधसम्) कामनाधारकम् (त्रिष्टुभम्) एतच्छन्दोऽर्थम् (छन्दः) बलम् (इह) अस्मिञ्जगति (इन्द्रियम्) (पष्ठवाहम्) यः पष्ठेन पृष्ठेन वहति तम् (गाम्) वृषम् (वयः) (दधत्) (वीताम्) प्राप्नुताम् (आज्यस्य) प्राप्तुं योग्यस्य घृतादिपदार्थस्य सम्बन्धिनम् (होतः) (यज) ॥ २९ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथेह बृहत्युभे सुशिल्पे दर्शते नक्तोषासा न सुपेशसा विश्वं वयोधसमिन्द्रं त्रिष्टुभं छन्दो वय इन्द्रियं पष्ठवाहं गां न वीतां यथाऽऽज्यस्यैतानि दधत्सन् होता यक्षत्तथा यज ॥ २६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ। ये सकलैश्वर्यकराणि शिल्पकर्माणीह साध्नुवन्ति ते सुखिनो जायन्ते ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे (होतः) यज्ञ करनेहारे पुरुष ! तू जैसे (इह) इस जगत् में (बृहती) बड़े (उभे) दोनों (सुशिल्पे) सुन्दर शिल्पकार्य जिन में हों वे (दर्शते) देखने योग्य (नक्तोषासा) रात्रि दिन के (न) समान (सुपेशसा) सुन्दर रूप वाले अध्यापक उपदेशक दो विद्वान् (विश्वम्) सब (वयोधसम्) कामना के आधार (इन्द्रम्) उत्तम ऐश्वर्य (त्रिष्टुभम्) त्रिष्टुप् छन्द का अर्थ (छन्दः) बल (वयः) अवस्था (इन्द्रियम्) श्रोत्रादि इन्द्रिय और (पष्ठवाहम्) पीठ पर भार ले चलने वाले (गाम्) बैल को (वीताम्) प्राप्त हों जैसे (आज्यस्य) प्राप्त होने योग्य घृतादि पदार्थ के सम्बन्धी इन को (दधत्) धारण करता हुआ (होता) ग्रहणकर्ता पुरुष (यक्षत्) प्राप्त होवे वैसे (यज) यज्ञ कीजिये ॥ २९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो संपूर्ण ऐश्वर्य करनेहारे शिल्पकार्यों को इस जगत् में सिद्ध करते हैं वे सुखी होते हैं ॥ २९ ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः। अश्विनौ देवते। भुरिक्छक्वरी छन्दः।
धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्प्रचेतसा देवानामुत्तमं यशो होतारा दैव्या कवी सयुजेन्द्रं वयोधसम्। जगतीं छन्द इन्द्रियमनड्वाहं गां वयो दधद्वीताज्यस्य होतर्यज ॥ ३० ॥

होता। यक्षत्। प्रचेतसेति प्रऽचेतसा। देवानाम्। उत्तममित्युत्ऽतमम्। यशः। होतारा। दैव्या। कवीऽइति कवी। सयुजेति सऽयुजा। इन्द्रम्। वयोधसमिति वयःऽधसम्। जगतीम्। छन्दः। इन्द्रियम्। अनड्वाहम्। गाम्। वयः। दधत्। वीताम्। आज्यस्य। होतः। यज ॥ ३० ॥

पदार्थः—(होता) (यक्षत्) (प्रचेतसा) प्रकृष्टं चेतो विज्ञानं ययोस्तौ (देवानाम्) विदुषाम् (उत्तमम्) (यशः) कीर्त्तिम् (होतारा) दातारौ (दैव्या) देवेषु दिव्येषु कर्मसु साधू (कवी) मेधाविनौ (सयुजा) यौ सहैव युङ्क्तस्तौ (इन्द्रम्)

परमैश्वर्यम् (वयोधसम्) कमनीयसुखधारकम् (जगतीम्) (छन्दः) (इन्द्रियम्) धनम् (अनड्वाहम्) शकटवाहकम् (गाम्) वृषभम् (वयः) विज्ञानम् (दधत्) (वीताम्) प्राप्नुताम् (आज्यस्य) विज्ञेयस्य (होतः) (यज) ॥ ३० ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा देवानां प्रचेतसा सयुजा दैव्या होतारा कवी अध्यापकाऽध्येतारौ श्रोताश्रावयितारौ वोत्तमं यशो वयोधसमिन्द्रं जगतीं छन्दो वय इन्द्रियमनड्वाहं गां च वीतां यथाऽऽज्यस्य मध्य एतानि दधत् सन् होता यक्षत्तथा यज ॥ ३० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यदि मनुष्याः पुरुषार्थं कुर्युस्तर्हि विद्यां कीर्त्तिं धनं च प्राप्य माननीया भवेयुः ॥ ३० ॥

पदार्थः—हे (होतः) दान देनेहारे पुरुष ! तू जैसे (देवानाम्) विद्वानों के सम्बन्धी (प्रचेतसा) उत्कृष्ट विज्ञान वाले (सयुजा) साथ योग रखने वाले (दैव्या) उत्तम कर्मों में साधु (होतारा) दाता (कवी) बुद्धिमान् पढ़ने पढ़ाने वा सुनने वा सुनाने हारे (उत्तमम्) उत्तम (यशः) कीर्त्ति (वयोधसम्) अभीष्ट सुख के धारक (इन्द्रम्) उत्तम ऐश्वर्य (जगतीम्, छन्दः) जगती छन्द (वयः) विज्ञान (इन्द्रियम्) धन और (अनड्वाहम्) गाड़ी चलानेहारे (गाम्) बैल को (वीताम्) प्राप्त हों जैसे (आज्यस्य) जानने योग्य पदार्थ के बीच इन उक्त सब का (दधत्) धारण करता हुआ (होता) ग्रहणकर्त्ता जन (यक्षत्) प्राप्त होवे वैसे (यज) प्राप्त हूजिये ॥ ३० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। यदि मनुष्य पुरुषार्थ करें तो विद्या और धन को प्राप्त हो के माननीय होवें ॥ ३० ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः। वाण्यो देवताः। भुरिक्छक्वरी छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्पेशस्वतीस्तिस्रो देवीर्हिरण्ययीर्भारतीर्बृहतीर्महीः पतिमिन्द्रं वयोधसम्। विराजं छन्द इहेन्द्रियं धेनुं गां न वयो दधद्व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३१ ॥

होता। यक्षत्। पेशस्वतीः। तिस्रः। देवीः। हिरण्ययीः। भारतीः। बृहतीः। महीः। पतिम्। इन्द्रम्। वयोधसमिति वयःऽधसम्। विराजमिति विऽराजम्। छन्दः। इह। इन्द्रियम्। धेनुम्। गाम्। न। वयः। दधत्। व्यन्तु। आज्यस्य। होतः। यज ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(होता) (यक्षत्) (पेशस्वतीः) प्रशस्तसुरूपवतीः (तिस्रः) त्रित्वसंख्याः (देवीः) दात्र्यः (हिरण्ययीः) हिरण्यप्रकाराः (भारतीः) धारिकाः (बृहतीः) (महीः) महत्संयुक्ताः (पतिम्) पालकम् (इन्द्रम्) राजानम (वयोधसम्) चिरायुर्धारकम् (विराजम्) विविधानां पदार्थानां प्रकाशकम् (छन्दः) बलकरम् (इह) (इन्द्रियम्) इन्द्रैर्जीवैर्जुष्टं सुखम् (धेनुम्) दुग्धदात्रीम् (गाम्) (न) इव (वयः) कमनीयम् (दधत्) (व्यन्तु) प्राप्नुवन्तु (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३१ ॥

अन्वयः—हे होतर्यथेह यो होता तिस्रो हिरण्ययीः पेशस्वतीर्भारतीर्बृहतीर्मही- र्देवीस्त्रिविधा वाचो वयोधसं पतिमिन्द्रं विराजं छन्द वय इन्द्रियं च यक्षत्स धेनुं गां न व्यन्तु तथैतानि दधत्सन्नाज्यस्य फलं यज ॥ ३१ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । ये मनुष्याः कर्मोपासनाज्ञान- विज्ञापिकां वाणीं विजानन्ति ते महतीं कीर्त्तिं प्राप्नुवन्ति यथा धेनुर्वत्सान् तर्पयति तथेह विद्वांसोऽज्ञान् बालकान् तर्पयन्ति ॥ ३१ ॥

पदार्थः—हे (होतः) यज्ञ करनेहारे जन ! जैसे (इह) इस जगत् में जो (होता) शुभ गुणों का ग्रहीता जन (तिस्रः) तीन (हिरण्ययीः) सुवर्ण के तुल्य प्रिय (पेशस्वतीः) सुन्दर रूपों वाली (भारतीः) धारण करने हारी (बृहतीः) बड़ी गम्भीर (महीः) महान् पुरुषों ने ग्रहण की (देवीः) दानशील स्त्रियों, तीन प्रकार की वाणियों, (वयोधसम्) बहुत अवस्था वाले (पतिम्) रक्षक (इन्द्रम्) राजा, (विराजम्) विविध पदार्थों के प्रकाशक (छन्दः) विराट् छन्द, (वयः) कामना के योग्य वस्तु और (इन्द्रियम्) जीवों ने सेवन किये सुख को (यक्षत्) प्राप्त होता है वह (धेनुम्) दूध देनेहारी (गाम्) गौ के (न) समान हम को (व्यन्तु) प्राप्त हों वैसे इन सब को (दधत्) धारण करता हुआ (आज्यस्य) प्राप्त होने योग्य विज्ञान के फल को (यज) प्राप्त हूजिये ॥ ३१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो मनुष्य कर्म उपासना और विज्ञान को जानने वाली वाणी को जानते हैं वे बड़ी कीर्त्ति को प्राप्त होते हैं । जैसे धेनु बछड़ों को तृप्त करती है वैसे विद्वान् लोग मूर्ख बालबुद्धि लोगों को तृप्त करते हैं ॥ ३१ ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । भुरिक्छक्वरी छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्सुरेतसं त्वष्टारं पुष्टिवर्द्धनं रूपाणि बिभ्रतं पृथक् पुष्टिमिन्द्रं वयोधसम् । द्विपदं छन्द इन्द्रियमुक्षाणं गां न वयो दधद्वेत्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३२ ॥

होता । यक्षत् । सुरेतसमिति सुऽरेतसम् । त्वष्टारम् । पुष्टिवर्धनमिति पुष्टिऽवर्धनम । रूपाणि । बिभ्रतम् । पृथक् । पुष्टिम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । द्विपदमिति द्विऽपदम् । छन्दः । इन्द्रियम् । उक्षाणम् । गाम् । न । वयः । दधत् । वेतु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(होता) (यक्षत्) (सुरेतसम्) शोभनं रेतो वीर्यं यस्य तम् (त्वष्टारम्) देदीप्यमानम् (पुष्टिवर्धनम) यः पुष्ट्या वर्धयति तम् (रूपाणि) (बिभ्रतम्) धरन्तम (पृथक्) (पुष्टिम) (इन्द्रम) परमैश्वर्यम (वयोधसम) (द्विपदम्) द्वौ पादौ यस्मिन् तत् (छन्दः) (इन्द्रियम्) (उक्षाणम) वीर्यसेचनसमर्थम् (गाम्) युवावस्थास्थं वृषभम् (न) इव (वयः) (दधत्) (वेतु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा होता सुरेतसं त्वष्टारं पुष्टिवर्धनं रूपाणि पृथक् बिभ्रतं वयोधसं पुष्टिमिन्द्रं द्विपदं छन्द इन्द्रियमुक्षाणं गां न वयो दधत्सन्नाज्यस्य यक्षद्वेतु तथा यज ॥ ३२ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । हे मनुष्या यथा वृषभो गा गर्भिणीः कृत्वा पशून् वर्धयति तथा गृहस्थाः स्त्रीगर्भवतीः कृत्वा प्रजा वर्द्धयेयुः । यदि सन्तानेच्छा स्यात्तर्हि पुष्टिः सम्पादनीया । यथा सूर्यो रूपज्ञापकोऽस्ति तथा विद्वान् विद्यासुशिक्षे प्रकाशयति ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे (होतः) दान देनेहारे पुरुष ! जैसे (होता) शुभ गुणों का ग्रहीता पुरुष (सुरेतसम्) सुन्दर पराक्रम वाले (त्वष्टारम्) प्रकाशमानं (पुष्टिवर्धनम्) जो पुष्टि से बढ़ाता उस (रूपाणि) सुन्दर रूपों को (पृथक्) अलग अलग (बिभ्रतम्) धारण करने हारे (वयोधसम्) बड़ी अवस्था वाले (पुष्टिम्) पुष्टियुक्त (इन्द्रम्) उत्तम ऐश्वर्य को (द्विपदम्) दो पगवाले मनुष्यादि (छन्दः) स्वतन्त्रता (इन्द्रियम्) श्रोत्रादि इन्द्रिय (उक्षाणम्) वीर्य सींचने में समर्थ (गाम्) जवान बैल के (न) समान (वयः) अवस्था को (दधत्) धारण करता हुआ (आज्यस्य) विज्ञान के सम्बन्धी पदार्थ का (यक्षत्) होम करे तथा (वेतु) प्राप्त होवे वैसे (यज) होम कीजिये ॥ ३२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं । हे मनुष्यो ! जैसे बैल गौओं को गाभिन करके पशुओं को बढ़ाता है वैसे गृहस्थ लोग स्त्रियों को गर्भवती कर प्रजा को बढ़ावें । जो सन्तानों की चाहना करें तो शरीरादि की पुष्टि अवश्य करनी चाहिये । जैसे सूर्य रूप को जताने वाला है वैसे विद्वान् पुरुष विद्या और अच्छी शिक्षा का प्रकाश करने वाला होता है ॥ ३२ ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । निचृदत्यष्टिश्छन्दः ।
गान्धारः स्वरः ॥

४८

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षद्वनस्पतिꣳ शमितारꣳ शतक्रतुꣳ हिरण्यपर्णमुक्थिनꣳ रशनां बिभ्रतं वशिं भगमिन्द्रं वयोधसम् । ककुभं छन्द इहेन्द्रियं वशां वेहतं गां वयो दधद्वेत्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३३ ॥

होता । यक्षत । वनस्पतिम् । शमितारम् । शतक्रतुमिति शतऽक्रतुम् । हिरण्यपर्णमिति हिरण्यऽपर्णम । उक्थिनम् । रशनाम् । बिभ्रतम । वशिम् । भगम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । ककुभम । छन्दः । इह । इन्द्रियम । वशाम् । वेहतम् । गाम् । वयः । दधत् । वेतु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(होता) (यक्षत) (वनस्पतिम्) किरणपालकं सूर्यम (शमितारम्) शान्तिकरम (शतक्रतुम्) बहुप्रज्ञम् (हिरण्यपर्णम्) हिरण्यानि तेजांसि पर्णानि पालकानि यस्य तम् (उक्थिनम) उक्थानि वक्तुं योग्यानि प्रशस्तानि वचनानि यस्य (रशनाम) अङ्गुलिम् । *रशनेत्यङ्गुलिना०* ॥ निघं० २ । ५ ॥ (बिभ्रतम) धरन्तम् (वशिम्) वशकर्त्तारम (भगम्) सेवनीयमैश्वर्यम् (इन्द्रम) जीवम् (वयोधसम्) आयुर्धारकम् (ककुभम्) स्तम्भकम् (छन्दः) आह्लादकरम् (इह) (इन्द्रियम) धनम् (वशाम्) वन्ध्याम् (वेहतम) गर्भस्राविकाम् (गाम्) (वयः) कमनीयं वस्तु (दधत्) (वेतु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथेहाज्यस्य होता शमितारं हिरण्यपर्णं वनस्पतिमिव शतक्रतुमुक्थिनं रशनां बिभ्रतं वशिं भगं वयोधसमिन्द्रं ककुभं छन्द इन्द्रियं वशां वेहतं गां वयश्च दधत्सन्यक्षद्वेतु तथा यज ॥ ३३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये मनुष्याः सूर्यवद्विद्याधर्मसुशिक्षाप्रकाशका धीमन्तः स्वाङ्गानि धरन्तो विद्यैश्वर्यं प्राप्याऽन्येभ्यो ददति ते प्रशंसामाप्नुवन्ति ॥३३॥

पदार्थः—हे (होतः) दान देनेहारे जन । जैसे (इह) इस संसार में (आज्यस्य) घी आदि उत्तम पदार्थ का (होता) होम करने वाला (शमितारम्) शान्तिकारक (हिरण्यपर्णम्) तेजरूप रक्षाओं वाले (वनस्पतिम्) किरणपालक सूर्य के तुल्य (शतक्रतुम्) बहुत बुद्धि वाले (उक्थिनम्) प्रशस्त कहने योग्य वचनों से युक्त (रशनाम्) अङ्गुलि को (बिभ्रतम्) धारण करते हुए (वशिम्) वश में करने हारे (भगम्) सेवने योग्य ऐश्वर्य (वयोधसम्) अवस्था के धारक (इन्द्रम्) जीव (ककुभम्) अर्थ के निरोधक (छन्दः) प्रसन्नताकारक (इन्द्रियम्) धन (वशाम्) वन्ध्या तथा (वेहतम्) गर्भ गिराने हारी (गाम्) गौ और (वयः) अभीष्ट वस्तु को (दधत) धारण करता हुआ (यक्षत) यज्ञ करे तथा (वेतु) चाहना करे वैसे (यज) यज्ञ कीजिये ॥ ३३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य सूर्य के तुल्य विद्या धर्म और उत्तम शिक्षा के प्रकाश करनेहारे बुद्धिमान् अपने अङ्गों को धारण करते हुए विद्या और ऐश्वर्य को प्राप्त होके औरों को देते वे प्रशंसा पाते हैं ॥ ३३ ॥

होतेत्यस्य सरस्वत्यृषिः । अग्निर्देवता । अतिशक्वरी छन्दः ।
पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

होता यक्षत्स्वाहाकृतीरग्निं गृहपतिं पृथग्वरुणं भेषजं कविं क्षत्रमिन्द्रं वयोधसम् । अतिछन्दसं छन्द इन्द्रियं बृहदृषभं गां वयो दधद्व्यन्त्वाज्यस्य होतर्यज ॥ ३४ ॥

होता । यक्षत् । स्वाहाकृतीरिति स्वाहाऽकृतीः । अग्निम् । गृहपतिमिति गृहऽपतिम् । पृथक् । वरुणम् । भेषजम् । कविम् । क्षत्रम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । अतिछन्दसमित्यतिऽछन्दसम् । छन्दः । इन्द्रियम् । बृहत् । ऋषभम् । गाम् । वयः । दधत् । व्यन्तु । आज्यस्य । होतः । यज ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(होता) (यक्षत्) (स्वाहाकृतीः) वाण्यादिभिः क्रियाः (अग्निम्) पावकमिव वर्त्तमानम् (गृहपतिम्) गृहस्य पालकम् (पृथक्) (वरुणम्) श्रेष्ठम् (भेषजम्) औषधम् (कविम्) मेधाविनम् (क्षत्रम्) राज्यम् (इन्द्रम्) राजानम् (वयोधसम्) कमनीयं जीवनधारकम् (अतिछन्दसम्) अतिजगत्यादिप्रतिपादितम् (छन्दः) (इन्द्रियम्) श्रोत्रादिकम् (बृहत्) (ऋषभम्) अतिश्रेष्ठम् (गाम्) (वयः) (दधत्) (व्यन्तु) (आज्यस्य) (होतः) (यज) ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा होता स्वाहाकृतीरग्निमिव गृहपतिं वरुणं पृथग्भेषजं वयोधसमिन्द्रं क्षत्रमतिछन्दसं छन्दो बृहदिन्द्रियमृषभं गां वयश्च दधत्सन्नाज्यस्याहुतिं यक्षद्यथा जना एतानि व्यन्तु तथा यज ॥ ३४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये मनुष्या वेदस्थानि छन्दांस्यतिछन्दांसि चाधीत्यार्थविदो भवन्ति ते सर्वा विद्याः प्राप्नुवन्ति ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे (होतः) यज्ञ करनेहारे जन ! तू जैसे (होता) ग्रहणकर्त्ता पुरुष (स्वाहाकृतीः) वाणी आदि से सिद्ध क्रिया (अग्निम्) अग्नि के तुल्य वर्त्तमान तेजस्वी (गृहपतिम्) घर के रक्षक (वरुणम्) श्रेष्ठ (पृथक्) अलग (भेषजम्) औषध (कविम्) बुद्धिमान् (वयोधसम्) मनोहर अवस्था को धारण करने हारे (इन्द्रम्) राजा (क्षत्रम्) राज्य (अतिछन्दसम्) अतिजगती आदि छन्द से कहे हुए अर्थ (छन्दः) गायत्री आदि छन्द

(बृहत्) बड़े (इन्द्रियम्) कान आदि इन्द्रिय (ऋषभम्) अति उत्तम (गाम्) बैल और (वयः) अवस्था को (दधत्) धारण करता हुआ (आज्यस्य) घी की आहुति का (यक्षत्) होम करे और जैसे लोग इन सब को (व्यन्तु) चाहें वैसे (यज) होम यज्ञ कीजिये ॥ ३४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य वेदस्थ गायत्री आदि छन्द तथा अतिजगती आदि अतिछन्दों को पढ़ के अर्थ जाननेवाले होते हैं वे सब विद्याओं को प्राप्त हो जाते हैं ॥ ३४ ॥

देवमित्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

कीदृशा जना वर्धन्त इत्याह ॥

कैसे मनुष्य बढ़ते हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवं बर्हिर्वयोधसं देवमिन्द्रमवर्धयत् । गायत्र्या छन्दसेन्द्रियं चक्षुरिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥ ३५ ॥

देवम् । बर्हिः । वयोधसमिति वयःऽधसम् । देवम् । इन्द्रम् । अवर्धयत् । गायत्र्या । छन्दसा । इन्द्रियम् । चक्षुः । इन्द्रे । वयः । दधत् । वसुवन इति वसुऽवने । वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य । वेतु । यज ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(देवम्) दिव्यगुणम् (बर्हिः) अन्तरिक्षम् (वयोधसम्) वयोवर्धकम् (देवम्) दिव्यस्वरूपम् (इन्द्रम्) सूर्यम् (अवर्धयत्) वर्धयति (गायत्र्या) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) इन्द्रस्य जीवस्य लिङ्गम् (चक्षुः) नेत्रम् (इन्द्रे) जीवे (वयः) जीवनम् (दधत्) धरत् (वसुवने) धनविभाजकाय (वसुधेयस्य) द्रव्याऽऽधारस्य संसारस्य (वेतु) प्राप्नोतु (यज) संगच्छस्व ॥ ३५ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा देवं बर्हिर्वयोधसं देवमिन्द्रमवर्धयद्यथा च गायत्र्या छन्दसा चक्षुरिन्द्रियं वयश्चेन्द्रे दधत्सद्वसुधेयस्य वसुवने वेतु तथा यज ॥ ३५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथाऽऽकाशे सूर्यप्रकाशो वर्धते तथा वेदेषु प्रज्ञा वर्धते । येऽस्मिन्संसारे वेदद्वारा सर्वाः सत्यविद्या जानीयुस्ते सर्वतो वर्धेरन् ॥ ३५ ॥

पदार्थः- हे विद्वन् पुरुष ! जैसे (देवम्) उत्तम गुणों वाला (बर्हिः) अन्तरिक्ष (वयोधसम्) अवस्थावर्धक (देवम्) उत्तम रूप वाले (इन्द्रम्) सूर्य को (अवर्धयत) बढ़ाता है अर्थात् चलने का अवकाश देता है और जैसे (गायत्र्या, छन्दसा) गायत्री छन्द से (इन्द्रियम्) जीव के चिह्न (चक्षुः) नेत्र इन्द्रिय को और (वयः) जीवन को (इन्द्रे)

जीव में (दधत्) धारण करता हुआ (वसुधेयस्य) द्रव्य के आधार संसार के (वसुवने) धन का विभाग करने हारे मनुष्य के लिये (वेतु) प्राप्त होवे वैसे (यज) समागम कीजिये ॥ ३५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे आकाश में सूर्य का प्रकाश बढता है वैसे वेदों का अभ्यास करने में बुद्धि बढ़ती है। जो इस जगत् में वेद के द्वारा सब सत्य विद्याओं को जानें वे सब ओर से बढ़ें ॥ ३५ ॥

देवीरित्यस्य सरस्वत्यृषिः। इन्द्रो देवता। भुरिक् त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैः कीदृशानि गृहाणि निर्मातव्यानीत्याह ॥

मनुष्यों को कैसे घर बनाने चाहियें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवीर्द्वारो वयोधसꣳ शुचिमिन्द्रमवर्धयन्। उष्णिहा छन्दसेन्द्रियं प्राणमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य व्यन्तु यज ॥ ३६ ॥

देवीः। द्वारः। वयोधसमिति वयःऽधसम्। शुचिम्। इन्द्रम्। अवर्धयन्। उष्णिहा। छन्दसा। इन्द्रियम्। प्राणम्। इन्द्रे। वयः। दधत्। वसुवन इति वसुऽवने। वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य। व्यन्तु। यज ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(देवीः) देदीप्यमानानि (द्वारः) गमनागमनार्थानि द्वाराणि (वयोधसम्) जीवानाधारकम् (शुचिम्) पवित्रम् (इन्द्रम्) शुद्धं वायुम् (अवर्धयन्) वर्धयन्ति (उष्णिहा) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) इन्द्रेण जीवेन जुष्टम् (प्राणम्) (इन्द्रे) जीवे (वयः) कमनीयं प्रियम् (दधत्) धरन्त्सन् (वसुवने) द्रव्ययाचिने (वसुधेयस्य) धनाऽऽधारस्य कोषस्य (व्यन्तु) (यज) ॥ ३६ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्! यथा देवीर्द्वारो वयोधसं शुचिमिन्द्रमिन्द्रियं प्राणमिन्द्रे वसुधेयस्य वसुवनेऽवर्धयन् व्यन्तु तथोष्णिहा छन्दसैतान् वयश्च दधत्सन् यज ॥ ३६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यानि गृहाणि सन्मुखद्वाराणि सर्वतो वायुसञ्चारीणि सन्ति तत्र निवासेन जीवनं पवित्रता बलमारोग्यं च वर्धंते तस्माद् बहुद्वाराणि बृहन्ति गृहाणि निर्मातव्यानि ॥ ३६ ॥

पदार्थः—हे विद्वन्! जैसे (देवीः) प्रकाशमान हुए (द्वारः) जाने आने के लिये द्वार (वयोधसम्) जीवन के आधार (शुचिम्) पवित्र (इन्द्रम्) शुद्ध वायु (इन्द्रियम्) जीवने से सेवे हुए (प्राणम्) प्राण को (इन्द्रे) जीव के निमित्त (वसुधेयस्य) धन के आधार कोष के (वसुवने) धन को मांगने वाले के लिये (अवर्धयन्) बढ़ाते हैं और (व्यन्तु) शोभायमान होवें वैसे (उष्णिहा, छन्दसा) उष्णिक् छन्द से इन पूर्वोक्त पदार्थों और (वयः) कामना के योग्य प्रिय पदार्थों को (दधत्) धारण करते हुए (यज) हवन कीजिये ॥ ३६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो घर समुहें द्वार वाले जिन में सब ओर से वायु आवे ऐसे हैं उनमें निवास करने से अवस्था, पवित्रता, बल और नीरोगता बढ़ती है इसलिये बहुत द्वारों वाले बड़े बड़े घर बनाने चाहियें ॥ ३६ ॥

देवीत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । भुरिगतिजगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्याः कथं वर्धेरन्नित्याह ॥

फिर मनुष्य कैसे बढ़ें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवी उषासानक्ता देवमिन्द्रं वयोधसं देवी देवमवर्धताम् । अनुष्टुभा छन्दसेन्द्रियं बलमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य वीतां यज ॥ ३७ ॥

देवीऽइति देवी । उषासानक्ता । उषसानक्तेत्युषसानक्ता । देवम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । देवी । देवम् । अवर्धताम् । अनुष्टुभा । अनुस्तुभेत्यनुऽस्तुभा । छन्दसा । इन्द्रियम् । बलम् । इन्द्रे । वयः । दधत् । वसुवन इति वसुऽवने । वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य । वीताम् । यज ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(देवी) देदीप्यमाने (उषासानक्ता) रात्रिदिने इवाध्यापिकाध्येत्र्यौ स्त्रियौ (देवम्) दिव्यगुणम् (इन्द्रम्) जीवम् (वयोधसम्) (देवी) दिव्या पतिव्रता स्त्री (देवम्) दिव्यं स्त्रीव्रतं पतिम् (अवर्धताम्) (अनुष्टुभा) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) इन्द्रेण जीवेन सेवितम् (बलम्) (इन्द्रे) जीवे (वयः) प्राणधारणम् (दधत्) (वसुवने) (वसुधेयस्य) (वीताम्) (यज) ॥ ३७ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यथोषासानक्तेव देवी वयोधसं देवमिन्द्रं देवी देवमिवावर्धतां यथा च वसुधेयस्य वसुवने वीतां तथा वयो दधत्सन्ननुष्टुभा छन्दसेन्द्रे इन्द्रियं बलं यज ॥ ३७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्या यथा प्रीत्या स्त्रीपुरुषौ व्यवस्थयाऽहोरात्रौ च वर्धेते तथा प्राप्तः समर्थयया भवन्तो वर्धन्ताम् ॥ ३७ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जन ! जैसे (उषासानक्ता) दिन रात्रि के समान (देवी) सुन्दर शोभायमान पढ़ाने पढ़ने वाली दो स्त्रियां (वयोधसम्) जीवन को धारण करने वाले (देवम्) उत्तम गुणयुक्त (इन्द्रम्) जीव को जैसे (देवी) उत्तम पतिव्रता स्त्री (देवम्) उत्तम स्त्रीव्रत लम्पटादि दोषरहित पति को बढ़ावे वैसे (अवर्धताम्) बढ़ावें और जैसे (वसुधेयस्य) धनाऽऽधार कोष के (वसुवने) धन को चाहने वाले के अर्थ (वीताम्) उत्पत्ति करें वैसे (वयः) प्राणों के धारण को (दधत्) पुष्ट करते हुए (अनुष्टुभा, छन्दसा) अनुष्टुप् छन्द

से (इन्द्रे) जीवात्मा में (इन्द्रियम्) जीवने से सेवन किये (बलम्) बल को (यज) सङ्गत कीजिये ॥ ३७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे मनुष्यो ! जैसे प्रीति से स्त्रीपुरुष और व्यवस्था से दिन रात बढ़ते हैं वैसे प्रीति और धर्म की व्यवस्था से आप लोग बढ़ा करें ॥ ३७ ॥

देवी इत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । भुरिगतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

अथ स्त्रीपुरुषौ किं कुर्यातामित्याह ॥

अब स्त्रीपुरुष क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवी जोष्ट्री वसुधिती देवमिन्द्रं वयोधसं देवी देवमवर्धताम् । बृहत्या छन्दसेन्द्रियथं श्रोत्रमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य वीतां यज ॥ ३८ ॥

देवीऽइति देवी । जोष्ट्रीऽइति जोष्ट्री । वसुधिती इति वसुऽधिती । देवम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । देवीऽइति देवी । देवम् । अवर्धताम् । बृहत्या । छन्दसा । इन्द्रियम् । श्रोत्रम् । इन्द्रे । वयः । दधत् । वसुवन इति वसुऽवने । वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य । वीताम् । यज ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(देवी) देदीप्यमाने (जोष्ट्री) प्रीतिमत्यौ (वसुधिती) विद्याधारिके (देवम्) दिव्यगुणम् सन्तानम् (इन्द्रम्) अन्नदातारम् (वयोधसम्) जीवनधारकम् (देवी) धर्मात्मा स्त्री (देवम्) धर्मात्मानं पतिम् (अवर्धताम्) (बृहत्या) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) इन्द्रेणेश्वरेण सृष्टम् (श्रोत्रम्) शब्दश्रावकम् (इन्द्रे) जीवे (वयः) कमनीयं सुखम् (दधत्) (वसुवने) (वसुधेयस्य) (वीताम्) व्याप्नुतः (यज) ॥ ३८ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा देवी जोष्ट्री वसुधिती स्त्रियौ वयोधसमिन्द्रं देवं देवी देवमिव प्राप्यावर्धतां बृहत्या छन्दसेन्द्रे श्रोत्रमिन्द्रियं वीतां तथा वसुधेयस्य वसुवने वयो दधत्सन् यज ॥ ३८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्य ! यथाऽध्यापिकोपदेशिके स्त्रियौ स्वसन्तानानन्याः कन्याः स्त्रियश्च विद्याशिक्षाभ्यां वर्धयतस्तथा स्त्रीपुरुषौ परमप्रीत्या विद्याविचारेण स्वसन्तानान् वर्द्धयेतां स्वयं च वर्धेताम् ॥ ३८ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जन ! जैसे (देवी) तेजस्विनी (जोष्ट्री) प्रीति वाली (वसुधिती) विद्या को धारण करने हारी पढ़ने पढ़ाने वाली दो स्त्रियां (वयोधसम्) अवस्था वाले (देवम्) दिव्य गुण युक्त (इन्द्रम्) अन्नदाता अपने सन्तान को जैसे (देवी) धर्मात्मा स्त्री (देवम्)

अपने धर्मनिष्ठ पति को वैसे प्राप्त हो के (अवर्धताम्) उन्नति को प्राप्त हो (बृहत्या छन्दसा) बृहती छन्द से (इन्द्रे) जीवात्मा में (इन्द्रियम्) ईश्वर ने रचे हुए (श्रोत्रम्) शब्द सुनने के हेतु कान को (वीताम्) व्याप्त हों वैसे (वसुधेयस्य) धन के आधार कोष के (वसुवने) धन की चाहना के अर्थ (वयः) उत्तम मनोहर सुख को (दधत्) धारण करते हुए (यज) यज्ञादि कीजिये ।। ३८ ।।

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे मनुष्यो! जैसे पढ़ाने और उपदेश करने वाली स्त्रियां अपने सन्तानों अन्य कन्याओं वा स्त्रियों को विद्या तथा शिक्षा से बढ़ाती हैं वैसे स्त्री पुरुष परमप्रीति से विद्या के विचार के साथ अपने सन्तानों को बढ़ावें और आप बढ़ें ।। ३८ ।।

देवी इत्यस्य सरस्वत्यृषिः। इन्द्रो देवता। निचृच्छक्वरी छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवी ऊर्जाहुती दुघे सुदुघे पयसेन्द्रं वयोधसं देवी देवमवर्धताम्। पङ्क्त्या छन्दसेन्द्रियꣳ शुक्रमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य वीतां यज ॥ ३९ ॥

देवीऽइति देवी। ऊर्जाहुती इत्यूर्जाऽआहुती। दुघेऽइति दुघे। सुदुघे इति सुऽदुघे। पयसा। इन्द्रम्। वयोधसमिति वयःऽधसम्। देवीऽइति देवी। देवम्। अवर्धताम्। पंक्त्या। छन्दसा। इन्द्रियम्। शुक्रम्। इन्द्रे। वयः। दधत्। वसुवन् इति वसुऽवने। वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य। वीताम्। यज ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(देवी) दात्र्यौ (ऊर्जाहुती) सुसंस्कृतान्नाहुती (दुघे) पूरिके (सुदुघे) सुष्ठुकामपूरिके (पयसा) जलवर्षणेन (इन्द्रम्) जीवम् (वयोधसम्) प्राणधारिणम् (देवी) पतिव्रता विदुषी स्त्री (देवम्) स्त्रीव्रतं विद्वांसम् (अवर्धताम्) (पङ्क्त्या) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) धनम् (शुक्रम्) वीर्यम् (इन्द्रे) जीवे (वयः) कमनीयं सुखम् (दधत्) (वसुवने) धनसेविने (वसुधेयस्य) (वीताम्) (यज) ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यथा दुघे सुदुघे देवी ऊर्जाहुती पयसा वयोधसमिन्द्रं देवी देवमिवावर्धतां पङ्क्त्या छन्दसा इन्द्रे शुक्रमिन्द्रियं वीतां तथा वसुधेयस्य वसुवने वयो दधत्सन् यज ॥ ३९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। हे मनुष्या यथाऽग्नौ प्रास्ताऽऽहुतिर्मेघमण्डलं प्राप्य पुनरागत्य च शुद्धेन जलेन सर्वं जगत्पुष्णाति तथा विद्याग्रहणदानाभ्यां सर्वं पोषयत ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् पुरुष ! जैसे (दुघे) पदार्थों को पूर्ण करने और (सुदुघे) सुन्दर प्रकार कामनाओं को पूर्ण करने हारी (देवी) सुगन्धि को देने वाली (ऊर्जाहुती) अच्छे संस्कार किये हुए अन्न की दो आहुती (पयसा) जल की वर्षा से (वयोधसम्) प्राणधारी (इन्द्रम्) जीव को जैसे (देवी) पतिव्रता विदुषी स्त्री (देवम्) व्यभिचारादि दोषरहित पति को बढ़ाती है वैसे (अवर्धताम्) बढ़ावें (पङ्क्त्या, छन्दसा) पङ्क्ति छन्द से (इन्द्रे) जीवात्मा के निमित्त (शुक्रम्) पराक्रम और (इन्द्रियम्) धन को (वीताम्) प्राप्त करें वैसे (वसुधेयस्य) धन के कोष के (वसुवने) धन का सेवन करने हारे के लिये (वयः) सुन्दर ग्राह्य सुख को (दधत्) धारण करते हुए (यज) यज्ञ कीजिये ॥ ३९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे मनुष्यो ! जैसे अग्नि में छोड़ी हुई आहुति मेघमण्डल को प्राप्त हो फिर आकर शुद्ध किये हुए जल से सब जगत् को पुष्ट करती है वैसे विद्या के ग्रहण और दान से सब को पुष्ट किया करो ॥ ३९ ॥

देवा इत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । अतिजगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

पुनः स्त्रीपुंसाभ्यां किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

फिर स्त्री पुरुषों को क्या करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवा दैव्या होतारा देवमिन्द्रं वयोधसं देवौ देवमवर्धताम् ।
त्रिष्टुभा छन्दसेन्द्रियं त्विषिमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य वीतां यज
॥ ४० ॥

देवा । दैव्या । होतारा । देवम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । देवौ । देवम् । अवर्धताम् । त्रिष्टुभा । त्रिस्तुभेति त्रिऽस्तुभा । छन्दसा । इन्द्रियम् । त्विषिम् । इन्द्रे । वयः । दधत् । वसुवन इति वसुऽवने । वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य । वीताम् । यज ॥ ४० ॥

पदार्थः—(देवा) कमनीयौ विद्वांसौ (दैव्या) कमनीयेषु कुशलौ (होतारा) दातारावध्यापकोपदेशकौ (देवम्) कामयमानम (इन्द्रम) जीवम (वयोधसम) आयुर्धारकम (देवौ) शुभगुणान् कामयमानौ मातापितरौ (देवम्) कमनीयं पुत्रम् (अवर्धताम) वर्धयतः (त्रिष्टुभा) (छन्दसा) (इन्द्रियम) श्रोत्रादि (त्विषिम्) प्रकाशयुक्तम् (इन्द्रे) स्वात्मनि (वयः) (दधत्) (वसुवने) (वसुधेयस्य) (वीताम्) (यज) ॥ ४० ॥

अन्वयः—हे होतारा यथा दैव्या देवा वयोधसं देवमिन्द्रं देवौ देवमिवाऽवर्द्धतां तथा वसुधेयस्य वसुवने वीताम्। हे विद्वन्! त्रिष्टुभा छन्दसेन्द्रे त्विषिमिन्द्रियं वयो दधत्सन् त्वं यज ॥ ४० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथाऽध्यापकोपदेशकौ विद्यार्थिशिष्यौ मातापितरावपत्यानि वर्धयतस्तथा विद्वांसौ स्त्रीपुरुषौ वेदविद्यया सर्वान् वर्द्धयेताम् ॥४०॥

पदार्थः—हे (होतारा) दानशील अध्यापक उपदेशक लोगो! जैसे (दैव्या) कामना के योग्य पदार्थ बनाने में कुशल (देवा) चाहने योग्य दो विद्वान् (वयोधसम्) अवस्था के धारक (देवम्) कामना करते हुए (इन्द्रम्) जीवात्मा को जैसे (देवौ) शुभगुणों की चाहना करते हुए माता पिता (देवम्) अभीष्ट पुत्र को बढ़ावें वैसे (अवर्धताम्) बढ़ावें (वसुधेयस्य) धनकोष के (वसुवने) धन सेवने वाले जन के लिये (वीताम्) प्राप्त हूजिये तथा हे विद्वन् पुरुष! (त्रिष्टुभा, छन्दसा) त्रिष्टुप् छन्द से (इन्द्रे) आत्मा में (त्विषिम्) प्रकाशयुक्त (इन्द्रियम्) कान आदि इन्द्रिय और (वयः) सुख को (दधत्) धारण करता हुआ तू (यज) यज्ञादि उत्तम कर्म कर ॥ ४० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे पढ़ने और उपदेश करने हारे विद्यार्थी और शिष्यों को तथा माता पिता सन्तानों को बढ़ाते हैं वैसे विद्वान् स्त्री पुरुष वेदविद्या से सब को बढ़ावें ॥ ४० ॥

देवीरित्यस्य सरस्वत्यृषिः। इन्द्रो देवता। भुरिग् जगती छन्दः। निषादः स्वरः ॥

अथ राजप्रजाधर्मविषयमाह ॥

अब राज प्रजा का धर्म विषय अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवीस्तिस्रस्तिस्रो देवीर्वयोधसं पतिमिन्द्रमवर्धयन्। जगत्या छन्दसेन्द्रियꣳ शूषमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य व्यन्तु यज ॥ ४१ ॥

देवीः। तिस्रः। तिस्रः। देवीः। वयोधसमिति वयःऽधसम्। पतिम्। इन्द्रम्। अवर्धयन्। जगत्या। छन्दसा। इन्द्रियम्। शूषम्। इन्द्रे। वयः। दधत्। वसुवन इति वसुऽवने। वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य। व्यन्तु। यज ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(देवीः) देदीप्यमाना विदुष्यः (तिस्रः) त्रित्वसंख्याकाः (तिस्रः) अध्यापकोपदेशकपरीक्षित्र्यः (देवीः) अत्रादरार्थं द्विरुक्तिः (वयोधसम्) जीवनधारकम् (पतिम्) पालकं स्वामिनम् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तं सम्राजम् (अवर्द्धयन्) वर्धयेयुः (जगत्या) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) (शूषम्) बलम् (इन्द्रे) स्वात्मनि (वयः) शत्रुबलव्यापकम् (दधत्) (वसुवने) (वसुधेयस्य) (व्यन्तु) व्याप्नुवन्तु (यज) ॥ ४१ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्! यथा तिस्रा देवीस्तिस्रा देवीर्वयोधसं पतिमिन्द्रमवर्द्धयन् व्यन्तु तथा जगत्या छन्दसेन्द्रे शूषमिन्द्रियं वयो दधत्सद् वसुधेयस्य वसुवने यज ॥ ४१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। यथाऽध्यापकोपदेशकपरीक्षकाः स्त्रीपुरुषाः प्रजासु विद्यासदुपदेशान् प्रचारयेयुस्तथा राजैतेषां यथावद्रक्षां कुर्यादेवं राजप्रजाजनाः परस्परं प्रीताः सन्तः सर्वतो वृद्धिं प्राप्नुवन्तु ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे विद्वन्! जैसे (तिस्रः) तीन (देवीः) तेजस्विनी विदुषी (तिस्रः) तीन पढ़ाने, उपदेश करने और परीक्षा लेने वाली (देवीः) विदुषी स्त्री (वयोधसम्) जीवन धारण करनेहारे (पतिम्) रक्षक स्वामी (इन्द्रम्) उत्तम ऐश्वर्य वाले चक्रवर्ती राजा को (अवर्धयन्) बढ़ावें तथा (व्यन्तु) प्राप्त होवें वैसे (जगत्या, छन्दसा) जगती छन्द से (इन्द्रे) अपने आत्मा में (शूषम्, वयः) शत्रुसेना में व्यापक होने वाले अपने बल तथा (इन्द्रियम्) कान आदि इन्द्रिय को (दधत्) धारण करते हुए (वसुधेयस्य) धनकोष के (वसुवने) धनदाता के अर्थ (यज) अग्निहोत्रादि यज्ञ कीजिये ॥ ४१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे पढ़ने उपदेश करने और परीक्षा लेने वाले स्त्री पुरुष प्रजाओं में विद्या और श्रेष्ठ उपदेशों का प्रचार करें वैसे राजा इनकी यथावत् रक्षा करे इस प्रकार राजपुरुष और प्रजापुरुष आपस में प्रसन्न हुए सब ओर से वृद्धि को प्राप्त हुआ करें ॥ ४१ ॥

देव इत्यस्य सरस्वत्यृषिः। इन्द्रो देवता। निचृदतिजगती छन्दः।
निषादः स्वरः ॥

अथ विद्वद्भिः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

फिर विद्वानों को क्या करना चाहिये इस विषय का अगले मन्त्र में कहा है ॥

दे॒वो न॒रा॒शꣳसो॑ दे॒वमिन्द्रं॑ व॒यो॒धसं॑ दे॒वो दे॒वम॑वर्द्धयत्।
वि॒रा॒जा छन्द॑सेन्द्रि॒यꣳ रू॒पमिन्द्रे॒ वयो॒ दध॑द्वसु॒वने॑ वसु॒धेय॑स्य वेतु॒ यज॑ ॥ ४२ ॥

दे॒वः। न॒रा॒शꣳसः॑। दे॒वम्। इन्द्र॑म्। व॒यो॒धस॒मिति॑ वयः॒ऽधस॑म्। दे॒वः। दे॒वम्। अ॒व॒र्द्ध॒य॒त्। वि॒राजेति॑ वि॒ऽरा॒जा। छन्द॑सा। इ॒न्द्रि॒यम्। रू॒पम्। इन्द्रे॑। वयः॑। दध॑त्। व॒सु॒वन॒ इति॑ वसु॒ऽवने॑। व॒सु॒धेय॒स्येति॑ वसु॒ऽधेय॑स्य। वे॒तु। यज॑ ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(देवः) विद्वान् (नराशंसः) यो नरैराशंस्यते सः (देवम्) दिव्यगुणकर्मस्वभावम् (इन्द्रम्) राजानम् (वयोधसम्) चिरंजीविनम् (देवः) विद्वान्

(देवम्) विद्वांसम् (अवर्धयत्) वर्धयेत् (विराजा) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) (रूपम्) (इन्द्रे) (वयः) (दधत्) (वसुवने) (वसुधेयस्य) (वेतु) (यज) ॥४२॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा नराशंसो देवो वयोधसं देवमिन्द्रं देवो देवमिवावर्धयद्विराजा छन्दसेन्द्रे रूपमिन्द्रियं वेतु तथा वसुधेयस्य वसुवने वयो दधत्सन् यज ॥ ४२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । विद्वद्भिः कदाचित्परस्परस्मिन्नीर्ष्ययाऽन्याऽन्यस्य हानिर्नैव कार्या किन्तु सदैव प्रीत्या वृद्धिः सम्पादनीया ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जन ! जैसे (नराशंसः) मनुष्यों से प्रशंसा करने योग्य (देवः) विद्वान् (वयोधसम्) बहुत अवस्था वाले (देवम्) उत्तम गुण कर्म स्वभावयुक्त (इन्द्रम्) राजा को जैसे (देवः) विद्वान् (देवम्) विद्वान् को वैसे (अवर्धयत्) बढ़ावे (विराजा, छन्दसा) विराट् छन्द से (इन्द्रे) आत्मा में (रूपम्) सुन्दर रूप वाले (इन्द्रियम्) श्रोत्रादि इन्द्रिय को (वेतु) प्राप्त करे वैसे (वसुधेयस्य) धनकोष के (वसुवने) धन को सेवने वाले जन के लिये (वयः) अभीष्ट सुख को (दधत्) धारण करता हुआ तू (यज) सङ्गम वा दान कीजिये ॥ ४२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । विद्वानों को चाहिये कि कभी आपस में ईर्ष्या करके एक दूसरे की हानि नहीं करें किन्तु सदैव प्रीति से उन्नति किया करें ॥ ४२ ॥

देव इत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । निचृदतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवो वनस्पतिर्देवमिन्द्रं वयोधसं देवो देवमवर्धयत् ।
द्विपदा छन्दसेन्द्रियं भगमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य वेतु यज ॥ ४३ ॥

देवः । वनस्पतिः । देवम् । इन्द्रम् । वयोधसमिति वयःऽधसम् । देवः । देवम् । अवर्धयत् । द्विपदेति द्विऽपदा । छन्दसा । इन्द्रियम् । भगम् । इन्द्रे । वयः । दधत् । वसुवन इति वसुऽवने । वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य । वेतु । यज ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(देवः) दिव्यगुणः (वनस्पतिः) वनानां पालको वटादिः (देवम्) दिव्यगुणम् (इन्द्रम्) ऐश्वर्यम् (वयोधसम्) आयुर्वर्धकम् (देवः) दिव्यः सभ्यः (देवम्) दिव्यस्वभावं विद्वांसम् (अवर्धयत्) (द्विपदा) (छन्दसा) (इन्द्रियम्) धनम् (भगम्) ऐश्वर्यम् (इन्द्रे) (वयः) कमनीयं सुखम् (दधत्) (वसुवने) (वसुधेयस्य) (वेतु) (यज) ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा वनस्पतिर्देवो वयोधसं देवमिन्द्रं देवो देवमवावर्द्धयत् । द्विपदा छन्दसेन्द्रे भगमिन्द्रियं वेतु तथा वसुधेयस्य वसुवने वयो दधत्सन् यज ॥ ४३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । विद्वांसो मनुष्या युष्माभिर्यथा वनस्पतयः पुष्कलं जलमधस्तादाकृष्य वायौ मेघमण्डले च प्रसार्य सर्वानुद्भिज्जो रक्षन्ति यथा च राजपुरुषा राजपुरुषानवन्ति तथा वर्त्तित्वैश्वर्यमुन्नेयम् ॥ ४३ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! जैसे (वनस्पतिः) वनों का रक्षक वट आदि (देवः) उत्तम गुणों वाला (वयोधसम्) अधिक उमर वाले (देवम्) उत्तम गुणयुक्त (इन्द्रम्) ऐश्वर्य को जैसे (देवः) उत्तम सभ्यजन (देवम्) उत्तम स्वभाव वाले विद्वान् को वैसे (अवर्धयत्) बढ़ावे (द्विपदा) दो पाद वाले (छन्दसा) छन्द से (इन्द्रे) आत्मा में (भगम्) ऐश्वर्य तथा (इन्द्रियम्) धन को (वेतु) प्राप्त हो वैसे (वसुधेयस्य) धनकोष के (वसुवने) धन को देनेहारे के लिये (वयः) अभीष्ट सुख को (दधत्) धारण करता हुआ तू (यज) यज्ञ कर ॥ ४३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे विद्वान् मनुष्यो ! तुम को जैसे वनस्पति पुष्कल जल को नीचे पृथिवी से आकर्षण करके वायु और मेघमण्डलों में फैला के सब घास आदि की रक्षा करते और जैसे राजपुरुष राजपुरुषों की रक्षा करते हैं वैसे वर्त्त के ऐश्वर्य की उन्नति करनी चाहिये ॥ ४३ ॥

देवमित्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । भुरिगतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

दे॒वं ब॒र्हिर्वारि॑तीनां दे॒वमिन्द्रं॑ वयो॒धसं॑ दे॒वं दे॒वम॑वर्धयत् । क॒कु॒भा छन्द॑सेन्द्रि॒यं यश॒ इन्द्रे॒ वयो॒ दध॑द्वसु॒वने॑ वसु॒धेय॑स्य वेतु॒ यज॑ ॥ ४४ ॥

दे॒वम् । ब॒र्हिः । वारि॑तीनाम् । दे॒वम् । इन्द्र॑म् । व॒यो॒ध॒स॒मिति॑ वयः॒ऽधस॑म् । दे॒वम् । दे॒वम् । अ॒व॒र्ध॒य॒त् । क॒कु॒भा । छन्द॑सा । इ॒न्द्रि॒यम् । यशः॑ । इन्द्रे॑ । वयः॑ । दध॑त् । व॒सु॒वन॒ इति॑ वसु॒ऽवने॑ । व॒सु॒धे॒यस्येति॑ वसु॒ऽधेय॑स्य । वे॒तु॒ । यज॑ ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(देवम्) दिव्यम् (बर्हिः) उदकम् । बर्हिरित्युदकना० । निघं० १ । १२ ॥ (वारितीनाम्) अन्तरिक्षस्थसमुद्राणाम् (देवम्) दिव्यम् (इन्द्रम्) राजानम् (वयोधसम्) बहुवयोधारकम (देवम्) दिव्यगुणम् (देवम्) प्रकाशमानम्

(अवर्धयत्) वर्धयेत् (ककुभा, छन्दसा) (इन्द्रियम्) इन्द्रस्य जीवस्य लिंगम् (यशः) कीर्त्तिम् (इन्द्रे) परमैश्वर्ये (वयः) (दधत्) (वसुवने) (वसुधेयस्य) (वेतु) (यज) ॥ ४४ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा वारितीनां देवं बर्हिर्वयोधसं देवमिन्द्रं देवं देवं चावर्धयत्ककुभा छन्दसेन्द्रे यश इन्द्रियं वेतु तथा वसुधेयस्य वसुवने वयो दधद्यज ॥ ४४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। हे विद्वांसो मनुष्या यथोदकं समुद्रान् प्रपूर्य जन्तून् संरक्ष्य मुक्तादीनि रत्नानि जनयति तथा धर्मेण धनकोषं प्रपूर्याऽन्यान् दरिद्रान् संरक्ष्य कीर्त्ति वर्धयत ॥ ४४ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जन ! जैसे (वारितीनाम्) अन्तरिक्ष के समुद्र का (देवम्) उत्तम (बर्हिः) जल (वयोधसम्) बहुत अवस्था वाले (देवम्) उत्तम (इन्द्रम्) राजा को और (देवम्) उत्तम गुणवान् (देवम्) प्रकाशमान प्रत्येक जीव को (अवर्धयत्) बढ़ाता है (ककुभा, छन्दसा) ककुप्छन्द से (इन्द्रे) उत्तम ऐश्वर्य के निमित्त (यशः) कीर्त्ति तथा (इन्द्रियम्) जीव के चिह्नरूप श्रोत्रादि इन्द्रिय को (वेतु) प्राप्त होवे वैसे (वसुधेयस्य) धनकोष के (वसुवने) धन को सेवने हारे के लिये (वयः) अभीष्ट सुख को (दधत्) धारण करते हुए (यज) यज्ञ कीजिये ॥ ४४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे विद्वान् मनुष्यो ! जैसे जल समुद्रों को भर और जीवों की रक्षा करके मोती आदि रत्नों को उत्पन्न करता है वैसे धर्म से धन के कोष को पूर्ण कर और अन्य दरिद्रियों की सम्यक् रक्षा करके कीर्त्ति को बढ़ाओ ॥ ४४ ॥

देव इत्यस्य सरस्वत्यृषिः। इन्द्रो देवता। स्वराडतिजगती छन्दः। निषादः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

देवो अग्निः स्विष्टकृद्देवमिन्द्रं वयोधसं देवो देवमवर्धयत्। अतिछन्दसा छन्दसेन्द्रियं क्षत्रमिन्द्रे वयो दधद्वसुधेयस्य वसुवने वेतु यज ॥ ४५ ॥

देवः। अग्निः। स्विष्टकृदिति स्विष्टऽकृत्। देवम्। इन्द्रम्। वयोधसमिति वयःऽधसम्। देवः। देवम्। अवर्धयत्। अतिछन्दसेत्यतिऽछन्दसा। छन्दसा। इन्द्रियम्। क्षत्रम्। इन्द्रे। वयः। दधत्। वसुधेयस्येति वसुऽधेयस्य। वसुवन इति वसुऽवने। वेतु। यज ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(देवः) सर्वज्ञः (अग्निः) स्वप्रकाशस्वरूप ईश्वरः (स्विष्टकृत्) यः शोभनमिष्टं करोति सः (देवम्) धार्मिकम् (इन्द्रम्) जीवम् (वयोधसम्) आयुषो

धर्त्तारम् (देवः) विद्वान् (देवम्) विद्यार्थिनम् (अवर्धयत्) वर्धयति (अतिछन्दसा) अतिजगत्यादिना (छन्दसा) आह्लादकरेण (इन्द्रियम्) जीवेन सेवितम् (क्षत्रम्) राज्यम् (इन्द्रे) विद्याविनयान्विते (वयः) कमनीयं वस्तु (दधत्) (वसुधेयस्य) (वसुवने) (वेतु) व्याप्नोतु (यज) ॥ ४५ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् यथा स्विष्टकृद्देवोऽग्निर्वयोधसं देवमिन्द्रं देवो देवमिवावर्धयदतिछन्दसा छन्दसेन्द्रे वसुधेयस्य वसुवने वयः क्षत्रमिन्द्रियं दधत्सन् वेतु तथा यज ॥ ४५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे विद्वांसो मनुष्या यथा परमेश्वरेण दयया सर्वान् पदार्थानुत्पाद्य जीवेभ्यः समर्प्य जगद्वृद्धिः कृता तथा विद्याविनयसत्संगपुरुषार्थधर्मानुष्ठानै राज्यं वर्धयत ॥ ४५ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! जैसे (स्विष्टकृत) सुन्दर अभीष्ट को सिद्ध करनेहारा (देवः) सर्वज्ञ (अग्निः) स्वयं प्रकाशस्वरूप ईश्वर (वयोधसम्) अवस्था के धारक (देवम्) धार्मिक (इन्द्रम्) जीव को जैसे (देवः) विद्वान् (देवम्) विद्यार्थी को वैसे (अवर्धयत) बढ़ाता है (अतिछन्दसा , छन्दसा) अतिजगती आदि आनन्दकारक छन्द से (इन्द्रे) विद्या विनय से युक्त राजा के निमित्त (वसुधेयस्य) धनकोष के (वसुवने) धन के दाता के लिये (वयः) मनोहर वस्तु (क्षत्रम्) राज्य और (इन्द्रियम्) जीवन से सेवन किये हुए इन्द्रिय को (दधत्) धारण करता हुआ (वेतु) व्याप्त होवे वैसे (यज) यज्ञादि उत्तम कर्म कीजिये ॥ ४५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे विद्वान् मनुष्यो ! जैसे परमेश्वर ने अपनी दया से सब पदार्थों को उत्पन्न कर और जीवों के लिये समर्पण करके जगत् की वृद्धि की है वैसे विद्या, विनय, सत्सङ्ग, पुरुषार्थ और धर्म के अनुष्ठानों से राज्य को बढ़ाओ ॥ ४५ ॥

अग्निमद्येत्यस्य सरस्वत्यृषिः । इन्द्रो देवता । आकृतिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

अग्निमद्य होतारमवृणीतायं यजमानः पचन् पक्तीः पचन्पुरोडाशं बध्नन्निन्द्राय वयोधसे छागम् । सूपस्था अद्य देवो वनस्पतिरभवदिन्द्राय वयोधसे छागेन । अघत्तं मेदस्तः प्रतिपचताऽग्रभीदवीवृधत्पुरोडाशेन त्वामद्यऽऋषे ॥ ४६ ॥

अग्निम् । अद्य । होतारम् । अवृणीत । अयम् । यजमानः । पचन् । पक्तीः । पचन् । पुरोडाशम् । बध्नन् । इन्द्राय । वयोधस इति वयःऽधसे । छागम् ।

सुपस्था इति सुऽउपस्था । अद्य । देवः । वनस्पतिः । अभवत् । इन्द्राय । वयोधस इति वयःऽधसे । छागेन । अघत्तम् । मेदस्तः । प्रति । पचता । अग्रभीत् । अवीवृधत् । पुरोडाशेन । त्वाम् । अद्य । ऋषे ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(अग्निम) तेजस्विनम् (अद्य) इदानीम् (होतारम्) (अवृणीत) वृणुयात् (अयम्) (यजमानः) यज्ञकर्त्ता (पचन्) (पक्तीः) नानाविधान् पाकान् (पचन्) (पुरोडाशम्) (बध्नन्) (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (वयोधसे) सर्वेषां जीवनवर्धकाय (छागम) छेदकम् (सूपस्थाः) ये सूपतिष्ठन्ति ते (अद्य) (देवः) विद्वान् (वनस्पतिः) वनानां पालकः (अभवत्) भवेत (इन्द्राय) शत्रुविनाशकाय (वयोधसे) (छागेन) छेदनेन (अघत्तम्) भुञ्जीयाताम (मेदस्तः) स्निग्धात् (प्रति) (पचता) परिपक्वभावं प्राप्तेन (अग्रभीत्) गृह्णीयात् (अवीवृधत्) वर्धेत (पुरोडाशेन) (त्वाम्) (अद्य) (ऋषे) मन्त्रार्थवित् ॥ ४६ ॥

अन्वयः—हे ऋषे यथाऽयं यजमानोऽद्य पक्तीः पचन्पुरोडाशं पचन्नग्निं होतारमद्यावृणीत तथा वयोधस इन्द्राय छागं बध्नन् वृणुहि । यथाऽद्य वनस्पतिर्देवो वयोधस इन्द्राय छागेनोद्यतोऽभवत्तथा सूपस्था भवन्तु । यथा पचता पुरोडाशेन मेदस्तस्त्वां प्रत्यग्रभीदवीवृधत्तथा हे यजमानहोतारौ युवां पुरोडाशमघत्तम् ॥ ४६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा सूदा उत्तमान्यन्नानि व्यञ्जनानि च पक्त्वा भोजयेयुस्तथैतान् भोक्तारो विद्वांसो मानयेयुः । यथाऽजादयः पशवो घासादिकं भुक्त्वा सम्यक् पचन्ति तथैव भुक्तमन्नं पाचयेयुरिति ॥ ४६ ॥

अत्र होतृगुणवर्णनं वागश्विगुणप्रतिपादनं पुनर्होतृकृत्यप्रतिपादनं यज्ञवर्णनं विद्वत्प्रशंसा चोक्ताऽत एतदर्थस्य पूर्वाऽध्यायार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति बोध्यम् ॥

पदार्थः—हे (ऋषे) मन्त्रार्थ जानने वाले विद्वान् पुरुष ! जैसे (अयम्) यह (यजमानः) यज्ञ करने हारा (अद्य) इस समय (पक्तीः) नाना प्रकार के पाकों को (पचन्) पकाता और (पुरोडाशम्) यज्ञ में होमने के पदार्थ को (पचन्) पकाता हुआ (अग्निम्) तेजस्वी (होतारम्) होता को (अद्य) आज (अवृणीत) स्वीकार करे वैसे (वयोधसे) सब के जीवन को बढ़ाने हारे (इन्द्राय) उत्तम ऐश्वर्य के लिये (छागम्) छेदन करनेवाले बकरी आदि पशु को (बध्नन्) बांधते हुए स्वीकार कीजिये जैसे (अद्य) आज (वनस्पतिः) वनों का रक्षक (देवः) विद्वान् (वयोधसे) अवस्थावर्धक (इन्द्राय) शत्रुविनाशक राजा के लिये (छागेन) छेदन के साथ उद्यत (अभवत्) होवे वैसे सब लोग (सूपस्थाः) सुन्दर प्रकार समीप रहने वाले हों वैसे (पचता) पकाये हुए (पुरोडाशेन) यज्ञपाक से (मेदस्तः) चिकनाई से (त्वाम्) आपको (प्रति, अग्रभीत) ग्रहण करे और (अवीवृधत्) बढ़े वैसे हे यजमान और होता लोगो तुम दोनों यज्ञ के शेष भाग को (अघत्तम्) खाओ ॥ ४६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे रसोइये लोग उत्तम अन्न व्यञ्जनों को बना के भोजन करावें वैसे ही भोक्ता लोग उनका मान्य करें जैसे बकरी आदि पशु घास आदि को खाके सम्यक् पचा लेते हैं वैसे ही भोजन किये हुए अन्नादि को पचाया करें॥ ४६॥

इस अध्याय में होता के गुणों, वाणी और अश्वियों के गुणों, फिर भी होता के कर्त्तव्य, यज्ञ की व्याख्या और विद्वानों की प्रशंसा को कहा है इससे इस अध्याय के अर्थ की पूर्व अध्याय के अर्थ के साथ सङ्गति है ऐसा जानना चाहिये॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्याणां श्रीयुतपरमविदुषां विरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीपरमहंसपरिव्राजकाचार्येण श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते संस्कृतार्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये ऽष्टाविंशोऽध्यायः पूर्तिं प्राप्तः॥

---

* ओ३म् *

❀ अथैकोनत्रिंशोऽध्याय आरभ्यते ❀

ओं विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव । यद्भद्रं तन्न॒ऽआसुव ॥ १ ॥

य० ३० । ३ ॥

समिद्ध इत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ मनुष्यैरग्निजलादिना किं साध्यमित्याह ॥

अब उनतीसवें अध्याय का आरम्भ है इसके पहिले मन्त्र में मनुष्यों को अग्नि जलादि से क्या सिद्ध करना चाहिये इस विषय को कहा है ॥

समिद्धो अ॒ञ्जन् कृद॑रं मती॒नां घृ॒तम॑ग्ने॒ मधु॑म॒त् पिन्व॑मानः ।
वा॒जी वह॑न् वा॒जिनं॑ जातवेदो दे॒वानां॑ वक्षि प्रि॒यमा स॒धस्थ॑म् ॥ १ ॥

समि॑द्ध इति॒ सम्ऽइद्धः । अ॒ञ्जन् । कृद॑रम् । म॒ती॒नाम् । घृ॒तम् । अ॒ग्ने॒ । मधु॑म॒दिति॒ मधु॑ऽमत् । पिन्व॑मानः । वा॒जी । वह॑न् । वा॒जिन॑म् । जा॒त॒वे॒द॒ इति॑ जात॒ऽवे॒दः । दे॒वाना॑म् । व॒क्षि॒ । प्रि॒यम् । आ । स॒ध॒स्थ॒मिति॑ स॒ध॒ऽस्थ॑म् ॥ १ ॥

पदार्थः—(समिद्धः) सम्यक् प्रदीप्तः (अञ्जन्) व्यक्तीभवन् (कृदरम्) उदरम् (मतीनाम्) मनुष्याणाम् (घृतम्) उदकमाज्यं वा (अग्ने) अग्निवद्वर्त्तमान (मधुमत्) मधुरा बहवो गुणा विद्यन्ते यस्मिन् तत् (पिन्वमानः) सेवमानः (वाजी) वेगवान् जनः (वहन्) (वाजिनम्) वेगवन्तमश्वम् (जातवेदः) जातप्रज्ञ (देवानाम्) विदुषाम् (वक्षि) वहसि प्रापयसि (प्रियम्) प्रीणन्ति यस्मिंस्तत् (आ) समन्तात् (सधस्थम्) सहस्थानम् ॥ १ ॥

अन्वयः—हे जातवेदोऽग्ने विद्वन् यथा समिद्धोऽञ्जन्नग्निर्मतीनां कृदरं मधुमद् घृतं पिन्वमानो वाजिनं वाजी वहन्निव देवानां सधस्थमावहति तथा प्रियं वक्षि प्रापय ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यदि मनुष्या जाठराग्निं प्रदीप्तं रक्षेयुर्बाह्यमग्निं संप्रयुञ्जीरंस्तर्ह्ययमश्ववद्यानानि देशान्तरं सद्यः प्रापयेत् ॥ १ ॥

पदार्थः—हे (जातवेदः) प्रसिद्ध बुद्धिमान् (अग्ने) अग्नि के तुल्य तेजस्वी विद्वान् जन ! जैसे (समिद्धः) सम्यक् जलाया (अञ्जन्) प्रकट होता हुआ अग्नि (मतीनाम्) मनुष्यों के (कृदरम्) पेट और (मधुमत्) बहुत उत्तम गुणों वाले (घृतम्) जल वा घी को (पिन्वमानः) सेवन करता हुआ जैसे (वाजी) वेगवान् मनुष्य (वाजिनम्) शीघ्रगामी घोड़े को (वहन्) चलाता वैसे (देवानाम्) विद्वानों के (सधस्थम्) साथ स्थिति को (आ) प्राप्त करता है वैसे (प्रियम्) प्रीति के निमित्तस्थान को (वक्षि) प्राप्त कीजिये ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो मनुष्य जाठराग्नि को तेज रक्खें और बाहर के अग्नि को कलाकौशलादि में युक्त किया करें तो यह अग्नि घोड़े के तुल्य सवारियों को देशान्तर में शीघ्र पहुंचावे ॥ १ ॥

घृतेनेत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । अग्निर्देवता । विराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है

घृतेनाञ्जन्त्सं पथो देवयानान्प्रजानन्वाज्यप्येतु देवान् ।
अनु त्वा सप्ते प्रदिशः सचन्तांॅ स्वधामस्मै यजमानाय धेहि ॥ २ ॥

घृतेन । अञ्जन् । सम् । पथः । देवयानानिति देवऽयानान् । प्रजानन्निति प्रऽजानन् । वाजी । अपि । एतु । देवान् । अनु । त्वा । सप्ते । प्रदिश इति प्रऽदिशः । सचन्ताम् । स्वधाम् । अस्मै । यजमानाय । धेहि ॥ २ ॥

पदार्थः—(घृतेन) उदकेनाज्येन वा (अञ्जन्) प्रकटीभवन् (सम्) सम्यक् (पथः) मार्गान् (देवयानान्) देवा विद्वांसो यान्ति गच्छन्ति येषु तान् (प्रजानन्) प्रकर्षेण बुध्यमान (वाजी) वेगवान् (अपि) (एतु) प्राप्नोतु (देवान्) विदुषः (अनु) (त्वा) त्वाम् (सप्ते) अश्व इव वेगकारक (प्रदिशः) सर्वा दिशः (सचन्ताम्) समवयन्तु (स्वधाम्) अन्नम् (अस्मै) (यजमानाय) (धेहि) ॥ २ ॥

अन्वयः—हे सप्तेऽश्व इव वर्त्तमान विद्वन् ! यथा वाज्यप्यग्निर्घृतेनाञ्जन् देवयानान्पथः समेतु तं प्रजानन्संस्त्वं देवानेहि येन त्वाऽनुप्रदिशः सचन्तां त्वमस्मै यजमानाय स्वधां धेहि ॥ २ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । येऽग्निजलादिप्रयुक्तैर्बाष्पयानैः सद्यो मार्गान् गत्वाऽऽगत्य सर्वासु दिक्षु भ्रमेयुस्ते तत्र पुष्कलान्यन्नादीनि संप्राप्य प्रज्ञया कार्याणि साद्धुं शक्नुवन्ति ॥ २ ॥

पदार्थः—हे (सप्ते) घोड़े के समान वेग से वर्त्तमान विद्वान् जन ! जैसे (वाजी, अपि) वेगवान् भी अग्नि (घृतेन) घी वा जल से (अञ्जन्) प्रगट हुआ (देवयानान्) विद्वान् लोग

जिन में चलते हैं उन (पथः) मार्गों को (सम, एतु) सम्यक् प्राप्त होवे उसको (प्रजानन्) अच्छे प्रकार जानते हुए आप (देवान्) विद्वानों को (एहि) प्राप्त हूजिये जिससे (त्वा) आपके (अनु) अनुकूल (प्रदिशः) सब दिशा विदिशाओं को (सचन्ताम्) सम्बन्ध करें आप (अस्मै) इस (यजमानाय) यज्ञ करनेवाले पुरुष के लिये (स्वधाम्) अन्न को (धेहि) धारण कीजिये ॥ २ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो पुरुष अग्नि और जलादि से युक्त किये भाफ से चलने वाले यानों से शीघ्र मार्गों में जा आ के सब दिशाओं में भ्रमण करें वे वहां वहां सर्वत्र पुष्कल अन्नादि को प्राप्त कर बुद्धि से कार्यों को सिद्ध कर सकते हैं ॥ २ ॥

ईड्य इत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । अग्निर्देवता । पङ्क्तिश्छन्दः ।
पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमा ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

ईड्यश्चासि वन्द्यश्च वाजिन्नाशुश्चाऽसि मेध्यश्च सप्ते ।
अग्निष्ट्वा देवैर्वसुभिः सजोषाः प्रीतं वह्निं वहतु जातवेदाः ॥३॥

ईड्यः । च । असि । वन्द्यः । च । वाजिन् । आशुः । च । असि । मेध्यः । च । सप्ते । अग्निः । त्वा । देवैः । वसुभिरिति वसुऽभिः । सजोषा इति सऽजोषाः । प्रीतम् । वह्निम् । वहतु । जातवेदा इति जातऽवेदाः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(ईड्यः) स्तोतुमर्हः (च) (असि) (वन्द्यः) वन्दितुं नमस्कर्त्तुं योग्यः (च) (वाजिन्) प्रशस्तवेगवान् (आशुः) शीघ्रगामी (च) (असि) (मेध्यः) सङ्गमनीयः (च) (सप्ते) अश्व इव पुरुषार्थिन् (अग्निः) पावकः (त्वा) त्वाम् (देवैः) दिव्यगुणैः (वसुभिः) पृथिव्यादिभिः सह (सजोषाः) समानप्रीतिः (प्रीतम्) प्रशस्तम् (वह्निम्) वोढारम् (वहतु) (जातवेदाः) जातवित्तः ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे वाजिन् सप्ते शिल्पिन् विद्वन् ! यतो जातवेदाः सजोषाः सन् भवान् वसुभिर्देवैः सह प्रीतं वह्निं वहतु यं च त्वा त्वामग्निर्वहतु तस्मात्त्वमीड्यश्चासि वन्द्यश्चासि आशुश्चासि मेध्यश्चासि ॥ ३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः पृथिव्यादिविकारैर्यानादीनि रचयित्वा तत्र वेगवन्तं वोढारमग्निं संप्रयुञ्जीरंस्ते प्रशंसनीया मान्याः स्युः ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे (वाजिन्) प्रशंसित वेग वाले (सप्ते) घोड़े के तुल्य पुरुषार्थी उत्साही कारीगर विद्वन् ! जिस कारण (जातवेदाः) प्रसिद्ध भोगों वाले (सजोषाः) समान प्रीतियुक्त हुए आप (वसुभिः) पृथिवी आदि (देवैः) दिव्य गुणों वाले पदार्थों के साथ (प्रीतम्)

प्रशंसा को प्राप्त (वह्निम्) यज्ञ में होमे हुए पदार्थों को मेघमण्डल में पहुंचाने वाले अग्नि को (वहतु) प्राप्त कीजिये और जिस (त्वा) आप को (अग्निः) अग्नि पहुंचावे । इसलिये आप (ईड्यः) स्तुति के योग्य (च) भी (असि) हैं (वन्द्यः) नमस्कार करने योग्य (च) भी हैं (च) और (आशुः) शीघ्रगामी (च) तथा (मेध्यः) समागम करने योग्य (असि) हैं ॥ ३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य पृथिवी आदि विकारों से सवारी आदि को रच के उस में वेगवान् पहुंचाने वाले अग्नि को संप्रयुक्त करें वे प्रशंसा के योग्य मान्य होवें ॥ ३ ॥

स्तीर्णमित्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

स्तीर्णं बर्हिः सुष्टरीमा जुषाणोरु पृथु प्रथमानं पृथिव्याम् ।
देवेभिर्युक्तमदितिः सजोषाः स्योनं कृण्वाना सुविते दधातु ॥ ४ ॥

स्तीर्णम् । बर्हिः । सुष्टरीम । सुस्तरीमेति सुऽस्तरीम । जुषाणा । उरु । पृथु । प्रथमानम् । पृथिव्याम् । देवेभिः । युक्तम् । अदितिः । सजोषा इति सऽजोषाः । स्योनम् । कृण्वाना । सुविते । दधातु ॥ ४ ॥

पदार्थः—(स्तीर्णम्) सर्वतोऽङ्गोपाङ्गैराच्छादितं यानम् (बर्हिः) अन्तरिक्षमुदकं वा (सुष्टरीम) सुष्ठु स्तृणीम । अत्र संहितायामिति दीर्घः । (जुषाणा) सेवमाना (उरु) बहु (पृथु) विस्तीर्णम् (प्रथमानम्) प्रख्यातम् (पृथिव्याम्) भूमौ (देवेभिः) दिव्यैः पदार्थैः (युक्तम्) (अदितिः) नाशरहिता (सजोषाः) समानैः सेविता (स्योनम्) सुखम् (कृण्वाना) कुर्वती (सुविते) प्रेरिते (दधातु) ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! वयं यथा पृथिव्यामुरु पृथु प्रथमानं स्तीर्णं बर्हिर्जुषाणा सजोषा देवेभिर्युक्तं स्योनं कृण्वानाऽदितिर्विद्युत्सर्वं सुविते दधातु तां सुष्टरीम तथा त्वं प्रयतस्व ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्या या पृथिव्यादिषु व्याप्ताऽखण्डिता विद्युद्विस्तीर्णानि कार्याणि संसाध्य सुखं जनयति तां कार्येषु प्रयुज्य प्रयोजनसिद्धिं सम्पादयत ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! हम लोग जैसे (पृथिव्याम्) भूमि में (उरु) बहुत (पृथु) विस्तीर्ण (प्रथमानम्) प्रख्यात (स्तीर्णम्) सब ओर से अङ्ग उपांगों से पूर्ण यान और (बर्हिः) जल वा अन्तरिक्ष को (जुषाणा) सेवन करती हुई (सजोषाः) समान गुण वालों

ने सेवन की (देवेभिः) दिव्य पदार्थों से (युक्तम्) युक्त (स्योनम्) सुख को (कृण्वाना) करती हुई (अदितिः) नाशरहित बिजुली सत्र को (सुवित्ते) प्रेरणा किये यन्त्र में (दधातु) धारण करे उस को (सुष्टरीम) सुन्दर रीति से विस्तार करे वैसे आप भी प्रयत्न कीजिये ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे मनुष्यो ! जो पृथिवी आदि में व्याप्त अखण्डित बिजुली विस्तृत बड़े बड़े कार्य्यों को सिद्ध कर सुख को उत्पन्न करती है उसको कार्यों में प्रयुक्त कर प्रयोजनों की सिद्धि करो ॥ ४ ॥

एता इत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

कीदृग्द्वारवन्ति गृहाणि स्युरित्याह ॥

कैसे द्वारों वाले घर हों इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

एता उ वः सुभगा विश्वरूपा वि पक्षोभिः श्रयमाणा उदातैः ।
ऋष्वाः सतीः कवषाः शुम्भमाना द्वारो देवीः सुप्रायणा भवन्तु ॥५॥

एताः । ऊँऽइत्यूँ । वः । सुभगा इति सुऽभगाः । विश्वरूपा इति विश्वऽरूपाः । वि । पक्षोभिरिति पक्षःऽभिः । श्रयमाणाः । उत् । आतैः । ऋष्वाः । सतीः । कवषाः । शुम्भमानाः । द्वारः । देवीः । सुप्रायणाः । सुप्रायना इति सुऽप्रायनाः । भवन्तु ॥ ५ ॥

पदार्थः—(एताः) दीप्तयः (उ) वितर्के (वः) युष्मभ्यम् (सुभगाः) सुष्ठ्वैश्वर्यप्रदाः (विश्वरूपाः) विविधरूपगुणाः (वि) (पक्षोभिः) पक्षैः (श्रयमाणाः) सेवमानाः (उत्) उत्कृष्टतया (आतैः) सततं गमकैः (ऋष्वाः) महत्यः । ऋष्व इति महन्ना० ॥ निघं० ३ । ३ ॥ (सतीः) विद्यमानाः (कवषाः) शब्दं कुर्वाणाः (शुम्भमानाः) सुशोभिताः (द्वारः) (देवीः) देदीप्यमानाः (सुप्रायणाः) सुखेन गमनाधिकरणाः (भवन्तु) ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा व एताः सुभगा विश्वरूपा ऋष्वाः कवषाः शुम्भमानाः सतीर्देवीर्द्वार उदातैः पक्षोभिः श्रयमाणाः पक्षिपङ्क्तय इव सुप्रायणा विभवन्तु तादृशीरु भवन्तो रचयन्तु ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । मनुष्यैरीदृशानि गृहद्वाराणि निर्मातव्यानि येभ्यो वायुनिरोधो न स्याद्यथाऽन्तरिक्षेऽनिरुद्धाः पक्षिणः सुखेन गच्छन्त्यागच्छन्ति तथा तेषु गन्तव्यमागन्तव्यं च ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (वः) तुम्हारी (एताः) ये दीप्ति (सुभगाः) सुन्दर ऐश्वर्यदायक (विश्वरूपाः) विविध प्रकार के रूपों वाले (ऋष्वाः) बड़े ऊंचे चौड़े (कवषाः)

जिनमें बोलने से शब्द की प्रतिध्वनि हो (शुम्भमानाः) सुन्दर शोभायुक्त (सतीः) हुए (देवीः) रङ्गों से चिलचिलाते हुए (उद्, आतैः) उत्तम रीति से निरन्तर जाने के हेतु (पक्षोभिः) बायें दहिने भागों से (श्रयमाणाः) सेवित पक्षियों की पङ्क्तियों के तुल्य (सुप्रायणाः) सुख से जाने के आधार (द्वारः) द्वार (वि, भवन्तु) सर्वत्र घरों में हों वैसे (उ) ही आप लोग भी बनावें ॥ ५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। मनुष्यों को चाहिये कि ऐसे द्वारों वाले घर बनावें कि जिनसे वायु न रुके। जैसे आकाश में बिना रुकावट के पक्षी सुखपूर्वक उड़ते हैं वैसे उन द्वारों में जावें आवें ॥ ५ ॥

अन्तरेत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । मनुष्या देवताः । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

अन्तरा मित्रावरुणा चरन्ती मुखं यज्ञानामभि संविदाने ।
उषासा वाᳫं सुहिरण्ये सुशिल्पे ऋतस्य योनाविह सादयामि ॥ ६ ॥

अन्तरा । मित्रावरुणा । चरन्तीऽइति चरन्ती । मुखम् । यज्ञानाम् । अभि । संविदाने इति सम्ऽविदाने । उषासा । उषसेत्युषसा । वाम् । सुहिरण्ये इति सुऽहिरण्ये । सुशिल्पे इति सुऽशिल्पे । ऋतस्य । योनौ । इह । सादयामि ॥ ६ ॥

पदार्थः—(अन्तरा) अन्तरौ (मित्रावरुणा) प्राणोदानौ (चरन्ती) प्राप्नुवत्यौ (मुखम्) (यज्ञानाम्) सङ्गन्तव्यानाम् (अभि) पदार्थानाम् (संविदाने) सम्यग्विज्ञापिके (उषासा) प्रातःसायंवेले (वाम्) युवाम् (सुहिरण्ये) सुष्ठुतेजायुक्ते (सुशिल्पे) सुष्ठुशिल्पक्रिया ययोस्ते (ऋतस्य) सत्यस्य (योनौ) निमित्ते (इह) अस्मिन् गृहे (सादयामि) स्थापयामि ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे शिल्पविद्याप्रचारकौ विद्वांसौ ! यथाहमन्तरा मित्रावरुणा चरन्ती यज्ञानां मुखमभि संविदाने सुहिरण्ये सुशिल्पे उषासा ऋतस्य योनाविह सादयामि तथा वां मह्यं स्थापयेतम् ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा प्रातः सायं वेले शुद्धस्थानसेविते मनुष्याणां प्राणोदानवत्सुखकारिके भवतस्तथा शुद्धदेशे निमितं बहुविस्तीर्णद्वारं गृहं सर्वथा सुखयति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे शिल्पविद्या के प्रचारक दो विद्वानो ! जैसे मैं (अन्तरा) भीतर शरीर में (मित्रावरुणा) प्राण तथा उदान (चरन्ती) प्राप्त होते हुए (यज्ञानाम्) संगति के योग्य

पदार्थों के (मुखम्) मुख्य भाग को (अभि, संविदाने) सब ओर से सम्यक् ज्ञान के हेतु (सुहिरण्ये) सुन्दर तेजयुक्त (सुशिल्पे) सुन्दर कारीगरी जिस में हो (उषासा) प्रातः तथा सायंकाल की वेलाओं को (ऋतस्य:) सत्य के (योनौ) निमित्त (इह) इस घर में (सादयामि) स्थापन करता हूं वैसे (वाम्) तुम दोनों मेरे लिये स्थापन करो ॥ ६ ॥

भावार्थ:—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जैसे सवेरे तथा सायंकाल की वेला शुद्ध स्थान में सेवी हुई मनुष्यों को प्राण उदान के समान सुखकारिणी होती हैं वैसे शुद्ध देश में बनाया बड़े बड़े द्वारों वाला घर सब प्रकार सुखी करता है ॥ ६ ॥

प्रथमेत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । अश्विनौ देवते । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथाऽध्ययनाध्यापने कथं स्यातामित्याह ॥

अब पढ़ना पढ़ाना कैसे हो इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

प्रथमा वा॑ᳪ स॒र॒थिना॑ सु॒वर्णा॑ दे॒वौ पश्य॑न्तौ॒ भुव॑नानि॒ विश्वा॑ ।
अपि॑प्रयं॒ चोद॑ना वां॒ मिमा॑ना॒ होता॑रा॒ ज्योति॑ः प्र॒दिशा॑ दि॒शन्ता॑ ॥ ७ ॥

प्र॒थ॒मा । वा॒म् । स॒र॒थि॒नेति॑ स॒ऽर॒थिना॑ । सु॒व॒र्णेति॑ सु॒ऽव॒र्णा॑ । दे॒वौ । पश्य॑न्तौ । भुव॑नानि । विश्वा॑ । अपि॑ऽप्रयम् । चोद॑ना । वा॒म् । मिमा॑ना । होता॑रा । ज्योति॑ः । प्र॒दि॒शेति॑ प्र॒ऽदि॒शा॑ । दि॒शन्ता॑ ॥ ७ ॥

पदार्थः—(प्रथमा) आदिमौ (वाम्) युवयोः (सरथिना) रथिभिः सह वर्त्तमानौ (सुवर्णा) शोभनो वर्णो ययोस्तौ (देवौ) देदीप्यमानौ (पश्यन्तौ) समीक्षमाणौ (भुवनानि) निवासाऽधिकरणानि (विश्वा) सर्वाणि (अपिप्रयम्) प्रीणामि । अयमत्राल्लुक्प्रयोगोऽयम् (चोदना) प्रेरणानि कर्माणि (वाम्) युवाम् (मिमाना) निश्चेतारौ (होतारा) दातारौ (ज्योतिः) प्रदीप्तिः (प्रदिशा) प्रकर्षेण बोधयन्तौ (दिशन्ता) उच्चारयन्तौ ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे विद्यार्थिनो ! यो प्रथमा सरथिना सुवर्णा विश्वा भुवनानि पश्यन्तौ वां चोदना मिमाना ज्योतिः प्रदिशा दिशन्ता होतारा देवौ विद्वांसौ कुर्यातां यथा त्वमहमपि प्रयत्नतया वां युवां तौ प्राप्नुतम् ॥ ७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये विद्यार्थिनो निष्कापट्येन विदुषः सेवन्ते ते विद्याप्रकाशं लभन्ते । यदि विद्वांसः कपटालस्ये विहाय सर्वान् सत्यमुपदिशेयुस्तर्हि ते सुखिनः कथं न जायेरन् ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे यो विद्यार्थियो ! जो (प्रथमा) पहिले (सरथिना) रथ वालों के साथ वर्त्तमान (सुवर्णा) सुन्दर गोरे वर्ण वाले दो विद्वान् (विश्वा) सब (भुवनानि) बसने के

आधार लोकों को (पश्यन्ती) देखते हुए (वाम्) तुम दोनों के (चोदना) प्रेरणारूप कर्मों को (मिमाना) मांचते हुए (ज्योतिः) प्रकाश को (प्रदिशा) अच्छे प्रकार जानते तथा (दिशन्ता) उच्चारण करते हुए तुम को (होतारा) दानशील (देवी) तेजस्वी विद्वान् करें जैसे उनको मैं (अपिप्रयम्) तृप्त करता हूं वैसे (वाम्) तुम दोनों उन विद्वानों को प्राप्त होओ ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो विद्यार्थी लोग निष्कपटता से विद्वानों का सेवन करते हैं वे विद्या के प्रकाश को प्राप्त होते हैं जो विद्वान् लोग कपट और आलस्य को छोड़ें सब को सत्य का उपदेश करें तो वे सुखी कैसे न होवें ॥ ७ ॥

आदित्यैरित्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः। सरस्वती देवता। त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

आदित्यैर्नो भारती वष्टु यज्ञꣳ सरस्वती सह रुद्रैर्नऽआवीत्।
इडोपहूता वसुभिः सजोषा यज्ञं नो देवीरमृतेषु धत्त ॥ ८ ॥

आदित्यैः। नः। भारती। वष्टु। यज्ञम्। सरस्वती। सह। रुद्रैः। नः। आवीत्। इडा। उपहूतेत्युपऽहूता। वसुभिरिति वसुऽभिः। सजोषा इति सऽजोषाः। यज्ञम्। नः। देवीः। अमृतेषु। धत्त ॥ ८ ॥

पदार्थः—(आदित्यैः) पूर्णविद्यावद्भिः (नः) अस्मभ्यम् (भारती) सर्वविद्याधर्त्री सर्वथा पोषिका (वष्टु) कामयताम् (यज्ञम्) सङ्गतं योग्यं बोधम् (सरस्वती) प्रशस्तविज्ञानवती वाक् (सह) (रुद्रैः) मध्यमैर्विद्वद्भिः (नः) अस्मान् (आवीत्) प्राप्नुयात् (इडा) स्ताविका वाक् (उपहूता) यथावत्स्पर्द्धिता (वसुभिः) प्रथमकल्पैर्विद्वद्भिः (सजोषाः) समानैः सेविताः (यज्ञम्) प्राप्तव्यमानन्दम् (नः) अस्मान् (देवीः) त्रिविधा वाणीः (अमृतेषु) नाशरहितेषु जीवादिपदार्थेषु (धत्त) धरत धत्त वा ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्! भवान् या आदित्यैरुपदिष्टोपहूता भारती नो यज्ञं सम्पादयति तया सह नोऽस्मान्वष्टु या रुद्रैरुपदिष्टा सरस्वती नोस्मानावीत् या सजोषा इडा वसुभिरुपदिष्टा सती यज्ञं साध्नोति। हे जना एता देवीरस्मानमृतेषु दध्युस्ता यूयमस्मभ्यं धत्त ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्यैरुत्तममध्यमनिकृष्टानां विदुषां सकाशाच्छ्रुता पठिता वा विद्यावाणी स्वीकार्य्या न मूर्खाणां सकाशात् सा वाणी मनुष्याणां सर्वदा सुखसाधिका भवति ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! आप जो (आदित्यैः) पूर्ण विद्या वाले उत्तम विद्वानों ने उपदेश की (उपहूता) यथावत स्पर्द्धा से ग्रहण की (भारती) सब विद्याओं को धारण और सब प्रकार की पुष्टि करने हारी वाणी (नः) हमारे लिये (यज्ञम्) सङ्गत हमारे योग्य बोध को सिद्ध करती है उस के (सह) साथ (नः) हम को (वष्टु) कामना वाले कीजिये जो (रुद्रैः) मध्य कक्षा के विद्वानों ने उपदेश की (सरस्वती) उत्तम प्रशस्त विज्ञानयुक्त वाणी (नः) हम को (आवीत्) प्राप्त होवे जो (सजोषाः) एक से विद्वानों ने सेवी (इडा) स्तुति की हेतु वाणी (वसुभिः) प्रथम कक्षा के विद्वानों ने उपदेश की हुई (यज्ञम्) प्राप्त होने योग्य आनन्द को सिद्ध करती है । हे मनुष्यो ! ये (देवीः) दिव्यरूप तीन प्रकार की वाणीरे हम को (अमृतेषु) नाशरहित जीवादि नित्य पदार्थों में धारण करें उनको तुम लोग भी हमा अर्थं (धत्त) धारण करो ॥ ८ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को उचित है कि उत्तम मध्यम निकृष्ट विद्वानों से सुनी वा पढ़ी विद्या तथा वाणी का स्वीकार करें किन्तु मूर्खों से नहीं, वह वाणी मनुष्यों को सब काल में सुख सिद्ध करने वाली होती है ॥ ८ ॥

त्वष्टेत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः । त्वष्टा देवता । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

त्वष्टा वीरं देवकामं जजान त्वष्टुरर्वा जायतऽआशुरश्वः ।
त्वष्टेदं विश्वं भुवनं जजान बहोः कर्त्तारमिह यक्षि होतः ॥ ९ ॥

त्वष्टा । वीरम् । देवकाममिति देवऽकामम् । जजान । त्वष्टुः । अर्वा । जायते । आशुः । अश्वः । त्वष्टा । इदम् । विश्वम् । भुवनम् । जजान । बहोः । कर्त्तारम् । इह । यक्षि । होतरिति होतः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(त्वष्टा) विद्यादिसद्गुणैः प्रकाशमानः (वीरम्) (देवकामम्) यो देवान् विदुषः कामयते तम् (जजान) जनयति (त्वष्टुः) प्रदीप्ताच्छिक्षणात् (अर्वा) शीघ्रं गन्ता (जायते) (आशुः) तीव्रवेगः (अश्वः) तुरङ्गः (त्वष्टा) स्वात्मप्रकाशितः (इदम्) (विश्वम्) सर्वम् (भुवनम्) लोकजातम् (जजान) जनयति (बहोः) बहुविधस्य संसारस्य (कर्त्तारम्) (इह) अस्मिन्संसारे (यक्षि) यजसि सङ्गच्छसे (होतः) आदातः ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे होतस्त्वं यथा त्वष्टा विद्वान् देवकामं वीरं जजान यथा त्वष्टुराशुरर्वाश्वो जायते यथा त्वष्टेदं विश्वं भुवनं जजान तं बहोः कर्त्तारमिह यक्षि तथा वयमपि कुर्याम ॥ ९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। ये विद्याकामान्मनुष्यान्विदुषः कुर्य्युर्यः सद्योजातशिक्षोऽश्व इव तीव्रवेगेन विद्याः प्राप्नोति यथा बहुविधस्य संसारस्य स्रष्टेश्वरः सर्वान्व्यवस्थापयति तथाऽध्यापकाऽध्येतारो भवन्तु ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे (होतः) ग्रहण करनेहारे जन ! तू जैसे (त्वष्टा) विद्या आदि उत्तम गुणों से शोभित विद्वान् (देवकामम्) विद्वानों की कामना करनेहारे (वीरम्) वीर पुरुष को (जजान) उत्पन्न करता है जैसे (त्वष्टुः) प्रकाशरूप शिक्षा से (आशुः) शीघ्रगामी (अर्वा) वेगवान् (अश्वः) घोड़ा (जायते) होता है। जैसे (त्वष्टा) अपने स्वरूप से प्रकाशित ईश्वर (इदम्) इस (विश्वम्) सब (भुवनम्) लोकमात्र को (जजान) उत्पन्न करता है उस (बहोः) बहुविध संसार के (कर्त्तारम्) रचनेवाले परमात्मा का (इह) इस जगत् में (यक्षि) पूजन कीजिये वैसे हम लोग भी करें ॥ ६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो विद्वान् लोग विद्या चाहने वाले मनुष्यों को विद्वान् करें, शीघ्र जिसको शिक्षा हुई हो उस घोड़े के समान तीक्ष्णता से विद्या को प्राप्त होता है जैसे बहुत प्रकार के संसार का स्रष्टा ईश्वर सब की व्यवस्था करता है वैसे अध्यापक और अध्येता होवें ॥ ६ ॥

अश्व इत्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्य ऋषिः। सूर्यो देवता। निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

अश्वो॑ घृ॒तेन॒ त्मन्या॒ समक्त॒ऽउप॑ दे॒वाँ२ऽऋ॑तु॒शः पाथ॑ऽएतु।
वन॒स्पति॑र्देवलो॒कं प्र॑जा॒नन्न॒ग्निना॑ ह॒व्या स्व॑दि॒तानि॑ वक्षत् ॥ १० ॥

अश्वः॑। घृ॒तेन॑। त्मन्या॑। सम॑क्त॒ इति॒ सम्ऽअ॑क्तः। उप॑। दे॒वान्। ऋ॒तु॒श इत्यृ॑तु॒ऽशः। पाथः॑। ए॒तु॒। वन॒स्पतिः॑। दे॒व॒लो॒कमिति॑ देव॒ऽलो॒कम्। प्र॒जा॒नन्निति॑ प्र॒ऽजा॒नन्। अ॒ग्निना॑। ह॒व्या। स्व॒दि॒तानि॑। व॒क्ष॒त् ॥ १० ॥

पदार्थः—(अश्वः) आशुगामी वह्निः (घृतेन) उदकेन (त्मन्या) आत्मना। अत्राकारलोपो विभक्तेर्यादेशश्च। (समक्तः) सम्यक् प्रकटयन् (उप) (देवान्) दिव्यान् व्यवहारान् (ऋतुशः) ऋतावृतौ (पाथः) अन्नम् (एतु) प्राप्नोतु (वनस्पतिः) वनानां किरणानां पालकः सूर्यः (देवलोकम्) देवानां विदुषां लोकं दर्शकं व्यवहारम् (प्रजानन्) प्रकर्षेण विदन्त्सन् (अग्निना) पावकेन (हव्या) अत्तुमर्हाणि (स्वदितानि) आस्वादितानि (वक्षत्) वहेत् प्रापयेत् ॥ १० ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! देवलोकं प्रजानन्त्सन् यथा घृतेन संयोजितोऽश्वस्त्मन्या ऋतुशो देवान्त्समक्तः सन् पाथ उपैतु अग्निना सह वनस्पतिः स्वदितानि हव्या वक्षत्तथा त्मन्या वर्त्तस्व ॥ १० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे विद्वांसो मनुष्याः ! यथा सूर्य्य ऋतून् विभज्योत्तमानि सेवितव्यानि वस्तूनि जनयति तथोत्तमानधमान् विद्यार्थिनो विद्याश्चाऽविद्याश्च पृथक् परीक्ष्य सुशिक्षितान् संपादयन्तु, अविद्याश्च निवर्त्तयन्तु ॥ १० ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! (देवलोकम्) सब को मार्ग दिखाने वाले विद्वानों के मार्ग को (प्रजानन्) अच्छे प्रकार जानते हुए जैसे (घृतेन) जल संयुक्त किया (अश्वः) शीघ्रगामी अग्नि (त्मन्या) आत्मा से (ऋतुशः) ऋतु ऋतु में (देवान्) उत्तम व्यवहारों को (समक्तः) सम्यक् प्रकट करता हुआ (पाथः) अन्न को (उप, एतु) निकट से प्राप्त हूजिये (अग्निना) अग्नि के साथ (वनस्पतिः) किरणों का रक्षक सूर्य (स्वदितानि) स्वादिष्ठ (हव्या) भोजन के योग्य अन्नों को (वक्षत्) प्राप्त करे वैसे आत्मा से वर्त्ताव कीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे विद्वान् मनुष्यो ! जैसे सूर्य ऋतुओं का विभाग कर उत्तम सेवने योग्य वस्तुओं को उत्पन्न करता है वैसे उत्तम अधम विद्यार्थी और विद्या अविद्या की अलग अलग परीक्षा कर अच्छे शिक्षित करें और अविद्या की निवृत्ति करें ॥ १० ॥

प्रजापतेरित्यस्य बृहदुक्थो वामदेव्यऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

प्रजापतेस्तपसा वावृधानः सद्यो जातो दधिषे यज्ञमग्ने ।
स्वाहाकृतेन हविषा पुरोगा याहि साध्या हविरदन्तु देवाः ॥ ११ ॥

प्रजापतेरिति प्रजाऽपतेः । तपसा । वावृधानः । ववृधानऽइति ववृधानः । सद्यः । जातः । दधिषे । यज्ञम् । अग्ने । स्वाहाकृतेनेति स्वाहाऽकृतेन । हविषा । पुरोगा इति पुरःऽगाः । याहि । साध्या । हविः । अदन्तु । देवाः ॥ ११ ॥

पदार्थः—(प्रजापतेः) प्रजायाः पालकस्य (तपसा) प्रतापेन (वावृधानः) वर्द्धमानः (सद्यः, जातः) शीघ्रं प्रसिद्धः सन् (दधिषे,) धरसि (यज्ञम्) (अग्ने) पावकवद्वर्त्तमान विद्वन् ! (स्वाहाकृतेन) सुष्ठुसंस्कारक्रियया निष्पादितेन (हविषा) दातुमर्हेण (पुरोगाः) अग्रगण्या अग्रगामिनो वा (याहि) प्राप्नुहि (साध्या) साधनसाध्याः (हविः) अत्तव्यमन्नम् (अदन्तु) भुञ्जताम् (देवाः) विद्वांसः ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे अग्ने ! त्वं सद्यो जातः प्रजापतेस्तपसा वावृधानः स्वाहाकृतेन हविषा यज्ञं दधिषे ये पुरोगाः साध्या देवा हविरदन्तु तान् याहि प्राप्नुहि ॥ ११ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः सूर्यवत्प्रजापालका धर्मेण प्राप्तस्य पदार्थस्य भोक्तारो भवन्ति ते सर्वोत्तमा गण्यन्ते ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् (अग्ने) अग्नि के तुल्य तेजस्वी ! आप (सद्यः) शीघ्र (जातः) प्रसिद्ध हुए (प्रजापतेः) प्रजारक्षक ईश्वर के (तपसा) प्रताप से (वावृधानः) बढ़ते हुए (स्वाहाकृतेन) सुन्दर संस्काररूप क्रिया से सिद्ध हुए (हविषा) होम में देने योग्य पदार्थ से (यज्ञम्) यज्ञ को (दधिषे) धारते हो जो (पुरोगाः) मुखिया वा अगुआ (साध्याः) साधनों से सिद्ध करने योग्य (देवाः) विद्वान् लोग (हविः) ग्राह्य अन्न का (अदन्तु) भोजन करें उन को (याहि) प्राप्त हूजिये ॥ ११ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य सूर्य के समान प्रजा के रक्षक धर्म से प्राप्त हुए पदार्थ के भोगने वाले होते हैं वे सर्वोत्तम गिने जाते हैं ॥ ११ ॥

यदक्रन्द इत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । यजमानो देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यदक्रन्दः प्रथमं जायमानऽउद्यन्त्समुद्रादुत वा पुरीषात् ।
श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहूऽउपस्तुत्यं महि जातं तेऽअर्वन् ॥ १२ ॥

यत् । अक्रन्दः । प्रथमम् । जायमानः । उद्यन्नित्युत्ऽयन् । समुद्रात् । उत । वा । पुरीषात् । श्येनस्य । पक्षा । हरिणस्य । बाहूऽइति बाहू । उपस्तुत्यमित्युपऽस्तुत्यम् । महि । जातम् । ते । अर्वन् ॥ १२ ॥

पदार्थः—(यत्) यदा (अक्रन्दः) शब्दं कुरुषे (प्रथमम्) (जायमानः) (उद्यन्) उदयं प्राप्नुवन् (समुद्रात्) अन्तरिक्षात् । *समुद्र इत्यन्तरिक्षना० ॥ निघं० १ । ३ ॥* (उत) अपि (वा) (पुरीषात्) पालकात् परमात्मनः (श्येनस्य) पक्षिणः (पक्षा) पक्षौ (हरिणस्य) हर्त्तुं शीलस्य वीरस्य (बाहू) भुजौ (उपस्तुत्यम्) उपगतस्तुतिविषयम् (महि) महत् कर्म (जातम्) (ते) तव (अर्वन्) अश्व इव वेगवद्विद्वन् ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे अर्वन् विद्वन् ! यत्समुद्रादुत वा पुरीषात्प्रथमं जायमानो वायुरिवोद्यंस्त्वमक्रन्दस्तदा ते हरिणस्य बाहू श्येनस्य पक्षेव एतत् महि जातमुपस्तुत्यं भवति ॥ १२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्याः ! यथाऽन्तरिक्षात्प्रकटो वायुः कर्माणि कारयति तथा शुभान्नृगुणान् यूयं स्वीकुरुत यथा पशूनां मध्येऽश्वो वेगवानस्ति तथा शत्रूणां निग्रहे वेगवन्तः श्येन इव वीरसेना प्रगल्भा भवत यद्येवं कुरुत तर्हि सर्वं युष्माकं प्रशंसितं स्यात् ॥ १२ ॥

पदार्थः– हे (अर्वन्) घोड़े-के तुल्य वेग वाले विद्वान् पुरुष ! (यत्) जब (समुद्रात्) अन्तरिक्ष (उत, वा) अथवा (पुरीषात्) रक्षक परमात्मा से (प्रथमम्) पहिले (जायमानः) उत्पन्न हुए वायु के समान (उद्यन्) उदय को प्राप्त हुए (अक्रन्दः) शब्द करते हो तब (हरिणस्य) हरणशील वीरजन (ते) आप के (बाहू) भुजा (श्येनस्य) श्येनपक्षी के (पक्षा) पंखों के तुल्य बलकारी है यह (महि) महत् कर्म (जातम्) प्रसिद्ध (उपस्तुत्यम्) समीपस्थ स्तुति का विषय होता है ॥ १२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । हे मनुष्यो ! जैसे अन्तरिक्ष से उत्पन्न हुआ वायु कर्मों को कराता वैसे मनुष्यों के शुभगुणों को तुम लोग ग्रहण करो जैसे पशुओं में घोड़ा वेगवान् है वैसे शत्रुओं को रोकने में वेगवान् श्येन पक्षी के तुल्य वीर पुरुषों की सेना वाले हढ ढीठ होओ यदि ऐसे करो तो सब कर्म तुम्हारा प्रशंसित होवे ॥ १२ ॥

यमेनेत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिक् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

यमेनं दुत्तं त्रितऽएनमायुनगिन्द्रंऽएणं प्रथमोऽअध्यंतिष्ठत् ।
गन्धर्वोऽअस्य रशनामंगृभ्णात्सूरादश्वं वसवो निरंतष्ट ॥ १३ ॥

यमेन । दुत्तम् । त्रितः । एनम् । आयुनक् । अयुनगित्ययुनक् । इन्द्रः । एनम् । प्रथमः । अधि । अतिष्ठत् । गन्धर्वः । अस्य । रशनाम् । अगृभ्णात् । सूरात् । अश्वम् । वसवः । निः । अतष्ट ॥ १३ ॥

पदार्थः—(यमेन) नियन्त्रा वायुना (दत्तम्) (त्रितः) त्रिभ्यः पृथिवीजलान्तरिक्षेभ्यः (एनम्) वह्निम् (आयुनक्) युनक्ति (इन्द्रः) विद्युत् (एनम्) अत्र छान्दसं णत्वम् । (प्रथमः) विस्तीर्णः प्रख्यातः (अधि) (अतिष्ठत्) उपरि तिष्ठति (गन्धर्वः) गोः पृथिव्या धर्त्ता (अस्य) सूर्यस्य (रशनाम्) रशनावत्किरणगतिम् (अगृभ्णात्) गृह्णाति (सूरात्) सूर्य्यात् (अश्वम्) आशुगामिनं वायुम् (वसवः) विद्वांसः (निः) (अतष्ट) तक्ष्णोति तनूकरोति ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे वसवो य इन्द्रस्त्रितो यमेन दत्तमेनमायुनगेनं प्राप्य प्रथमोऽध्यतिष्ठद् गन्धर्वः सन्नस्य रशनामगृभ्णादस्मात्सूरादश्वं निरतष्ट तं यूयं विस्तारयत ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः ! ईश्वरेणेह यस्मिन्पदार्थे यादृशी पदार्थरचना कृता तां यूयं विद्यया संवित्तैतां सृष्टिविद्यां गृहीत्वाऽनेकानि सुखानि प्राप्नुत च ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे (वसवः) विद्वान् ! जो (इन्द्रः) बिजुली (त्रितः) पृथिवी जल और आकाश से (यमेन) नियमकर्त्ता वायु ने (दत्तम्) दिये अर्थात् उत्पन्न किये (एनम्) इस अग्नि को (आयुनक्) युक्त करती है (एनम्) इस को प्राप्त हो के (प्रथमः) विस्तीर्ण प्रख्यात विद्युत (अध्यतिष्ठत्) सर्वोपरि स्थित होती है (गन्धर्वः) पृथिवी को धारण करता हुआ (अस्य) इस सूर्य की (रशनाम्) रस्सी के तुल्य किरणों की गति को (अगृभ्णात्) ग्रहण करता है इस (सूरात्) सूर्यरूप से (अश्वम्) शीघ्रगामी वायु को (निरतष्ट) सूक्ष्म करता है उस को तुम लोग विस्तृत करो ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! ईश्वर ने इस संसार में जिस पदार्थ में जैसी रचना की है उस को तुम लोग विद्या से जानो और इस सृष्टिविद्या को ग्रहण कर अनेक सुखों को सिद्ध करो ॥ १३ ॥

असीत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । विराट्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

असि॑ य॒मोऽअस्या॑दि॒त्योऽअ॑र्व॒न्नसि॑ त्रि॒तो गुह्ये॑न व्र॒तेन॑ ।
असि॒ सोमे॑न स॒मया॒ विपृ॑क्तऽआ॒हुस्ते॒ त्रीणि॑ दि॒वि बन्ध॑नानि ॥ १४ ॥

असि॑ । य॒मः । असि॑ । आ॒दि॒त्यः । अ॒र्व॒न् । असि॑ । त्रि॒तः । गुह्ये॑न । व्र॒तेन॑ । असि॑ । सोमे॑न । स॒मया॑ । विपृ॑क्त इति॒ विऽपृ॑क्तः । आ॒हुः । ते॒ । त्रीणि॑ । दि॒वि । बन्ध॑नानि ॥ १४ ॥

पदार्थः—(असि) (यमः) नियन्ता न्यायाधीश इव (असि) (आदित्यः) सूर्य्यवद्विद्यया प्रकाशितः (अर्वन्) वेगवान् वह्निरिव वर्त्तमान जन (असि) (त्रितः) त्रिभ्यः (गुह्येन) गुप्तेन (व्रतेन) शीलेन (असि) (सोमेन) ऐश्वर्येण (समया) समीपे (विपृक्तः) विशेषेण सम्बद्धः (आहुः) कथयन्ति (ते) तव (त्रीणि) (दिवि) प्रकाशे (बन्धनानि) ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे अर्वन् ! यतस्त्वं गुह्येन व्रतेन त्रितो यम इवास्यादित्य इवासि विद्वन्निवासि सोमेन समया विपृक्तोऽसि तस्य ते दिवि त्रीणि बन्धनान्याहुः ॥ १४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्या युष्माभिर्न्यायाधीशादित्य-सोमादिगुणैर्भवितव्यम् । यथाऽस्य संसारस्य मध्ये वायुसूर्य्याकर्षणैर्बन्धनानि सन्ति तथैव परस्परस्य शरीरवाङ्मनआकर्षणैः प्रेमबन्धनानि कर्त्तव्यानि ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे (अर्वन्) वेगवान् अग्नि के समान जन ! जिससे तू (गुह्येन) गुप्त (व्रतेन) स्वभाव तथा (त्रितः) कर्म उपासना ज्ञान से युक्त (यमः) नियमकर्त्ता न्यायधीश के तुल्य (असि) है (आदित्यः) सूर्य के तुल्य विद्या से प्रकाशित जैसा (असि) है विद्वान् के सदृश (असि) है (सोमेन) ऐश्वर्य के (समया) निकट (विपृक्तः) विशेषकर संबद्ध (असि) है उस (ते) तेरे (दिवि) प्रकाश में (त्रीणि) तीन (बन्धनानि) बन्धनों को अर्थात् ऋषि देव पितृ ऋणों के बन्धनों को (आहुः) कहते हैं ॥ १४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे मनुष्यो ! तुम को योग्य है कि न्यायाधीश सूर्य और चन्द्रमा आदि के गुणों से युक्त होवें जैसे इस संसार के बीच वायु और सूर्य के आकर्षणों से बन्धन हैं वैसे ही परस्पर शरीर वाणी मन के आकर्षणों से प्रेम के बन्धन करें ॥१४॥

त्रीणीत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिक्पङ्क्तिश्छन्दः ।
पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

त्रीणि तऽआहुर्दिवि बन्धनानि त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे ।
उतेव मे वरुणश्छन्त्स्यर्वन्यत्रा तऽआहुः परमं जनित्रम् ॥ १५ ॥

त्रीणि । ते । आहुः । दिवि । बन्धनानि । त्रीणि । अप्स्वित्यप्ऽसु । त्रीणि । अन्तरित्यन्तः । समुद्रे । उतेवेत्युतऽइव । मे । वरुणः । छन्त्सि । अर्वन् । यत्र । ते । आहुः । परमम् । जनित्रम् ॥ १५ ॥

पदार्थः—(त्रीणि) (ते) तव (आहुः) कथयन्ति (दिवि) विद्याप्रकाशे (बन्धनानि) (त्रीणि) (अप्सु) प्राणेषु (त्रीणि) (अन्तः) मध्ये (समुद्रे) अन्तरिक्षे (उतेव) यथोत्प्रेक्षणम् (मे) मम (वरुणः) श्रेष्ठः (छन्त्सि) अर्चसि । छन्दतीत्यर्चतिकर्मा० ॥ निघं० ३ । १४ ॥ (अर्वन्) विज्ञानयुक्त (यत्र) यस्मिन् जन्मनि (ते) तव । अत्र ऋचितुनुघेति दीर्घः । (आहुः) (परमम्) (जनित्रम्) ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे अर्वन् विद्वन् ! यत्र दिवि ते त्रीणि बन्धनानि विद्वांस आहुर्यत्राप्सु त्रीणि यत्रान्तर्मध्ये समुद्रे च त्रीणि बन्धनान्याहुस्ते च परमं जनित्रमाहुः । येन वरुणः सन् विदुषः छन्त्स्युतेव तानि मे सन्तु ॥ १५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्याः ! आत्ममनःशरीरैर्ब्रह्मचर्येण विद्यासु नियता भूत्वा विद्यासुशिक्षे सञ्चिनुत । द्वितीयं विद्याजन्म प्राप्यार्चिता भवत येन येन सह यावान् स्वस्य सम्बन्धोऽस्ति त विजानीत ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे (अर्वन्) विज्ञानयुक्त विद्वान् जन ! (यत्र) जिस (दिवि) विद्या के प्रकाश में (ते) आप के (त्रीणि) तीन (बन्धनानि) बन्धनों को विद्वान् लोग (आहुः)

कहते हैं जहां (अप्सु) प्राणों में (त्रीणि) तीन जहां (अन्तः) बीच में और (समुद्रे) अन्तरिक्ष में (त्रीणि) तीन बन्धनों को (आहुः) कहते हैं और (ते) आप के (परमम्) उत्तम (जनित्रम्) जन्म को कहते हैं जिससे (वरुणः) श्रेष्ठ हुए विद्वानों का (छन्त्सि) सत्कार करते हो (उतेव) उत्प्रेक्षा के तुल्य वे सब (मे) मेरे होवें ॥ १५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे मनुष्यो ! आत्मा मन और शरीर में ब्रह्मचर्य के साथ विद्याओं में नियत होके विद्या और सुशिक्षा का संचय करो। द्वितीय विद्याजन्म को पाकर पूजित होवो जिस जिस के साथ अपना जितना सम्बन्ध है उस को जानो ॥ १५ ॥

इमेत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैरश्वरक्षणेन किं साध्यमित्याह ॥

मनुष्यों को घोड़ों के रखने से क्या सिद्ध करना चाहिये इस विषय को
अगले मन्त्र में कहा है ॥

इमा ते वाजिन्नवमार्जनानीमा शफानांᳫं सनितुर्निधाना ।
अत्रा ते भद्रा रशनाऽअपश्यमृतस्य याऽअभिरक्षन्ति गोपाः ॥ १६ ॥

इमा । ते । वाजिन् । अवमार्जनानीत्यवऽमार्जनानि । इमा । शफानाम् । सनितुः । निधानेति निऽधाना । अत्र । ते । भद्राः । रशनाः । अपश्यम् । ऋतस्य । याः । अभिरक्षन्तीत्यभिऽरक्षन्ति । गोपाः ॥ १६ ॥

पदार्थः—(इमा) इमानि प्रत्यक्षाणि (ते) तव (वाजिन्) अश्वइव वेगादिगुण सेनाधीश ! (अवमार्जनानि) शुद्धिकरणानि (इमा) इमानि (शफानाम्) खुराणाम् (सनितुः) रक्षणानि यमस्य (निधाना) निधानानि स्थानानि (अत्र) अस्मिन् सैन्ये । अत्र संहितायामिति दीर्घः। (ते) तव (भद्राः) शुभकरीः (रशनाः) रज्जूः (अपश्यम्) पश्यामि (ऋतस्य) यथार्थम्। अत्र कर्मणि षष्ठी (याः) (अभिरक्षन्ति) सर्वतः पान्ति (गोपाः) पालिकाः ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे वाजिन् ! यथाऽहं ते तवेमाश्वस्यावमार्जनानीमा शफानां सनितु-र्निधानाऽपश्यमत्र तेऽश्वस्य या भद्रा गोपा रशना ऋतस्याभिरक्षन्ति ता अपश्यं तथा त्वं पश्य ॥ १६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। ये स्नानेनाश्वादीनां शुद्धिं तच्छफानां रक्षणायायसो निर्मितस्य योजनमन्यानि रशनादीनि च संयोज्य सुशिक्ष्य रक्षन्ति ते युद्धादिषु कार्येषु कृतसिद्धयो भवन्ति ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे (वाजिन्) घोड़े के तुल्य वेगादि गुणों से युक्त सेनाधीश ! जैसे मैं (ते) आप के (इमा) इन प्रत्यक्ष घोड़ों की (अवमार्जनानि) शुद्धि क्रियाओं और (इमा) इन (शफानाम्) खुरों के (सनितुः) रखने के नियम के (निधाना) स्थानों को (अपश्यम्) देखता हूं (अत्र) इस सेना में (ते) आप के घोड़े की (याः) जो (भद्राः) सुन्दर शुभकारिणी (गोपाः) उपद्रव से रक्षा करनेहारी (रशनाः) लगाम की रस्सी (ऋतस्य) सत्य की (अभिरक्षन्ति) सब ओर से रक्षा करती हैं उनको मैं देखूं वैसे आप भी देखें ॥ १६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है . जो लोग स्नान से घोड़े आदि की शुद्धि तथा उनके शुम्मों की रक्षा के लिये लोहे के बनाये नालों को संयुक्त और लगाम की रस्सी आदि सामग्री को संयुक्त कर अच्छी शिक्षा दे रक्षा करते हैं वे युद्धादि कार्यों में सिद्धि करने वाले होते हैं ॥ १६ ॥

आत्मानमित्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

यानरचनेन किं कार्यमित्याह ॥

यानरचना से क्या करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

आत्मानं ते मनसारादजानामवो दिवा पतयन्तं पतङ्गम् ।
शिरोऽअपश्यं पथिभिः सुगेभिररेणुभिर्जेहमानं पतत्रि ॥ १७ ॥

आत्मानम् । ते । मनसा । आरात् । अजानाम् । अवः । दिवा । पतयन्तम् । पतङ्गम् । शिरः । अपश्यम् । पथिभिरिति पथिऽभिः । सुगेभिरिति सुऽगेभिः । अरेणुभिरित्यरेणुऽभिः । जेहमानम् । पतत्रि ॥ १७ ॥

पदार्थः—(आत्मानम्) (ते) तव (मनसा) विज्ञानेन (आरात्) निकटे (अजानाम्) जानामि (अवः) अधस्तात् (दिवा) अन्तरिक्षेण सह (पतयन्तम्) पतन्तं गच्छन्तं सूर्यं प्रति (पतङ्गम्) (शिरः) दूराच्छिर इव लक्ष्यमाणम् (अपश्यम्) (पथिभिः) मार्गैः (सुगेभिः) सुखेन गमनाधिकरणैः (अरेणुभिः) अविद्यमाना रेणवो येषु तैः (जेहमानम्) प्रयत्नेन गच्छन्तम् (पतत्रि) पतनशीलम् ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्नहं यथा मनसारादवो दिवा पतङ्गं प्रति पतयन्तं ते पतत्रि शिर आत्मानमजानाम् । अरेणुभिः सुगेभिः पथिभिर्जेहमानं पतत्रि शिरोऽपश्यं तथा त्वं पश्य ॥ १७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । हे मनुष्या यूयं सर्वेभ्यो वेगवत्तमं सद्यो गमयितारं वह्निमिव चात्मानं पश्यत सम्प्रयुक्तैरग्न्यादिभिस्सहितेषु यानेषु स्थित्वा जलस्थलान्तरिक्षेषु प्रयत्नेन गच्छताऽऽगच्छत यथा शिर उत्तमाङ्गमस्ति तथैव विमान-यानमुत्तमं मन्तव्यम् ॥ १७ ॥

पदार्थः— हे विद्वन् ! मैं जैसे (मनसा) विज्ञान से (आरात्) निकट में (अवः) नीचे से (दिवा) आकाश के साथ (पतङ्गम्) सूर्य के प्रति (पतयन्तम्) चलते हुए, (ते) आप के (आत्मानम्) आत्मास्वरूप को (अजानाम्) जानता हूं और (अरेणुभिः) धूलरहित निर्मल (सुगेभिः) सुखपूर्वक जिन में चलना हो उन (पथिभिः) मार्गों से (जेहमानम्) प्रयत्न के साथ जाते हुए (पतत्रि) पक्षीवत् उड़ने वाले (शिरः) दूर से शिर के तुल्य गोलाकार लक्षित होते विमानादि यान को (अपश्यम्) देखता हूं वैसे आप भी देखिये ॥ १७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे मनुष्यो ! तुम लोग सब से अतिवेग वाले शीघ्र चलाने हारे अग्नि के तुल्य अपने आत्मा को देखो, सम्प्रयुक्त किये अग्नि आदि के सहित यानों में बैठ के जल स्थल और आकाश में प्रयत्न से जाओ आओ, जैसे शिर उत्तम है वैसे विमान यान को उत्तम मानना चाहिये ॥ १७ ॥

अत्रेत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ शूरवीराः किं कुर्वन्त्वित्याह ॥

अब शूरवीर लोग क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

अत्रा ते रूपमुत्तममपश्यं जिगीषमाणमिषऽआपदे गोः ।
यदा ते मर्त्तोऽअनु भोगमानडादिद् ग्रसिष्ठऽओषधीरजीगः ॥ १८ ॥

अत्र । ते । रूपम् । उत्तममित्युत्ऽतमम् । अपश्यम् । जिगीषमाणम् । इषः । आ । पदे । गोः । यदा । ते । मर्त्तः । अनु । भोगम् । आनट् । आत् । इत् । ग्रसिष्ठः । ओषधीः । अजीगरित्यजीगः ॥ १८ ॥

पदार्थः—(अत्र) अस्मिन् व्यवहारे । अत्र संहितायामिति दीर्घः । (ते) तव (रूपम्) (उत्तमम्) (अपश्यम्) पश्येयम् (जिगीषमाणम्) शत्रून् विजयमानम् (इषः) अन्नानि (आ) समन्तात् (पदे) प्रापणीये (गोः) पृथिव्याः (यदा) (ते) तव (मर्त्तः) मनुष्यः (अनु) आनुकूल्ये (भोगम्) (आनट्) व्याप्नोति । *आनडिति व्याप्तिकर्मा* ॥ *निघं० २ । १८* ॥ (आत्) अनन्तरम् (इत्) एव (ग्रसिष्ठः) अतिशयेन ग्रसिता (ओषधीः) (अजीगः) निगलसि ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे वीर ! ते जिगीषमाणमुत्तमं रूपं गोः पदेऽत्र इषआऽऽपश्यं ते मर्त्तो यदा भोगमानट् तदाऽऽदिद् ग्रसिष्ठः संस्त्वमोषधीरन्वजीगः ॥ १८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः ! यथोत्तमानि पश्वादीनि सेनाङ्गानि विजयकराणि स्युस्तथा शूरवीरा विजयहेतवो भूत्वा भूमिराज्ये भोगान् प्राप्नुवन्तु ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे वीर पुरुष ! (ते) आप के (जिगीषमाणम्) शत्रुओं को जीतते हुए (उत्तमम्) उत्तम (रूपम्) रूप और (गोः) पृथिवी के (पदे) प्राप्त होने योग्य (अत्र) इस व्यवहार में (इषः) अन्नों के दानों को (आ, अपश्यम्) अच्छे प्रकार देखूं (ते) आपका (मर्त्तः) मनुष्य (यदा) जब (भोगम्) भोग्य वस्तु को (आनट्) व्याप्त होता है तब (आत्) (इत्) इसके अनन्तर ही (ग्रसिष्ठः) अति खाने वाले हुए आप (ओषधीः) ओषधियों को (अनु, अजीगः) अनुकूलता से भोगते हो ॥ १८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे उत्तम घोड़े आदि सेना के अङ्ग विजय करने वाले हों वैसे शूरवीर विजय के हेतु होकर भूमि के राज्य में भोगों को प्राप्त हों ॥ १८ ॥

अनु त्वेत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । मनुष्यो देवता । विराट् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैः कथं राजप्रजाकार्याणि साधनीयानीत्याह ॥

मनुष्यों को कैसे राजप्रजा के कार्य सिद्ध करने चाहियें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

अनु त्वा रथोऽअनु मर्योऽअर्वन्ननु गावोऽनु भगः कनीनाम् ।
अनु व्रातासस्तव सख्यमीयुरनु देवा ममिरे वीर्यं ते ॥ १९ ॥

अनु । त्वा । रथः । अनु । मर्यः । अर्वन् । अनु । गावः । अनु । भगः । कनीनाम् । अनु । व्रातासः । तव । सख्यम् । ईयुः । अनु । देवाः । ममिरे । वीर्यम् । ते ॥ १९ ॥

पदार्थः—(अनु) पश्चादानुकूल्ये वा (त्वा) त्वाम् (रथः) यानानि (अनु) (मर्यः) मनुष्यः (अर्वन्) अश्व इव वर्त्तमान (अनु) (गावः) (अनु) (भगः) ऐश्वर्यम् (कनीनाम्) कमनीयानां जनानाम् (अनु) (व्रातासः) मनुष्याः । *व्राता इति मनुष्यना० ॥ निघं २ । ३ ॥* (तव) (सख्यम्) मित्रस्य भावं वा (ईयुः) प्राप्नुयुः (अनु) (देवाः) विद्वांसः (ममिरे) मिनुयुः (वीर्यम्) पराक्रमं बलम् (ते) तव ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे अर्वन् विद्वन् ! ते कनीनां मध्ये वर्त्तमाना देवा व्रातासोऽनुवीर्यमनुममिरे तव सख्यं चान्वीयुस्त्वानु रथो त्वानु मर्यो त्वाऽनु गावो त्वाऽनु भगश्च भवतु ॥ १९ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्याः सुशिक्षिता भूत्वाऽन्यान्सुशिक्षितान्कुर्युस्तेषां मध्यादुत्तमान्सभासदः सम्पाद्य सभासदां मध्यादत्युत्तमं सभेशं स्थापयित्वा राजप्रजाप्रधानपुरुषाणामेकानुमत्या राजकार्याणि साधयेयुस्तर्हि सर्वेषामनुकूला भूत्वा सर्वाणि कार्याण्यलं कुर्युः ॥ १९ ॥

पदार्थः—हे (अर्वन्) घोड़े के तुल्य वर्त्तमान विद्वन् ! (ते) आप के (कनीनाम्) शोभायमान मनुष्यों के बीच वर्त्तमान (देवाः) विद्वान् (व्रातासः) मनुष्य (अनु, वीर्यम्) बल पराक्रम के अनुकूल (अनु, ममिरे) अनुमान करें और (तव) आप की (सख्यम्) मित्रता को (अनु, ईयुः) अनुकूल प्राप्त हों (त्वा) आप के (अनु) अनुकूल (रथः) विमानादि यान (त्वा) आप के (अनु) अनुकूल वा पीछे आश्रित (मर्यः) साधारण मनुष्य (त्वा) आप के (अनु) अनुकूल वा पीछे (गावः) गौ और (त्वा) आपके (अनु) अनुकूल (भगः) ऐश्वर्य होवे ॥ १९ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्य अच्छे शिक्षित होकर औरों को सुशिक्षित करें उनमें से उत्तमों को सभासद् और सभासदों में से अत्युत्तम सभापति को स्थापन कर राज प्रजा के प्रधान पुरुषों की एक अनुमति से राजकार्यों को सिद्ध करें तो सब आपस में अनुकूल हो के सब कार्यों को पूर्ण करें ॥ १९ ॥

हिरण्यशृङ्ग इत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैरग्न्यादिपदार्थगुणविज्ञानेन किं साध्यमित्याह ।

मनुष्यों को अग्न्यादि पदार्थों के गुण-ज्ञान से क्या सिद्ध करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

हिर॑ण्यशृङ्गोऽअयो॑ऽअस्य॒ पादा॒ मनो॑जवा॒ऽअव॑र॒ऽइन्द्र॑ऽआसीत् ।
दे॒वाऽइद॑स्य हवि॒रद्य॑माय॒न्यो॑ऽअर्व॑न्तं प्रथ॒मोऽअ॒ध्यति॑ष्ठत् ॥ २० ॥

हिर॑ण्यशृ॒ङ्ग इति॒ हिर॑ण्यऽशृ॒ङ्गः । अयः॑ । अ॒स्य॒ । पादाः॑ । मनो॑ज॒वा इति॒ मनः॑ऽजवाः । अव॑रः । इन्द्रः॑ । आ॒सी॒त् । दे॒वाः । इत् । अ॒स्य॒ । ह॒वि॒र॒द्य॒मिति॑ ह॒विः॒ऽअद्य॑म् । आ॒य॒न् । यः । अर्व॑न्तम् । प्र॒थ॒मः । अ॒ध्यति॑ष्ठ॒दित्य॑धि॒ऽअति॑ष्ठत् ॥ २० ॥

पदार्थः—(हिरण्यशृङ्गः) हिरण्यानि तेजांसि शृङ्गाणीव यस्य सः (अयः) सुवर्णम् । *अय इति हिरण्यना० ॥ निघं० १ । २ ॥* (अस्य) (पादाः) पद्यन्ते गच्छन्ति यैस्ते (मनोजवाः) मनसो जवो वेग इव जवो वेगो येषान्ते (अवरः) नवीनः (इन्द्रः) परमैश्वर्यहेतुविद्युदिव सभेशः (आसीत्) (देवाः) विद्वांसः सभासदः (इत्) एव (अस्य) (हविरद्यम्) दातुमर्हमत्तुं योग्यं च (आयन्) प्राप्नुयुः (यः) (अर्वन्तम्) अश्ववत्प्राप्नुवन्तं वह्निम् (प्रथमः) आदिमः (अध्यतिष्ठत्) उपरि तिष्ठेत् ॥ २० ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः ! योऽवरो हिरण्यशृङ्ग इन्द्र आसीद्यः प्रथमोऽर्वन्तमयश्चा-ध्यतिष्ठदस्य पादा मनोजवाः सन्त्यस्य हविरद्यमिद्देवा आयन् तं यूयमाश्रयत ॥ २० ॥

भावार्थः—ये मनुष्या अग्न्यादिपदार्थानां गुणकर्मस्वभावान् यथावज्जानीयुस्ते बहून्यद्भुतानि कार्य्याणि साद्धुं शक्नुयुः। ये प्रीत्या राजकार्य्याणि प्राप्नुयुस्ते सत्कारं ये नाशयेयुस्ते दण्डं चावश्यं प्राप्नुयुः॥ २०॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यः) जो (अवरः) नवीन (हिरण्यशृङ्गः) शृङ्ग के तुल्य जिस के तेज हैं वह (इन्द्रः) उत्तम ऐश्वर्य वाला बिजुली के समान सभापति (आसीत्) होवे जो (प्रथमः) पहिला (अर्वन्तम्) घोड़े के तुल्य मार्ग को प्राप्त होते हुए अग्नि तथा (अयः) सुवर्ण का (अध्यतिष्ठत्) अधिष्ठाता अर्थात् अग्निप्रयुक्त यान पर बैठ के चलाने वाली होवे राजा (अस्य) इसके (पादाः) पग (मनोजवाः) मन के तुल्य वेग वाले हों अर्थात् पग का चलना काम विमानादि से लेवे (देवाः) विद्वान् सभासद् लोग (अस्य) इस राजा के (हविरद्यम्) देने और भोजन करने योग्य अन्न को (इत्, आयन्) ही प्राप्त होवें उसको तुम लोग जानो॥ २०॥

भावार्थः—जो मनुष्य अग्न्यादि पदार्थों के गुण कर्म स्वभावों को यथावत् जानें वे बहुत अद्भुत कार्य्यों को सिद्ध कर सकें, जो प्रीति से राजकार्य्यों को सिद्ध करें वे सत्कार को और जो नष्ट करें वे दण्ड को अवश्य प्राप्त होवें॥ २०॥

ईर्मान्तास इत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः। मनुष्या देवताः। भुरिक्पङ्क्तिश्छन्दः। पञ्चमः स्वरः॥

कीदृशा राजपुरुषा विजयमाप्नुवन्तीत्याह॥

कैसे राजपुरुष विजय पाते हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है॥

ई॒र्मान्ता॑सः॒ सिलि॑कमध्यमासः॒ सꣳ शूर॑णासो दि॒व्यासो॒ऽअत्याः॑। ह॒ꣳसाऽइ॑व श्रेणि॒शो य॑तन्ते॒ यदाक्षि॑षुर्दि॒व्यमज्म॒मश्वाः॑॥ २१॥

ई॒र्मान्ता॒स इतीर्मऽअन्तासः। सिलि॑कमध्यमा॒स इति॒ सिलि॑कऽमध्यमासः। सम्। शूर॑णासः। दि॒व्यासः॑। अत्याः॑। ह॒ꣳसाऽइ॒वेति॑ ह॒ꣳसाःऽइ॑व। श्रे॒णि॒श इति॑ श्रेणि॒ऽशः। य॒त॒न्ते॒। यत्। आक्षि॑षुः। दि॒व्यम्। अज्म॑म्। अश्वाः॑॥ २१॥

पदार्थः—(ईर्मान्तासः) ईर्मः प्रेरितः स्थितिप्रान्तो येषान्ते (सिलिकमध्यमासः) सिलिकः संलग्नो मध्यदेशो येषान्ते (सम्) (शूरणासः) सद्यो रणो युद्धविजयो येभ्यस्ते (दिव्यासः) प्राप्तदिव्यशिक्षाः (अत्याः) सततगामिनः (हंसा इव) हंसवद् गन्तारः (श्रेणिशः) बद्धपङ्क्तयः (यतन्ते) (यत्) ये (आक्षिषुः) प्राप्नुयुः (दिव्यम्) शुद्धम् (अज्मम्) अजन्ति गच्छन्ति यस्मिंस्तं मार्गम् (अश्वाः) आशुगामिनः॥ २१॥

अन्वयः—हे मनुष्याः! यद्येऽन्यादय इवेर्मान्तासः सिलिकमध्यमासः शूरणासो दिव्यासोऽत्या अश्वाः श्रेणिशो हंसा इव यतन्ते दिव्यमज्मं समाक्षिषुस्तान् यूयं प्राप्नुत॥ २१॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः। येषां राजपुरुषाणां सुशिक्षिता दिव्यगतयो विजयहेतवस्सद्योगामिनः प्रेरणामनुगन्तारो हंसवद्गतयोऽश्वा अग्न्यादयः पदार्था इव कार्यसाधकाः सन्ति ते सर्वत्र विजयमाप्नुवन्ति ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (यत्) जो अग्नि आदि पदार्थों के तुल्य (ईर्मान्तासः) जिनका बैठने का स्थान प्रेरणा किया गया (सिलिकमध्यमासः) गदा आदि से लगा हुआ है मध्यप्रदेश जिनका ऐसे (शूरणासः) शीघ्र युद्ध में विजय के हेतु (दिव्यासः) उत्तमशिक्षित (अत्याः) निरन्तर चलने वाले (अश्वाः) शीघ्रगामी घोड़े (श्रेणिशः) पङ्क्ति बांधे हुए (हंसा इव) हंस पक्षियों के तुल्य (यतन्ते) प्रयत्न करते हैं और (दिव्यम्) शुद्ध (अज्मम्) मार्ग को (सम्, आक्षिषुः) व्याप्त होवें उनको तुम लोग प्राप्त होओ ॥ २१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालङ्कार है। जिन राजपुरुषों के सुशिक्षित उत्तम गति वाले घोड़े अग्न्यादि पदार्थों के समान कार्यसाधक होते हैं वे सर्वत्र विजय पाते हैं ॥ २१ ॥

तवेत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः। वायवो देवताः। विराट् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैरनित्यं शरीरं प्राप्य किं कार्यमित्याह ॥

मनुष्यों को अनित्य शरीर पाके क्या करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

तव॒ शरी॑रं पतयि॒ष्ण्व॑र्व॒न्तव॑ चि॒त्तं वात॑ऽइव॒ ध्रजी॑मान्।
तव॒ शृङ्गा॑णि॒ विष्ठि॑ता पुरु॒त्रार॑ण्येषु॒ जर्भु॑राणा चरन्ति ॥ २२ ॥

तव॑। शरी॑रम्। प॒त॒यि॒ष्णु। अ॒र्व॒न्। तव॑। चि॒त्तम्। वात॒ इ॒वेति॒ वात॑ऽइव। ध्रजी॑मान्। तव॑। शृङ्गा॑णि। विष्ठि॑ता। विस्थि॑ते॒ति॒ वि॒ऽस्थि॑ता। पु॒रु॒त्रेति॑ पुरु॒ऽत्रा। अर॑ण्येषु। जर्भु॑राणा। च॒र॒न्ति॒ ॥ २२ ॥

पदार्थः—(तव) (शरीरम्) (पतयिष्णु) पतनशीलम् (अर्वन्) अश्व इव वर्त्तमान (तव) (चित्तम्) अन्तःकरणम् (वातं इव) वायुवत् (ध्रजीमान्) वेगवान् (तव) (शृङ्गाणि) शृङ्गाणीवोच्छ्रितानि सेनाङ्गानि (विष्ठिता) विशेषेण स्थितानि (पुरुत्रा) पुरुषु बहुषु (अरण्येषु) जङ्गलेषु (जर्भुराणा) भृशं पोषकानि धारकाणि (चरन्ति) गच्छन्ति ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे अर्वन् वीर ! यस्य तव पतयिष्णु शरीरं तव चित्तं वात इव ध्रजीमान् तव पुरुत्रारण्येषु जर्भुराणा विष्ठिता शृङ्गाणि चरन्ति स त्वं धर्ममाचर ॥ २२ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः। ये मनुष्या अनित्येषु शरीरेषु स्थित्वा नित्यानि कार्याणि साध्नुवन्ति तेऽतुलसुखमाप्नुवन्ति ये वनस्थाः पशव इव भृत्याः सेनाश्च वर्त्तन्ते तेऽश्ववत्सद्योगामिनो भूत्वा शत्रून् विजेतुं शक्नुवन्ति ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे (अर्वन्) घोड़े के तुल्य वर्त्तमान वीर पुरुष ! जिस (तव) तेरा (पतयिष्णु) नाशवान् (शरीरम्) शरीर (तव) तेरे (चित्तम्) अन्तःकरण की वृत्ति (वात इव) वायु के सदृश (ध्रजीमान्) वेगवाली अर्थात् शीघ्र दूरस्थ विषयों के तत्त्व जानने वाली (तव) तेरे (पुरुत्रा) बहुत (अरण्येषु) जङ्गलों में (जर्भुराणा) शीघ्र धारण पोषण करने वाले (विष्ठिता) विशेषकर स्थित (शृङ्गाणि) शृङ्गों के तुल्य ऊँचे सेना के अवयव (चरन्ति) विचरते हैं सो तू धर्म का आचरण कर ॥ २२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालङ्कार है। जो मनुष्य अनित्य शरीरों में स्थित हो नित्य कार्य्यों को सिद्ध करते हैं वे अतुल सुख पाते हैं और जो वन के पशुओं के तुल्य भृत्य और सेना हैं वे घोड़े के तुल्य शीघ्रगामी होके शत्रुओं को जीतने को समर्थ होते हैं ॥ २२ ॥

उप प्रेत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । मनुष्या देवताः । भुरिक् पंक्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

कीदृशा विद्वांसो हितैषिण इत्याह ॥

कैसे विद्वान् हितैषी होते हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

उप प्रागाच्छसनं वाज्यर्वा देवद्रीचा मनसा दीध्यानः ।
अजः पुरो नीयते नाभिरस्यानु पश्चात्कवयो यन्ति रेभाः ॥ २३ ॥

उप । प्र । अगात् । शसनम् । वाजी । अर्वा । देवद्रीचा । मनसा । दीध्यानः । अजः । पुरः । नीयते । नाभिः । अस्य । अनु । पश्चात् । कवयः । यन्ति । रेभाः ॥ २३ ॥

पदार्थः—(उप) सामीप्ये (प्र) (अगात्) गच्छन्ति (शसनम्) शंसन्ति हिंसन्ति यस्मिँस्तद्युद्धम् (वाजी) वेगवान् (अर्वा) गन्ताऽश्वः (देवद्रीचा) देवानञ्चता प्राप्नुवता (मनसा) (दीध्यानः) दीप्यमानः सन् (अजः) क्षेपणशीलः (पुरः) (नीयते) (नाभिः) मध्यभागः (अस्य) (अनु) आनुकूल्ये (पश्चात्) (कवयः) मेधाविनः (यन्ति) प्राप्नुवन्ति (रेभाः) सर्वविद्यास्तोतारः । रेभइति स्तोतृना० ॥ निघं० ३।१६ ॥ २३ ॥

अन्वयः—यो दीध्यानोऽजो वाज्यर्वा देवद्रीचा मनसा शसनमुप प्रागात् विद्वद्भिरस्य नाभिः पुरो नीयते तं पश्चात् रेभाः कवयः अनुयन्ति ॥ २३ ॥

भावार्थः—ये विद्वांसो दिव्येन विचारेण तुरङ्गान् सुशिक्ष्याग्न्यादीन्संसाध्यैश्वर्यं प्राप्नुवन्ति ते जगद्धितैषिणो भवन्ति ॥ २३ ॥

पदार्थः—जो (दीध्यानः) सुन्दर प्रकाशमान हुआ (अजः) फेंकने वाला (वाजी) वेगवान् (अर्वा) चालाक घोड़ा (देवद्रीचा) विद्वानों को प्राप्त होते हुए (मनसा) मन से

(शसनम्) जिसमें हिंसा होती है उस युद्ध को (उप, प्र, अगात्) अच्छे प्रकार समीप प्राप्त होता है। विद्वानों से (अस्य) इसका (नाभिः) मध्यभाग अर्थात् पीठ (पुरा) आगे (नीयते) प्राप्त की जाती अर्थात् उस पर बैठते हैं उसको (पश्चात्) पीछे (रेभाः) सब विद्याओं की स्तुति करने वाले (कवयः) बुद्धिमान् जन (अनु, यन्ति) अनुकूलता से प्राप्त होते हैं ॥ २३ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् लोग उत्तम विचार से घोड़ों को अच्छी शिक्षा दे और अग्नि आदि पदार्थों को सिद्ध कर ऐश्वर्य को प्राप्त होते हैं वे जगत् के हितैषी होते हैं ॥ २३ ॥

उप प्रेत्यस्य भार्गवो जमदग्निर्ऋषिः । मनुष्यो देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

के जना राज्यं शासितुमर्हन्तीत्याह ॥

कौन जन राज्यशासन करने योग्य होते हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

उप प्रागा॑त्पर॒मं यत्स॒धस्थ॒मर्वाँ॑२ऽअच्छा॑ पि॒तरं॑ मा॒तरं॑ च ।
अ॒द्या दे॒वाञ्जुष्ट॑तमो॒ हि ग॒म्याऽअथाशा॑स्ते दा॒शुषे॒ वार्या॑णि ॥ २४ ॥

उप॑ । प्र । अ॒गा॒त् । प॒र॒मम् । यत् । स॒धस्थ॒मिति॑ स॒धऽस्थ॑म् । अर्वा॑न् । अच्छ॑ । पि॒तर॑म् । मा॒तर॑म् । च॒ । अ॒द्य । दे॒वान् । जुष्ट॑तम॒ इति॒ जुष्ट॑ऽतमः । हि । ग॒म्याः । अथ॑ । आ । शा॒स्ते॒ । दा॒शुषे॑ । वार्या॑णि ॥ २४ ॥

पदार्थः—(उप) (प्र) (अगात्) प्राप्नोति (परमम्) (यत्) यः (सधस्थम्) सहस्थानम् (अर्वान्) ज्ञानी जनः । अत्र नलोपाभावश्छान्दसः । (अच्छ) सम्यक् । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः । (पितरम्) जनकम् (मातरम्) जननीम् (च) (अद्य) इदानीम् । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः । (देवान्) विदुषः (जुष्टतमः) अतिशयेन सेवितः (हि) खलु (गम्याः) प्राप्नुहि (अथ) (आ) समन्तात् (शास्ते) इच्छति (दाशुषे) दात्रे (वार्याणि) स्वीकार्याणि भोग्यवस्तूनि ॥ २४ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यद्योऽर्वान् जुष्टतमस्त्वं परमं सधस्थं पितरं मातरं देवांश्चाद्याशास्तेऽथ दाशुषे वार्याण्युपप्रागात् तं हि त्वमच्छ गम्याः ॥ २४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये न्यायविनयाभ्यां परोपकारान् कुर्वन्ति ते उत्तमं उत्तमं जन्म श्रेष्ठान्पदार्थान् विद्वांसं पितरं विदुषीं मातरञ्च प्राप्य विद्वद्भक्ता भूत्वा महत्सुखं प्राप्नुयुस्ते राज्यमनुशासितुं शक्नुयुः ॥ २४ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् ! (यत्) जो (अर्वान्) ज्ञानी जन (जुष्टतमः) अतिशय कर सेवन किया हुआ (परमम्) उत्तम (सधस्थम्) साथियों के स्थान (पितरम्) पिता (मातरम्)

माता (च) और (देवान्) विद्वानों की (अद्य) इस समय (आ, शास्ते) अधिक इच्छा करता है (अथ) इसके अनन्तर (दाशुषे) दाता जन के लिये (वार्याणि) स्वीकार करने और भोजन के योग्य वस्तुओं को (उप, प्र, अगात्) प्रकर्ष करके समीप प्राप्त होता है उसको (हि) ही आप (अच्छ, गम्याः) प्राप्त हूजिये ॥ २४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जो लोग न्याय और विनय से परोपकारों को करते हैं वे उत्तम उत्तम जन्म श्रेष्ठ पदार्थों विद्वान् पिता और विदुषी माता को प्राप्त हो और विद्वानों के सेवक होके महान् सुख को प्राप्त हों वे राज्यशासन करने को समर्थ होवें ॥ २४ ॥

समिद्ध इत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । विद्वान् देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

धार्मिकाः किं कुर्वन्त्वित्याह ॥

धर्मात्मा लोग क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

समिद्धोऽअद्य मनुषो दुरोणे देवो देवान्यजसि जातवेदः ।
आ च वह मित्रमहश्चिकित्वान्त्वं दूतः कविरसि प्रचेताः ॥ २५ ॥

समिद्ध इति सम्ऽइद्धः । अद्य । मनुषः । दुरोणे । देवः । देवान् । यजसि । जातवेद इति जातऽवेदः । आ । च । वह । मित्रमह इति मित्रऽमहः । चिकित्वान् । त्वम् । दूतः । कविः । असि । प्रचेता इति प्रऽचेताः ॥ २५ ॥

पदार्थः—(समिद्धः) सम्यक् प्रकाशितः (अद्य) इदानीम् (मनुषः) मननशीलः (दुरोणे) गृहे (देवः) विद्वान् (देवान्) विदुषो दिव्यगुणान् वा (यजसि) सङ्गच्छसे (जातवेदः) प्राप्तप्रज्ञ (आ) (च) (वह) प्राप्नुहि (मित्रमहः) मित्राणि महयति पूजयति तत्संबुद्धौ (चिकित्वान्) विज्ञानवान् (त्वम्) (दूतः) यो दुनोति तापयति दुष्टान्सः (कविः) क्रान्तप्रज्ञो मेधावी (असि) (प्रचेताः) प्रकृष्टञ्चेतः संज्ञानमस्य सः ॥ २५ ॥

अन्वयः—हे जातवेदो मित्रमहो विद्वंस्त्वमद्य समिद्धोऽग्निरिव मनुषो देवः सन् यजसि चिकित्वान्दूतः प्रचेताः कविर्दुरोणेऽसि स त्वं देवांश्चावह ॥ २५ ॥

भावार्थः—यथाऽग्निर्दीपादिरूपेण गृहाणि प्रकाशयति तथा धार्मिका विद्वांसः स्वानि कुलानि प्रदीपयन्ति ये सर्वैः सह मित्रवद्वर्तन्ते त एव धार्मिकाः सन्ति ॥ २५ ॥

पदार्थः—हे (जातवेदः) उत्तम बुद्धि को प्राप्त हुए (मित्रमहः) मित्रों का सत्कार करने वाले विद्वन् ! जो (त्वम्) आप (अद्य) इस समय (समिद्धः) सम्यक् प्रकाशित अग्नि के तुल्य (मनुषः) मननशील (देवः) विद्वान् हुए (यजसि) सङ्ग करते हो (च) और

(चिकित्वान्) विज्ञानवान् (दूतः) दुष्टों को दुःखदाई (प्रचेताः) उत्तम चेतनता वाला (कविः) सब विषयों में अव्याहतबुद्धि (असि) हो सो आप (दुरोणे) घर में (देवान्) विद्वानों वा उत्तम गुणों को (आ, वह) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये ॥ २५ ॥

भावार्थः—जैसे अग्नि दीपक आदि के रूप से घरों को प्रकाशित करता है वैसे धार्मिक विद्वान् लोग अपने कुलों को प्रकाशित करते हैं जो सब के साथ मित्रवत् वर्त्तते हैं वे ही धर्मात्मा हैं ॥ २५ ॥

तनूनपादित्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । विद्वान् देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

तनूनपात्पथऽऋतस्य यानान्मध्वा समुञ्जन्त्स्वदया सुजिह्व ।
मन्मानि धीभिरुत यज्ञमृन्धन्देवत्रा च कृणुह्यध्वरं नः ॥ २६ ॥

तनूनपादिति तनूऽनपात् । पथः । ऋतस्य । यानान् । मध्वा । समुञ्जन्निति समऽअञ्जन् । स्वदय । सुजिह्वेति सुऽजिह्व । मन्मानि । धीभिः । उत । यज्ञम् । ऋन्धन् । देवत्रेति देवऽत्रा । च । कृणुहि । अध्वरम् । नः ॥ २६ ॥

पदार्थः—(तनूनपात्) यस्तनूर्विस्तृतान् पदार्थान् न पातयति तत्सम्बुद्धौ (पथः) (ऋतस्य) सत्यस्य जलस्य वा (यानान्) यांति येषु तान् (मध्वा) माधुर्येण (समञ्जन्) सम्यक् प्रकटीकुर्वन् (स्वदय) आस्वादय । अत्र संहितायामिति दीर्घः । (सुजिह्व) शोभना जिह्वा वाग्वा यस्य तत्सम्बुद्धौ (मन्मानि) यानानि (धीभिः) प्रज्ञाभिः कर्मभिर्वा (उत) अपि (यज्ञम्) सङ्गमनीयं व्यवहारम् (ऋन्धन्) संसाधयन् (देवत्रा) देवेषु विद्वत्सु स्थित्वा (च) (कृणुहि) कुरु (अध्वरम्) अहिंसनीयम् (नः) अस्माकम् ॥ २६ ॥

अन्वयः—हे सुजिह्व तनूनपात् ! त्वमृतस्य यानान्पथोऽग्निरिव मध्वा समञ्जन्स्वदय धीभिर्मन्मान्युत नोऽध्वरं यज्ञमृन्धन्देवत्रा च कृणुहि ॥ २६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । धार्मिकैर्मनुष्यैः पथ्यौषधसेवनेन सुप्रकाशितैर्भवितव्यम् आप्तेषु विद्वत्सु स्थित्वा प्रज्ञाः प्राप्याहिंसाख्यो धर्मः सेवितव्यः ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे (सुजिह्व) सुन्दर जीभ वा वाणी से युक्त (तनूनपात्) विस्तृत पदार्थों को न गिराने वाले विद्वान् जन ! आप (ऋतस्य) सत्य वा जल के (यानान्) जिनमें चलें उन (पथः) मार्गों को अग्नि के तुल्य (मध्वा) मधुरता अर्थात् कोमल भाव से (समञ्जन्)

सम्यक् प्रकार करते हुए (स्वदय) स्वाद लीजिये अर्थात् प्रसन्न कीजिये (धीभिः) बुद्धियों वा कर्मों से (मन्मानि) ज्ञानों को (उत) और (नः) हमारे (अध्वरम्) नष्ट न करने और (यज्ञम्) संगत करने योग्य व्यवहार को (ऋन्धन्) सम्यक् सिद्ध करता हुआ (च) भी (देवत्रा) विद्वानों में स्थित होकर (कृणुहि) कीजिये ॥ २६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । धार्मिक मनुष्यों को चाहिये कि पथ्य ओषध पदार्थों का सेवन करके सुन्दर प्रकार प्रकाशित होवें, आप्त विद्वानों की सेवा में स्थित हो तथा बुद्धियों को प्राप्त हो के अहिंसारूप धर्म को सेवें ॥ २६ ॥

नराशंसस्येत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । विद्वान् देवता । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

नराशंसस्य महिमानमेषामुप स्तोषाम यजतस्य यज्ञैः ।
ये सुक्रतवः शुचयो धियन्धाः स्वदन्ति देवाऽउभयानि हव्या ॥ २७ ॥

नराशंसस्य । महिमानम् । एषाम् । उप । स्तोषाम । यजतस्य । यज्ञैः । ये । सुक्रतव इति सुऽक्रतवः । शुचयः । धियन्धा इति धियम्ऽधाः । स्वदन्ति । देवाः । उभयानि । हव्या ॥ २७ ॥

पदार्थः—(नराशंसस्य) नरैः प्रशंसितस्य (महिमानम्) महत्त्वम् (एषाम्) (उप) (स्तोषाम) प्रशंसेम । लेट् उत्तमबहुवचने रूपम् । (यजतस्य) सङ्गन्तु योग्यस्य (यज्ञैः) सङ्गादिलक्षणैः (ये) (सुक्रतवः) शोभनप्रज्ञाकर्माणः (शुचयः) पवित्राः (धियन्धाः) ये श्रेष्ठां प्रज्ञामुत्तमं कर्म दधति ते (स्वदन्ति) भुञ्जते (देवाः) विद्वांसः (उभयानि) शरीरात्मसुखकराणि (हव्या) हव्यानि अत्तुमर्हाणि ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं ये सुक्रतवः शुचयो धियन्धा देवा उभयानि हव्या स्वदन्त्येषां यज्ञैर्नराशंसस्य यजतस्य व्यवहारस्य महिमानमुप स्तोषाम तथा यूयमपि कुरुत ॥ २७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये स्वयं शुद्धाः प्राज्ञा वेदशास्त्रविदो न भवन्ति तेऽन्यानपि विदुषः पवित्रान्कर्त्तुं न शक्नुवन्ति । येषां यादृशा गुणा यादृशानि कर्माणि स्युस्तानि धर्म्याणि यथावत्प्रशंसितव्यानि ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे हम लोग (ये) जो (सुक्रतवः) सुन्दर बुद्धियों और कर्मों वाले (शुचयः) पवित्र (धियन्धाः) श्रेष्ठ धारणावती बुद्धि और कर्म को धारण करनेहारे (देवाः) विद्वान् लोग (उभयानि) दोनों शरीर आत्मा को सुखकारी (हव्या) भोजन के

योग्य पदार्थों को (स्वदन्ति) भोगते हैं (एषाम्) इन विद्वानों के (यज्ञैः) सत्संगादि रूप यज्ञों से (नराशंसस्य) मनुष्यों से प्रशंसित (यजतस्य) संग करने योग्य व्यवहार के (महिमानम्) बड़प्पन को (उप, स्तोषाम) समीप प्रशंसा करें वैसे तुम लोग भी करो ॥ २७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो लोग स्वयं पवित्र बुद्धिमान् वेद शास्त्र के वेत्ता नहीं होते वे दूसरों को भी विद्वान् पवित्र नहीं कर सकते। जिनके जैसे गुण, जैसे कर्म हों उनकी धर्मात्मा लोगों को यथार्थ प्रशंसा करनी चाहिये ॥ २७ ॥

आजुह्वान इत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः। अग्निर्देवता। स्वराड्बृहती छन्दः। मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

आजुह्वान॒ऽईड्यो॒ वन्द्य॒श्चाया॑ह्यग्ने॒ वसु॑भिः स॒जोषाः॑।
त्वं दे॒वाना॑मसि यह्व॒ होता॒ स॒ऽएना॑न्यक्षीषि॒तो यजी॑यान् ॥ २८ ॥

आ॒जुह्वा॒न इत्या॒ऽजुह्वा॑नः। ईड्यः॑। वन्द्यः॑। च। आ। या॒हि॒। अ॒ग्ने॒। वसु॑भि॒रिति॒ वसु॑ऽभिः। स॒जोषा॒ इति॑ स॒ऽजोषाः॑। त्वम्। दे॒वाना॑म्। अ॒सि॒। य॒ह्व॒। होता॑। सः। पु॒नान्। य॒क्षि॒। इ॒षि॒तः। यजी॑यान् ॥ २८ ॥

पदार्थः—(आजुह्वानः) समन्तात् स्पर्द्धमानः (ईड्यः) प्रशंसितुं योग्यः (वन्द्यः) नमस्करणीयः (च) (आ) (याहि) आगच्छ (अग्ने) पावकवत्पवित्र विद्वन्! (वसुभिः) वासहेतुभूतैर्विद्वद्भिस्सह (सजोषाः) समानप्रीतिसेवी सन् (त्वम्) (देवानाम्) विदुषाम् (असि) (यह्व) महागुणविशिष्ट। यह्व इति महन्नाम० ॥ निघं० ३। ३ ॥ (होता) दाता (सः) (एनान्) (यक्षि) सङ्गच्छ (इषितः) प्रेरितः (यजीयान्) अतिशयेन यष्टा सङ्गन्ता ॥ २८ ॥

अन्वयः—हे यह्वाग्ने! यस्त्वं देवानां होता यजीयानसि। इषितः सन्नेनान् यक्षि स त्वं वसुभिः सह सजोषा आजुह्वान ईड्यो वन्द्यश्चैतानायाहि ॥ २८ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्याः पवित्रात्मनां प्रशंसितानां विदुषां सङ्गेन स्वयं पवित्रात्मानो भवेयुस्ते धर्मात्मानः सन्तः सर्वत्र सत्कृताः स्युः ॥ २८ ॥

पदार्थः—हे (यह्व) बड़े उत्तम गुणों से युक्त (अग्ने) अग्नि के तुल्य पवित्र विद्वन्! जो (त्वम्) आप (देवानाम्) विद्वानों के बीच (होता) दानशील (यजीयान्) अति समागम करने हारे (असि) हैं (इषितः) प्रेरणा किये हुए (एनान्) इन विद्वानों का (यक्षि) सङ्ग कीजिये (सः) सो आप (वसुभिः) निवास के हेतु विद्वानों के साथ (सजोषाः) समान प्रीति निबाहने वाले (आजुह्वानः) अच्छे प्रकार स्पर्द्धा ईर्ष्या करते हुए (ईड्यः) प्रशंसा

(च) तथा (वन्द्यः) नमस्कार के योग्य इन विद्वानों के निकट (आ) (याहि) आया कीजिये ॥ २८ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य पवित्रात्मा प्रशंसित विद्वानों के संग से आप पवित्रात्मा होवें तो वे धर्मात्मा हुए सर्वत्र सत्कार को प्राप्त होवें ॥ २८ ॥

प्राचीनमित्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । अन्तरिक्षं देवता । भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

प्राचीनं बर्हिः प्रदिशा पृथिव्या वस्तोरस्या वृज्यतेऽअग्रेऽअह्नाम् ।
व्यु प्रथते वितरं वरीयो देवेभ्योऽअदितये स्योनम् ॥ २९ ॥

प्राचीनम् । बर्हिः । प्रदिशेति प्रऽदिशा । पृथिव्याः । वस्तोः । अस्याः । वृज्यते । अग्रे । अह्नाम् । वि । ऊँ इत्यूँ । प्रथते । वितरमिति विऽतरम् । वरीयः । देवेभ्यः । अदितये । स्योनम् ॥ २९ ॥

पदार्थः—(प्राचीनम्) प्राक्तनम् (बर्हिः) अन्तरिक्षवद् व्यापकं ब्रह्म (प्रदिशा) प्रकृष्टया दिशा निर्देशेन (पृथिव्याः) भूमेः (वस्तोः) दिनात् (अस्याः) (वृज्यते) त्यज्यते (अग्रे) प्रातःसमये (अह्नाम्) दिनानाम् (वि) (उ) (प्रथते) प्रकटयति (वितरम्) विशेषेण सन्तारकम् (वरीयः) अतिशयेन वरणीयं वरम् (देवेभ्यः) विद्वद्भ्यः (अदितये) अविनाशिने (स्योनम्) सुखम् ॥ २९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः ! यदस्याः पृथिव्या मध्ये प्राचीनं बर्हिर्वस्तोर्वृज्यते अह्नामग्रे देवेभ्य उ अदितये वितरं वरीयः स्योनं विप्रथते तद्यूयं प्रदिशा विजानीत प्राप्नुत च ॥ २९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । ये विद्वद्भ्यः सुखं दद्युस्ते सर्वोत्तमं सुखं लभेरन् । यथाऽऽकाशं सर्वासु दिक्षु पृथिव्यादिषु च व्याप्तमस्ति तथा जगदीश्वरः सर्वत्र व्याप्तोऽस्ति ये तमीदृशं परमात्मानं प्रातरुपासते ते धर्मात्मानः सन्तो विस्तीर्णसुखा जायन्ते ॥ २९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो (अस्याः) इस (पृथिव्याः) भूमि के बीच (प्राचीनम्) सनातन (बर्हिः) अन्तरिक्ष के तुल्य व्यापक ब्रह्म (वस्तोः) दिन के प्रकाश से (वृज्यते) अलग होता (अह्नाम्) दिनों के (अग्रे) आरम्भ प्रातःकाल में (देवेभ्यः) विद्वानों (उ) और (अदितये) अविनाशी आत्मा के लिये (वितरम्) विशेषकर दुःखों से पार करनेहारे (वरीयः) अतिश्रेष्ठ (स्योनम्) सुख को (वि, प्रथते) विशेषकर प्रकट करता उसको तुम लोग (प्रदिशा) वेद शास्त्र के निर्देश से जानो और प्राप्त होओ ॥ २९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो विद्वानों के लिये सुख देवें वे सर्वोत्तम सुख को प्राप्त हों जैसे आकाश सब दिशाओं और पृथिव्यादि में व्याप्त है वैसे जगदीश्वर सर्वत्र व्याप्त है। जो लोग ऐसे ईश्वर की प्रातःकाल उपासना करते वे धर्मात्मा हुए विस्तीर्ण सुखों वाले होते हैं ॥ २९ ॥

व्यचस्वतीरित्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । स्त्रियो देवताः । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनः स्त्रीपुरुषौ किं कुर्यातामित्याह ॥

फिर स्त्री पुरुष क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

व्यचस्वतीरुर्विया वि श्रयन्तां पतिभ्यो न जनयः शुम्भमानाः ।
देवीर्द्वारो बृहतीर्विश्वमिन्वा देवेभ्यो भवत सुप्रायणाः ॥ ३० ॥

व्यचस्वतीः । उर्विया । वि । श्रयन्ताम् । पतिभ्य इति पतिऽभ्यः । न । जनयः । शुम्भमानाः । देवीः । द्वारः । बृहतीः । विश्वमिन्वा इति विश्वम्ऽइन्वाः । देवेभ्यः । भवत । सुप्रायणाः । सुप्रायना इति सुऽप्रायनाः ॥ ३० ॥

पदार्थः—(व्यचस्वतीः) शुभगुणेषु व्याप्तिमतीः (उर्विया) बहुत्वेन (वि) (श्रयन्ताम्) सेवन्ताम (पतिभ्यः) गृहीतपाणिभ्यः (न) इव (जनयः) जायाः (शुम्भमानाः) सुशोभायुक्ताः (देवीः) देदीप्यमानाः (द्वारः) द्वारोऽवकाशरूपाः (बृहतीः) महतीः (विश्वमिन्वाः) विश्वव्यवहारव्यापिन्यः (देवेभ्यः) दिव्यगुणेभ्यः (भवत) (सुप्रायणाः) सुष्ठु प्रकृष्टमयनं गृहं यासु ताः ॥ ३० ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः ! यथा उर्विया व्यचस्वतीर्बृहतीर्विश्वमिन्वाः सुप्रायणा देवीर्द्वारो नेव पतिभ्यो देवेभ्यः शुम्भमाना जनयः सर्वान् स्वस्वपतीन् विश्रयन्तां तथा यूयं सर्वविद्यासु व्यापका भवत ॥ ३० ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलुप्तोपमालङ्कारौ । यथा व्यापिका दिशोऽवकाशप्रदानेन सर्वेषां व्यवहारसाधकत्वेनानन्दप्रदाः सन्ति तथैव परस्परस्मिन्प्रीताः स्त्रीपुरुषा दिव्यानि सुखानि लब्ध्वाऽन्येषां हितकराः स्युः ॥ ३० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (उर्विया) अधिकता से शुभ गुणों में (व्यचस्वतीः) व्याप्ति वाली (बृहतीः) महती (विश्वमिन्वाः) सब व्यवहारों में व्याप्त (सुप्रायणाः) जिनके होने में उत्तम घर हों (देवीः) आभूषणादि से प्रकाशमान (द्वारः) दरवाजों के (न) समान अवकाश वाली (पतिभ्यः) पाणिग्रहण विवाह करने वाले (देवेभ्यः) उत्तम गुणयुक्त पतियों के लिये (शुम्भमानाः) उत्तम शोभायमान हुई (जनयः) सब स्त्रियां अपने अपने पतियों को (वि, श्रयन्ताम्) विशेष कर सेवन करें वैसे तुम लोग सब विद्याओं में व्यापक (भवत) होओ ॥ ३० ॥

भावार्थ:—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलुप्तोपमालङ्कार हैं। जैसे व्यापक हुई दिशा अवकाश देने और सब के व्यवहारों की साधक होने से आनन्द देने वाली होती हैं वैसे ही आपस में प्रसन्न हुए स्त्री पुरुष उत्तम सुखों को प्राप्त हो के मनुष्यों के हितकारी होवें ॥ ३० ॥

आ सुष्वयन्तीत्यस्य जमदग्निऋर्षिः। स्त्रियो देवताः। त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

अथ राजप्रजाधर्ममाह ॥

अब राजप्रजा-धर्म अगले मन्त्र में कहते हैं ॥

आ सुष्वयन्ती यज॒ते॑ऽउपाके॑ऽउ॒षासा॒नक्ता॑ स॒दतां॒ नि योनौ॑।
दि॒व्ये योष॑णे बृह॒ती सु॑रु॒क्मेऽअधि॒ श्रिय॑ꣳ शुक्र॒पिश॒ं दधा॑ने ॥ ३१ ॥

आ। सुष्वयन्ती। सुस्वयन्ती॒ इति॑ सुऽस्वयन्ती। य॒जते॒ऽइति॑ य॒जते॑। उपाके॒ऽइत्युपाके॑। उ॒षासा॒नक्ता॑। उ॒षसा॒नक्तेत्यु॒षसा॒नक्ता॑। स॒दता॑म्। नि। योनौ॑। दि॒व्येऽइति॑ दि॒व्ये। योष॑णे॒ऽइति॒ योष॑णे। बृ॒ह॒तीऽइति॑ बृह॒ती। सु॒रु॒क्मे इति॑ सुऽरु॒क्मे। अधि॑। श्रिय॑म्। शु॒क्रपि॑श॒मिति॑ शु॒क्रऽपि॑शम्। दधा॑ने॒ऽइति॒ दधा॑ने ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (सुष्वयन्ती) सुष्ठु शयाने इव। अत्र वर्णव्यत्ययेन पस्य स्थाने यः। (यजते) सङ्गच्छते (उपाके) सन्निहिते (उषासानक्ता) रात्रिदिने (सदताम्) गच्छतः (नि) नितराम् (योनौ) कालाख्ये कारणे (दिव्ये) दिव्यगुणकर्मस्वभावे (योषणे) स्त्रियाविव (बृहती) महान्त्यौ (सुरुक्मे) सुशोभमाने (अधि) उपरि (श्रियम्) शोभां लक्ष्मीं वा (शुक्रपिशम्) शुक्रं भास्वरं पिशं तद्विपरीतं कृष्णं च (दधाने) धारयन्त्यौ ॥ ३१ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्! यदि दिव्ये योषणे इव सुरुक्मे बृहती अधिश्रियं शुक्रपिशं च दधाने सुष्वयन्ती उपाके उषासानक्ता योनौ न्या सदतां ते भवान् यजते तर्ह्यतुलां श्रियं प्राप्नुयात् ॥ ३१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः। हे मनुष्याः! यथा कालेन सह वर्त्तमाने रात्रिदिने परस्परेण सम्बद्धे विलक्षणस्वरूपेण वर्त्तेते तथा राजप्रजे परस्परं प्रीत्या वर्त्तेयाताम् ॥ ३१ ॥

पदार्थ:—हे विद्वन्! यदि (दिव्ये) उत्तम गुण कर्म स्वभाव वाली (योषणे) दो स्त्रियों के समान (सुरुक्मे) सुन्दर शोभायुक्त (बृहती) बड़ी (अधि) अधिक (श्रियम्) शोभा व लक्ष्मी को तथा (शुक्रपिशम्) प्रकाश और अन्धकाररूपों को (दधाने) धारण करती हुई (सुष्वयन्ती) सोती हुइयों के समान (उपाके) निकटवर्त्तिनी (उषासानक्ता) दिन रात (योनौ) कालरूप कारण में (नि, आ, सदताम्) निरन्तर अच्छे प्रकार चलते हैं उनको (यजते) सङ्गत करते तो अतीव शोभा को प्राप्त होओ ॥ ३१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। हे मनुष्यो! जैसे काल के साथ वर्त्तमान रातदिन एक दूसरे से सम्बद्ध विलक्षण स्वरूप से वर्त्तते हैं वैसे राजा प्रजा परस्पर प्रीति के साथ वर्त्ता करें॥ ३१॥

दैव्येत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः। विद्वांसो देवताः। आर्षी त्रिष्टुप् छन्दः।
धैवतः स्वरः॥

अथ शिल्पिभिः किं कर्त्तव्यमित्याह॥

अब कारीगर लोगों को क्या करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है॥

दैव्या होतारा प्रथमा सुवाचा मिमाना यज्ञं मनुषो यजध्यै।
प्रचोदयन्ता विदथेषु कारू प्राचीनं ज्योतिः प्रदिशा दिशन्ता॥ ३२॥

दैव्या। होतारा। प्रथमा। सुवाचेति सुऽवाचा। मिमाना। यज्ञम्। मनुषः। यजध्यै। प्रचोदयन्तेति प्रऽचोदयन्ता। विदथेषु। कारूऽइति कारू। प्राचीनम्। ज्योतिः। प्रदिशेति प्रऽदिशा। दिशन्ता॥ ३२॥

पदार्थः—(दैव्या) देवेषु कुशलौ (होतारा) दातारौ (प्रथमा) प्रख्यातौ (सुवाचा) प्रशस्तवाचौ (मिमाना) विदधतौ (यज्ञम्) सङ्गतिमयम् (मनुषः) मनुष्यान् (यजध्यै) यष्टुम् (प्रचोदयन्ता) प्रेरयन्तौ (विदथेषु) विज्ञानेषु (कारू) शिल्पिनौ (प्राचीनम्) प्राक्तनम् (ज्योतिः) शिल्पविद्याप्रकाशम् (प्रदिशा) वेदादिशास्त्रप्रदेशेन निर्देशेन प्रमाणेन (दिशन्ता) उपदिशन्तौ॥ ३२॥

अन्वयः—हे मनुष्याः! यौ दैव्या होतारा प्रथमा सुवाचा मिमाना यज्ञं यजध्यै मनुषो विदथेषु प्रचोदयन्ता प्रदिशा प्राचीनं ज्योतिर्दिशन्ता कारू भवेतां ताभ्यां शिल्पविज्ञानशास्त्रमध्येयम्॥ ३२॥

भावार्थः—अत्र कारुशब्दे द्विवचनमध्यापकहस्तक्रियाशिक्षकाभिप्रायम्। ये शिल्पिनः स्युस्ते यावद्विजानीयुस्तावत्सर्वमन्येभ्यः शिक्षयेयुः। यत उत्तरोत्तरं विद्यासन्ततिर्वर्धेत॥ ३२॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जो (दैव्या) विद्वानों में कुशल (होतारा) दानशील (प्रथमा) प्रसिद्ध (सुवाचा) प्रशंसित वाणी वाले (मिमाना) विधान करते हुए (यज्ञम्) संगतिरूप यज्ञ के (यजध्यै) करने को (मनुषा) मनुष्यों को (विदथेषु) विज्ञानों में (प्रचोदयन्ता) प्रेरणा करते हुए (प्रदिशा) वेदशास्त्र के प्रमाण से (प्राचीनम्) सनातन (ज्योतिः) शिल्पविद्या के प्रकाश का (दिशन्ता) उपदेश करते हुए (कारू) दो कारीगर लोग होवें उनसे शिल्पविज्ञान शास्त्र पढ़ना चाहिये॥ ३२॥

भावार्थः—इस मन्त्र में (कारू) शब्द में द्विवचन अध्यापक और हस्तक्रियाशिक्षक इन दो शिल्पियों के अभिप्राय से है। जो कारीगर होवें वे जितनी शिल्पविद्या जानें उतनी सब दूसरों के लिये शिक्षा करें जिससे उत्तर उत्तर विद्या की सन्तति बढ़े॥ ३२॥

आ न इत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । वाग्देवता । भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः ।
पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

आ नो॑ य॒ज्ञं भार॑ती॒ तूय॑मे॒त्विडा॑ मनु॒ष्वदि॒ह चे॒तय॑न्ती ।
ति॒स्रो दे॒वीर्ब॒र्हिरे॒दꣳ स्यो॒नꣳ सर॑स्वती॒ स्वप॑सः सदन्तु ॥ ३३ ॥

आ । नः॒ । य॒ज्ञम् । भार॑ती । तूय॑म् । ए॒तु । इडा॑ । म॒नु॒ष्वत् । इ॒ह । चे॒तय॑न्ती । ति॒स्रः । दे॒वीः । ब॒र्हिः । आ । इ॒दम् । स्यो॒नम् । सर॑स्वती । स्वप॑स॒ इति॑ सु॒ऽअप॑सः । स॒द॒न्तु ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (नः) अस्मभ्यम् (यज्ञम्) शिल्पविद्याप्रकाशमयम् (भारती) एतद्विद्याधारिका क्रिया (तूयम्) वर्द्धकम् (एतु) प्राप्नोतु (इडा) सुशिक्षिता मधुरा वाक् (मनुष्वत्) मानववत् (इह) अस्मिन् शिल्पविद्याग्रहणव्यवहारे (चेतयन्ती) प्रज्ञापयन्ती (तिस्रः) (देवीः) देदीप्यमानाः (बर्हिः) प्रवृद्धम् (आ) (इदम्) (स्योनम्) सुखकारकम् (सरस्वती) विज्ञानवती प्रज्ञा (स्वपसः) सुष्ठ्वपांसि कर्माणि येषान्तान् (सदन्तु) प्रापयन्तु ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! या भारती इडा सरस्वतीह नस्तूयं यज्ञं मनुष्वच्चेतयन्त्यस्मानैतु इमास्तिस्रो देवीरिदं बर्हिः स्योनं स्वपसोऽस्मा नः सदन्तु ॥ ३३ ॥

भावार्थः—अत्र शिल्पव्यवहारे सुष्ठूपदेशक्रियाविधिज्ञापनं विद्याधारणं चेष्यते यदीमाः तिस्रो रीतीर्मनुष्या गृह्णीयुस्तर्हि महत्सुखमश्नुवीरन् ॥ ३३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो (भारती) शिल्पविद्या को धारण करनेहारी क्रिया (इडा) सुन्दर शिक्षित मीठी वाणी (सरस्वती) विज्ञान वाली बुद्धि (इह) इस शिल्पविद्या के ग्रहणरूप व्यवहार में (नः) हमको (तूयम्) वर्धक (यज्ञम्) शिल्पविद्या के प्रकाशरूप यज्ञ को (मनुष्वत्) मनुष्य के तुल्य (चेतयन्ती) जनाती हुई हम को (आ, एतु) सब ओर से प्राप्त होवे ये पूर्वोक्त (तिस्रः) तीन (देवीः) प्रकाशमान (इदम्) इस (बर्हिः) बढ़े हुए (स्योनम्) सुखकारी काम को (स्वपसः) सुन्दर कर्मों वाले हमको (आ, सदन्तु) अच्छे प्रकार प्राप्त कर ॥ ३३ ॥

भावार्थः—इस शिल्प व्यवहार में सुन्दर उपदेश और क्रियाविधि को जताना और विद्या का धारण इष्ट है । यदि इन तीन रीतियों को मनुष्य ग्रहण करें तो बड़ा सुख भोगें ॥ ३३ ॥

य इम इत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । विद्वान् देवता । त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

य॒ऽइ॒मे द्यावा॑पृथि॒वी जनि॑त्री रू॒पैरपि॑ꣳशद्भुव॑नानि॒ विश्वा॑ ।
तम॒द्य हो॑तरिषि॒तो यजी॑यान्दे॒वं त्वष्टा॑रमि॒ह य॑क्षि वि॒द्वान् ॥ ३४ ॥

यः । इ॒मेऽइती॒मे । द्यावा॑पृथि॒वीऽइति॒ द्यावा॑पृथि॒वी । जनि॑त्री॒ऽइति॒ जनि॑त्री । रू॒पैः । अपि॑ꣳशत् । भुव॑नानि । विश्वा॑ । तम् । अ॒द्य । हो॒तः । इ॒षि॒तः । यजी॑यान् । दे॒वम् । त्वष्टा॑रम् । इ॒ह । य॒क्षि॒ । वि॒द्वान् ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(यः) विद्वान् (इमे) प्रत्यक्षे (द्यावापृथिवी) विद्युद्भूमी (जनित्री) अनेककार्योत्पादिके (रूपैः) विचित्राभिराहुतिभिः (अपिंशत्) अवयवयति (भुवनानि) लोकान् (विश्वा) विश्वानि सर्वान् (तम्) (अद्य) इदानीम् (होतः) आदातः (इषितः) प्रेरितः (यजीयान्) अतिशयेन यष्टा सङ्गन्ता (देवम्) (त्वष्टारम्) वियोगसंयोगादिकर्त्तारम् (इह) अस्मिन् व्यवहारे (यक्षि) सङ्गच्छसे (विद्वान्) सर्वतो विद्याप्तः ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे होतर्यो यजीयानिषितो विद्वान् यथेश्वर इह रूपैरिमे जनित्री द्यावापृथिवी विश्वा भुवनान्यपिंशत् तथा तं त्वष्टारं देवमद्य त्वं यक्षि तस्मात्सत्कर्त्तव्योऽसि ॥ ३४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । मनुष्यैरस्यां सृष्टौ परमात्मनो रचनाविशेषान् विज्ञाय तथैव शिल्पविद्या संप्रयोज्या ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे (होतः) ग्रहण करनेवाले जन ! (यः) जो (यजीयान्) अतिसमागम करने वाला (इषितः) प्रेरणा किया हुआ (विद्वान्) सब ओर से विद्या को प्राप्त विद्वान् जैसे ईश्वर (इह) इस व्यवहार में (रूपैः) चित्र विचित्र आकारों से (इमे) इन (जनित्री) अनेक कार्यों को उत्पन्न करने वाली (द्यावापृथिवी) बिजुली और पृथिवी आदि (विश्वा) सब (भुवनानि) लोकों को (अपिंशत्) अवयवरूप करता है वैसे (तम्) उस (त्वष्टारम्) वियोग संयोग अर्थात् प्रलय उत्पत्ति करनेहारे (देवम्) ईश्वर का (अद्य) आज तू (यक्षि) संग करता है इससे सत्कार करने योग्य है ॥ ३४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । मनुष्यों को इस सृष्टि में परमात्मा की रचनाओं की विशेषताओं को जान के वैसे ही शिल्पविद्या का प्रयोग करना चाहिये ॥ ३४ ॥

उपावसृजेत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

प्रत्यृतु होतव्यमित्याह ॥

ऋतु ऋतु में होम करना चाहिये इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

उपावसृज त्मन्या समञ्जन्देवानां पाथऽ ऋतुथा हवीꣳषि ।
वनस्पतिः शमिता देवोऽअग्निः स्वदन्तु हव्यं मधुना घृतेन ॥ ३५ ॥

उपावसृजेत्युपऽअवसृज । त्मन्या । समञ्जन्निति सम्ऽअञ्जन् । देवानाम् । पाथः । ऋतुथेत्यृतुऽथा । हवीꣳषि । वनस्पतिः । शमिता । देवः । अग्निः । स्वदन्तु । हव्यम् । मधुना । घृतेन ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(उपावसृज) यथावद्देहि (त्मन्या) आत्मना (समञ्जन्) सम्यक् मिश्रीकुर्वन् (देवानाम्) विदुषाम् (पाथः) भोग्यमन्नादिकम् (ऋतुथा) ऋतौ (हवींषि) आदातव्यानि (वनस्पतिः) किरणानां स्वामी (शमिता) शान्तिकरः (देवः) दिव्यगुणो मेघः (अग्निः) पावकः (स्वदन्तु) प्राप्नुवन्तु (हव्यम्) अत्तव्यम् (मधुना) मधुरादिरसेन (घृतेन) घृतादिना ॥ ३५ ॥

अन्वयः—हे विद्वंस्त्वं देवानां पाथो मधुना घृतेन समञ्जन् त्मन्या हवींषि ऋतुथोपावसृज तेन त्वया दत्तं हव्यं वनस्पतिः शमिता देवोऽग्निश्च स्वदन्तु ॥ ३५ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः शुद्धानां पदार्थानामृतावृतौ होमः कर्त्तव्यो येन तद्धुतं द्रव्यं सूक्ष्मं भूत्वा क्रमेणाग्निसूर्यमेघान् प्राप्य वृष्टिद्वारा सर्वोपकारि स्यात् ॥ ३५ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् पुरुष ! तू (देवानाम्) विद्वानों के (पाथः) भोगने योग्य अन्न आदि को (मधुना) मीठे कोमल आदि रसयुक्त (घृतेन) घी आदि से (समञ्जन्) सम्यक् मिलाते हुए (त्मन्या) अपने आत्मा से (हवींषि) लेने भोजन करने योग्य पदार्थों को (ऋतुथा) ऋतु ऋतु में (उपावसृज) यथावत् दिया कर अर्थात् होम किया कर । उस तेने दिये (हव्यम्) भोजन के योग्य पदार्थ को (वनस्पतिः) किरणों का स्वामी सूर्य्य (शमिता) शान्तिकर्त्ता (देवः) उत्तम गुणों वाला मेघ और (अग्निः) अग्नि (स्वदन्तु) प्राप्त होवें अर्थात् हवन किया पदार्थ उनको पहुंचे ॥ ३५ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि शुद्ध पदार्थों का ऋतु ऋतु में होम किया करें जिससे वह द्रव्य सूक्ष्म हो और क्रम से अग्नि, सूर्य तथा मेघ को प्राप्त होके वर्षा के द्वारा सब का उपकारी होवे ॥ ३५ ॥

सद्य इत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

कीदृग्जनः सर्वानानन्दयतीत्याह ॥

कैसा मनुष्य सब को आनन्द कराता है इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

सद्यो जातो व्यमिमीत यज्ञमग्निर्देवानामभवत्पुरोगाः ।
अस्य होतुः प्रदिश्यृतस्य वाचि स्वाहाकृतꣳ हविरदन्तु देवाः ॥ ३६ ॥

सद्यः । जातः । वि । अमिमीत । यज्ञम् । अग्निः । देवानाम् । अभवत् । पुरोगा इति पुरःऽगाः । अस्य । होतुः । प्रदिशीति प्रऽदिशि । ऋतस्य । वाचि । स्वाहाकृतमिति स्वाहाऽकृतम् । हविः । अदन्तु । देवाः ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(सद्यः) शीघ्रम् (जातः) प्रकटीभूतः सन् (वि) विशेषेण (अमिमीत) मिमीते (यज्ञम्) अनेकविधव्यवहारम् (अग्निः) विद्याप्रकाशितो विद्वान् (देवानाम्) विदुषाम् (अभवत्) भवति (पुरोगाः) अग्रगामी (अस्य) (होतुः) आदातुः (प्रदिशि) प्रदिशन्ति यया तस्याम् (ऋतस्य) सत्यस्य (वाचि) वाण्याम् (स्वाहाकृतम्) सत्येन निष्पादितं कृतहोमं वा (हविः) अत्तव्यमन्नादिकम् (अदन्तु) भुञ्जताम् (देवाः) विद्वांसः ॥ ३६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः ! यस्सद्यो जातोऽग्निर्होतुर्ऋतस्य प्रदिशि वाचि यज्ञं व्यमिमीत देवानां पुरोगा अभवदस्य स्वाहाकृतं हविर्देवा अदन्तु तं सर्वोपरि विराजमानं मन्यध्वम् ॥ ३६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथा सूर्यः सर्वेषां प्रकाशकानां मध्ये प्रकाशकोऽस्ति तथा यो विद्वत्सु विद्वान्सर्वोपकारी जनो भवति स एव सर्वेषामानन्दस्य भोजयिता भवति ॥ ३६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो (सद्यः) शीघ्र (जातः) प्रसिद्ध हुआ (अग्निः) विद्या से प्रकाशित विद्वान् (होतुः) ग्रहण करनेहारे पुरुष के (ऋतस्य) सत्य का (प्रदिशि) जिससे निर्देश किया जाता है उस (वाचि) वाणी में (यज्ञम्) अनेक प्रकार के व्यवहार को (वि, अमिमीत) विशेष कर निर्माण करता और (देवानाम्) विद्वानों में (पुरोगाः) अग्रगामी (अभवत्) होता है (अस्य) इसके (स्वाहाकृतम्) सत्य व्यवहार से सिद्ध किये वा होम किये से बचे (हविः) भोजन के योग्य अन्नादि को (देवाः) विद्वान् लोग (अदन्तु) खायें उसको सर्वोपरि विराजमान मानो ॥ ३६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जैसे सूर्य सब प्रकाशक पदार्थों के बीच प्रकाशक है वैसे जो विद्वान् सब का उपकारी जन होता है वही सब को आनन्द का भुगवाने वाला होता है ॥ ३६ ॥

केतुमित्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः । विद्वांसो देवताः । गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

आप्ताः कीदृशा इत्याह ॥

आप्त लोग कैसे होते हैं इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्याऽअपेशसे ।
समुषद्भिरजायथाः ॥ ३७ ॥

केतुम् । कृण्वन् । अकेतवे । पेशः । मर्याः । अपेशसे । सम् । उषद्भिरित्युषत्ऽभिः । अजायथाः ॥ ३७ ॥

पदार्थः—(केतुम्) प्रज्ञाम् । केतुरिति प्रज्ञाना० ॥ निघं० ३ । ९ ॥ (कृण्वन्) कुर्वन् (अकेतवे) अविद्यमानप्रज्ञाय जनाय (पेशः) हिरण्यम् । पेश इति हिरण्यना० ॥ निघं० १ । २ ॥ (मर्याः) मनुष्याः (अपेशसे) अविद्यमानं पेशः सुवर्णं यस्य तस्मै नराय (सम) सम्यक् (उषद्भिः) य उषन्ति हविर्दहन्ति तैर्यजमानैः (अजायथाः) ॥३७॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा मर्या अपेशसे पेशोऽकेतवे केतुं कुर्वन्ति तैरुषद्भिः सह प्रज्ञां श्रियं च कृण्वन् संस्त्वं समजायथाः ॥ ३७ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । त एवाप्ता ये स्वात्मवदन्येषामपि सुखमिच्छन्ति तेषामेव संगेन विद्याप्राप्तिरविद्याहानिः श्रियो लाभो दरिद्रताया विनाशश्च भवति ॥ ३७ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् पुरुष ! जैसे (मर्याः) मनुष्य (अपेशसे) जिसके सुवर्ण नहीं है उसके लिये (पेशः) सुवर्ण को और (अकेतवे) जिस को बुद्धि नहीं है उसके लिये (केतुम्) बुद्धि को करते हैं उन (उषद्भिः) होम करने वाले यजमान पुरुषों के साथ बुद्धि और धन को (कृण्वन्) करते हुए (सम्, अजायथाः) सम्यक् प्रसिद्ध हूजिये ॥ ३७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । वे ही आप्तजन हैं जो अपने आत्मा के तुल्य अन्यों का भी सुख चाहते हैं उन्हीं के सङ्ग से विद्या की प्राप्ति, अविद्या की हानि, धन का लाभ और दरिद्रता का विनाश होता है ॥ ३७ ॥

जीमूतस्येवेत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । विद्वान् देवता । निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

वीरा राजपुरुषाः किं कुर्युरित्याह ॥

वीर राजपुरुष क्या करें इस विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

जीमूतस्येव भवति प्रतीकं यद्वर्मी याति समदामुपस्थे ।
अनाविद्धया तन्वा जय त्वꣳ स त्वा वर्मणो महिमा पिपर्त्तु ॥ ३८ ॥

जीमूतस्येवेति जीमूतस्यऽइव । भवति । प्रतीकम् । यत् । वर्मी । याति । समदामिति सऽमदाम् । उपस्थ इत्युपऽस्थे । अनविद्धया । तन्वा । जय । त्वम् । सः । त्वा । वर्मणः । महिमा । पिपर्त्तु ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(जीमूतस्येव) यथा मेघस्य (भवति) (प्रतीकम्) येन प्रत्येति तल्लिङ्गम् (यत्) (वर्मी) कवचवान् (याति) प्राप्नोति (समदाम्) सह मदेन हर्षेण वर्त्तन्ते यत्र युद्धेषु तेषाम (उपस्थे) समीपे (अनाविद्धया) अप्राप्तक्षतया (तन्वा) शरीरेण (जय) (त्वम्) (सः) (त्वा) त्वाम् (वर्मणः) रक्षणस्य (महिमा) महत्त्वम् (पिपर्त्तु) पालयतु ॥ ३८ ॥

अन्वयः—यद्यो वर्म्यनाविद्धया तन्वा समदामुपस्थे प्रतीकं याति स जीमूतस्येव विद्युद्भवति । हे विद्वन् ! यस्त्वा वर्मणो महिमा पिपर्त्तु स त्वं शत्रून् जय ॥ ३८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालङ्कारः । यथा मेघस्य सेना सूर्यप्रकाशमावृणोति तथा कवचादिना शरीरमावृणुयात् । यथा समीपस्थयोः सूर्यमेघयोः संग्रामो भवति तथैव वीरै राजपुरुषैर्योद्धव्यम् । सर्वतो रक्षापि विधेया ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(यत्) जो (वर्मी) कवच वाला योद्धा (अनाविद्धया) जिसमें कुछ भी घाव न लगा हो उस (तन्वा) शरीर से (समदाम्) आनन्द के साथ जहां वर्त्ते उन युद्धों के (उपस्थे) समीप में (प्रतीकम्) जिससे निश्चय करे उस चिह्न को (याति) प्राप्त होता है (सः) वह (जीमूतस्येव) मेघ के निकट जैसे बिजुली वैसे (भवति) होता है । हे विद्वन् ! जिस (त्वा) आप को (वर्मणः) रक्षा का (महिमा) महत्त्व (पिपर्त्तु) पाले सो (त्वम्) आप शत्रुओं को (जय) जीतिये ॥ ३८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालङ्कार है । जैसे मेघ की सेना सूर्य प्रकाश को रोकती है वैसे कवच आदि से शरीर का आच्छादन करे जैसे समीपस्थ सूर्य और मेघ का संग्राम होता है वैसे ही वीर राजपुरुषों को युद्ध और रक्षा भी करनी चाहिये ॥ ३८ ॥

धन्वनेत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । वीरा देवताः । त्रिष्टुप् छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है

धन्वना गा धन्वनाजिं जयेम धन्वना तीव्राः समदो जयेम ।
धनुः शत्रोरपकामं कृणोति धन्वना सर्वाः प्रदिशो जयेम ॥ ३९ ॥

धन्वना । गाः । धन्वना । आजिम् । जयेम । धन्वना । तीव्राः । समद इति सऽमदः । जयेम । धनुः । शत्रोः । अपकाममित्यपऽकामम् । कृणोति । धन्वना । सर्वाः । प्रदिश इति प्रऽदिशः । जयेम ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(धन्वना) धनुरादिशस्त्रास्त्रविशेषेण (गाः) पृथिवीः (धन्वना) (आजिम्) सङ्ग्रामम् । *आजाविति सङ्ग्रामना० ॥ निघं० २ । १७ ॥* (जयेम) (धन्वना)

शतघ्न्यादिभिः शस्त्रास्त्रैः (तीव्राः) तीव्रवेगवतीः शत्रूणां सेनाः (समदः) मदेन सह वर्त्तमानाः (जयेम) (धनुः) शस्त्रास्त्रम् (शत्रोः) अरेः (अपकामम्) अपगतश्चासौ कामश्च तम् (कृणोति) करोति (धन्वना) (सर्वाः) (प्रदिशः) दिशोपदिशः (जयेम) ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे वीराः ! यथा वयं यद्धनुः शत्रोरपकामं कृणोति तेन धन्वना गा धन्वनाऽऽजिं च जयेम धन्वना तीव्राः समदो जयेम धन्वना सर्वाः प्रदिशो जयेम तथा यूयमप्येतेन जयत ॥ ३९ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्या धनुर्वेदविज्ञानक्रियाकुशला भवेयुस्तर्हि सर्वत्रैव तेषां विजयः प्रकाशेत यदि विद्याविनयशौर्यादिगुणैर्भूगोलैकराज्यमिच्छेयुस्तर्हि किमप्यशक्यं न स्यात् ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे वीर पुरुषो ! जैसे हम लोग जो (धनुः) शस्त्र अस्त्र (शत्रोः) वैरी की (अपकामम्) कामनाओं को नष्ट (कृणोति) करता है (धन्वना) धनुष् आदि शस्त्र अस्त्र विशेष से (गाः) पृथिवियों को और (धन्वना) उक्त शस्त्र विशेष से (आजिम्) संग्राम को (जयेम) जीतें (धन्वना) तोप आदि शस्त्र अस्त्रों से (तीव्राः) तीव्र वेग वाली (समदः) आनन्द के साथ वर्त्तमान शत्रुओं की सेनाओं को (जयेम) जीतें (धन्वना) धनुष् से (सर्वाः) सब (प्रदिशः) दिशा प्रदिशाओं को (जयेम) जीतें वैसे तुम लोग भी इस धनुष् आदि से जीतो ॥ ३९ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य धनुर्वेद के विज्ञान की क्रियाओं में कुशल हों तो सब जगह ही उन का विजय प्रकाशित होवे जो विद्या विनय और शूरता आदि गुणों से भूगोल के एक राज्य को चाहें तो कुछ भी अशक्य न हो ॥ ३९ ॥

वक्ष्यन्तीवेत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । वीरा देवताः । निचृत् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

वक्ष्यन्तीवेदा गनीगन्ति कर्णं प्रियꣳ सखायं परिषस्वजाना ।
योषेव शिङ्क्ते वितताधि धन्वञ्ज्या इयꣳ समने पारयन्ती ॥ ४० ॥

वक्ष्यन्तीवेति वक्ष्यन्तीऽइव । इत् । आ । गनीगन्ति । कर्णम् । प्रियम् । सखायम् । परिषस्वजाना । परिषस्वजानेति परिऽसस्वजाना । योषेवेति योषाऽइव । शिङ्क्ते । विततेति विऽतता । अधि । धन्वन् । ज्या । इयम् । समने । पारयन्ती ॥ ४० ॥

पदार्थः—(वक्ष्यन्तीव) यथा वदिष्यन्ती विदुषी स्त्री तथा (इत्) एव (आगनीगन्ति) भृशं बोधं प्रापयन्ति (कर्णम्) श्रुतस्तुतिम् (प्रियम्) कमनीयम्

(सखायम्) सुहृद्वद्वर्त्तमानम् (परिषस्वजाना) परितः सर्वतः सङ्गं कुर्वाणा (योषेव) स्त्री (शिङ्क्ते) शब्दयति (वितता) विस्तृता (अधि) उपरि (धन्वन्) धन्वनि (ज्या) प्रत्यञ्चा (इयम्) (समने) सङ्ग्रामे (पारयन्ती) विजयं प्रापयन्ती ॥ ४० ॥

अन्वयः—हे वीराः ! येयं वितता धन्वन्नधि ज्या वक्ष्यन्तीवेदागनीगन्ति कर्णं प्रियं सखायं पतिं परिषस्वजाना योषेव शिङ्क्ते समने पारयन्ती वर्त्तते तान्निर्मातुं बद्धुं चालयितुं च विजानीत ॥ ४० ॥

भावार्थः—अत्र द्वावुपमालङ्कारौ । यदि मनुष्या धनुर्ज्यादिशस्त्रास्त्ररचनसम्बन्धचालनक्रिया विज्ञायेरन् तर्हीमामुपदेशिकां मातरमिव सुखप्रदां पत्नीं विजयसुखं च प्राप्नुयुः ॥ ४० ॥

पदार्थः—हे वीर पुरुषो ! जो (इयम्) यह (वितता) विस्तारयुक्त (धन्वन्) धनुष् में (अधि) ऊपर लगी (ज्या) प्रत्यंचा तांत (वक्ष्यन्तीव) कहने को उद्यत हुई विदुषी स्त्री के तुल्य (इत्) ही (आगनीगन्ति) शीघ्र बोधको प्राप्त कराती हुई जैसे (कर्णम्) जिस की स्तुति सुनी जाती (प्रियम्) प्यारे (सखायम्) मित्र के तुल्य वर्त्तमान पति को (परिषस्वजाना) सब ओर से सङ्ग करती हुई (योषेव) स्त्री बोलती वैसे (शिङ्क्ते) शब्द करती है (समने) संग्राम में (पारयन्ती) विजय को प्राप्त कराती हुई वर्त्तमान है उसके बनाने, बांधने और चलाने को जानो ॥ ४० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में दो उपमालङ्कार हैं । जो मनुष्य धनुष् की प्रत्यञ्चा आदि शस्त्र अस्त्रों की रचना सम्बन्ध और चलाना आदि क्रियाओं को जाने तो उपदेश करने और माता के तुल्य सुख देने वाली पत्नी और विजय सुख को प्राप्त हों ॥ ४० ॥

त आचरन्ती इत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । वीरा देवताः । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

तेऽआचरन्ती समनेव योषा मातेवं पुत्रं बिभृतामुपस्थे ।
अप शत्रून्विध्यताꣳ संविदानेऽआर्त्नीऽइमे विष्फुरन्तीऽअमित्रान् ॥४१॥

तेऽइति ते । आचरन्ती इत्याऽचरन्ती । समनेवेति समनाऽइव । योषा । मातेवेति माताऽइव । पुत्रम् । बिभृताम् । उपस्थ इत्युपऽस्थे । अप । शत्रून् । विध्यताम् । संविदाने इति सम्ऽविदाने । आर्त्नीऽइत्यार्त्नी । इमेऽइतीमे । विष्फुरन्ती । विस्फुरन्ती इति विऽस्फुरन्ती । अमित्रान् ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(ते) धनुर्ज्ये (आचरन्ती) समंतात्प्राप्नुवत्यौ (समनेव) सम्यक् प्राण इव प्रिया (योषा) विदुषी स्त्री (मातेव) जननीव (पुत्रम्) सन्तानम् (बिभृताम्) धरेताम् (उपस्थे) समीपे (अप) दूरीकरणे (शत्रून्) अरीन् (विध्यताम्) ताडयेताम् (संविदाने) सम्यग्विज्ञाननिमित्ते (आर्त्नी) प्राप्यमाणे (इमे) (विष्फुरन्ती) विशेषेण चालयन्त्यौ (अमित्रान्) मित्रभावरहितान् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—हे वीराः ! ये योषा समनेव पतिं मातेव पुत्रं बिभृतामुपस्थे आचरन्ती शत्रूनप विध्यतामिमे संविदाने आर्त्नी अमित्रान् विष्फुरन्ती वर्त्तेते ते यथावत् संप्रयुङ्ध्वम् ॥ ४१ ॥

भावार्थः—अत्र द्वावुपमालङ्कारौ। यथा हृद्या स्त्री पतिं विदुषी च माता पुत्रं सम्पोषयतस्तथा धनुर्ज्ये संविदितक्रिये शत्रून् पराजित्य वीरान् प्रसादयतः ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे वीर पुरुषो ! दो धनुष् की प्रत्यञ्चा (योषा) विदुषी (समनेव) प्राण के समान सम्यक् पति को प्यारी स्त्री स्वपति को और (मातेव) जैसे माता (पुत्रम्) अपने सन्तान को (बिभृताम्) धारण करें वैसे (उपस्थे) समीप में (आचरन्ती) अच्छे प्रकार प्राप्त हुई (शत्रून्) शत्रुओं को (अप) (विध्यताम्) दूर तक ताड़ना करें (इमे) ये (संविदाने) अच्छे प्रकार विज्ञान की निमित्त (आर्त्नी) प्राप्त हुईं (अमित्रान्) शत्रुओं को (विष्फुरन्ती) विशेष कर चलायमान करती वर्त्तमान हैं (ते) उन दोनों का यथावत् सम्यक् प्रयोग करो अर्थात् उन को काम में लाओ ॥ ४१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में दो उपमालङ्कार हैं। जैसे हृदय को प्यारी स्त्री पति को और विदुषी माता अपने पुत्र को अच्छे प्रकार पुष्ट करती हैं वैसे सम्यक् प्रसिद्ध काम देने वाली धनुष् की दो प्रत्यञ्चा शत्रुओं को पराजित कर वीरों को प्रसन्न करती हैं ॥ ४१ ॥

बह्वीनामित्यस्य भारद्वाज ऋषिः। वीरा देवताः। त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है॥

ब॒ह्वी॒नां पि॒ता ब॒हुर॑स्य पु॒त्रश्चि॒श्चा कृ॑णोति॒ सम॑नाव॒गत्य॑।
इ॒षु॒धिः स॒ङ्काः पृत॑नाश्च॒ सर्वाः॑ पृ॒ष्ठे निन॑द्धो जयति॒ प्रसू॑तः॥ ४२॥

ब॒हू॒वी॒नाम्। पि॒ता। ब॒हुः। अ॒स्य। पु॒त्रः। चि॒श्चा। कृ॒णोति॒। सम॑ना। अ॒व॒गत्येत्य॑व॒ऽगत्य॑। इ॒षु॒धिरिती॑षु॒ऽधिः। स॒ङ्काः। पृत॑नाः। च॒। सर्वाः॑। पृ॒ष्ठे। निन॑द्ध॒ इति॒ निऽन॑द्धः। ज॒य॒ति॒। प्रसू॑त॒ इति॒ प्रऽसू॑तः॥ ४२॥

पदार्थः—(बह्वीनाम्) ज्यानाम् (पिता) पितृवद्रक्षकः (बहुः) बहुगुणः (अस्य) (पुत्रः) सन्तान इव सम्बन्धी (चिश्चा) चिश्चिश्चेति शब्दं (कृणोति)

करोति (समना) संग्रामान् । अत्राकारादेशः (अवगत्य) (इषुधिः) इषवो धीयन्ते यस्मिन्सः (संकाः) समवेता विकीर्णा वा (पृतनाः) सेनाः (च) (सर्वाः) (पृष्ठे) पश्चाद्भागे (निनद्धः) निश्चयेन नद्धो बद्धः (जयति) (प्रसूतः) उत्पन्नः ॥ ४२ ॥

अन्वयः—हे वीराः ! यो बह्वीनां पितेवास्य बहुः पुत्र इव पृष्ठे निनद्ध इषुधिः प्रसूतः सन् समनावगत्य चिश्चा कृणोति येन वीरः सर्वाः संकाः पृतनाश्च जयति तं यथावद्रक्षत ॥ ४२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलुप्तोपमालङ्कारः । यथाऽनेकासां कन्यानां बहूनां पुत्राणां च पिताऽपत्यशब्दैः संकीर्णो भवति तथैव धनुर्ज्येषुधयः संमिलिता अनेकविधशब्दान् जनयन्ति यस्य वामहस्ते । धनुः पृष्ठे इषुधिर्यो दक्षिणेन हस्तेनेषुं निःसार्य्य धनुर्ज्यया संयोज्य विमुच्याऽभ्यासेन शीघ्रकारित्वं करोति स एव विजयी भवति ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे वीर पुरुषो ! जो (बह्वीनाम्) बहुत प्रत्यञ्चाओं का (पिता) पिता के तुल्य रखने वाला (अस्य) इस पिता का (बहुः) बहुत गुण वाले (पुत्रः) पुत्र के समान सम्बन्धी (पृष्ठे) पिछले भाग में (निनद्धः) निश्चित बंधा हुआ (इषुधिः) बाण जिस में धारण किये जाते वह धनुष् (प्रसूतः) उत्पन्न हुआ (समना) संग्रामों को (अवगत्य) प्राप्त होके (चिश्चा) चिं चिं, चिं ऐसा शब्द (कृणोति) करता है (च) और जिससे वीर पुरुष (सर्वाः) सब (संकाः) इकट्ठी वा फैली हुई (पृतनाः) सेनाओं को (जयति) जीतता है उसकी यथावत् रक्षा करो ॥ ४२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है । जैसे अनेक कन्याओं और बहुत पुत्रों का पिता अपत्य शब्द से संयुक्त होता है वैसे ही धनुष् प्रत्यंचा और बाण मिलकर अनेक प्रकार के शब्दों को उत्पन्न करते हैं । जिस के वाम हाथ में धनुष् पीठ पर बाण दाहिने हाथ से बाण को निकाल के धनुष् की प्रत्यञ्चा से संयुक्त कर छोड़ के अभ्यास से शीघ्रता करने की शक्ति को करता है वही विजयी होता है ॥ ४२ ॥

रथ इत्यस्य भारद्वाज ऋषिः । वीरा देवताः । जगती छन्दः ।
निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

रथे तिष्ठन्नयति वाजिनः पुरो यत्रयत्र कामयते सुषारथिः ।
अभीशूनां महिमानं पनायत मनः पश्चादनु यच्छन्ति रश्मयः ॥ ४३ ॥

रथे । तिष्ठन् । नयति । वाजिनः । पुरः । यत्रयत्रेति यत्रऽयत्र । कामयते । सुषारथिः । सुसारथिरिति सुऽसारथिः । अभीशूनाम् । महिमानम् । पनायत । मनः । पश्चात् । अनु । यच्छन्ति । रश्मयः ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(रथे) रमणीये भूजलान्तरिक्षगमके याने (तिष्ठन्) (नयति) गमयति (वाजिनः) अश्वानग्न्यादीन्वा (पुरः) अग्रे (यत्रयत्र) यस्मिन्यस्मिन्सङ्ग्रामे देशे वा (कामयते) (सुषारथिः) शोभनश्चासौ सारथिश्चाऽश्वानामग्न्यादीनां वा नियन्ता (अभीशूनाम्) अभितः सद्यो गन्तॄणाम् (महिमानम) महत्त्वम् (पनायत) प्रशंसत (मनः) (पश्चात्) (अनु) (यच्छन्ति) निगृह्णन्ति (रश्मयः) रज्जवः किरणा वा ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसः ! सुषारथी रथे तिष्ठन् यत्रयत्र कामयते तत्र तत्र वाजिनः पुरो नयति येषां मनः सुशिक्षितं हस्तगता रश्मयः पश्चादश्वाननुयच्छन्ति तेषामभीशूनां महिमानं यूयं पनायत ॥ ४३ ॥

भावार्थः—यदि राजराजपुरुषाः साम्राज्यं ध्रुवं विजयं चेच्छेयुस्तर्हि सुशिक्षितानमात्यानश्वाद्यन्या चालयित्री अलंसामग्र्यध्यक्षाञ्छस्त्राऽस्त्राणि शरीरात्मबलं चावश्यं सम्पादयेयुः ॥ ४३ ॥

पदार्थः—हे विद्वानो ! (सुषारथिः) सुन्दर सारथि घोड़ों वा अग्न्यादि को नियम में रखनेवाला (रथे) रमण करने योग्य पृथिवी जल वा आकाश में चलाने वाले यान में (तिष्ठन्) बैठा हुआ (यत्रयत्र) जिस जिस संग्राम वा देश में (कामयते) चाहता है वहां वहां (वाजिनः) घोड़ों वा वेग वाले अग्न्यादि पदार्थों को (पुरः) आगे (नयति) चलाता है जिन का (मनः) मन अच्छा शिक्षित (रश्मयः) लगाम की रस्सी वा किरण हस्तगत हैं (पश्चात्) पीछे से घोड़ों वा अग्न्यादि का (अनु, यच्छन्ति) अनुकूल निग्रह करते हैं उन (अभीशूनाम्) सब ओर से शीघ्र चलनेहारों के (महिमानम्) महत्त्व की तुम लोग (पनायत) प्रशंसा करो ॥ ४३ ॥

भावार्थः—जो राजा और राजपुरुष चक्रवर्ती राज्य और निश्चल विजय चाहें तो अच्छे शिक्षित मन्त्री अश्व आदि तथा अन्य चलाने वाली सामग्री अध्यक्षों शस्त्र और शरीर आत्मा के बल को अवश्य सिद्ध करें ॥ ४३ ॥

तीव्रानित्यस्य भारद्वाज ऋषिः । वीरा देवताः । त्रिष्टुप्छन्दः ।
धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

तीव्रान् घोषान् कृण्वते वृषपाणयोऽश्वा रथेभिः सह वाजयन्तः ।
अवक्रामन्तः प्रपदैरमित्रान् क्षिणन्ति शत्रूँ॥ऽरनपव्ययन्तः ॥ ४४ ॥

तीव्रान् । घोषान् । कृण्वते । वृषपाणय इति वृषऽपाणयः । अश्वाः । रथेभिः । सह । वाजयन्तः । अवक्रामन्त इत्यवऽक्रामन्तः । प्रपदैरिति प्रऽपदैः । अमित्रान् । क्षिणन्ति । शत्रून् । अनपव्ययन्त इत्यनपऽव्ययन्तः ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(तीव्रान्) तीक्ष्णान् (घोषान्) शब्दान् (कृण्वते) कुर्वन्ति (वृषपाणय:) रक्षका वृषा बलिष्ठा वृषभादय उत्तमाः प्राणिनः पाणिवद्येषां ते (अश्वाः) आशुगमयितारः (रथेभिः) रमणीयैर्यानैः (सह) (वाजयन्तः) वीरादीन् सद्यो गमयन्तः (अवक्रामन्तः) धर्षयन्तः (प्रपदैः) प्रकृष्टैः पादगमनैः (अमित्रान्) मित्रभावरहितान् (क्षिणन्ति) क्षयं प्रापयन्ति (शत्रून्) अरीन् (अनपव्ययन्तः) अपव्ययमप्रापयन्तः ॥ ४४ ॥

अन्वयः—हे वीराः ! ये वृषपाणयो रथेभिः सह वाजयन्तः प्रपदैरमित्रानवक्रामन्तोऽश्वास्तीव्रान् घोषान्कृण्वतेऽनपव्ययन्तः सन्तः शत्रून् क्षिणन्ति तान् यूयं प्राणवत्पालयत ॥४४॥

भावार्थः—यदि राजपुरुषा हस्त्यश्ववृषभादीन्भृत्यानध्यक्षांश्च सुशिक्ष्यानेकविधानि यानानि निर्माय शत्रून् विजेतुमभिलषन्ति तर्हि तेषां ध्रुवो विजयो भवति ॥ ४४ ॥

पदार्थ:—हे वीर पुरुष ! जो (वृषपाणयः) जिन के बलवान् बैल आदि उत्तम प्राणी हाथों के समान रक्षा करने वाले हैं (रथेभिः) रमण के योग्य यानों के (सह) साथ (वाजयन्तः) वीर आदि को शीघ्र चलाने हारे (प्रपदैः) उत्तम पगों की चालों से (अमित्रान्) मित्रता रहित दुष्टों को (अवक्रामन्तः) धमकाते हुए (अश्वाः) शीघ्र चलाने हारे घोड़े (तीव्रान्) तीखे (घोषान्) शब्दों को (कृण्वते) करते हैं और जो (अनपव्ययन्तः) व्यर्थ खर्च न कराते हुए योद्धा (शत्रून्) वैरियों को (क्षिणन्ति) क्षीण करते हैं उन को तुम लोग प्राण के तुल्य पालो ॥ ४४ ॥

भावार्थ:—जो राजपुरुष हाथी, घोड़ा, बैल आदि, भृत्यों और अध्यक्षों को अच्छी शिक्षा दे तथा अनेक प्रकार के यानों को बना के शत्रुओं के जीतने की अभिलाषा करते हैं तो उनका निश्चल दृढ़ विजय होता है ॥ ४४ ॥

रथवाहनमित्यस्य भारद्वाज ऋषिः । वीरा देवताः । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है ॥

र॒थ॒वाह॑नꣳ ह॒विर॑स्य॒ नाम॒ यत्रायु॑धं॒ निहि॑तमस्य॒ वर्म॑ ।
तत्रा॒ रथ॒मुप॑ श॒ग्मꣳ स॑देम वि॒श्वाहा॑ व॒यꣳ सु॑मन॒स्यमा॑नाः ॥ ४५ ॥

र॒थ॒वाह॑नम् । र॒थ॒वाह॑न॒मिति॑ रथ॒ऽवाह॑नम् । ह॒विः । अ॒स्य॒ । नाम॑ । यत्र॑ । आयु॑धम् । निहि॑त॒मिति॒ नि॒ऽहि॑तम् । अ॒स्य॒ । वर्म॑ । तत्र॑ । रथ॑म् । उप॑ । श॒ग्मम् । स॒दे॒म॒ । वि॒श्वाहा॑ । व॒यम् । सु॒म॒न॒स्यमा॑ना॒ इति॑ सु॒ऽम॒न॒स्यमा॑नाः ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(रथवाहनम्) रथान्वहन्ति गमयन्ति येन तत् (हविः) आदातव्याग्नीन्धनजलकाष्ठधात्वादि (अस्य) योद्धुः (नाम) (यत्र) याने (आयुधम्) भुशुण्डिशतघ्न्यासधनुर्बाणशक्तिपट्टपाशादि (निहितम्) धृतम् (अस्य) योद्धुः (वर्म) कवचम् (तत्र) तस्मिन्। अत्र ऋचि तुनु० इति दीर्घः। (रथम्) रमणसाधनं यानम् (उप) (शग्मम्) सुखम्। शग्ममिति सुखना०॥ निघं० ३। ६॥ (सदेम) प्राप्नुयाम (विश्वाहा) सर्वेष्वहस्सु (वयम्) (सुमनस्यमानाः) सुष्ठु विचारयन्तः॥ ४५॥

अन्वयः—हे वीराः! अस्य यत्र रथवाहनं हविरायुधमस्य वर्म च नाम च निहितं तत्र सुमनस्यमाना वयं शग्मं रथं विश्वाहोप सदेम॥ ४५॥

भावार्थः—हे मनुष्याः! यस्मिन्यानेऽग्न्यादिरश्वादिश्च युज्यते तत्र युद्धसामग्रीः संस्थाप्य नित्यमन्वीक्ष्य स्थित्वा सुविचारेण शत्रुभिः सह संयुद्ध्य नित्यं सुखं प्राप्नुत॥ ४५॥

पदार्थः—हे वीर पुरुषो! (अस्य) इस योद्धा जन के (यत्र) जिस यान में (रथवाहनम्) जिस से विमानादि यान चलते वह (हविः) ग्रहण करने योग्य अग्नि, इन्धन, जल, काठ और धातु आदि सामग्री तथा (आयुधम्) बन्दूक तोप खड्ग धनुष् बाण शक्ति और पट्टफांसी आदि शस्त्र और (अस्य) इस योद्धा के (वर्म) कवच और (नाम) नाम (निहितम्) स्थित हैं (तत्र) उस यान में (सुमनस्यमानाः) सुन्दर विचार करते हुए (वयम्) हम लोग (शग्मम्) सुख तथा उस (रथम्) रमण योग्य यान को (विश्वाहा) सब दिन (उप, सदेम) निकट प्राप्त होवें॥ ४५॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जिस यान में अग्नि आदि तथा घोड़े आदि संयुक्त किये जाते उस में युद्ध की सामग्री धर नित्य उस की देख भाल कर उस में बैठ और सुन्दर विचार से शत्रुओं के साथ सम्यक् युद्ध करके नित्य सुख को प्राप्त होओ॥ ४५॥

स्वादुषꣳसद इत्यस्य भारद्वाज ऋषिः। वीरा देवताः। त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥

फिर उसी विषय को अगले मन्त्र में कहा है॥

स्वादुषꣳसदः पितरो वयोधाः कृच्छ्रेश्रितः शक्तीवन्तो गभीराः।
चित्रसेना इषुबला अमृध्राः सतोवीरा उरवो व्रातसाहाः॥ ४६॥

स्वादुषꣳसद इति स्वादुऽसꣳसदः। पितरः। वयोधा इति वयःऽधाः। कृच्छ्रेश्रित इति कृच्छ्रेऽश्रितः। शक्तीवन्तः। शक्तिवन्त इति शक्तिऽवन्तः। गभीराः। चित्रसेना इति चित्रऽसेनाः। इषुबला इतीषुऽबलाः। अमृध्राः।

